पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु
रायपुर, शनिवार, 30 अगस्त 2025 | वर्ष – 67 | अंक– 135 | पृष्ठ –12 | मूल्य – 4.00 रु प्रेस पंजीयन- 6072/59




# बिहार में भाजपा-कांग्रेस कार्यकर्ताओं में झड़प

## मोदी के खिलाफ अपशब्द पर प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पर चले लाठी-डंडे

■ भाजपा का दावा कई लोगों के सिर फूटे

**पटना/दरभंगा**, 29 अगस्त (देशबन्धु)। बिहार की राजधानी पटना में शुक्रवार को भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच शुक्रवार को झड़प हो गई भाजपा कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी की मतदाता अधिकार यात्रा के दौरान दरभंगा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी दिवंगत मां के खिलाफ की गई अपमानजनक टिप्पणी के विरोध में कांग्रेस कार्यालय पर धावा बोल दिया इस दौरान उनके और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच लाठी-डंडे और ईंट-पत्थर चले। भाजपा का आरोप है कि प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पथराव किया है। जबकि कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आरोप है कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी कार्यालय में तोड़फोड़ करने की कोशिश की और पत्थरबाजी की। भाजपा कार्यकर्ता मोदी पर अभद्र टिप्पणी के खिलाफ कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय पर प्रदर्शन कर रहे थे। इसी दौरान ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤



सत्य और अहिंसा के आगे असत्य और हिंसा टिक ही नहीं सकते। मारो और तोड़ो, जितना मारना-तोड़ना है हम सत्य और संविधान की रक्षा करते रहेंगे, सत्यमेव जयते : राहुल गांधी

बिहार के दरभंगा में मोदी और उनकी स्वर्गीय माताजी के लिए कांग्रेस और आरजेडी के मंच से जिस प्रकार गालियों से भरी अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया है, वह न केवल निंदनीय है, बल्कि हमारे लोकतंत्र को भी कलंकित करने वाला है। मोदी को जितनी गाली दोगे उतना कमल खिलेगा : अमित शाह

### मोदी को गाली देने वाला गिरफ्तार

बिहार पुलिस ने शुक्रवार को दरभंगा में एक चुनावी रैली के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गालियां देने वाले रफीक उर्फ राजा को गिरफ्तार कर लिया। राजा के खिलाफ गुरुवार को दरभंगा के सिमरी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज की गई थी। दरभंगा में बुधवार को कांग्रेस नेता मोहम्मद नौशाद द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान, प्रधानमंत्री मोदी और उनकी दिवंगत मां को गाली दी थी।

### राजनीतिक गुंडागर्दी पर उतरी भाजपा : कांग्रेस

कांग्रेस महासचिव संगठन के सी वेणुगोपाल ने कहा मतदाता अधिकार यात्रा की बढ़ती लोकप्रियता और उनके खिलाफ उभरती जनभावनाओं से बौखलाकर, भाजपा ने एक बार फिर हमें डराने-धमकाने के लिए अपने गुंडों को छोड़ दिया है। किसी पार्टी कार्यालय पर हमला होना राजनीतिक गुंडागर्दी का निकृष्टतम रूप है और इसे कभी माफ नहीं किया जा सकता। लोकतंत्र में ऐसी हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है और भाजपा की यह बर्बरता उसके असली चाल और चरित्र को उजागर करती है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में विश्वास रखने वाले सभी लोगों को इसकी निंदा और विरोध करना चाहिए और हम प्रत्येक नागरिक से इस बेतुके कृत्य के खिलाफ एकजुट होकर विरोध करने का आह्वान करते हैं। बिहार में पटना के सदाकत आश्रम स्थित हमारे प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में राज्य सरकार के एक कैबिनेट मंत्री और अन्य भाजपा नेताओं के नेतृत्व में हुआ हमला एक कायरतापूर्ण कृत्य है और इस तरह के कृत्य हमें मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण के नाम पर चल रहे व्यापक वोट चोरी का पर्दाफाश करने से नहीं रोक सकते। उन्होंने कहा कि भाजपा को अपने पतन और बिहार की जनता का उसके खिलाफ बढ़ते आक्रोश ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

32 सौ करोड़ का शराब घोटाला मामला

# 28 अफसरों को सुप्रीम कोर्ट से मिली अग्रिम जमानत

**रायपुर**, 29 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाला मामले में ईओडब्ल्यू में आरोपी बनाए गए आबकारी के 6 पूर्व अफसरों सहित 28 अफसरों को सुप्रीम कोर्ट से अग्रिम जमानत मिल गई है। सुप्रीम कोर्ट ने शर्तों के साथ जमानत दी है।

ईओडब्ल्यू ने 32 सौ करोड़ रुपए का घोटाला बताया है। इन अफसरों को गिरफ्तार न करते हुए ब्यूरो ने आबकारी विभाग से जुड़े 29 अफसरों के खिलाफ चालान पेश किया था। चालान पेश करने के बाद इन सभी को 20 अगस्त को कोर्ट में पेश होना था, लेकिन इन सभी ने हाई कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका लगाई थी। हाई कोर्ट से 18 अगस्त को अग्रिम जमानत याचिका खारिज हो गई, जिसके बाद सभी ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था, जिसके बाद सभी को शर्तों के साथ जमानत दे दी गई है। 29 अफसरों में से 7 रिटायर हो चुके हैं। बाकी बचे 22 अधिकारियों को सरकार ने सस्पेंड कर दिया गया है। इन पर 2019 से 2023 के बीच 15 जिलों में पोस्टिंग के दौरान 90 करोड़ रुपए की अवैध वसूली करने का आरोप है।



ईओडब्ल्यू ने अपनी चार्जशीट में बताया है कि प्रदेश में 2100 करोड़ नहीं 3200 करोड़ रूपए का शराब घोटाला हुआ है। आबकारी विभाग नें सभी अधिकारियों का निलंबन आदेश जारी कर दिया है।

ईओडब्ल्यू ने गरीबपाल दर्दी, नोहर सिंह ठाकुर, सोनल नेताम, अलेख राम सिदार, प्रकाश पाल, ए. के. सिंह, आशीष कोसम, जे. आर. मण्डावी, राजेश जयसवाल, जी. एस. नुखटी, जे. आर. पैकरा, देवलाल वैद्य, ए. के. अनंत, वेदराम लहरे, एल.एल. ध्रुव, जनार्दन कोरव, अनिमेष नेताम, विजय सेन, अरविंद कुमार पाटले, प्रमोद कुमार नेताम, राम कृष्णा मिश्रा, विकास कुमार गोस्वामी, इकबाल खान, नितिन खंडुजा, नवीन प्रताप भिंग, सौरभ बख्शी, दिनकर वासनीक, मोहित कुमार जायसवाल, नीलू नोतानी और मंजू कसेर के खिलाफ चालान पेश किया था।

बहुचर्चित शराब घोटाला मामले में ईओडब्ल्यू ने शनिवार को पांचवां पूरक चालान पेश किया था। 2100 पेज के चालान में ईओडब्ल्यूने घोटाले में शामिल आबकारी अधिकारियों की भूमिका बताई। साथ ही आबकारी अधिकारियों को कोर्ट में पेश होने के लिए नोटिस जारी किया गया था।

आबकारी घोटाला मामले में ईओडब्ल्यू ने कार्रवाई करते हुए पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा, पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा, अरूणपति त्रिपाठी, कारोबारी अनवर ढेबर, अरविंद सिंह, औक त्रिलोक सिंह ढिल्लन को गिरफ्तार किया था।

## सार संक्षेप

### मंगल पर उतरने व इंसानों को बसाने की तैयारी में इसरो

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने आने वाले 40 वर्षों के लिए बेहद महत्वाकांक्षी खाका तैयार किया है। इस रोडमैप में मंगल ग्रह पर 3डी प्रिंटेड घर बनाना, इंसानों को मंगल पर उतारना, चांद पर खनन करना और वहां इंसानी ठिकाना बनाना जैसी बड़ी योजनाएं शामिल हैं। यह रोडमैप पूरे देशभर में किए गए विचार-विमर्श के बाद तैयार किया गया है और हाल ही में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के मौके पर इसे अंतिम रूप दिया गया। इसरो की योजना है कि अगले चार दशकों में मंगल पर इंसानों को भेजा जाए और वहां 3 डी प्रिंटेड घरों में इंसानों का ठिकाना बनाया जाए।

### अभिषेक शुक्ला सर्बिया के नये राजदूत नियुक्त

**नई दिल्ली।** भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी अभिषेक शुक्ला को सर्बिया में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय के वक्तव्य में कहा गया है कि शुक्ला के शीघ्र ही कार्यभार ग्रहण करने की संभावना है। विदेश सेवा के वर्ष 2006 बैच के अधिकारी शुक्ला अभी बीजिंग स्थित भारतीय दूतावास में मिशन के उप प्रमुख हैं।

### आईएमएफ के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर बने उर्जित पटेल

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर और नोटबंदी जैसे ऐतिहासिक फैसले में अहम भूमिका निभाने वाले उर्जित पटेल को अब एक और बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। सरकार ने उन्हें अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष में एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर नियुक्त किया है। यह पद पिछले कई महीनों से खाली पड़ा था। कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने नोटिफिकेशन जारी कर इसकी पुष्टि की। इसमें कहा गया कि डॉ. उर्जित पटेल को तीन साल की अवधि के लिए आईएमएफ में एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर बनाया गया है। हालांकि अगर जरूरत पड़ी तो यह कार्यकाल आदेश के अनुसार कम या ज्यादा भी हो सकता है।

# काम पर नहीं लौटने वाले हड़ताली एनएचएम कर्मियों की सेवा होगी समाप्त

**रायपुर**, 29 अगस्त (देशबन्धु)। नियमितीकरण समेत अन्य मांगों को लेकर हड़ताल कर रहे एनएचएम कर्मचारी अगर काम पर नहीं लौटे तो उनके खिलाफ सेवा समाप्ति की कार्रवाई की जाएगी। इसका आदेश लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने सभी सीएमएचओ को जारी कर दिया है।

आदेश पत्र में कहा गया है कि आदेश के बाद भी अधिकांश जिलों में एनएचएम अधिकारी-कर्मचारी कार्यालय नहीं पहुंच रहे हैं, जो लोकहित के विरुद्ध है और अनुचित है। कार्यालय में उपस्थित नहीं होने पर कर्मचारी को नोटिस जारी करें, जिसमें लिखा हो कि उपस्थित नहीं होने की स्थिति में उनकी सेवा समाप्त की जाएगी सभी सीएमएचओ को यह भी निर्देशित किया गया है कि अनुपस्थित अधिकारी कर्मचारियों के कार्य नहीं वेतन नहीं के सिद्धांत पर इस माह का वेतन आहरित ना किया जाए।

प्रदेश के 16 हजार से ज्यादा एनएचएम कर्मचारी पिछले 13 दिनों से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं इसके चलते अस्पतालों में स्वास्थ्य व्यवस्था चरमा गई है।स्थिति को देखते हुए अब शासन ने सख्त निर्देश जारी किए हैं।

**स्वास्थ्य सेवाओं पर असर**– हड़ताल का सीधा असर प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था पर पड़ रहा है। अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में कई तरह की सेवाएं बाधित हो गई हैं। ग्रामीण और दूरदराज़ इलाकों में मरीजों को इलाज के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, आपातकालीन सेवाओं पर भी दबाव बढ़ गया है।

बिटकॉइन घोटाले में बड़ा फैसला

# पूर्व विधायक नलिन व एसपी सहित 14 को उम्रकैद

**अहमदाबाद**,29 अगस्त (एजेंसियां)। गुजरात में बिटकॉइन घोटाला मामले में कोर्ट का बड़ा फैसला आया है। इस केस में पूर्व विधायक नलिन कोटडिया, अमरेली के पूर्व एसपी जगदीश पटेल, पूर्व पुलिस इंस्पेक्टर अनंत पटेल और 14 अन्य आरोपियों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। इन सभी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। यह मामला 2018 का है, जिसमें गुजरात सत्र न्यायालय ने तीन महीने तक चली अंतिम बहस के बाद फैसला सुनाया है।इस मामले में मुख्य आरोपियों में भाजपा के पूर्व विधायक नलिन कोटडिया, तत्कालीन अमरेली जिला पुलिस अधीक्षक जगदीश पटेल और तत्कालीन अमरेली एलसीबी पीआई अनंत पटेल के अलावा वकील केतन पटेल शामिल हैं।

# भारत में 6 लाख करोड़ निवेश करेगा जापान

**नई दिल्ली/टोक्यो**,29 अगस्त (एजेंसियां)। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को दो दिन के जापान दौरे पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने टोक्यो में आयोजित 15वें भारत-जापान समिट में हिस्सा लिया। समिट में मोदी और जापानी पीएम इशिबा की मौजूदगी में कई एमओयू का आदान-प्रदान भी किया। इशिबा ने भारत में अगले 10 सालों में 10 ट्रिलियन येन (करीब 6 लाख करोड़ रुपए) निवेश करने की बात कही है। उन्होंने भारत और जापान के स्मॉल-मीडियम उद्योग और स्टार्टअप को जोड़ने पर जोर दिया। वहीं, पीएम मोदी ने दोनों देशों की साझेदारी को दुनिया की शांति के लिए अहम बताया। उन्होंने कहा कि दोस्तों, हमने मिलकर अगले 10 सालों के लिए एक रोडमैप तैयार किया है।

**जापानी प्रधानमंत्री को दिया भारत आने का न्यौता**–साथ ही मोदी ने भारत-जापान समिट के लिए इशिबा को भारत आने का न्यौता दिया। इसके अलावा मोदी ने रूस-यूक्रेन जंग पर भारत के रुख को साफ करते हुए इसे मानवता के आधार पर देखने की बात कही। मोदी की जापान यात्रा पर विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि भारत-जापान के बीच सुरक्षा सहयोग को लेकर कई घोषणाएं हुई हैं।

# रीता शांडिल्य को पीएससी छग अध्यक्ष की जिम्मेदारी



**रायपुर**, 29 अगस्त (देशबन्धु)। राज्य सरकार ने पूर्व आई ए एस अधिकारी रीता शांडिल्य को छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग का स्थायी अध्यक्ष नियुक्त किया है। टामन सोनवानी के कार्यकाल में सामने आए घोटाले के बाद यह नियुक्ति महत्वपूर्ण मानी जा रही है। सरकार ने प्रशासनिक सेवा की अनुभवी अधिकारी रीता शांडिल्य को छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग का स्थायी अध्यक्ष नियुक्त किया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। रीता शांडिल्य 2002 बैच की सेवानिवृत्त अधिकारी हैं। इससे पहले वह कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में आयोग की कमान संभाल रही थीं। टामन सोनवानी के अध्यक्ष रहते हुए बड़ा भर्ती घोटाला सामने आया था। यह मामला प्रदेश की राजनीति में चुनावी मुद्दा भी बना।नई सरकार के गठन के बाद इस घोटाले की जांचसीबीआई को सौंपी ।जांच के बाद तत्कालीन अध्यक्ष टामन सोनवानी सहित कई लोगों को गिरफ्तार किया गया। इस पृष्ठभूमि में रीता शांडिल्य की नियुक्ति को बेहद अहम माना जा रहा है।

**ईमानदार और सख्त प्रशासनिक छवि**– रीता शांडिल्य अपने प्रशासनिक करियर के दौरान एक ईमानदार और सख्त अधिकारी मानी जाती रही हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि रीता शांडिल्य के नेतृत्व में सीजी पी एस सी में प्रशासनिक सुधार की नई शुरुआत होगी।

# प्रदेश में 14 मंत्री बनाने पर, हाईकोर्ट में याचिका दाखिल

**रायपुर**, 29 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार में हाल ही में तीन नए मंत्रियों को शपथ दिलाई गई। जिसके बाद कैबिनेट में 11 से बढ़कर 14 मंत्री हो गए ।कांग्रेस ने कड़ा विरोध किया था। अब ये पूरा मामला हाईकोर्ट पहुंच गया है ।जहां जनहित याचिका दाखिल कर सामान्य प्रशासन विभाग, मुख्यमंत्री सहित सभी 14 मंत्रियों को पक्षकार बनाया गया है।



2 सितंबर को होगी सुनवाई

मामले में शुक्रवार को चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की डिवीजन बेंच में सुनवाई हुई ।इस दौरान हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता बसदेव चक्रवर्ती से शपथपत्र मांगा है ।कोर्ट ने जनहित याचिका की गंभीरता परखने के लिए उनसे उनके सामाजिक कार्यों और पृष्ठभूमि का विवरण पेश करने को कहा है। साथ ही राज्य शासन को भी इस मामले में पक्ष रखने को कहा गया है ।मामले की अगली सुनवाई 2 सितंबर को होगी। बीते 20 अगस्त को छत्तीसगढ़ सरकार के मंत्रिमंडल का विस्तार किया गया है, जिसमें गजेंद्र यादव, गुरु खुशवंत साहेब और राजेश अग्रवाल को शामिल किया गया ।मंत्रिपरिषद में अब मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित कुल 14 सदस्य हो गये हैं। मंत्रिमंडल की संख्या को लेकर कांग्रेस का तर्क है, कि मंत्रियों की संख्या विधानसभा में कुल सीटों के 15 प्रतिशत से अधिक नहीं हो सकती। ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# अवैध प्रवासियों को देश से बाहर कैसे भेजेंगें

**नई दिल्ली**, 29 अगस्त (एजेंसियां)।अवैध प्रवासियों के मुद्दे पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से अहम सवाल किए हैं।सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और 10 राज्यों से यह स्पष्ट करने को कहा है कि अवैध प्रवासियों को निर्वासित करने के लिए वे क्या प्रक्रिया अपना रहे हैं। न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाला बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने नोटिस जारी कर सरकार से एक सप्ताह के भीतर जवाब मांगा है। शीर्ष कोर्ट ने शुक्रवार को केंद्र से सवाल किया कि क्या वह अवैध प्रवासियों की घुसपैठ रोकने के लिए भारतीय सीमा पर अमेरिका की तरह दीवार बनाना चाहती है। साथ ही अदालत ने पूछा है कि क्या केंद्र ने अवैध प्रवासियों की पहचान करने और उन्हें वापस भेजने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) बनाई है। शीर्ष अदालत ने अवैध प्रवासियों को निर्वासित करने के मामले में अधिकारियों के सामने आ रही दोहरी चुनौती पर चिंता व्यक्त की है। पीठ ने याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र से अवैध प्रवासियों, खासकर बांग्लादेश भेजे जाने वाले प्रवासियों को निर्वासित करने के लिए सरकारों द्वारा अपनाई गई मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) के बारे में जानकारी मांगी।

**सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र व दस राज्यों से एक हफ्ते में मांगा जवाब**

जनता का बढ़ा भरोसा — फरवरी 2025 की तुलना में 2.9फीसदी की बढ़ोतरी, सुशासन तिहार और विकास योजनाओं ने दिलाया सर्वे में ऊँचा स्थान

# लोकप्रियता के मामले में देश के दूसरे नम्बर के मुख्यमंत्री बने विष्णुदेव साय

**रायपुर, 29 अगस्त (देशबन्धु)। एमओटीएन सर्वे में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के कामकाज को लेकर जनता का भरोसा लगातार बढ़ता दिख रहा है। अगस्त 2025 के सर्वेक्षण में उनके गृह राज्य के 41.9 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने उनके कार्य को संतोषजनक बताया है, जो फरवरी 2025 के 39 प्रतिशत से बढ़कर दर्ज हुआ है। यानी महज़ छह महीनों में मुख्यमंत्री के प्रति जनता की संतुष्टि में 2.9 प्रतिशत अंकों की वृद्धि दर्ज की गई है।**



*यह उपलब्धि बड़े राज्यों की श्रेणी में उन्हें दूसरे स्थान पर स्थापित करती है। उल्लेखनीय है कि सुशासन तिहार के दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेशभर का व्यापक भ्रमण करते हुए आमजन की समस्याओं को सीधे सुना और शिकायत निवारण समाधान शिविरों के माध्यम से त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की। इस पहल से शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन को जमीनी स्तर पर नई गति मिली। साथ ही निचले प्रशासनिक तंत्र की कमियाँ उजागर हुईं, जिन्हें तत्परता से दूर किया गया। मुख्यमंत्री की यह संवेदनशील और सक्रिय कार्यशैली जनता को निकटता से महसूस हुई, जिससे उनके प्रति विश्वास और अधिक सुदृढ़ हुआ। इसके साथ ही मुख्यमंत्री सचिवालय की टीम ने विभागों और जिला कलेक्टरों की कार्यप्रणाली की सतत मॉनिटरिंग करते हुए योजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान केंद्रित किया। ई-ऑफिस प्रणाली के क्रियान्वयन से फाइलों के निराकरण में गति आई, वहीं भ्रष्टाचार पर प्रहार और प्रशासनिक सुधारों ने शासन की कार्यक्षमता को नई ऊर्जा दी। केंद्र सरकार की मोदी की गारंटी के अधिकांश वादों का पूरा होना, विशेषकर प्रधानमंत्री आवास योजना, महतारी वंदन और कृषक उन्नति योजना जैसे कार्यक्रमों ने गरीबों, महिलाओं और किसानों के बीच भरोसे और संतोष की भावना को और गहरा किया। भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता, युवाओं के लिए रोजगार सृजन तथा निवेश और व्यापार-व्यवसाय के नए अवसरों ने प्रदेश में नई आशा और उत्साह का संचार किया।*

*मुख्यमंत्री साय की सरल, सौम्य और ईमानदार छवि, त्वरित निर्णय लेने की क्षमता ने उन्हें जनता के बीच अलग पहचान दिलाई है। विभिन्न क्षेत्रों में चल रहे सुधारों ने शासन के प्रति लोगों के विश्वास को मजबूत किया है और उन्हें 'बेहतर प्रदर्शन करने वाले मुख्यमंत्री' के रूप में स्थापित किया है।*

*सर्वेक्षण के परिणाम यह संकेत देते हैं कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा शुरू की गई योजनाएँ और कार्यक्रम जनता तक* ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# देश

उवाच

"जिसने भी पीएम मोदी के खिलाफ गलत बयानी की है उसके खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। दिग्विजय सिंह ने दरभंगा में प्रधानमंत्री के खिलाफ की गई अभद्र टिप्पणी पर कहा, 'किसने बयान दिया, इसकी जांच-पड़ताल करनी चाहिए। कांग्रेस का कोई व्यक्ति नहीं चाहेगा कि प्रधानमंत्री के परिवार पर किसी प्रकार का अपशब्द बोला जाए: **दिग्विजय सिंह, कांग्रेस नेता**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 28.0 | 26.0 |
| मुंबई | 26.0 | 25.0 |
| कोलकाता | 27.0 | 26.0 |
| चेन्नई | 31.0 | 28.0 |

# मुर्मु ने की ऑपरेशन सिन्दूर में केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रमों के योगदान की सराहना

## द्रौपदी मुर्मु ने सार्वजनिक उपक्रमों के फोरम 'स्कोप' द्वारा आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह को किया संबोधित

**नई दिल्ली,** 29 अगस्त (एजेंसियां)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने ऑपरेशन सिन्दूर को आतंकवाद के विरुद्ध मानवता की विजय का स्वर्णिम अध्याय बताते हुए इस अभियान में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के योगदान की सराहना की है। श्रीमती मुर्मु ने शुक्रवार को राजधानी में केन्द्रीय सार्वजनिक उपक्रमों के फोरम 'स्कोप' द्वारा आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि सार्वजनिक उपक्रम 'आत्मनिर्भर भारत' बनाने और 'मेक इन इंडिया' के राष्ट्रीय अभियान में केन्द्रीय सार्वजनिक उपक्रम महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

राष्ट्रपति ने रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों का विशेष रूप से योगदान करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिन्दूर में आतंकवादी ठिकानों को नष्ट करने और भारत पर हमले के प्रयासों को पूरी तरह नाकाम कर दिया गया। इस अभियान के दौरान पूरी तरह भारत में विनिर्मित आकाश-तीन नामक वायुरक्षा नियंत्रण एवं रिपोर्टिंग प्रणाली की अचूक क्षमता के प्रदर्शन का उल्लेख करते हुए राष्ट्रपति ने कहा, 'इस सिस्टम के निर्माण में सार्वजनिक उपक्रमों की भूमिका रही है। यह सभी सार्वजनिक उपक्रमों के लिए विशेष गर्व की बात है।' श्रीमती मुर्मु ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा में आत्मनिर्भर नवाचार तथा तकनीक के क्षेत्र में देश की बढ़ती आत्मनिर्भरता में सार्वजनिक उपक्रमों ने अपना योगदान सिद्ध किया है।



'आत्मनिर्भर भारत' बनाने और 'मेक इन इंडिया' के राष्ट्रीय अभियान में केन्द्रीय सार्वजनिक उपक्रम महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं : **द्रौपदी मुर्मु, राष्ट्रपति**

स्वदेशी और आत्मनिर्भरता के सिद्धांत को सार्वजनिक उपक्रमों का मूल मंत्र बताते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि 2047 तक विकसित भारत का निर्माण करने में केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रमों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के बाद से, सार्वजनिक क्षेत्र आर्थिक विकास और सामाजिक समावेशन का एक सशक्त माध्यम रहा है। सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों ने औद्योगीकरण, अवसंरचना विकास, सामाजिक उत्थान और संतुलित क्षेत्रीय विकास की नींव रखी है। समय के साथ, इन उद्यमों का विकास और परिवर्तन हुआ है। सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों से सरकार और समाज की अपेक्षायें भी बदली हैं। उन्हें यह जानकर प्रसन्नता हुई कि इन सभी परिवर्तनों के बीच, सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम अपने प्रदर्शन के माध्यम से आर्थिक और राष्ट्रीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों ने कृषि, खनन और अन्वेषण, विनिर्माण, प्रसंस्करण और उत्पादन तथा सेवाओं के महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। उनसे यह अपेक्षा की जाती है कि उनके निर्णय राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित होंगे, कार्य नैतिकता पर आधारित होंगे और सोच संवेदनशीलता और समाज सेवा से प्रेरित होगी।

श्रीमती मुर्मु ने आज यहां वर्ष 2022-23 के लिए स्कोप एमिनेंस पुरस्कार प्रदान किये। उन्होंने सतत विकास, कॉर्पोरेट प्रशासन, कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व और नवाचार जैसे विविध आयामों में अच्छे प्रदर्शन को सम्मानित करने के लिए स्कोप की सराहना की। पुरस्कृत इकाइयों का चयन उच्चतम न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश टीएस ठाकुर की अध्यक्षता में गठित निर्णायक मंडल ने किया। राष्ट्रपति ने चयन समिति के काम की सराहना की।

## 'अमादेर पारा अमादेर समाधान' शिविरों में पहुंचे एक करोड़ लोग : ममता बनर्जी

**कोलकाता,** 29 अगस्त (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने घोषणा की कि राज्य में जनता की समस्याओं के निबटारे के लिए शुरू किए गए 'अमादेर पारा, अमादेर समाधान' (एपीएएस) शिविरों एक माह से कम से समय में एक करोड़ से ज़्यादा लोग अपनी समस्या समाधान के लिए आ चुके हैं। पश्चिम बंगाल सरकार की यह पहल शासन तक जनता की सीधी पहुंच के लिए शुरू किया गया था।



मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने 'अमादेर पारा अमादेर समाधान' योजना में एक माह से कम समय में एक करोड़ से अधिक लोगों के पहुंचने को लेकर एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि मुझे यह घोषणा करते हुए बेहद खुशी और गर्व है कि सिर्फ 26 दिनों में, पूरे पश्चिम बंगाल से एक करोड़ से ज़्यादा लोग अपने इलाकों और आसपास की विभिन्न समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए लगभग 14,500 'अमादेर पारा, अमादेर समाधान' शिविरों में आ चुके हैं। उन्होंने कहा कि इतनी जल्दी एक करोड़ का आंकड़ा पार करने के लिए प्रदेश के लोगों को बधाई। शिविर की सफलता को लेकर उन्होंने कहा कि इस पहल ने बंगाल की लोकतांत्रिक, सहभागी शासन की संस्कृति को मज़बूत किया है। मुख्यमंत्री ने इस अभियान को सफल बनाने के लिए 'अथक' काम करने वाले जनप्रतिनिधियों, सरकारी अधिकारियों, कर्मचारियों और स्वयंसेवकों की भी सराहना की।

## लोकसभा स्पीकर बिरला की श्रीलंका-भारत संसदीय मैत्री प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात



**नई दिल्ली/कोलंबो,** 29 अगस्त (एजेंसियां)। भारत और श्रीलंका के बीच संसदीय संबंधों को और गहरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। श्रीलंका-भारत संसदीय मैत्री संघ के 24 सदस्यीय उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने नई दिल्ली में लोकसभा सचिवालय के संसदीय अनुसंधान और प्रशिक्षण संस्थान (प्राइड) के दौरे के दौरान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की।

प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व श्रीलंका के स्वास्थ्य और जनसंचार मंत्री तथा श्रीलंका-भारत संसदीय मैत्री संघ के अध्यक्ष नलिंदा जयतिस्सा ने किया।

इस बैठक के दौरान, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भारत की 'पड़ोसी पहले' नीति और महासागर (म्यूचुअल एंड होलिस्टिक एडवांसमेंट फॉर सिक्योरिटी एंड ग्रोथ एक्रॉस रीजन) दृष्टिकोण में श्रीलंका के महत्व को रेखांकित किया। इस दौरान दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय आदान-प्रदान को बढ़ाने का आह्वान किया। श्रीलंका में भारत के उच्चायोग ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा,

- भारत-श्रीलंका के बीच और अधिक आदान-प्रदान की आवश्यकता पर बल दिया
- संसदीय संबंधों को मजबूत करने पर हुई चर्चा
- बिरला ने श्रीलंका की संसद में भारत-श्रीलंका संसदीय मैत्री संघ की स्थापना का स्वागत किया

'श्रीलंका-भारत संसदीय मैत्री संघ के प्रतिनिधिमंडल ने लोकसभा प्राइड के दौरे के दौरान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की। अध्यक्ष ने भारत की 'पड़ोसी पहले' नीति और महासागर दृष्टिकोण में श्रीलंका के विशेष पर प्रकाश डाला और भारत-श्रीलंका के बीच और अधिक आदान-प्रदान की आवश्यकता पर बल दिया।'

बिरला ने श्रीलंका के संसदीय प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात पर खुशी व्यक्त की, जो प्राइड द्वारा आयोजित एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए भारत आए हैं। उन्होंने इस तरह के आदान-प्रदान को संसदीय कूटनीति को मजबूत करने और भारत-श्रीलंका के बीच लोकतांत्रिक सहयोग को गहरा करने वाला बताया।

## सार संक्षेप

### उपराष्ट्रपति चुनावः बी. सुदर्शन रेड्डी को मिला एनसीपी (एसपी) का समर्थन

**मुंबई।** देश में उपराष्ट्रपति चुनाव को लेकर सियासत तेज हो गई है। इस बीच शरद पवार की पार्टी एनसीपी (एसपी) ने इंडिया गठबंधन के उपराष्ट्रपति उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी को समर्थन देने का ऐलान किया। इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार और सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश (सेवानिवृत्त) बी. सुदर्शन रेड्डी ने शुक्रवार को शरद पवार से मुलाकात की। इसे लेकर शरद पवार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर उन्हें पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया। शरद पवार ने कहा कि देश के उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार, सर्वोच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश बी. सुदर्शन रेड्डी ने मुंबई स्थित उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की। उन्हें लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के प्रयास में उनकी उम्मीदवारी के लिए पार्टी के पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया गया।

### एनडीए को जिताने के लिए हो रही है वोटर अधिकार यात्रा : ओपी राजभर

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के 'वोटर अधिकार यात्रा' में शामिल होने पर उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने पलटवार करते हुए कहा कि यह यात्रा बिहार में एनडीए को जिताने के लिए निकाली जा रही है। उन्होंने अखिलेश यादव को भाजपा की बी टीम बताया। उन्होंने कहा कि जब वह मध्य प्रदेश गए थे, तब उन्होंने भाषण दिया था कि कांग्रेस बहुत चालाक पार्टी है, उस पर भरोसा मत करना, उसने हमें धोखा दिया है और आपको भी धोखा देगी। सपा प्रमुख ने तो कांग्रेस को भाजपा की बी टीम बताया था, अब वोटर अधिकार यात्रा में कांग्रेस के साथ जा रहे हैं तो वह भाजपा की बी टीम तो हुए।

### दुमका की मयूराक्षी नदी

## वोटर अधिकार यात्रा से घबरा गई है भाजपा : सुप्रिया श्रीनेत

**पटना,** 29 अगस्त (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने दावा किया है कि भारतीय जनता पार्टी 'वोटर अधिकार यात्रा' से घबरा गई है और इसीलिए हिंसा पर उतर आई है। कांग्रेस नेता का यह बयान उस वक्त आया है, जब भाजपा कार्यकर्ताओं ने पीएम मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में पटना स्थित कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय सदाकत आश्रम के बाहर प्रदर्शन किया। बताया जा रहा है कि इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा कथित पथराव और तोड़फोड़ की गई।

**भाजपा कार्यकर्ताओं ने मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय के बाहर किया प्रदर्शन**



'वोटर अधिकार यात्रा' सत्य और मतदाताओं के अधिकारों के लिए एक शांतिपूर्ण संघर्ष है, जिसे साहस के साथ लड़ा जा रहा है, यात्रा से घबराई भाजपा हिंसा पर उतर आई है: **सुप्रिया श्रीनेत, नेता कांग्रेस**

कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि 'वोटर अधिकार यात्रा' सत्य और मतदाताओं के अधिकारों के लिए एक शांतिपूर्ण संघर्ष है, जिसे साहस के साथ लड़ा जा रहा है। उन्होंने भाजपा पर हिंसा और नकारात्मकता फैलाने का आरोप लगाया। पटना में कांग्रेस के कार्यालय के बाहर हुई घटना का जिक्र किया। सुप्रिया ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए पथराव और तोड़फोड़ में उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं को चोटें आईं, जिसमें सिर फटने की घटनाएं भी शामिल हैं। कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि भाजपा वोटर अधिकार यात्रा के बढ़ते जन समर्थन से घबरा गई है और इसलिए षड्यंत्र रच रही है।

सुप्रिया ने कहा कि कांग्रेस अहिंसा के मार्ग पर चल रही है और उनकी मुहिम रंग लाएगी। उन्होंने बिहार को क्रांतिवीरों की धरती बताते हुए कहा कि भाजपा हिंसा के जरिए बिहार की सांस्कृतिक गरिमा का अपमान कर रही है।

### मध्य प्रदेश में भ्रष्टाचार के कारण जनप्रतिनिधि और अफसरों में झगड़ा : जीतू पटवारी

भोपाल। मध्य प्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग जैन को एक साल की सेवा वृद्धि मिली है। इस पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि इस सरकार से तो उम्मीद बची नहीं। मुख्य सचिव से ही उम्मीद है। उन्होंने मुख्य सचिव को बधाई देने के साथ ही कहा है कि राज्य में भ्रष्टाचार बढ़ रहा है जिसके चलते जनप्रतिनिधि और अफसरों में झगड़े हो रहे हैं। राज्य के मुख्य सचिव अनुराग जैन को 31 अगस्त कोसेवानिवृत्त होना था, लेकिन उससे पहले उन्हें एक साल की सेवा वृद्धि मिली है। मुख्य सचिव जैन को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पटवारी ने बधाईदी और साथ ही राज्य में जनप्रतिनिधियों औरअफसरोंर के बीच बढ़ते विवाद का जिक्र भी किया।

## एसआईआर समय-सीमा बढ़ाने की याचिका पर 1 सितम्बर को सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली,** 29 अगस्त (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को बिहार की मतदाता सूची में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के पहले चरण के बाद भारतीय चुनाव आयोग द्वारा प्रकाशित मसौदा मतदाता सूची पर दावे और आपत्तियां दर्ज करने की समय-सीमा बढ़ाने की मांग वाली याचिकाओं पर विचार किया। कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई 1 सितंबर को करने पर सहमति जताई। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने एसआईआर प्रक्रिया को चुनौती देने वाली याचिकाओं को सूचीबद्ध करने पर सहमति जताई। अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने दलील दी कि राष्ट्रीय जनता दल और कुछ अन्य राजनीतिक दलों ने चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित 1 सितंबर की समय सीमा बढ़ाने के लिए आवेदन दायर किए हैं। पिछली सुनवाई में न्यायमूर्ति कांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने पक्षकारों को मौखिक रूप से आश्वासन दिया था कि समय सीमा बढ़ाने के उनके अनुरोध पर बाद में विचार किया जा सकता है।



- न्यायमूर्ति सूर्यकांत और जॉयमाल्या बागची की पीठ ने एसआईआर प्रक्रिया को चुनौती देने वाली याचिकाओं को सूचीबद्ध करने पर सहमति जताई

इस मामले की सुनवाई 8 सितंबर के लिए निर्धारित की थी।

इसके साथ-साथ चुनाव आयोग को निर्देश दिया था कि वह मसौदा मतदाता सूची में शामिल न किए गए मतदाताओं से ऑनलाइन दावा प्रपत्र स्वीकार करे और उन पर दस्तावेजों को भौतिक रूप से जमा करने पर जोर न डाला जाए। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए क्लेम फॉर्म को चुनाव आयोग द्वारा पहले सूचीबद्ध 11 दस्तावेजों में से किसी एक या आधार कार्ड के साथ जमा किया जा सकता है। कोर्ट ने बिहार में सभी राजनीतिक दलों और उनके बूथ-स्तरीय कार्यकर्ताओं (बीएलए) को निर्देश दिया कि वे उन लोगों की मदद करें जो गणना फॉर्म जमा नहीं कर पाए और जिनके नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए।

## बिहार सरकार ने 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना' को दी स्वीकृति, आत्मनिर्भर कदम

**नई दिल्ली,** 29 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार सरकार ने 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना' को स्वीकृति दी है। सीएम नीतीश कुमार ने इसकी जानकारी दी। उनके मुताबिक इस योजना का मुख्य लक्ष्य राज्य के सभी परिवारों की एक महिला को उनकी पसंद का रोजगार शुरू करने के लिए आर्थिक सहायता देना है। नीतीश कुमार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, 'हम लोगों ने नवंबर 2005 में सरकार बनने के बाद से ही महिला सशक्तीकरण के लिए बड़े पैमाने पर काम किया है। महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। अब महिलाएं अपनी मेहनत से न केवल बिहार की प्रगति में अपना योगदान दे रही हैं बल्कि वे अपने परिवारों की आर्थिक स्थिति को भी मजबूत कर रही हैं। इसी मिशन को आगे बढ़ाते हुए हम लोगों ने महिलाओं के हित में अब एक महत्वपूर्ण एवं अभूतपूर्व निर्णय लिया है जिसके सकारात्मक दूरगामी परिणाम होंगे।'



इस योजना का मुख्य लक्ष्य राज्य के सभी परिवारों की एक महिला को उनकी पसंद का रोजगार शुरू करने के लिए आर्थिक सहायता देना है : **नीतीश कुमार, मुख्यमंत्री**

### प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी निंदनीयः नीतीश

बिहार के दरभंगा में 'वोटर अधिकार यात्रा' के दौरान कांग्रेस और राजद के मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ कथित अभद्र टिप्पणी को लेकर विरोध तेज हो गया है। बिहार के नीतीश कुमार ने भी प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ की गई अभद्र टिप्पणी की निंदा की। नीतीश कुमार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, 'दरभंगा में 'वोटर अधिकार यात्रा' के दौरान कांग्रेस और राजद के मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी स्वर्गीय माता के खिलाफ जिस प्रकार की अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया है, वह अत्यंत अशोभनीय है।

## एक जाति के नेता बनने और महाराष्ट्र को बांटने की कोशिश कर रहे देवेंद्र फडणवीस : राउत

**मुंबई,** 29 अगस्त (एजेंसियां)। शिवसेना (यूबीटी) के राज्यसभा सदस्य संजय राउत ने शुक्रवार को महाराष्ट्र सरकार पर आरक्षण को लेकर पक्षपात करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सीएम देवेंद्र फडणवीस पर एक जाति के नेता बनने और महाराष्ट्र को बांटने का काम कर रहे हैं। सांसद संजय राउत ने पत्रकारों से ब्राह्मण और मराठा आरक्षण के मुद्दे पर बात की। उन्होंने कहा कि सरकार ने ब्राह्मण समाज के लिए परशुराम आर्थिक विकास महामंडल बनाया और पांच वरिष्ठ अधिकारियों की नियुक्ति की, लेकिन मराठा समाज सड़कों पर है। लोग गुस्से में हैं और इसके लिए फडणवीस खुद जिम्मेदार हैं। शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने जातिवादी राजनीति पर तंज कसते हुए कहा, 'महाराष्ट्र मेरा है, इसकी हर जाति और उपजाति मेरी है। मैं सबका नेता हूं। यशवंत राव चव्हाण, वसंतदादा पाटिल, शरद पवार और बालासाहेब ठाकरे ने जो एकजुट महाराष्ट्र का मार्ग दिखाया, उससे आज का नेतृत्व भटक गया है। उन्होंने कहा कि फडणवीस एक जाति के नेता बनने की कोशिश कर रहे हैं जैसा कि प्रधानमंत्री देश में करते हैं।




- संजय राउत ने महाराष्ट्र सरकार पर आरक्षण को लेकर पक्षपात करने का आरोप लगाया

### मायावती ने प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ हुई अभद्र टिप्पणी की निंदा की और कसा तंज, कहा

## एक-दूसरे को नीचा दिखाने की सस्ती राजनीति से देश का माहौल खराब न करें

**नई दिल्ली,** 29 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार के दरभंगा में कांग्रेस और राजद की 'वोटर अधिकार यात्रा' के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ मंच से कथित अभद्र टिप्पणी को लेकर देशभर में राजनीतिक घमासान तेज हो गया है। बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती ने भी इस प्रकरण पर नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने बिना नाम लिए प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ हुई अभद्र टिप्पणी की निंदा की है। मायावती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'देश में खासकर राजनैतिक स्वार्थ के कारण राजनीति का गिरता हुआ स्तर अति-दुखद एवं चिंतनीय है। इस संबंध में सभी पार्टियों की राजनीति, पार्टी के संविधान के हिसाब से विचार और सिद्धान्तों के आधार पर, देश व करोड़ों गरीबों व आमजन के हित में होनी चाहिए, जो कि खासकर पिछले कुछ वर्षों से सही से देखने को नहीं मिल रहा है, जबकि इस दौरान देश के सामने विभिन्न प्रकार की आन्तरिक एवं बाहरी चुनौतियां काफी बढ़ी हैं।' उन्होंने कहा कि देश के उच्च सरकारी व गैर-सरकारी संस्थाओं व विशेषकर राजनीति में उच्च पदों पर बैठे लोगों के बारे में जिस प्रकार की अभद्र, अशोभनीय, अमर्यादित व असंसदीय टिप्पणी आदि सार्वजनिक तौर पर करके उनकी व देश की छवि को भी धूमिल करने के जो प्रयास किये जा रहे हैं, वह अति-दुखद व चिंतनीय है। खासकर चुनाव के समय यह प्रक्रिया और भी अधिक विषैली व हिंसक हो जाती है।



'देश में खासकर राजनैतिक स्वार्थ के कारण राजनीति का गिरता हुआ स्तर अति-दुखद एवं चिंतनीय है : **मायावती**

इसी क्रम में अभी बिहार में भी जो कुछ देखने व सुनने को मिला है, वह देश की चिन्ता को बढ़ाने वाला है।' मायावती ने आगे कहा कि बसपा शुरू से ही 'सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय' के अम्बेडकरवादी सिद्धान्त और नीति पर आयरन दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ पार्टी व सरकार चलाने का साहस दिखाने वाली पार्टी होने के कारण किसी भी प्रकार की दूषित व जहरीली राजनीति के खिलाफ है और दूसरों से भी यही उम्मीद करती है कि वे देश व आमजन के हित में घिनौनी स्वार्थ की राजनीति करने से दूर रहें ।

### संकट | प्रदेश में 15 दिन बारिश होने की चेतावनी जारी

## 20 दिनों के लिए फ्यूल व खाद्य स्टाक जमा करने के निर्देश से डरे लोग

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, 29 अगस्त (देशबन्धु)। कश्मीर के मंडलायुक्त अंशुल गर्ग की अगले 15 दिनों के बारिश के हिसाब से महत्वपूर्ण व खतरनाक रहने की चेतावनी पहले ही लोगों को डरा रही थी कि अब इसमें मुख्य सचिव अतुल डुल्लू के उन निर्देशों ने दहशत का तड़का लगा दिया है जिसमें उन्होंने अगले 20 दिनों के लिए फ्यूल व खाद्य पदार्थ का स्टाक जमा कर लेने के निर्देश दिए हैं।**

यही नहीं पहले ही पूरा प्रदेश बिजली की समस्या से जूझ रहा था और अब बिजली विभाग ने लगातार 36 घंटों की बिजली कटौती के निर्देश जारी कर सबको और चिंतित कर दिया है। कल ही मंडलायुक्त गर्ग ने बरसात के अगले 15 दिनों के खतरे से भरे होने की घोषणा की थी। और छुपे शब्दों में डराया था कि सतर्क रहना होगा। अब मुख्य सचिव अतुल डुल्लू ने सभी सरकारी विभागों से कहा है कि प्रदेश में अगले कम से कम 20 दिनों के लिए फ्यूल व फूड स्टाक को जमा कर लिया जाए।

मुख्य सचिव के निर्देश उस वक्त आए हैं जबकि प्रदेश को देश से मिलाने वाले अधिकतर, मात्र एक पुल को छोड़ कर, पुल टूट चुके हैं। रेल नेटवर्क ध्वस्त हो चुका है क्योंकि पंजाब से मिलाने वाले रेल पुल हवा में लटकने शुरू हो चुके हैं।



- फिर से भारी बारिश की चेतावनी के बीच लगातार 36 घंटे बिजली कटौती की घोषणा
- रेलवे विभाग मात्र चार से पांच रेलों को चलाने का खतरा मोल ले रहा
- वैष्णो देवी की यात्रा और टूरिस्ट बन कर आए नागरिक अपने घर जा सके

हालांकि रेलवे विभाग मात्र चार से पांच रेलों को चलाने का खतरा इसलिए मोल ले रहा है क्योंकि उसे केंद्र के निर्देशों पर वैष्णो देवी की यात्रा और टूरिस्ट बन कर आए देश के अन्य भागों के नागरिकों को प्रदेश से बाहर निकालना है। अधिकतर रेलें कैंसिल की जा चुकी हैं। यह सच है कि बरसात का खतरा अभी टला नहीं है। आज से फिर से सामान्य से भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। इसमें दहशत का तड़का अब बिजली विभाग ने भी लगाया है जिसने विज्ञापन देकर लोगों को बताया है कि आज सुबह 6 बजे से अगले 36 घंटों तक जम्मू संभाग के 90 परसेंट इलाकों में बिजली नहीं आएगी। वैसे भी कश्मीर अभी भी बिजली से जूझ रहा है तो जम्मू संभाग के 75 प्रतिशत इलाकों से बिजली नदारद है।


**कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति हेतु) नियम 8-(1)**

जबकि, अधोहस्ताक्षरी ने आईआईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड (पूर्वतः इंडिया इन्फोलाइन हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड के नाम से ज्ञात) (आईआईएफएल-एचएफएल) के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनरनिर्माण और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) अधिनियम, 2002 के अधीन और धारा 13(12) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एक मांग सूचना इसमें आगे वर्णित खाते के सामने वर्णित तिथि को जारी की थी, जिसमें कर्जदार/सह-कर्जदारों से बकाया राशि का भुगतान करने की मांग की गई थी। एतदद्वारा कर्जदार तथा सर्वसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा उक्त नियामावली की धारा 13(4) के अधीन उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए ले लिया है। कर्जदार को विशेष रूप से तथा सर्वसाधारण को सम्पत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा सम्पत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार आईआईएफएल एचएफएल की नीचे वर्णित बकाया राशि तथा उस पर ब्याज, लागत इत्यादि के प्रभाराधीन होगा। "कर्जदार का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकृष्ट किया जाता है, यदि कर्जदार आईआईएफएल एचएफएल की बकाया राशि सभी लागतों, प्रभारों और व्ययों सहित, बिक्री या हस्तांतरण के लिए निर्धारित तिथि से पहले किसी भी समय चुका देता है, तो प्रतिभूत आस्तियां आईआईएफएल एचएफएल द्वारा बेची या हस्तांतरित नहीं की जाएंगी और प्रतिभूत आस्तियों के हस्तांतरण या बिक्री के लिए आईआईएफएल एचएफएल द्वारा कोई और कदम नहीं उठाया जाएगा।

| कर्जदार(रों)/सह-कर्जदार(रों) का नाम | प्रतिभूत आस्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन | कुल बकाया राशि (रू.) | मांग सूचना की तिथि | कब्जा की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्री पंकज सिंह श्रीमती मधु सिंह मधु होजियरी (प्रॉस्पेक्ट संख्या आईएल10189466) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : खसरा संख्या 566/3, पी.एच.सं.109/45, आर.एन.एम रायपुर-1, ग्राम मोवा, तहसील एवं जिला रायपुर, छत्तीसगढ़, 492001, क्षेत्रफल परिमाप (वर्ग फीट में): संपत्ति का प्रकार: भूमि-क्षेत्र, सुपर-बिल्ट-अप-एरिया संपत्ति क्षेत्र: 1290.00, 1000.00 | रुपये 26,13,849/- (रुपये छब्बीस लाख तेरह हजार आठ सौ उनचास मात्र) | 11-03-2025 | 26-08-2025 |

अधिक जानकारी के लिए कृपया शाखा कार्यालय : प्रथम तल, लाल गंगा सिटी मार्ट, बंजारी चौक, होटल अमित रीजेंसी के सामने, रायपुर, सीजी 492001 या कार्पोरेट कार्यालय : प्लॉट नंबर 98, फेज-4, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा में प्राधिकृत अधिकारी से सम्पर्क करें।

स्थान : रायपुर, दिनांक : 30-08-2025 हस्ता./- प्राधिकृत अधिकारी, वास्ते-आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड

## फिल्म 'पाइरेट्स' के लिए कोडिंग और डार्क वेब की भाषा सीख रहे हैं प्रियांशु पेनुली

**मुंबई।** अभिनेता प्रियांशु पेनुली फिल्म 'पाइरेट्स' में हैकर की भूमिका को असली अंदाज देने के लिए कोडिंग और डार्क वेब की भाषा सीख रहे हैं। प्रियांशु पेनुली, जो अपनी मेहनत और अलग-अलग तरह की भूमिकाओं के लिए जाने जाते हैं, अपनी आने वाली फिल्म पाइरेट्स में एथिकल हैकर का किरदार निभा रहे हैं। इस गहरे और इंटेंस थ्रिलर के लिए वह कोडिंग भाषाएं सीख रहे हैं और डार्क वेब की शब्दावली को समझ रहे हैं, जिससे उनका किरदार पूरी तरह असली लगे। चाहे पिप्पा और रश्मि रॉकेट के लिए सख्त शारीरिक बदलाव करना हो, या एक्सट्रैक्शन में बांग्लादेशी गैंगस्टर की बोली और लहजे को सीखना, प्रियांशु हमेशा अपने किरदार में पूरी तरह डूब जाते हैं। यही वजह है कि आज उन्हें इंडस्ट्री के सबसे मेहनती और ट्रांसफॉर्मेटिव अभिनेताओं में गिना जाता है।

## लेखक की जिंदगी में बहुत सी बाधाएं, कहानी लिखते वक्त हुआ एहसास : दिव्या दत्ता



**मुंबई,** 29 अगस्त (एजेंसियां)। अभिनेत्री दिव्या दत्ता को हाल ही में वेब सीरीज 'मायासभा' में देखा गया था। ये एक साउथ इंडियन पॉलिटिकल-थ्रिलर वेब सीरीज है। नेशनल अवॉर्ड जीत चुकीं एक्ट्रेस दिव्या दत्ता को अलग-अलग प्रोजेक्ट में कई बेहतरीन किरदारों में देखा गया। वह एक बेहतरीन एक्ट्रेस होने के साथ ही एक अच्छी लेखिका भी हैं। उन्होंने 'मी एंड मा' और 'द स्टार्स इन माई स्काई दोज हू ब्राइटन्ड माई फिल्म जर्नी' नाम की दो किताबें लिखी हैं। अभिनेत्री ने कहा कि मुझे लगता है कि मुझे अपनी पहली किताब लिखने के दौरान ही बाधाओं का सामना करना पड़ा। मुझे लिखने के लिए छह महीने का समय दिया गया था। मैं उस दौरान अपनी मां के निधन के दर्द से गुजर रही थी, मुझे किसी तरह अपने आप को बिजी रखना था, तो मैंने ये काम किया। इसलिए मुझे किताब लिखने के लिए छह महीने का समय दिया गया। दिव्या ने बताया कि 5 महीने तक वह कुछ लिख ही नहीं पाईं। तब उनके प्रकाशक का फोन आया और उन्होंने किताब के बारे में पूछा, तो उन्होंने कहा था कि अभी कुछ नहीं लिखा है। उन्होंने दिव्या को याद दिलाया कि सिर्फ एक महीना ही बचा है। बोलीं, 'और उस एक महीने में मुझे लगता है कि मैं बैठी रही और मैंने वो किताब एक महीने में ही पूरी कर ली। तो मुझे लगता है कि मैं एक ऐसी इंसान हूं जो डेडलाइन पर काम करती है। मैं काम करती हूं। अगर मुझे बताया जाए कि ये समय सीमा है, तो मैं बेहतर काम करती हूं।'

## स्वादिष्ट होने के साथ-साथ स्वास्थ्य के लिए लाभकारी

# केला

**नई दिल्ली,** 29 अगस्त (एजेंसियां)। प्रकृति ने हमें अनेक फल प्रदान किए हैं, जो स्वादिष्ट होने के साथ-साथ स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी होते हैं। इन फलों में से एक केला है। यह अपने पोषक तत्वों के कारण संपूर्ण आहार के रूप में जाना जाता है। केला न केवल ऊर्जा का अच्छा स्रोत है, बल्कि यह शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी बढ़ाता है। इसके नियमित सेवन से कई स्वास्थ्य समस्याओं से बचा जा सकता है।

केले का वैज्ञानिक नाम 'मूसा पैराडाइसियाका' है। यह दुनियाभर में उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में पाया जाता है। भारत दुनिया के सबसे बड़े केला उत्पादकों में से एक है, और यहां इसे पूजा, धार्मिक समारोहों और रोजमर्रा के भोजन में इस्तेमाल किया जाता है।

नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन की एक स्टडी के मुताबिक, केले में फेनोलिक एसिड और फ्लेवोनोइड जैसे बायोएक्टिव कंपाउंड होते हैं, जो शरीर को ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस से बचाने में मदद करते हैं। इसके अलावा, ये एडिमा, मोटापा, हाई ब्लड प्रेशर और कैंसर जैसी स्वास्थ्य संबंधी बीमारियों से जुड़े एंजाइमों को रोकने में भी काफी मददगार होते हैं। केले में पोटेशियम भरपूर मात्रा में होता है, जो रक्तचाप को नियंत्रित करने और हृदय रोगों के खतरे को कम करने में मदद करता है। इसमें मौजूद फाइबर भी कोलेस्ट्रॉल को कम करने में सहायक होता है। इसी के साथ ही इसमें ट्रिप्टोफैन नामक एमिनो एसिड होता है, जो शरीर में सेरोटोनिन के उत्पादन में भी मददगार है।



**रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने का अच्छा स्रोत**

**एडिमा, मोटापा, हाई ब्लड प्रेशर जैसी स्वास्थ्य संबंधी बीमारियों को रोकने में मददगार**

सेरोटोनिन को 'हैप्पी हार्मोन' भी कहते हैं, जो मूड को बेहतर बनाने और तनाव को कम करने में सहायक होता है।

चरक संहिता के अनुसार केला एक पोषक और बलवर्धक फल है, जिसे अन्न के समान माना गया है। यह पाचन तंत्र के लिए उपयोगी होता है, रक्त को शुद्ध करता है और शारीरिक शक्ति बढ़ाता है।

हालांकि, इसके खाने के नियमों का पालन करना महत्वपूर्ण है, इसे भोजन के बाद खाना फायदेमंद होता है, लेकिन इसे दूध, दही या पानी के साथ तुरंत नहीं खाना चाहिए, क्योंकि इससे पाचन में बाधा आ सकती है और शरीर में विषाक्त पदार्थ बन सकते हैं। केले में प्राकृतिक शर्करा (जैसे सुक्रोज, फ्रुक्टोज और ग्लूकोज) और कार्बोहाइड्रेट होते हैं, जो तुरंत ऊर्जा प्रदान करते हैं। इसलिए, वर्कआउट से पहले या बाद में इसका सेवन करना फायदेमंद माना गया है। केला खाना स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है, अगर आपको कोई गंभीर समस्या है, तो अपने चिकित्सक से पूछकर ही इसका सेवन करें।

### शोधकर्ताओं ने बनाया नया ऑनलाइन टूल

## उच्च रक्तचाप के इलाज में करेगा मदद

**नई दिल्ली,** 29 अगस्त (एजेंसियां)। भारत, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका और ब्रिटेन के शोधकर्ताओं ने मिलकर एक नया ऑनलाइन टूल बनाया है, जो उच्च रक्तचाप (हाई ब्लड प्रेशर) के इलाज के तरीके में बदलाव ला सकता है। इस टूल की मदद से डॉक्टर यह तय कर पाएंगे कि किस मरीज को किस दवा से अधिक फायदा होगा और उसके रक्तचाप को कम करने के लिए कौन-सा इलाज सबसे उपयुक्त रहेगा। इस टूल का नाम है 'ब्लड प्रेशर ट्रीटमेंट एफीकेसी कैलकुलेटर'। इसे बनाने के लिए शोधकर्ताओं ने करीब 1 लाख से अधिक लोगों पर किए गए लगभग 500 बड़े मेडिकल ट्रायल्स के आंकड़े इकट्ठा किए और उनका विश्लेषण किया।

डॉक्टर जब किसी मरीज का इलाज शुरू करते हैं तो अक्सर एक दवा से शुरुआत की जाती है। लेकिन यह दवा आमतौर पर रक्तचाप को सिर्फ 8-9 एमएमएचजी तक कम कर पाती है, जबकि अधिकतर मरीजों को अपने ब्लड प्रेशर को सुरक्षित स्तर तक लाने के लिए 15-30 एमएमएचजी तक की कमी की जरूरत होती है। ऐसे में सही दवा और उसकी सही मात्रा चुनना बहुत जरूरी है।

यही काम यह नया ऑनलाइन टूल आसान बनाता है। यह टूल अलग-अलग दवाओं और उनकी खुराक का औसत असर बताता है और उन्हें तीन स्तरों-निम्न, मध्यम और उच्च तीव्रता-में बांटता है। यानी डॉक्टर यह देख सकते हैं कि कौन-सी दवा कितनी प्रभावी है और उसी हिसाब से रोगी का इलाज तय कर सकते हैं। उच्च रक्तचाप को अक्सर साइलेंट किलर कहा जाता है। इसका कारण है कि यह बीमारी अपने शुरुआती दौर में कोई लक्षण नहीं दिखाती। मरीज को तब पता चलता है जब यह दिल का दौरा, स्ट्रोक या गुर्दे की समस्या जैसी गंभीर बीमारियों का कारण बन चुकी होती है।



- **1 लाख से अधिक लोगों पर किया गया अध्ययन**
- **उच्च रक्तचाप स्ट्रोक या गुर्दे की समस्या जैसी गंभीर बीमारियों का कारण**

दुनिया भर में करीब 1.3 अरब लोग उच्च रक्तचाप से पीड़ित हैं। हर साल यह बीमारी लगभग 1 करोड़ मौतों की वजह बनती है। दुख की बात यह है कि हर 5 में से सिर्फ 1 मरीज ही अपने ब्लड प्रेशर को नियंत्रण में रख पाता है।

जॉर्ज इंस्टीट्यूट फॉर ग्लोबल हेल्थ (हैदराबाद) से जुड़े विशेषज्ञ डॉ. मोहम्मद अब्दुल सलाम ने कहा कि हमें यह समझना होगा कि सही दवाओं और सही खुराक का चुनाव किए बिना ब्लड प्रेशर को पूरी तरह से नियंत्रित नहीं कर सकते। यही काम यह नया टूल आसान बना देगा। यह ऑनलाइन कैलकुलेटर डॉक्टरों को वैज्ञानिक आंकड़ों के आधार पर बेहतर निर्णय लेने में मदद करेगा। अब मरीजों को ट्रायल-एंड-एरर पद्धति से गुजरना नहीं पड़ेगा, बल्कि शुरुआत से ही उन्हें सही इलाज मिल पाएगा। लंबे समय में यह टूल दिल की बीमारियों और स्ट्रोक जैसी गंभीर समस्याओं से लाखों लोगों की जान बचाने में अहम भूमिका निभा सकता है।

## राधा रानी की सबसे प्रिय सखी ललिता के जन्मोत्सव का आयोजन

**नई दिल्ली,** 29 अगस्त (एजेंसियां)। भाद्रपद के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को ललिता सप्तमी है। यह पावन पर्व राधा रानी की सबसे प्रिय और घनिष्ठ सखी ललिता देवी के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। इस दिन सूर्य सिंह राशि में रहेंगे। वहीं, चंद्रमा 7 बजकर 53 मिनट तक तुला राशि में रहेंगे और इसके बाद वृश्चिक राशि में गोचर करेंगे।

दृक पंचांग के अनुसार, इस दिन अभिजीत मुहूर्त 11 बजकर 56 मिनट से शुरू होकर 12 बजकर 47 मिनट तक रहेगा और राहुकाल का समय सुबह 9 बजकर 10 मिनट से शुरू होकर 10 बजकर 46 मिनट तक रहेगा। यह व्रत मुख्य रूप से मथुरा, वृंदावन और आसपास के ब्रज क्षेत्र में मनाया जाता है। ललिता देवी राधा और कृष्ण की रासलीला और उनके प्रेम में एक महत्वपूर्ण सूत्रधार और अष्टसखियों में से एक थीं, जो राधा रानी के हर सुख-दु:ख में साथ रहती थीं।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन ललिता देवी की पूजा करने से राधा रानी और भगवान श्रीकृष्ण दोनों प्रसन्न होते हैं। माना जाता है कि इस व्रत को करने से भक्तों के जीवन में सुख, समृद्धि, प्रेम और सौभाग्य आता है। यह व्रत विशेष रूप से नवविवाहित जोड़ों के लिए बेहद फलदायी माना जाता है। कहते हैं कि जो दंपत्ति श्रद्धापूर्वक ललिता देवी की पूजा करते हैं, उनका वैवाहिक जीवन प्रेम और सुख से भरा रहता है।

कई स्थानों पर इस व्रत को संतान सप्तमी के नाम से भी जाना जाता है। संतान की अच्छी सेहत और लंबी उम्र के लिए भी यह व्रत रखा जाता है। व्रत रखने के लिए आप इस दिन ब्रह्ममुहूर्त में उठकर नित्य कर्म स्नान आदि करने के बाद पूजा स्थल को साफ करें।

इसके बाद आसन बिछाएं, फिर एक चौकी पर लाल कपड़ा बिछाकर उसमें राधा-कृष्ण और देवी ललिता की मूर्ति या तस्वीर स्थापित करें। अब व्रत का संकल्प लेने के बाद देवी ललिता को लाल रंग के वस्त्र, फूल, श्रृंगार सामग्री और मिठाई अर्पित करें। पूजा में तुलसी दल का उपयोग करना शुभ माना जाता है। देवी ललिता की आरती और तीन बार परिक्रमा करने के बाद 'ह्रीं ललितायै नम:' मंत्र का जाप करने से विशेष लाभ मिलता है।

## मुश्किल समय में बनाए रखती हूं आत्मविश्वास : मलाइका अरोड़ा



**मुंबई,** 29 अगस्त (एजेंसियां)। अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा फिल्म इंडस्ट्री की फिट एक्ट्रेस में से एक मानी जाती हैं। उनकी फिटनेस और स्टाइल देख लोग हैरान हो जाते हैं। वह हमेशा आत्मविश्वास से भारी हर काम को आसानी से कर लेती हैं। मलाइका अरोड़ा ने जिंदगी में कई उतार-चढ़ाव देखे हैं, फिर भी मुश्किल समय में अपना आत्मविश्वास नहीं डिगने दिया। अभिनेत्री ने कहा कि मैं खुद को याद दिलाती हूं कि मुश्किल समय आना भी ठीक है। व्यायाम करना, कृतज्ञता का अभ्यास करना और अपनी खामियों को स्वीकार करना मुझे हमेशा अपने मूल में वापस लाता है। मलाइका अरोड़ा अपने फैंस के बीच अपनी कमाल की फैशन सेंस के लिए भी जानी जाती हैं। वह अक्सर ट्रेंड सेट करने में आगे रहती हैं। उन्होंने यह भी बताया है कि वह कैसे आराम से ग्लैमर और कंफर्ट के बीच संतुलन बनाती हैं। बा, 'मैं ग्लैमर को अपने आराम यानी कंफर्ट पर भारी नहीं पड़ने देती हूं। असली स्टाइल तब होता है जब आप किसी कमरे में शानदार दिखते हुए प्रवेश करें, लेकिन फिर भी अपनी अहमियत को बरकरार रखें। आराम को दरकिनार कर मैं कभी फैशन कैरी करना पसंद नहीं करती। मलाइका अरोड़ा को योग करना काफी पसंद है।

## सोनाक्षी सिन्हा ने पति जहीर इकबाल के साथ की गणपति की आरती



**मुंबई,** 29 अगस्त (एजेंसियां)। पूरे देश में इन दिनों गणेश उत्सव की धूम है। बॉलीवुड सेलेब्स भी इस त्योहार को धूमधाम से मना रहे हैं। सोनाक्षी सिन्हा भी उन्हीं में से एक हैं। उन्होंने अपने पति जहीर इकबाल संग गणपति बप्पा की आरती की। इसका एक प्यारा वीडियो एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर शेयर किया है। इस वीडियो में वह गणेश जी की आरती गाती हुई दिखाई दे रही हैं। सोनाक्षी सिन्हा ने इसे शेयर करते हुए लिखा, 'गं गणपतये नम:। आप सबको गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं, बप्पा हम सबको शांति, प्रेम और धैर्य प्रदान करें।'

यह वीडियो अर्पिता खान शर्मा के घर का है। इस साल यह उत्सव उनके घर पर आयोजित किया गया, जहां सलमान ने गणपति बप्पा का स्वागत किया था। इस दौरान सलमान खान सहित उनके परिवार वालों ने गणपति जी की आरती की।

इसका एक वीडियो वीरवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इसमें सलमान खान, उनके पिता सलीम खान, भाई अरबाज आदि आरती करते दिख रहे थे। यही नहीं, एक्टर रितेश देशमुख और जेनेलिया डिसूजा भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए थे। इस वीडियो में फूलों से सजी गणपति की मूर्ति बहुत ही सुंदर लग रही थी। यहीं पर सोनाक्षी सिन्हा और उनके पति जहीर इबाल भी गए थे। दोनों के खान परिवार से अच्छे रिश्ते हैं। इसलिए यह कपल सलमान खान और उनके परिवार के हर कार्यक्रम में दिखाई दे जाता है। इससे पहले सोनाक्षी सिन्हा ने बुधवार को इंस्टाग्राम पर रोड ट्रिप का एक वीडियो शेयर किया था।

## हरियाली संवारने में अहम भूमिका निभा रही हैं जीविका दीदियां

### नर्सरियों में तीन फीट से अधिक ऊंचाई वाले 68.80 लाख पौधे

**पटना,** 29 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार की हरियाली संवारने में जीविका दीदियां अहम भूमिका निभा रही हैं।

बिहार में सामाजिक परिवर्तन की अग्रदूत बनीं जीविका दीदियां, जिन्होंने शराबबंदी, दहेज प्रथा और बाल-विवाह जैसी बुराइयों के खिलाफ जागरूकता फैलाकर गांव-गांव में नई सोच जगाई है, अब पर्यावरण बचाने की मुहिम में भी सक्रिय हो गई हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा वर्ष 2019 में आरंभ किया गया जल-जीवन-हरियाली अभियान आज पूरे राज्य में जनांदोलन के रूप में खड़ा है। इस अभियान को सफल बनाने में जीविका दीदियों ने हरित जीविका-हरित बिहार कार्यक्रम के अंतर्गत करोड़ों पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण की ऐतिहासिक पहल की है।

बिहार के 11 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी एक करोड़ चालीस लाख से अधिक दीदियों ने अब तक चार करोड़ से ज्यादा पौधे लगाए हैं। पौधों की लगातार बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए दीदी की नर्सरी की शुरुआत की गई। आज जीविका दीदियों द्वारा संचालित नर्सरियों के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था, पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ महिलाओं की श्रम भागीदारी को बढ़ाने की दिशा में भी नेतृत्व का कार्य कर रही हैं।

जीविका, मनरेगा और वन एवं पर्यावरण विभाग के सहयोग से पूरे राज्य में अब तक 987 दीदी की नर्सरियां संचालित हो चुकी हैं। इनमें 677 नर्सरियां जीविका व मनरेगा की साझेदारी से और 310 नर्सरियां वन विभाग के सहयोग से चल रही हैं। गौर करने वाली बात है कि 2019-20 में इनकी संख्या मात्र 350 थी, जो पांच साल में करीब तीन गुना बढ़ गई है। दीदी की नर्सरी से विभिन्न प्रजातियों के औसतन 20 हजार पौधे उपलब्ध कराए जाते हैं। हर वर्ष जून से अक्टूबर के बीच बड़े पैमाने पर पौधों का वृक्षारोपण होता है। वर्तमान में नर्सरियों में तीन फीट से अधिक ऊंचाई वाले 68 लाख 80 हजार पौधे और तीन फीट से कम ऊंचाई वाले एक करोड़ 19 लाख 48 हजार से अधिक पौधे उपलब्ध हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 95.32 लाख पौधों की बिक्री से 18.27 करोड़ रुपए की आय हुई थी।

### जयंती विशेष

## उपन्यासकार व कहानीकार के तौर पर मिली भगवती चरण वर्मा को पहचान

**नई दिल्ली,** 29 अगस्त (एजेंसियां)। हिंदी साहित्य के दिग्गज रचनाकार भगवती चरण वर्मा को हम उपन्यासों, कहानियों और कविताओं के लिए जानते हैं, लेकिन उनका जीवन सिर्फ साहित्य तक सीमित नहीं रहा। जीवन में ऐसे कई मोड़ आए, जब वह साहित्य, समाज और सिनेमा की गलियों से गुजरते नजर आए। इन्हीं में से एक बदलाव उनके जीवन में सपनों की नगरी मुंबई लेकर आई।

भगवती चरण वर्मा एक जमाने के चर्चित कवि हुआ करते थे। उसके अलावा उपन्यासकार और कहानीकार के तौर पर उन्हें पहचान मिली। उनके उपन्यासों में समाज का चित्रण दिखाई देता है। साहित्य-मंडल में अनगिनत कलाकार आते हैं, जिनमें से कुछ समय के साथ भुला दिए जाते हैं। हालांकि, कुछ व्यक्तित्व ऐसे होते हैं, जिनकी प्रतिभा का प्रकाश पूरे साहित्य-जगत को आलोकित कर देता है। बहुमुखी प्रतिभा के धनी, सहज कवि और उपन्यासकार भगवती चरण वर्मा का कुछ ऐसा ही व्यक्तित्व था।

1903 का हिंदुस्तान अंग्रेजों की गुलामी में जकड़ा हुआ था। उसी दौर में 30 अगस्त को उत्तर प्रदेश के उन्नाव में बाबू देवीचरण वर्मा के घर भगवती चरण वर्मा का जन्म हुआ। भगवती चरण वर्मा को छोटी उम्र से कविता लिखने का शौक था। स्कूली शिक्षा के दौरान कुछ पत्रिकाओं में उनके लेख भी छपने लगे। 15 साल की उम्र में वे कानपुर के विशिष्ट साहित्यिक गुट का हिस्सा बने, जहां कुछ कहानीकारों और कवियों के साथ उनके संपर्क बने।

1926 में इलाहाबाद से एलएलबी की और वकालत को चुना, लेकिन करियर सफल नहीं रहा। हालांकि, वकालत के दौरान ही, उन्हें लेखन कार्य की ओर एक नई राह मिली। उन्होंने कवि के रूप में साहित्यिक जीवन का प्रारंभ किया था, फिर भी वे कवि की अपेक्षा कहानीकार और उपन्यासकार के रूप में अधिक प्रख्यात हुए।

हम तो जहां पहुंचते हैं, बैठ जाते हैं, भगवती चरण वर्मा इन्हीं शब्दों को जीवन में उतारकर आगे बढ़े और फिल्मों की तरफ रुझान बढ़ाया। उनके बेहद लोकप्रिय उपन्यास 'चित्रलेखा' पर फिल्में बनीं। फिल्म जगत में अपने जीवन की शुरुआत के बारे में भगवती चरण वर्मा ने प्रसार भारती को दिए एक इंटरव्यू में विस्तार से जानकारी दी थी।



भगवती चरण वर्मा को उनके एक मित्र ने बॉम्बे टॉकीज का एक निमंत्रण दिलवाया। वह ऐसा निमंत्रण था कि उसके जरिए वहां जाते ही नौकरी पक्की थी। बॉम्बे टॉकीज में आने-जाने का खर्चा भी मिला। इस निमंत्रण को लेकर वे वहां गए। उन्हीं दिनों कोलकाता में एक घटना हुई, जिससे पूरी स्थिति बिगड़ चुकी थी। इस कारण कोलकाता लौटने की बजाय भगवती चरण वर्मा मुंबई के निवासी हो गए। भगवती चरण वर्मा ने प्रसार भारती को दिए एक इंटरव्यू में इसका जिक्र किया था।

हालांकि, मुंबई में रहने के लिए काम की जरूरत रही। वह एक जगह पहुंचे और काम शुरू किया, जिसमें सफलता भी मिली। इस बारे में भी भगवती चरण वर्मा ने इंटरव्यू में यह जानकारी दी थी। कहा जाता है कि भगवती चरण वर्मा वही शख्सियत थे, जिन्होंने यूसुफ खान को दिलीप कुमार नाम दिया था। वर्मा की पहली फिल्म 'ज्वार भाटा' थी, जिसकी उन्होंने पटकथा लिखी थी। उसी फिल्म में नायक की भूमिका में दिलीप कुमार थे।

उपन्यासकार के रूप में भगवती चरण वर्मा ने कई सशक्त और बहुचर्चित उपन्यासों की रचना की।

## लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज हुए 'जावरा चौपाटी के राजा'

**रतलाम,** 29 अगस्त (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश सरकार के 'माटी के गणेश' अभियान से प्रेरित होकर रतलाम के जावरा में 'ज्वाला श्री गणेश उत्सव समिति' ने 15वें गणेशोत्सव में इतिहास रच दिया। समिति के तैयार किए गए गणेश प्रतिमा को लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में जगह मिली है।

समिति की ओर से निर्मित 22 फीट ऊंची मिट्टी की गणेश प्रतिमा को 'चौपाटी के राजा' के नाम से जाना जाता है। इस प्रतिमा ने न केवल शहरवासियों का दिल जीता, बल्कि लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स और वेब वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी अपनी जगह बनाई। इस उपलब्धि ने जावरा को वैश्विक स्तर पर गौरवान्वित किया है।

लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की ज्यूरी ने गणेश चतुर्थी के अवसर पर जावरा पहुंचकर विधायक डॉ. राजेंद्र पांडेय और समिति सदस्यों को प्रमाण पत्र सौंपा। इस दौरान ज्यूरी सदस्य शैलेंद्र सिंह सिसोदिया और धरम यादव के साथ मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक रत्नेश विजयवर्गीय भी उपस्थित थे। विधायक डॉ. पांडेय ने इसे न केवल समिति की, बल्कि पूरे जावरा विधानसभा और मध्य प्रदेश की उपलब्धि बताया।



- **बंगाल के 10 कारीगरों ने तीन महीने की कड़ी मेहनत से बनाया गणेश प्रतिमा**
- **22 फीट ऊंची, 10 फीट चौड़ी और 6 फीट मोटी प्रतिमा को मृदा आकृति मूर्ति आर्ट्स, उज्जैन ने किया तैयार**

समिति पदाधिकारियों ने बताया कि 22 फीट ऊंची, 10 फीट चौड़ी और 6 फीट मोटी (मिट्टी की परत वाली) प्रतिमा को मृदा आकृति मूर्ति आर्ट्स, उज्जैन ने तैयार किया है। बंगाल के 10 कारीगरों ने तीन महीने की कड़ी मेहनत से इसे बनाया। समिति ने इस प्रतिमा को विश्व रिकॉर्ड के लिए नामांकित किया था, जिसे चयनित कर लिया गया। यह प्रतिमा अब शहर के लिए आकर्षण का केंद्र बन चुकी है।

समिति सदस्य राकेश राठौड़ ने कहा कि पिछले 15 वर्षों से मूर्ति की स्थापना की जा रही है। इतने सालों के बाद जावरा के लिए अब ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण क्षण आया है। यह जावरा की नहीं बल्कि एशिया की सबसे बड़ी मूर्ति है।

पूरी दुनिया में जहां एक ओर सभी मूर्तियां पीओपी से बन रही हैं, वहीं हमने श्री गणेश की मूर्ति पूरी तरह से गंगा की मिट्टी से बनाई है, जिसके कारण इसे लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स और वेब वर्ल्ड रिकॉर्ड में जगह मिली। इस उपलब्धि का पूरा क्षेत्र 'ज्वाला श्री गणेश समिति' के सदस्यों को जाता है, वे पूरी तरह से बधाई के पात्र हैं।

उन्होंने 9 दिनों के कार्यक्रम के बारे में बताते हुए कहा कि समिति द्वारा नौ दिनों का रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन होता है। कई सांस्कृतिक कार्यक्रम होते हैं, जिसमें विभिन्न प्रकार की प्रस्तुतियां दी जाती हैं। इसमें स्कूली बच्चे भी शामिल होते हैं। कवि सम्मेलन का भी आयोजन होता है।

# अभिमत

नुआखाई का शाब्दिक अर्थ `नया खाना' है। यह त्योहार धान की नई फसल के स्वागत के लिए मनाया जाता है। नए अन्न की पूजा की जाती है। इस मौके पर किसान खेती के औजारों, जैसे हल-बैल, फसल और खेत की पूजा करते हैं। यह त्योहार खुशी और उम्मीद जगाता है। इस त्योहार में लोग उनकी कुल देवी-देवता की खेतों में पूजा करते हैं और धन-धान्य से भरपूर होने की कामना करते हैं।

## पश्चिम ओडिशा में नुआखाई पर्व

नवाचार

■ बाबा मायाराम

**किसान के घर का बीज होता था, पशुओं की गोबर खाद होती थी, हल-बैल से खेती होती थी, इसलिए किसान की लागत कम होती थी। अब भी प्राकृतिक खेती में यही तौर-तरीके अपनाए जाते हैं। स्थानीय पेड़ पौधों की पत्तियों से जैव कीटनाशक बनाए जाते हैं। जैविक खाद का उपयोग किया जाता है। इसमें भी कृषि लागत कम हो जाती है। पिछले कुछ सालों से रासायनिक खेती का संकट साफ तौर पर उभरकर सामने आया है। खेती की लागत बढ़ती जा रही है।**

पिछले कुछ दिनों से पश्चिम ओडिशा के बरगढ़ शहर में प्रवास करने का मुझे मौका मिला है। इस इलाके में दो दिन पहले नुआखाई का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। यह पहला मौका था, जब मुझे इस पर्व को नजदीक से देखने और शामिल होने का अवसर मिला। हालांकि ओडिशा से लगे छत्तीसगढ़ में भी यह त्योहार मनाया जाता है, पर पश्चिम ओडिशा में जिस उत्साह और उमंग से इसे मनाया जाता है, उसकी छटा अनूठी है।

मैं ओडिशा के बरगढ़ में समता भवन में ठहरा हुआ हूं। यह प्रसिद्ध समाजवादी चिंतक किशन पटनायक की स्मृति में बना है। यह जय किसान आंदोलन का स्थानीय कार्यालय भी है। यानी किसानों का केन्द्र है। लिंगराज भाई, जो किसान संगठन के अग्रणी पंक्ति के नेतृत्वकर्ता हैं, ने बताया कि नुआखाई का किसानों के जीवन और संस्कृति में विशेष महत्व है।

नुआखाई का शाब्दिक अर्थ 'नया खाना' है। यह त्योहार धान की नई फसल के स्वागत के लिए मनाया जाता है। नए अन्न की पूजा की जाती है। इस मौके पर किसान खेती के औजारों, जैसे हल-बैल, फसल और खेत की पूजा करते हैं। यह त्योहार खुशी और उम्मीद जगाता है।

इस त्योहार में लोग उनकी कुल देवी-देवता की खेतों में पूजा करते हैं और धन-धान्य से भरपूर होने की कामना करते हैं। नुआखाई के एक दिन पहले धान की बालियों के साथ चिवड़ा, और पूजा के फूल पूजा की तैयारी के लिए रख लिए जाते हैं।

इस मौके पर शहर की दुकानें व सभी कामकाज बंद होते हैं। शहरों में गांव के काम करने वाले कामकाजी लोग व मजदूर गांव चले जाते हैं। यहां तक कि चाय-नाश्ते की दुकानें भी बंद होती हैं।

सभी लोग नए कपड़े पहनते हैं। इस त्योहार के लिए कई दिनों से तैयारी करते हैं। घरों की साफ-सफाई व लिपाई-पुताई भी की जाती है।

इस दिन किसान कार्यकर्ता किशोर भाई और उनकी पत्नी सौदामिनी ने मुझे भोजन के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने स्वाली (मीठी रोटी) खीर, दाल-चावल, पापड़, चटनी और हरी पत्तीदार सब्जियां बनाई थीं। उन्होंने बताया कि अरसा पीठा विशेष रूप से तैयार किया जाता है। मुझे सौदामिनी जी ने राखी भी बांधी, जो मध्यप्रदेश में रक्षाबंधन के दिन बांधी जाती है।

किशोर भाई बताते हैं कि पहले के जमाने में लोग पौष्टिक अनाज जैसे कोदो, मडिया खाते थे, और यह अनाज बहुत ही कम समय में पककर आ जाते थे। लेकिन जब धान की फसल आती थी, तब लोगों की खुशी बढ़ जाती थी। इसलिए इस त्योहार पर धान की फसल, पेड़, खेती के औजार, बैल इत्यादि की पूजा की जाती थी।

उन्होंने बताया कि वे बचपन में इस मौके पर गुडू ( कबड्डी की तरह खेल) और फुटबाल खेलते थे। लेकिन इसमें अब कमी आई है। कुछ गांवों में सहभोज भी होता था।

नुआखाई के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों का सिलसिला शुरू हो जाता है। यह कुछ समय तक चलता है। इसमें भी लोगों का मिलना-जुलना होता रहता है।

इस मौके पर मुझे कुछ साल पहले ओडिशा के मुनिगुड़ा की रेल यात्रा याद आ रही है। मैं मुनिगुड़ा एक मिश्रित खेती का प्रयोग देखने गया था। वहां से रायपुर लौटते समय ट्रेन में दूरदराज गांव की एक बुजुर्ग महिला मिली थी, जो बिलासपुर में रहनेवाली उसकी बेटी के लिए नुआखाई के पकवान लेकर जा रही थी। उसने पोटली दिखाते हुए बताया था कि वह उसकी नातिनों के लिए गांव से परसा पीठा बनाकर ले जा रही है। यानी यह परिजनों से मिलने-जुलने का भी अच्छा मौका होता है।

यह त्योहार भाईचारे का भी है, लोग नुआखाई जुहार व भेंटघाट ( सांस्कृतिक कार्यक्रम) के लिए एक दूसरे के घर आते-जाते हैं। आपस में मिलकर उन्हें बधाई व शुभकामनाएं भी देते हैं। सुदूर शहरों मे नौकरीपेशा लोग भी गांव को चले आते हैं, और त्योहार में शामिल होते हैं।

इस त्योहार में जिन खेती के औजारों व बैलों की पूजा होती है, अब उनमें से कईयों का खेती में उपयोग कम हो गया है, या नहीं के बराबर है। हल-बैल की जगह ट्रेक्टर आ गए हैं। जबकि पहले पशुओं के बिना खेती संभव नहीं थी। रासायनिक खेती की अपनी कई समस्याएं है, जो सभी जानते हैं।

हाल ही में पोला त्योहार निकला है, इसमें ग्रामीणों द्वारा बैलों की पूजा की जाती है। पशुपालन के बिना खेती अधूरी है। इसमें एक चक्र बना रहता था। फसलों के ठंडल व भूसा, खेत के चारे को पशु खाते थे, खेतों में उनसे जुताई होती थी, उनके गोबर खाद से खेत की मिट्टी उर्वरक बनती थी। इस तरह टिकाऊ खेती की परंपरा थी।

किसान के घर का बीज होता था, पशुओं की गोबर खाद होती थी, हल-बैल से खेती होती थी, इसलिए किसान की लागत कम होती थी। अब भी प्राकृतिक खेती में यही तौर-तरीके अपनाए जाते हैं। स्थानीय पेड़ पौधों की पत्तियों से जैव कीटनाशक बनाए जाते हैं। जैविक खाद का उपयोग किया जाता है। इसमें भी कृषि लागत कम हो जाती है।

पिछले कुछ सालों से रासायनिक खेती का संकट साफ तौर पर उभरकर सामने आया है। खेती की लागत बढ़ती जा रही है। किसानों पर कर्ज हो जाता है और धीरे-धीरे वे इस कर्ज से उबर नहीं पाते हैं। क्योंकि खेती की लागत के अलावा और भी अन्य खर्चे बढ़ गए हैं।

हमारी खेती में सैकड़ों सालों की अच्छी परंपराएं रही हैं। कृषि संस्कृति रही है। हमारे अधिकांश त्योहार खेती से जुड़े हैं। दीपावली भी इनमें से एक है। दीवाली पर गाय, बैल आदि सभी पालतू जानवरों को सजाया जाता है। उनकी पूजा की जाती है। यह वह समय होता है, जब किसान के घर खरीफ की फसल आ जाती है। इस दीवाली में समस्त जीव-जगत के पालन का विचार शामिल है।

दीपावली पर भी अन्न व पशु धन की पूजा की जाती है। पहले स्कूलों में भी दीपावली की लम्बी छुट्टी होती थी। इसे फसली छुट्टी भी कहते थे। इस दौरान बच्चे उनके अभिभावकों के साथ खेतों में काम करते थे। खेती के तौर-तरीके सीखते थे। यानी फसल कटाई के लिए अवकाश भी इसे कहा जाता था।

खेती अब कई समस्याओं से घिर गई है। कृषि सभ्यता ठहर गई है। खेती व गांव उजड़ती हुई सभ्यता के प्रतीक बनते जा रहे हैं। हम ऐसे आधुनिक समय में रह रहे हैं, जहां सब कुछ देखकर भी अनदेखा कर देते हैं। किसान व किसान की पीड़ा हमारी आंखों से ओझल हो रहे हैं।

हमारे देश की जलवायु, मिट्टी-पानी , हवा, जैव विविधता और पर्यावरण खेती के लिए अनुकूल है। नुआखाई जैसे त्योहार खेती की अच्छी आपस में जोड़ने वाली परंपरा, भाईचारा और प्रकृति के साथ समन्वय करने वाली कृषि और उसकी संस्कृति के वाहक है। क्या हम ऐसी संस्कृति को बचाना चाहेंगे?

### बीता सप्ताह

**23 अगस्त**

- बिहार एसआईआर पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि चुनाव आयोग आधार और 11 दस्तावेजों को मान्य करें।
- श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रम सिंघे को सरकारी धन के दुरूपयोग मामले में सीआईडी ने गिरफ्तार कर लिया।
- भारत में जन्मे ब्रिटेन के प्रमुख उद्योगयम लॉर्ड स्वराज मॉल का निधन हो गया।
- भारतीय महिला क्रिकेटर गौहर सुल्ताना ने सभ फार्मेट से सन्यास लिया।

**24 अगस्त**

- टैरिफ विवाद के बीच केन्द्र सरकार ने डाक विभाग ने 29 अगस्त से अमेरिका जाने वाले पार्सल की आवाजाही रोकने का फैसला लिया।
- भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता सुखरम सुधाकर रेड्डी का निधन हो गया।
- कोलंबो फोर्ट मजिस्ट्रेट कोर्ट ने पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे को 26 अगस्त के लिए रिमांड पर भेज दिया।
- केन्द्रीय मंत्री जावेद अहमद राणा ने कहा कि दरबार मूव की परंपरा फिर से बहाल की जाएगी।

**25 अगस्त**

- विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि चुनाव आयोग और भाजपा की मिली भगत है।
- फिजी के प्रधानमंत्री सिटीवेनी लिगाया मादा राबुका के भारत पहुंचने पर शानदार स्वागत हुआ।
- भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज चेतश्व र पुजारा ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से सन्यास ले लिया।
- चीन में पहलीबार रोबोट को पीएचडी में मिला दाखिला। छात्रों के जैसा करेगा पढ़ाई।

**26 अगस्त**

- भारत और फिजी के रक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, व्यापार, निवेश, संस्कृति, खेल, शिक्षा तथा कौशल विकास के सात क्षेत्रों में समझौतों पर हस्ताक्षर किए।
- सुप्रीम कोर्ट ने एक सुनवाई में कहा कि मौत की सजा को दी जा सकती है चुनौती।
- छग के दो शिक्षक डॉ. प्रज्ञा सिंह और संतोष कुमार चौरसिया को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।
- एलन मस्क की नेतृत्व वाली स्पेसएक्स ने ग्राउंड सिस्टम की समस्या के कारण अपने विशाल राकेट स्टारशिप की 10वीं परीक्षण उड़ान स्थगित कर दी।

**27 अगस्त**

- टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता और पूर्व विश्व चैंपियन मीरा बाई चानू ने अहमदाबार में राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता।
- दुनिया में दौड़ेगी मेड इन इंडिया ईवी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सुजुकी के पहले वैश्विक रणनीतिक बैटरी इलेक्ट्रिक वालन ई-विटारा को झंडी दिखाई।
- भारत पर आज से अमेरिका का 50 फीसदी टैरिफ शुरू हुआ।
- छत्तीसगढ़ के रायपुर के आलोक अराधे सुप्रीम कोर्ट के जज बनेंगे।

**28 अगस्त**

- संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि दुनिया भर में 2-1 अरब लोगों को सुरक्षित पेयजल उपलब्ध नहीं है।
- दिग्गज क्रिकेटर आर. आश्विन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के बाद अब आईपीएल से भी सन्यास ले लिया।
- ओलंपियन अनीश थनवाला ने शिमकेंट कजाकिस्तान 16वीं एशियाई निशनेबाजी में चैंपियनशीप में रजत पदक जीता।
- छग रायपुर की पहली महिला विधायक रजनीताई उपासने का निधन हो गया।

**29 अगस्त**

- महाराष्ट्र में पालघर जिले के विरार क्षेत्र में इमारत गिरने से 17 की मौत हो गई।
- भारत से निर्यात किये जाने वाले माल पर 50 प्रतिशत टैरिफ लागू होने से फिरोजाबार में करोड़ों के आर्डर निरस्त हुए।
- छग के मुख्यमंत्री ने दक्षिण कोरिया के निवेशकों को छत्तीसगढ़ में निवेश करने किया आमंत्रित किया
- शिबू सोरेन को भारत रत्न देने का प्रस्ताव झारखंड विस में पारित हुआ।

## डोनाल्ड ट्रंप का अब भारत और नरेंद्र मोदी को बदनाम करने का जुनून

■ सुशील कुट्टी

संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अब नई दिल्ली के खिलाफ अपशब्दों का इस्तेमाल करने लगे हैं, तथा भारत और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बदनाम करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे। राष्ट्रपति ट्रंप के शब्दों का चयन बीनस्टॉक में किसी मोड़ पर बातचीत करने में मशगूल घोंघे को भी चोट पहुंचाता है। ट्रंप ने भारत को 'घृणित' और 'खराब अर्थव्यवस्था' सहित कई तरह के नामों से पुकारा है और भारत के नंबर एक दुश्मन, पाकिस्तान को खुश करने में भी कोई कसर नहीं छोड़ी है। उन्होंने उसके पाकिस्तानी जिहादी सेनाध्यक्ष फील्ड मार्शल जनरल असीम मुनीर का ऐसे स्वागत किया है जैसे वह पहले खो गया हो और अब मिल गया हो।

बार-बार के दावे के बाद, अब फिर ट्रंप अपने संदिग्ध दावे पर वापस आ गए हैं कि भारत और पाकिस्तान को 'युद्धविराम' की मेज तक पहुंचाने वाला उनका ही हाथ था। ट्रंप को डायबिटिक फुट अल्सर है, जो कभी रुकता नहीं और उन्हें उनके भटकते मन से हटाना मुश्किल है, जो इन दिनों भारत के रिकॉर्ड पर पूरी तरह से अटका हुआ है।

**27 अगस्त को ट्रंप की 50 प्रतिशत टैरिफ सीमा लागू हो गई और भारत इसे एक नियति मानकर स्वीकार करने के अलावा कुछ नहीं कर सकता। ट्रंप भारत को उसकी जगह दिखाने पर अड़े हैं और भारत भी अपनी राह पर अड़ा है, बिना किसी रुकावट के। क्या प्रधानमंत्री मोदी कोई जोखिम उठा रहे हैं? क्या भारत को अमेरिका को एक अटल दुश्मन बना देना चाहिए?**

राष्ट्रपति ट्रंप भारत के प्रति जुनूनी हैं। एक जर्मन अखबार की रिपोर्ट है कि ट्रंप के व्हाइट हाउस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पीएमओ को फोन किया और घोषणा की कि ट्रंप मोदी को मनाने के लिए फोन पर हैं! लेकिन मोदी के अधिकारियों ने ट्रंप के अधिकारियों को बताया कि मोदी बहुत व्यस्त हैं। जर्मन अखबार ने ट्रंप के चार कॉल गिने और हर बार बताया गया कि मोदी उपलब्ध नहीं हैं।

लेकिन इसमें संदेह है और दावा किया जा रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी के समर्थक झूठ बोल रहे हैं और सच्ची कहानी जानने के लिए ट्रंप के मगासमर्थकों से बात करनी पड़ेगी। प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में मिगा( भारत को फिर से महान बनाओ) और मगा( अमेरिका को फिर से महान बनाओ) के बीच तुलना किया था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चार अक्षरों वाले मेगागठबंधन की बात की। परन्तु नाम रखने में मोदी के माहिर होने के बावजूद यह चल नहीं पाया।

राष्ट्रपति ट्रंप पांच अक्षरों के चमत्कारी हैं, उनके उपनाम 'ट्रंप' से लेकर उनके 'नोबेल' तक, जिसकी उन्हें चाहत है। ट्रंप सभी देशों के बीच शांति के रक्षक के रूप में पहचाने जाना चाहते हैं। ट्रंप का पसंदीदा हथियार, 'टैरिफ', एक छह अक्षरों वाला भयावह तानाशाही शब्दकोश है। ट्रंप ने दावा किया कि उन्होंने 'व्यक्तिगत रूप से हस्तक्षेप' करके भारत-पाक के बीच संभावित परमाणु युद्ध को रोका और युद्धविराम लागू करने के लिए टैरिफ का इस्तेमाल किया।

'मैं एक बहुत ही शानदार इंसान, भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात कर रहा हूं। मैंने कहा, 'तुम्हारे और पाकिस्तान के बीच क्या चल रहा है, नफ़रत बहुत ज़्यादा है,' ट्रंप ने दुनिया को यह समझाने की अपनी ताज़ा कोशिश में कहा कि वह शांति और समृद्धि के आदमी हैं, और समृद्धि सिर्फ़ अमेरिका के लिए है। लेकिन मोदी इस बात से सहमत नहीं हैं, कुछ ऐसा जिसके बारे में ट्रंप ने सोचा भी नहीं था कि मोदी ऐसा कर सकते हैं और अब दोनों 'मेरे दोस्त-मेरे दोस्त' नहीं रहे। ट्रम्प ने दावा किया कि भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव 'बहुत लंबे समय से, कभी-कभी सैकड़ों सालों से अलग-अलग नामों से' चल रहा है।

'भारत और पाकिस्तान 1947 में ही स्वतंत्र राष्ट्र बने, जब अंग्रेजों ने भारतीय उपमहाद्वीप पर अपने 200 साल लंबे शासन को समाप्त करने और इसे दो अलग-अलग राष्ट्रों में विभाजित करने का फैसला किया। इससे पहले, यह क्षेत्र अनेक छोटे-छोटे राज्यों में विभाजित था।'

यह भारत के इतिहास पर ट्रंप की पकड़ है, जिसे वह अपनी आस्तीन पर सम्मान के तमगे की तरह शान से दिखाते हैं, यह जाने बिना कि भारतीय कोबरा, ट्रंप और उनके वयस्क बच्चों को पुरानी दुनिया में अपने पूर्वजों के बारे में जितना पता है, उससे कहीं ज़्यादा भारतीय इतिहास जानता है, जहां से ट्रंप के माता-पिता संयुक्त राज्य अमेरिका आए थे। लेकिन ट्रंप अपने बंद दिमाग की खोली में रहते हैं और अपने राष्ट्रपति पद के कार्यकाल का अध्याय इस एहसास के साथ बंद करना चाहते हैं कि वह अब तक के नंबर 1 राष्ट्रपति हैं, इसलिए सावधान रहें!

ऐसे राष्ट्रपति के बारे में क्या कहा जाए, सिवाय उस दिन पछताने के जब राष्ट्रपति बराक ओबामा ने व्हाइट हाउस के एक रात्रिभोज में ट्रंप का मज़ाक उड़ाया था और ट्रंप ने इसे एक चुनौती के रूप में लिया और राष्ट्रपति पद के लिए दौड़े, और एक नहीं, बल्कि दो बार सफलता का स्वाद चखा? अब, राष्ट्रपति ट्रंप अपनी ही विकृत मानसिकता की खोज में एक अजीबोगरीब बहादुरी दिखा रहे हैं, उन्हें इस बात की परवाह नहीं कि कौन सा देश, भारत समेत, हाशिये पर जा रहा है।

27 अगस्त को ट्रंप की 50 प्रतिशत टैरिफ सीमा लागू हो गई और भारत इसे एक नियति मानकर स्वीकार करने के अलावा कुछ नहीं कर सकता। ट्रंप भारत को उसकी जगह दिखाने पर अड़े हैं और भारत भी अपनी राह पर अड़ा है, बिना किसी रुकावट के। क्या प्रधानमंत्री मोदी कोई जोखिम उठा रहे हैं? क्या भारत को अमेरिका को एक अटल दुश्मन बना देना चाहिए? क्या ट्रंप के टैरिफ के गुस्से के बाद आई तमाम परेशानियों के लिए यह उचित है?

सच है, यह एक जुआ है, भारत के इतिहास में एक विराम है और इसे इस ट्रंप ने रचा है जो दावा करता है कि वह भारतीय इतिहास को अपने हाथ की हथेली की तरह जानता है।

ट्रम्प ने कहा, 'मैंने कहा, मैं आपके साथ कोई व्यापार समझौता नहीं करना चाहता...आप लोग परमाणु युद्ध में उलझने वाले हैं...मैंने कहा, मुझे कल फिर से फोन करना, लेकिन हम आपके साथ कोई समझौता नहीं करने वाले हैं।' आप पर टैरिफ इतने ज़्यादा हैं कि आपका सिर घूम जाएगा... लगभग पांच घंटे के अंदर ही ये हो गया... अब शायद ये फिर से शुरू हो जाए। मुझे नहीं पता। मुझे नहीं लगता, लेकिन अगर ऐसा हुआ तो मैं इसे रोक दूंगा। हम ऐसी चीज़ें नहीं होने दे सकते।'


इस हफ़्ते की शुरुआत में ट्रंप ने दावा किया था कि उन्होंने दुनिया भर में सात युद्ध रोके हैं, जिनमें भारत और पाकिस्तान के बीच का युद्ध भी शामिल है। उन्होंने मीडिया को बताया कि इनमें से चार युद्ध इन संघर्षों में शामिल देशों पर उनके टैरिफ लगाने की वजह से रुके थे। 'मेरे पास टैरिफ और व्यापार दोनों थे, और मैं कह सकता था, अगर आप लड़ने जाते हैं और सबको मारना चाहते हैं, तो कोई बात नहीं, लेकिन जब आप हमारे साथ व्यापार करेंगे तो मैं आप सभी पर 100प्रतिशत टैरिफ लगाऊंगा ।उन्होंने सबने हार मान ली। मैंने ये सारे युद्ध रोक दिए हैं। एक बड़ा युद्ध भारत और पाकिस्तान के बीच होता...'

ट्रंप ने कहा कि भारत-पाकिस्तान युद्ध अगले स्तर का, एक परमाणु युद्ध होने वाला है! 'खैर, अब कोई युद्ध नहीं चल रहा है। मैंने कई मौकों पर इसका इस्तेमाल किया है। मैंने व्यापार और जो भी मेरे पास था, सब इस्तेमाल किया।' भारत ट्रंप पर ज़रा भी विश्वास नहीं करता, जो कोई जिहादी जनरल असीम मुनीर के साथ बैठकर व्यापार, टैरिफ, परमाणु हथियार और क्रिप्टोकरेंसी की बातें करते हुए बड़े हैमबर्गर का मज़ाक उड़ा सकता है, उसकी बात सुनने लायक नहीं है। राष्ट्रपति ट्रंप दुनिया को कहां ले जाएंगे, यह तो भविष्य ही बताएगा। फ़िलहाल, सारा दोष राष्ट्रपति बराक ओबामा पर है, जिन्हें व्हाइट हाउस कॉरेस्पोंडेंट्स डिनर में ट्रंप का मज़ाक नहीं उड़ाना चाहिए था।

## सरकार को परेशान करेगी संघ प्रमुख के 'मन की बात'

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा है कि स्वास्थ्य और शिक्षा आम भारतीयों की पहुंच से बाहर हैं। एक बात दोहराने के बावजूद उन्होंने व्यवस्था के सिर पर कील ठोंक दी है। इस महीने की शुरुआत में इंदौर में किफायती कैंसर देखभाल सुविधा के उद्घाटन के दौरान भागवत ने कहा कि 'अच्छी स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा सुविधाएं तथा इसकी सभी योजनाएं आज समाज के प्रत्येक व्यक्ति के लिए आवश्यकताएं बन गई हैं लेकिन दुर्भाग्य से दोनों क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण सेवाएं आम आदमी की पहुंच और वित्तीय क्षमता से परे हैं।'

कुछ लोग इसे भाजपा का वैचारिक आधार आरएसएस के प्रमुख द्वारा नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार की नीतियों और विकास के उसके मॉडल की परोक्ष आलोचना के रूप में देखेंगे। आखिरकार यह टिप्पणी विकास के एक प्रमुख पहलू 'विकासशील भारत' को छूती है जिसे सरकार द्वारा पैक किया और बेचा जा रहा है- 'जिसमें सस्ती शिक्षा और स्वास्थ्य' नहीं है जो विकास को अपने पैरों पर खड़े होने के लिए आवश्यक है।



जगदीश रत्तनानी

**कुछ व्यवसायों या सेवाओं को महान सेवाओं के रूप में देखना असामान्य नहीं है क्योंकि यह देखा जाता है कि उनका क्या असर होता है- शिक्षा नागरिकों की एक नई पीढ़ी को प्रभावित करती है और चिकित्सा बीमारों को ठीक करती है। इन दोनों क्षेत्रों को बाजार की गलाकाट स्पर्धा से बाहर रखने इच्छा है, खासतौर पर उस समय जब यह स्पर्धा अन्य क्षेत्रों में जारी है जिसे हम विकास कहते हैं।**

वैसे किसी भी राजनीतिक सोच से परे होकर देखें तो भागवत और आरएसएस की बुलंद आवाज इस मामले में भाजपा शासन के तहत भारत में एक ज्वलंत मुद्दे को उजागर करने का काम करती है जिसे आम नागरिक दिल की गहराईयों तक महसूस करता है। यह एक सीधा-सादा तथ्य है कि शिक्षा का स्तर बेहतर होने के बजाय वह आम लोगों की पहुंच से बाहर हो रही है। स्वास्थ्य एक ऐसा व्यवसाय बन गया है जो मरीज की देखभाल की बजाय निवेश, आईपीओ और प्रोत्साहन के संबंध में बोला जाता है। कुछ शर्मनाक प्रथाएं विकास के पैरों तले पनपती हैं। इसके साथ ही भारत में कुछ विशेषाधिकार प्राप्त लोगों के लिए स्वास्थ्य और शिक्षा में विश्वस्तरीय सुविधाएं भी उपलब्ध हैं ताकि हम आम तौर पर विपन्नता के सागर में विश्वस्तरीय टापुओं के साथ रह सकें।

कुछ व्यवसायों या सेवाओं को महान सेवाओं के रूप में देखना असामान्य नहीं है क्योंकि यह देखा जाता है कि उनका क्या असर होता है- शिक्षा नागरिकों की एक नई पीढ़ी को प्रभावित करती है और चिकित्सा बीमारों को ठीक करती है। इन दोनों क्षेत्रों को बाजार की गलाकाट स्पर्धा से बाहर रखने इच्छा है, खासतौर पर उस समय जब यह स्पर्धा अन्य क्षेत्रों में जारी है जिसे हम विकास कहते हैं। आरएसएस प्रमुख ने एक तरह से इस बात को दोहराते हुए कहा- च्पहले स्वास्थ्य और शिक्षा एक सेवा के रूप में माने गए थे लेकिन आज दोनों का व्यवसायीकरण हो गया है।ज्ज

दूसरी तरफ नीति में ठोस परिवर्तन के बिना स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्रों को सर्वसामान्य के लिए आसान बनाने हेतु समाज को जागृत करना, लागत कम रखना या उन्हें मोटे तौर पर डी-मार्केटाइज् करने की बात करना एक ऐसे समाज में दान और दयालुता की आशा करना है जो अत्यधिक बाजारीकृत हो गया है। प्रसिद्ध अकादमिक और लेखक माइकल सैंडल मार्केट इकॉनामी और मार्केट सोसायटी के बीच अंतर की बात करते हैं- मार्केट सोसायटी दक्षता ला सकती है जबकि मार्केट इकॉनामी हर चीज पर कीमत लगाती है ताकि ऐसा कुछ भी न हो जिसे पैसा नहीं खरीद सकता।

यह तर्क देना संभव है कि भारत लगभग 'कानूनी' तौर पर मार्केट इकॉनामी बन गया है लेकिन 'वास्तव' में एक मार्केट सोसायटी के रूप में काम करता है जो एक ऐसे देश के लिए उल्लेखनीय रूप से उपयोगी नहीं है जिसके संविधान की प्रस्तावना में 'समाजवादी' शब्द है। शायद ही कुछ ऐसा है जिसे शीर्ष 1 प्रतिशत नहीं खरीद सकते हैं- हिफाजत, सुरक्षा और सफलता के लिए वे इतना कमाते हैं कि अपने खर्चों का खुद भुगतान कर सकते हैं। चूंकि केवल कुछ ही भुगतान कर सकते हैं इसलिए बाकी पीड़ित होंगे, वे शिकायत करेंगे और दुख जाहिर करेंगे कि असमानता हर क्षेत्र में, विशेष रूप से अस्पतालों और स्कूलों में किस तरह का खेल खेलती है।

इस प्रकार की व्यवस्था में स्वास्थ्य बीमा कंपनियां अपनी पाई-पाई क्यों न वसूल करें, चिकित्सा शिक्षा में सक्रिय उद्योग अत्यधिक शुल्क के बिना कैसे जीवित रह सकती है तथा डॉक्टरों या शिक्षकों को कम वेतन के लिए क्यों समझौता करना चाहिए? डॉक्टरों और शिक्षकों को भी आवास, यात्रा, उपकरण, सामग्री और सीखने की आवश्यकता होती है- जो सभी महंगे हैं तथा जिनका बाजारीकरण किया जाता है। क्षेत्र-विशेष में काम करने वाली परोपकारी संस्था (सेक्टोरल चैरिटी) आंशिक रूप से काम करेगी। वास्तव में भारत के कुछ सर्वश्रेष्ठ अस्पतालों एवं शैक्षणिक संस्थानों को आधिकारिक तौर पर चैरिटी संस्थानों के रूप में वर्गीकृत किया गया है। वैसे वास्तविक रूप से बहुत कम संस्थाएं धर्मार्थ हैं। बाजार का आदेशात्मक रुख सारी व्यवस्था को नियंत्रित करता है और यह सुनिश्चित करता है कि समय के साथ अधिकांश आम भारतीय इस लाभ से दूर रहें।

एक न्यूनीकरणवादी दृष्टिकोण जो कर्तव्य, जिम्मेदारी या सामान्य रूप से एक गैर-आर्थिक मानसिकता के विचार को इंजेक्ट करना चाहता है, चुनिंदा रूप से यह पहचानने से इनकार करता है कि समस्या बहुत व्यापक है। इस मामले में स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र की विफलता एक बड़ी समस्या, विकास की काल्पनिक कहानी एवं काल्पनिक विशाल अर्थव्यवस्था का लक्षण हैं जो आंकड़े तो देखती है लेकिन उद्देश्य नहीं, जिसने अपने शानदार हवाई अड्डों और बुलेट ट्रेनों में चमकने की चाह में सीढ़ी के निचले पायदान पर बैठे लोगों की अनदेखी की है।

यह वह नजरिया है जिसके कारण भागवत ने एक मंत्री का बयान उद्धृत किया जिसमें कहा गया है कि शिक्षा 10 खरब डॉलर का व्यवसाय है या वास्तव में नीति आयोग ने एक पेपर में लिखा है जिसमें निम्नलिखित बातें कही गई हैं-'स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में पिछले कुछ वर्षों में निवेशकों (उद्यम पूंजी और निजी इक्विटी) की काफी रुचि देखी गई है, जिसमें लेनदेन का मूल्य वर्ष 2011 के 940 लाख अमेरिकी डॉलर से बढ़कर वर्ष 2016 में 1,2750 लाख अमेरिकी डॉलर हो गया है- जो 13.5 गुना से अधिक की वृद्धि है... वैश्विक स्वास्थ्य क्षेत्र की कंपनियों द्वारा किए गए निवेशों ने एक आकर्षक स्वास्थ्य सेवा निवेश के गंतव्य के रूप में भारत में बाजार की धारणा को मजबूत किया है।'

इस रास्ते पर बने रहने का मतलब मुसीबत मोल लेना है। कोई भी निजी इक्विटी या उद्यम पूंजी सेवा के उद्देश्य के लिए नहीं आती है। इस जाल से बाहर निकलने के लिए भारत सरकार को पुनर्विचार करना होगा व विकास की कहानी के उद्देश्य को फिर से खोजना होगा। हम कहते हैं कि भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है लेकिन इसका क्या मतलब है जब भारतीय आबादी के शीर्ष 10 फीसदी के पास कुल राष्ट्रीय धन का 75 प्रतिशत से अधिक हिस्सा है जबकि सबसे गरीब आधी आबादी अपनी संपत्ति में केवल 1प्रति सैकड़ा की वृद्धि देखती है। आक्सफैम की हालिया रिपोर्ट में इसका उल्लेख है।

फिर भी हमारे आसपास ऐसे मॉडल हैं जिन्होंने अद्भुत काम किया है। वे न केवल भारत को बल्कि दुनिया को धर्म के वास्तविक अर्थ बताते हुए उस पर चलने का रास्ता दिखाते हैं। उनमें से एक प्रसिद्ध अरविंद आई केयर सिस्टम है, जो एक ऐसा प्रकाशस्तंभ है जो अपनी सेवाओं की मार्केटिंग पर एक रुपया भी खर्च नहीं करता है बल्कि सबसे दूर और सबसे कमजोर लोगों तक पहुंचने के लिए संसाधनों को बाहर निकालता है। यह गांधी की पसंदीदा पुस्तक 'अन टू दिस लास्ट' का एक जीवंत उदाहरण है। अरविंद एक ऐसी प्रणाली है जो जिस तरह चमकती है वैसा ही काम भी करती है। इसे हासिल करने के लिए एक अलग किस्म के संकल्प की आवश्यकता होती है जो उद्देश्य और विनम्रता की उच्च भावना में निहित है न कि प्रचार या प्रभुत्व के अधिकार की अतिरंजित भावना में है जो आज भारत की पहचान बन गई है।

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं। सिंडिकेट : द बिलियन प्रेस )**

# देश विदेश

## पोलिश एफ-16 विमान दुर्घटनाग्रस्त, पायलट की मौत

**वारसॉ,** 29 अगस्त (एजेंसियां)। पोलैंड का एक एफ-16 लड़ाकू विमान गुरुवार को राडोम अंतरराष्ट्रीय एयर शो पूर्वाभ्यास के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिसमें पायलट की मौत हो गई। यह जानकारी सरकारी प्रवक्ता ने दी। यह दुर्घटना कल दोपहर में हुई जिसमें लड़ाकू विमान रनवे से टकराने से पहले नीचे उतरा और उसमें विस्फोट हो गया। पोलिश सरकार के प्रवक्ता एडम स्ज़्लापका ने सोशल मीडिया पर पायलट के मौत की पुष्टि की। दुर्घटना का कारण अभी अज्ञात है। मध्य पोलैंड के राडोम में 30-31 अगस्त को एयरशो राडोम 2025 का आयोजन होने वाला है जिसमें 20 देशों के 150 से ज़्यादा विमान हिस्सा लेंगे। यह पोलैंड में अपनी तरह का सबसे बड़ा आयोजन है।

# ईरान पर संयुक्त राष्ट्र प्रतिबंध लगाने की प्रक्रिया शुरू

- **स्नैपबैक प्रतिबंधों को लागू करने का अमेरिका ने किया स्वागत**
- **प्रतिबंधों को दोबारा लागू करने को लेकर तेहरान ने दी चेतावनी**

**न्यूयॉर्क,** 29 अगस्त (एजेंसियां)। फ्रांस, जर्मनी और यूनाइटेड किंगडम ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम के लिए उस पर संयुक्त राष्ट्र प्रतिबंध फिर से लगाने की प्रक्रिया शुरू की है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार तथाकथित स्नैपबैक प्रतिबंधों को लागू करने का अमेरिका ने स्वागत किया है जो कि ईरान के बढ़ते परमाणु कार्यक्रम पर लगाम लगाने के कूटनीतिक प्रयासों में आई रुकावट के बीच हुआ है। तेहरान ने इस कदम की निंदा की है और चेतावनी दी है कि प्रतिबंधों को दोबारा लागू करने के गंभीर परिणाम हो सकते हैं।

'ई3' देशों ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को सूचित किया कि वे स्नैपबैक तंत्र को सक्रिय कर रहे हैं जिसके अंतर्गत 2015 के ईरान परमाणु समझौते में पहले हटाए गए सभी संयुक्त राष्ट्र प्रतिबंधों को फिर से लागू किया जाएगा। इस तंत्र को उस समझौते के भाग के रूप में शामिल किया गया था जिसे औपचारिक रूप से संयुक्त व्यापक कार्य योजना (जेसीपीओए) कहा जाता है।



राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा 2018 में अमेरिका को इस समझौते से बाहर निकालने के बाद ईरान ने परमाणु समझौते का तेजी से उल्लंघन किया है।

फ्रांस, जर्मनी और ब्रिटेन के विदेश मंत्रियों ने कल एक संयुक्त बयान में कहा कि आज, ईरान द्वारा जेसीपीओए का गैर-अनुपालन स्पष्ट रूप से एवं जानबूझकर किया जा रहा है और ईरान में प्रमुख प्रसार संबंधी चिंताजनक स्थल अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) की निगरानी से बाहर हैं। बयान में आगे कहा गया कि ईरान के पास अपने उच्च संवर्धित यूरेनियम भंडार के लिए कोई नागरिक औचित्य नहीं है इसलिए उसका परमाणु कार्यक्रम अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा के लिए एक स्पष्ट खतरा बना हुआ है।

ईरान के विदेश मंत्रालय ने इस कदम की निंदा करते हुए इसे उत्तेजक एवं अनावश्यक प्रसार करार दिया जिसका उचित जवाब दिया जाएगा।

## कतर, मिस्र ने गाजा में युद्धविराम प्रयासों को जारी रखने का लिया संकल्प

**काहिरा।** कतर के प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान बिन जसीम अल-थानी ने कहा कि कतर और मिस्र भ्रम एवं विघटनकारी प्रयासों के बावजूद गाजा में युद्ध समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मिस्र के उत्तरी तट पर स्थित न्यू अलामीन शहर में मिस्र के विदेश मंत्री बद्र अब्देलत्ती के साथ कहा कि दोनों देश गाजा में लोगों के खिलाफ नरसंहार को रोकने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान स्थिति दुर्भाग्यपूर्ण एवं शर्मनाक है क्योंकि कई महीनों से चल रहे संघर्ष के दौरान अंतरराष्ट्रीय समुदाय की ओर से कोई गंभीर कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि युद्ध विराम और बंधकों एवं कैदियों की रिहाई के लिए आम सहमति बनाने के उद्देश्य से कई दिनों तक गहन संपर्क होने के बावजूद कतर और मिस्र द्वारा अमेरिका के साथ मिलकर किए गए संयुक्त प्रयासों को इजरायल ने नजरअंदाज कर दिया। कतर और मिस्र की मध्यस्थता से लाए गए उस प्रस्ताव पर इजरायल द्वारा औपचारिक रूप से प्रतिक्रिया न देने के बाद वार्ता रुकी हुई है जिसका पिछले सप्ताह हमास ने समर्थन किया था।

## सुरक्षा परिषद ने लेबनान में संयुक्त राष्ट्र शांति सेना का कार्यकाल अंतिम बार बढ़ाया

**संयुक्त राष्ट्र।** सुरक्षा परिषद ने लेबनान में संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल (यूएनआईएफआईएल) की समय सीमा को उसकी वापसी से पहले अंतिम बार बढ़ा दिया है। मतदान के बाद इस पर फैसला लिया गया है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, 15 सदस्यीय परिषद द्वारा सर्वसम्मति से पारित प्रस्ताव 2790, यूनिफिल के कार्यकाल को 31 दिसंबर, 2026 तक बढ़ाता है, जिसके बाद एक वर्ष के भीतर कर्मचारियों की संख्या में कमी की जाएगी और फिर उनकी वापसी होगी। प्रस्ताव में यूनिफिल से अनुरोध किया गया है कि 31 दिसंबर, 2026 के बाद इस मिशन को खत्म कर दिया जाए। स्पष्ट है कि मतदान ने यह तय कर दिया कि दक्षिण लेबनान में तैनात संयुक्त राष्ट्र शांति सेना का मिशन साल 2026 के आखिर तक खत्म कर दिया जाएगा। इससे साफ है कि 50 साल से चली आ रही इस शांति सेना की तैनाती अब धीरे-धीरे समाप्त होगी। प्रस्ताव में लेबनानी सरकार से 1995 के सैन्य स्थिति समझौते के सभी प्रावधानों, विशेष रूप से लेबनान में यूनिफिल की आवाजाही की स्वतंत्रता और उसके विशेषाधिकारों से संबंधित प्रावधानों का पूरी तरह से सम्मान करने का आह्वान किया गया है। इस मिशन की स्थापना 1978 में की गई थी, जिसका ध्येय दक्षिण लेबनान से इजरायली सेना की वापसी पर नजर रखना था। उस वक्त इजरायल ने लेबनान पर हमला किया था।



इसके बाद 2006 में इजरायल और हिज्बुल्लाह के बीच एक महीने लंबा युद्ध हुआ। उस समय इस मिशन की जिम्मेदारी और बढ़ा दी गई थी। इसका काम सिर्फ निगरानी तक सीमित नहीं रहा, बल्कि संघर्ष विराम और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करना भी इसमें शामिल हो गया। संकल्प 2790, संकल्प 1701 के पूर्ण कार्यान्वयन की मांग करता है। इसके तहत युद्ध विराम और ब्लू लाइन ( साल 2000 में यूएन की ओर से लेबनान और इजरायल के बीच स्थापित एक सीमा रेखा) के पूर्ण सम्मान की बात करता है।

## सुडोकू 7019

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | | 2 | 9 | 5 |
| 7 | | | | 6 | | 4 | | |
| | | | | | 8 | | 6 | |
| | | | | | | 5 | 2 | |
| 1 | | 5 | | | | 6 | | 9 |
| | 4 | 7 | | | | | | |
| | 6 | | 9 | | | | | |
| | | 2 | | 5 | | | | 1 |
| 3 | 9 | 1 | | 8 | | | | |

**: नियम :**
1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : शनिवार 30 अगस्त, 2025 भादो शुक्ल पक्ष 7

### राशिफल

मेष - आज दिन में स्नेहीजनों और मित्रों के साथ आनंद-प्रमोद में गुजरेगा। नए वस्त्र तथा आभूषणों की खरीदी कर सकेंगे। सामाजिक रूप से मान-सम्मान प्राप्त होगा। दोपहर के बाद आप को संयमित व्यवहार करना पड़ेगा।

वृषभ - व्यापार के लिए आज का दिन बहुत लाभदायी है। पारिवारिक वातावरण भी सुख-शांति का बना रहेगा। विरोधियों पर आप को विजय प्राप्त होगी। नौकरीपेशा लोगों के लिए स्थल पर सहकर्मी विशेष सहायक बनेंगे।

मिथुन - आज का आप का दिन किसी खास चर्चा में गुजर सकता है। आप अपनी कल्पनाशक्ति से कुछ नया कर पाने में समर्थ रहेंगे। शारीरिक और मानसिक रूप से खुश रह सकते हैं।

कर्क - हताशा से आप थोड़े चिंतित रहेंगे। इस कारण शारीरिक रूप से आप अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। प्रवास के लिए आज का दिन अनुकूल नहीं है। जमीन और वाहनों से जुड़ी समस्या आपको हो सकती है।

सिंह - आज व्यापार या नौकरी के लिए कोई छोटी यात्रा हो सकती है। विदेश से कोई अच्छे समाचार मिलेंगे। धन लाभ होगा। नए काम के लिए अच्छा समय है। किसी लाभदायक निवेश में आप रुचि ले सकते हैं।

कन्या - आज आपके मन में किसी बात को लेकर दुविधा बनी रहेगी। कोई नया काम शुरू ना करें। ज्यादातर समय मौन बने रहें, इससे विवाद होने से बच जाएगा। परिजनों के साथ बातचीत में संयम बरतें।

तुला - आज आपकी रचनात्मकता से कोई कठिन काम आसान बना पाएंगे। शारीरिक और मानसिक रूप से आप स्वस्थ रहेंगे। विचारों में दृढ़ता बनी रहेगी। नए वस्त्र, आभूषण या मनोरंजन के पीछे धन खर्च होगा।

वृश्चिक - आपका उग्र और असंयमित व्यवहार आपको समस्या में डाल सकता है। दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ कोई अनहोनी हो सकती है, उनका ध्यान रखें। दोपहर के बाद शारीरिक, मानसिक स्वास्थ्य में दिक्कत रहेगी।

धनु - व्यावसायिक क्षेत्र में आज आपके लिए लाभकारी दिन है। जीवन में आनंद का वातावरण रहेगा। काम में पदोन्नति होगी। मित्रों के साथ बाहर जाने का कार्यक्रम होगा। व्यापारीवर्ग को भी लाभ होगा।

मकर - आज का दिन मैरीड कपल के लिए आनंदमयी रहेगा। परिजनों के साथ खुशी का वातावरण बना रहेगा। व्यवसाय में पदोन्नति के योग हैं। व्यवसाय में अनुकूल समय है। नौकरी में साथी कर्मचारियों का साथ मिलेगा।

कुंभ - आज के दिन बौद्धिक काम, नए सृजन और साहित्यिक गतिविधि में आप उलझे रहेंगे। नए काम की शुरुआत आज कर सकते हैं। किसी धार्मिक यात्रा का आयोजन हो सकता है। व्यापार में लाभ का अवसर मिलेगा।

मीन - आज आपको वाणी में संयम रखने की सलाह दी जाती है। गुप्त शत्रुओं से सावधान रहना होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आध्यात्मिक उन्नति के लिए दिन अच्छा है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

# इजरायली हमले में हूती प्रधानमंत्री अहमद अल-रहवी की मौत



- **हूतियों ने इजरायल पर नागरिक बुनियादी ढांचे पर हमला करने का लगाया आरोप**

**सना,** 29 अगस्त (एजेंसियां)। यमन में ईरान समर्थित हूती समूह के प्रधानमंत्री अहमद अल-रहवी की इजरायली हवाई हमले में मौत हो गई। यमनी मीडिया आउटलेट्स अल-जुम्हूरिया और अदन अल-घद ने दावा किया है कि अहमद अल-रहवी शुक्रवार को सना में एक अपार्टमेंट पर हुए इजरायली हमले में मारे गए।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यह भी बताया गया है कि अहमद अल-रहवी के कई सहयोगी भी इस हमले में मारे गए। हालांकि, इजरायल ने इन खबरों की अभी तक पुष्टि नहीं की है। इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने शुक्रवार को पुष्टि की है कि उनकी वायु सेना ने सना, यमन के पास एक हूती सैन्य लक्ष्य पर सटीक हमला किया। इससे पहले दिन में दो ड्रोन को रोका गया था। रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज के कार्यालय के अनुसार, यह मिशन प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू, आईडीएफ चीफ ऑफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल एयाल जमीर और अन्य शीर्ष कमांडरों के साथ रेड लाइन संचार प्रणाली के माध्यम से समन्वय में स्वीकृत किया गया था।

इजराइल काट्ज ने एक बयान में कहा कि अंधकार की विपत्ति के बाद जेठा की विपत्ति आती है। इससे यह संकेत मिलता है कि हमले का निशाना हूती समूह के ऊंचे पदों पर बैठे नेता हो सकते हैं। यह बात पहले आई कुछ इजरायली मीडिया रिपोर्ट्स से भी मेल खाती है, जिनमें कहा गया था कि ईरान समर्थित इस समूह के राजनीतिक नेताओं को ही निशाना बनाया गया है।

हालांकि, हूतियों ने इन दावों को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने इजरायल पर नागरिक बुनियादी ढांचे पर हमला करने का आरोप लगाया और इस कार्रवाई को अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करार दिया।


## इजरायली ड्रोन विस्फोट में दो लेबनानी सैनिकों की मौत

**बेरूत।** दक्षिणी लेबनान के नक़ौरा शहर में गुरुवार रात एक इज़रायली ड्रोन के गिरने के बाद उसकी जांच कर रहे दो लेबनानी सैनिकों की मौत हो गई जबकि अन्य दो सैन्यकर्मी घायल हो गए। यह जानकारी लेबनानी सेना ने दी। राष्ट्रीय समाचार एजेंसी (एनएनए) ने शुक्रवार को कहा कि इजरायली ड्रोन उस समय गिरा जब वह एक उत्खनन मशीन पर विस्फोटक बम गिराने की कोशिश कर रहा था।



एजेंसी ने कहा कि एम्बुलेंस तुरंत घटनास्थल के लिए रवाना हुई। लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ औन ने सैनिकों की मौत और दो अन्य के घायल होने पर गहरा दुख व्यक्त किया। लेबनानी कार्यालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, यह चौथी घटना है जिसमें लेबनानी सेना द्वारा लिटानी नदी के दक्षिण क्षेत्र में तैनाती शुरू करने के बाद से सैन्य कर्मियों की मौत हुई है। 27 नवंबर, 2024 से अमेरिका और फ्रांस की मध्यस्थता में हिजबुल्लाह और इजरायल के बीच युद्धविराम समझौता प्रभावी है जिसका उद्देश्य एक वर्ष से अधिक समय से चल रहे सीमा पार संघर्ष को समाप्त करना है। समझौते के बावजूद इजरायली सेना कभी-कभी लेबनान में हमले करती है और दावा करती है कि उनका उद्देश्य हिजबुल्लाह के खतरों को समाप्त करना है। इसके अलावा इजरायल ने लेबनान सीमा पर कई प्रमुख स्थानों पर अपनी सेना तैनात किया हुआ है जबकि समझौते में उनकी पूर्ण वापसी का प्रावधान है।

## वर्ग पहेली 7019



**बायें से दायें:-**
१. किसी महाजन, व्यापारी आदि के हिसाब की किताबें
३. नापाक, अशुद्ध
५. जो कभी न टूटे
६. निवासी
७. चंद्रमा
९. प्रार्थी, सवाल करने वाला (उर्दू)
१०. एक दैत्य जिसका वध श्रीकृष्ण ने किया था
१२. दिलचस्प, रुचिकर
१३. रिश्ता, लगाव
१४. डर से घबराया हुआ
१६. खोपड़ी, माथा
१८. लक्ष्मी
२०. हिंसक पशु (उर्दू)
२१. प्रतिपक्षी को लड़ने के लिए दी जाने वाली चुनौती
२३. पिशाच की तरह क्रूर स्वभाव वाला मनुष्य

**ऊपर से नीचे:-**
१. वर्षा
२. गले के नीचे से शुरू होने वाली नली जिससे भोजन पेट में पहुंचता है
३. अनुमान, अंदाजा
४. मुखालफत, प्रतिरोध
५. मुताबिक
८. लाल कमल
१०. बचा हुआ, अवशेष, बाकी रकम
११. दोष या खराबी दूर करने की क्रिया या भाव
१२. रोकने वाला, विघ्न, रुकावट
१३. युद्ध
१४. बहुत से लोगों का बदहवास होकर एक साथ भागना
१५. अपनी तौल के बराबर अन्न- द्रव्य आदि का दान
१७. खंड़ाऊ, चप्पल
१८. हरगिज
१९. लोभ
२२. ध्वनि,आवाज

### वर्ग पहेली-7018

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ सा | व | २ शे | श | ■ | ■ | ३ प | रा | ४ म | र्श |
| मू | ■ | ख | ■ | ५ अं | ब | र | ■ | वे | ■ |
| ६ हि | त | र | क्ष | क | ■ | ७ दा | न | शी | ८ ल |
| क | ■ | ■ | ■ | ९ शा | र | दा | ■ | ■ | ज |
| ■ | १० आ | ग्ने | ११ या | स्त्र | ■ | ■ | १२ अ | ल | का |
| ■ | रो | ■ | पि | ■ | १३ त | था | पि | ■ | र |
| १४ उ | प | १५ स्थि | त | ■ | बे | ■ | १६ तु | १७ ल | ना |
| त्त | ■ | र | ■ | १८ मि | ला | १९ प | ■ | या | ■ |
| २० म | री | चि | ■ | लिं | ■ | २१ ना | स | म | २२ झ |
| ता | ■ | २३ त्र | यो | द | शा | ह | ■ | ■ | ड़ी |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## ट्रम्प प्रशासन ने यूक्रेन को 3,350 ईआरएएम की बिक्री को दी मंजूरी

**वाशिंगटन,** 29 अगस्त (एजेंसियां)। ट्रम्प प्रशासन ने यूक्रेन को 3,350 विस्तारित रेंज अटैक म्यूनिशन (ईआरएएम) मिसाइलों की बिक्री को मंजूरी प्रदान की है जो कीव को एक संभावित शक्तिशाली उपकरण प्रदान करेगा क्योंकि वह रूस के लगातार हमले का सामना कर रहा है।

सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, प्रस्तावित 82.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर की बिक्री की घोषणा गुरुवार को ऐसे समय में की गई है जब युद्ध को समाप्त करने के कूटनीतिक प्रयासों का अभी तक कोई परिणाम नहीं निकला है और कीव पर रूसी हमले जारी है। इसकी घोषणा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा इस महीने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की के साथ अलग-अलग मुलाकात के बाद की गई। यद्यपि ट्रम्प प्रशासन



ने मौजूदा हथियारों के लिए उपकरणों की बिक्री को मंजूरी प्रदान की है लेकिन ट्रम्प यह प्रशासन द्वारा यूक्रेन को नए हथियारों की पहली बड़ी बिक्री की घोषणा है। विदेश विभाग ने एक नोटिस में कहा, यूक्रेन इस खरीद के लिए डेनमार्क, नीदरलैंड और नॉर्वे से प्राप्त धन तथा अमेरिका से प्राप्त विदेशी सैन्य वित्तपोषण का उपयोग करेगा।

## चीन व भारत को एक साथ सीमांत क्षेत्र की शांति की सुरक्षा करनी चाहिए : कांग

**बीजिंग,** 29 अगस्त (एजेंसियां)। चीनी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता चांग श्याओ कांग ने 28 अगस्त को हुई प्रेस वार्ता में सम्बंधित सवाल के जवाब में बताया कि हाल ही में आयोजित सीमा मुद्दे पर चीन और भारत के विशेष प्रतिनिधियों की 24वीं वार्ता में दोनों पक्षों ने सकारात्मक और रचनात्मक रुख से सीमा सवाल पर रायों का गहन आदान-प्रदान किया और कई समानताएं सम्पन्न की। वर्तमान वर्ष चीन-भारत राजनयिक संबंधों की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ है।


**NECC**

| 30.08.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 550 | 90 | 185 |
| चिल्हर | 6.50 | 120 | 200 |

डिलीवरी 565 सैकड़ा

मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.

CSPFA


## प्रथम पृष्ठ का शेष

**बिहार में भाजपा-कांग्रेस कार्यकर्ताओं ...**

दोनों पार्टियों के कार्यकर्ता भिड़ गए। भाजपा विधायक अरुण कुमार ने दावा किया कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं के पत्थरबाजी में कई कार्यकर्ताओं के सिर फूट गए हैं। भाजपा नेता ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के खिलाफ केस दर्ज करने की मांग की है। घटना के बाद मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है और पुलिस के सीनियर अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही मामला दर्ज किया जाएगा।

**राजनीतिक गुंडागर्दी पर उतरी ...**

का आभास हो गया है और उसकी हताशा सीमा से पार हो रही है। किसी पार्टी कार्यालय पर हमला होना राजनीतिक गुंडागर्दी का निकृष्टतम रूप है और इसे कभी माफ नहीं किया जा सकता। बिहार पुलिस को इस अपराध के दोषियों के खिलाफ सख्त और अनुकरणीय कार्रवाई करनी चाहिए तथा इस गुंडागर्दी का नेतृत्व करने वाले मंत्रियों और नेताओं को गिरफ्तार किया जाना चाहिए। कांग्रेस ने इस पूरे विवाद से पल्ला झाड़ते हुए इसे भाजपा की साजिश करार दिया। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि यह टिप्पणी हमारे किसी कार्यकर्ता ने नहीं की। यह व्यक्ति भापजा का ही एजेंट है, जिसे मुद्दा खड़ा करने के लिए भेजा गया। भाजपा जनता का ध्यान यात्रा से भटकाना चाहती है। देश सब देख रहा है। भाजपा इस तरह के फर्जी विवाद खड़ा करके महागठबंधन की यात्रा की लोकप्रियता से घबरा रही है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने कहा कि पार्टी की संस्कृति इस तरह की नहीं है। उन्होंने जांच की मांग करते हुए कहा कि कांग्रेस का कोई भी नेता प्रधानमंत्री या उनके परिवार के लिए अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल नहीं करना चाहता। यह हमारी संस्कृति नहीं है। इस मामले की जांच हो और दोषी पर कार्रवाई की जाए। दरभंगा से उठे इस विवाद ने अब राष्ट्रीय राजनीति को गरमा दिया है। भाजपा कांग्रेस पर अभद्र भाषा की राजनीति का आरोप लगा रही है, तो वहीं कांग्रेस इसे भाजपा की चाल बताकर बचाव कर रही है। बिहार में विपक्षी गठबंधन की इस यात्रा को लेकर पहले से ही भाजपा हमलावर थी, अब इस घटना ने सियासी तापमान और बढ़ा दिया है। वहीं अब इस पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि यह पहली बार नहीं है जब कांग्रेस नेताओं ने इस तरह की भाषा का इस्तेमाल किया हो। उन्होंने सोनिया गांधी, राहुल गांधी, मणि शंकर अय्यर, दिग्विजय सिंह, जयराम रमेश और रेनुका चौधरी जैसे नेताओं का नाम गिनाते हुए कहा कि बार-बार अपशब्दों का इस्तेमाल कर कांग्रेस चुनाव नहीं जीत सकती।

**प्रदेश में 14 मंत्री बनाने पर...**

। छत्तीसगढ़ विधानसभा की 90 सीटों के हिसाब से यह संख्या अधिकतम 13.50 यानी 13 मंत्री होनी चाहिए। लेकिन 20 अगस्त को तीन नए मंत्री बनाए जाने के बाद कैबिनेट में अब 14 सदस्य हो गए हैं, जो इस सीमा से अधिक है। कांग्रेस का कहना है कि यह संविधान के अनुच्छेद 164 (1 क) का उल्लंघन है।

इधर, भाजपा ने कांग्रेस के आरोपों को निराधार बताया है, और मंत्रियों की संख्या को लेकर हरियाणा में लागू फार्मूले का उदाहरण पेश कर रही है।

**लोकप्रियता के मामले में ...**

सही तरीके से पहुँच रहे हैं। महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को आर्थिक सशक्तिकरण, किसानों को राहत पहुँचाने वाली कृषि योजनाएँ, युवाओं के लिए रोजगार और कौशल विकास कार्यक्रम तथा गरीब परिवारों के लिए संचालित कल्याणकारी उपायों ने जनता की संतुष्टि को मज़बूती प्रदान की है।

इसी अवधि में मुख्यमंत्री का जापान और दक्षिण कोरिया का निवेशक दौरा भी महत्वपूर्ण साबित हुआ है। वहां आयोजित छत्तीसगढ़ इन्वेस्टर कनेक्ट कार्यक्रम और अंतरराष्ट्रीय कंपनियों से हुई सार्थक चर्चाओं ने प्रदेश को वैश्विक निवेश के नक्शे पर अग्रणी स्थान दिलाने की नींव रखी है। खाद्य प्रसंस्करण, इलेक्ट्रॉनिक्स और औद्योगिक सहयोग की दिशा में हुए समझौते जनता के भविष्य में विश्वास और आशा को और मजबूत करते हैं।

बुनियादी ढाँचे के क्षेत्र में भी सरकार ने निर्णायक कदम उठाए हैं। सड़कों, पुलों, सिंचाई और बिजली की परियोजनाओं को गति देने के साथ ही रेलवे और उद्योग आधारित ढाँचागत विकास को प्राथमिकता दी गई है। मुख्यमंत्री स्वयं जिलों का नियमित भ्रमण कर स्थानीय जरूरतों और चुनौतियों को समझते हैं और प्रशासन को त्वरित कार्रवाई के निर्देश देते हैं। इससे आम नागरिकों को सीधे शासन से जुड़ाव का अनुभव हो रहा है।

मूड आफ द नेशन सर्वे में दर्ज आंकड़े यह भी स्पष्ट करते हैं कि छत्तीसगढ़ के लोग मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व को विकास और स्थिरता की गारंटी मान रहे हैं। 41.9 प्रतिशत संतुष्टि दर का अर्थ है कि हर दो में से एक नागरिक राज्य सरकार के कामकाज से संतुष्ट है। बड़े राज्यों में दूसरा स्थान इस बात की पुष्टि करता है कि छत्तीसगढ़ राष्ट्रीय पटल पर एक मजबूत और उभरते हुए राज्य के रूप में स्थापित हो रहा है।

मुख्यमंत्री साय ने इस अवसर पर कहा कि यह उपलब्धि जनता के विश्वास और सहयोग का परिणाम है। उन्होंने राज्य के किसानों, मजदूरों, महिलाओं और युवाओं को आश्वस्त किया कि सरकार उनकी आकांक्षाओं और सपनों को पूरा करने के लिए पूरी निष्ठा और ईमानदारी से काम करती रहेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में छत्तीसगढ़ विकास और सुशासन के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करेगा।

## आज का इतिहास

1559 – जहांगीर का जन्म, अकबर का पुत्र एवं मुग़ल वंश का शासक।
1574 – गुरु रामदास सिखों के चौथे गुरु बने।
1659 – दारा शिकोह को औरंगजेब द्वारा फांसी दी गयी।
1682 – विलियम पेन इंग्लैंड से रवाना हुए और बाद में उन्होंने अमेरिका में पेनसिल्वेनिया कॉलोनी की स्थापना की।
1806 – न्यूयॉर्क शहर का दूसरा दैनिक समाचार पत्र 'डेली एडवर्टाइजर' आखिरी बार प्रकाशित किया गया।
1835 – अमेरिका में ह्यूस्टन शहर की स्थापना।
1928 – द इंडिपेंडेंस ऑफ़ इंडिया लीग की भारत में स्थापना।
1947– भारतीय संविधान का प्रारूप तैयार करने के लिए डॉ भीमराव आम्बेडकर के नेतृत्व में एक समिति का गठन किया गया।
1951 – फिलीपींस और अमेरिका ने एक रक्षा संधि पर हस्ताक्षर किये।
1954 – रवि शंकर प्रसाद का जन्म। वह एक प्रसिद्ध वकील और राजनीतिज्ञ हैं।
1984 – अंतरिक्ष यान 'डिस्कवरी' ने पहली बार उड़ान भरी।
1991 – अजरबैजान ने सोवियत संघ से अपनी स्वतंत्रता की घोषणा की।
1999 – पूर्वी तिमोर के निवासियों ने इंडोनेशिया से आजादी के लिए भारी मतदान किया। संयुक्त राष्ट्र ने चार सितंबर को परिणाम की घोषणा की।
2002 – कोनोको इंक और फिलिप्स पेट्रोलियम ने विलय कर कोनोकोफिलिप्स बनायी। यह अमेरिका की तीसरी सबसे बड़ी एकीकृत ऊर्जा कंपनी और दूसरी सबसे बड़ी रिफाइनिंग कंपनी थी।
2003– आस्ट्रेलिया ने विश्व नौकायन में स्वर्ण पदक जीता।

## दुनिया को जानें

### वैश्विक स्वास्थ्य के लिए खतरा बना हुआ है एमपॉक्स : डब्ल्यूएचओ

**नई दिल्ली,** 29 अगस्त (एजेंसियां)। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की ओर से शुक्रवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, एमपॉक्स वैश्विक स्वास्थ्य के लिए खतरा बना हुआ है। जुलाई में 47 देशों में कुल 3,924 मामले सामने आए, जिनमें 30 लोगों की मौत हो गई। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की जुलाई की रिपोर्ट के अनुसार, एमपॉक्स के सभी वेरिएंट कई देशों में फैल रहे हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर एमपॉक्स के प्रकोप को जल्दी नियंत्रित नहीं किया गया और मनुष्यों के बीच इसका प्रसार नहीं रोका गया, तो कम्युनिटी में लगातार इसके फैलने का खतरा बना रहेगा। जुलाई में सेनेगल में पहली बार एमपॉक्स के मामले सामने आए और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि यह कौन सा प्रकार है। तुर्की में भी पहली बार क्लेड आईबी वेरिएंट के मामले दर्ज किए गए, जबकि कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य में क्लेड आईआईबी एमपीएक्सवी के कारण मामले सामने आए। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, जुलाई में दक्षिण-पूर्व एशिया और पश्चिमी प्रशांत क्षेत्रों में एमपॉक्स के मामलों में बढ़ोतरी हुई, जबकि अफ्रीकी क्षेत्र, यूरोपीय क्षेत्र और अमेरिका क्षेत्र में मामले कम हुए।

# खेल जगत

## खेलों के माध्यम से करें मजबूत राष्ट्र का निर्माण : जय शाह

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर आईसीसी के अध्यक्ष जय शाह ने हॉकी के जादूगर माने जाने वाले मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि दी। शाह ने खेल के माध्यम से स्वस्थ और मजबूत राष्ट्र के निर्माण का आह्वान भी किया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शाह ने लिखा, भारत के राष्ट्रीय खेल दिवस पर, हम जादूगर मेजर ध्यानचंद को याद करते हैं, जिनकी शानदार उपलब्धियां हमें प्रेरित करती रहती हैं। भारत एक खेल महाशक्ति बनने की अपनी यात्रा पर अग्रसर है। आइए हम सब मिलकर खेलों के माध्यम से एक स्वस्थ और मजबूत राष्ट्र का निर्माण करें। जय शाह ने बीसीसीआई के सचिव पद पर रहते हुए क्रिकेट के अलावा अन्य खेलों से संबंधित खिलाड़ियों की सहायता के लिए बड़े कदम उठाए थे बीसीसीआई का सचिव रहते हुए शाह ने टोक्यो ओलंपिक में मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों को आर्थिक सहायता दी थी।



# हॉकी एशिया कप : भारत ने चीन को 4-3 से हराया

## पेनल्टी स्ट्रोक चूकने के बाद हैट्रिक जमा भारत की चीन पर जीत के हीरो बने कप्तान हरमनप्रीत

■ भारत के लिए तीनों गोल गोलरक्षक कृष्ण बहादुर पाठक ने पहले और तीसरे क्वॉर्टर में खाए

■ सत्येन्द्र पाल सिंह



**राजगीर ( बिहार ),** 29 अगस्त (देशबन्धु)। कप्तान ड्रैग फ्लिकर तीसरे क्वॉर्टर में पेनल्टी स्ट्रोक को चूक खलनायक बनते बनते हैट्रिक जमा एशिया की नंबर एक दुनिया की सातवें और एशिया की नंबर की टीम भारत को 23 वें नंबर की टीम चीन के खिलाफ 12वें पुरुष हॉकी एशिया कप के पहले दिन पूल ए में शुक्रवार को 4-3 से हराकर उसकी जीत के नायक बन गए। चीन के गोलरक्षक विहाओ वांग ने खासतौर पर पहले और तीसरे क्वॉर्टर में बेहतरीन बचाव किए अन्यथा भारत इस मैच को कहीं बड़ी अंतर से और आसानी से यह मैच जीतता। भारत के लिए अहम बात यह रही कि उसने जीत के साथ आगाज कर पूरे तीन अंक पाए। भारत के लिए तीनों गोल गोलरक्षक कृष्ण बहादुर पाठक ने पहले और तीसरे क्वॉर्टर में खाए। भारत के मनप्रीत का पहले क्वॉर्टर के शुरू में सुखजीत सिंह के तीसरे क्वॉर्टर में गोल अमान्य किए। चीन ने दूसरे और तीसरे क्वॉर्टर में अपनी पूरी ताकत गोल करने पर लगा दी और खासतौन पर युआन लिन लू और दो गोल करने वाले बेनहाई चेन ने भारत की रक्षापंक्ति का इम्तिहान लिया तीसरे अंपायर के भारत को दिए पेनल्टी स्ट्रोक को छोड़ रेफरल पर ज्यादा फैसले भारत के खिलाफ गए। भारत की रक्षापंक्ति में अभिषेक, सुखजीत और मंदीप सिंह को हमले बोलते वक्त जोश के साथ होश की भी जरुरत है।

दाइन सान की टूर्नामेंट की पहली हैट्रिक और जिहुन यांग के दो तथा सियोंग यो तथा यूनहो कोंग के एक एक गोल की बदौलत दक्षिण कोरिया ने पूल में सुबह क पहले मैच में 7-0 से हराया। वहीं कोजी यामासाकी के दो गोल से जापान ने पूल ए के पहले मैच में कजाकिस्तान को 7-0 से हराया। वहीं पूल में मलयेशिया ने एक गोल से पिछड़ने के बाद बांग्लादेश को 4-1 से हराया। भारत के लिए चीन के खिलाफ अभिषेक और सुखजीत सिंह ने आक्रामक अंदाज में किया और दूसरे मिनट में टीम को पेनल्टी कॉर्नर दिलाया लेकिन इस पर स्टापर से गेंद ही नहीं रुकी लेकिन राज कुमार पाल के पीछे चीनी खिलाड़ी को धकियाने के बाद गेंद हार्दिक को मिली और उनके पास पर मंदीप सिंह ने गोल में डाली और इस पर चीनी टीम ने रिव्यू लिया और यह गोल अमान्य कर दिया। दिलप्रीत सिंह दाएं से गेंद को लेकर निकले उनके डी के भीतर तेज शॉट को चीन के गोलरक्षक वीहाओ वांग ने रोक कर बेकार कर दिया। चीन ने खेल के रुख के उलट दख ने गोल कर अपनी टीम को 12 वें मिनट में 1-0 से आगे कर दिया। भारत को पहला क्वॉर्टर खत्म होने से ठीक पहले मैच का दूसरा पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन इस कप्तान ड्रैग फ्लिकर ने गेंद को के बाएं से फ्लिक कर बाहर मार दिया। भारत का दूसरे क्वॉर्टर में जोश के साथ होश से बोले हमले की बदौलत जुगराज सिंह ने तीसरे पेनल्टी कॉर्नर पर अचूक फ्लिक से गोल कर एक एक की बराबरी दिला दी। हार्दिक के प्रयास पर मिले मैच के चौथे पेनल्टी कॉर्नर पर कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने अचूक फ्लिक से गोल कर भारत मैच के 20 वें मिनट में 2-1 से आगे कर दिया। मनदीप सिंह को डी में गलत ढंग से रोकने पर मिले छठे पेनल्टी कॉर्नर पर मनप्रीत ने खुद ही रोक कर हॉकी घुमा गोल करने की कोशिश में गेंद गंवा दी। हरमनप्रीत सिंह द्वारा लिए तीसरे पेनल्टी कॉर्नर पर तेज फ्लिक को चीन के गोलरक्षक विहाओ वांग ने रोक भारत को अपनी बढ़त बढ़ाने से रोक दिया। सुखजीत सिंह ने अगले ही मिनट डी में पहुंच तेज शॉट जमाया लेकिन रेफरल पर तीसरे अंपायर ने भारत का मैच का दूसरा गोल अमान्य कर दिया। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने तीसरे क्वॉर्टर के दूसरे मिनट में सातवें पेनल्टी कॉर्नर पर मैच का अपना दूसरा गोल कर भारत को 3-1 से आगे कर दिया। दो मिनट बाद चीन के बेनहाई चेन ने रेफरल पर मैच हासिल चौथे पेनल्टी कॉर्नर गोल कर स्कोर 2-3 कर दिया। चीन का गोल अगले मनदीप सिंह को चीन के गोलरक्षक चीन के गोलरक्षक विहाओ वांग ने गिराया और मैच के 38 वें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक हासिल किया लेकिन हरमनप्रीत ने गोलस्तंभ पर पुश कर गोल करने का मौका गंवा दिया।



### मलेशिया ने बांग्लादेश और कोरिया ने चीनी ताइपे को हराया

**राजगीर,** 29 अगस्त (एजेंसियां)। एशिया कप हॉकी की शुरुआत हो चुकी है। शुक्रवार को होने वाले चार मैचों में पहले दो मैचों के परिणाम आ गए हैं। पहला मैच पूल बी के मलेशिया और बांग्लादेश के बीच खेला गया, जिसमें मलेशिया विजयी रही। वहीं, इसी ग्रुप के दूसरे मैच में दक्षिण कोरिया ने चीनी ताइपे को हराया। विश्व की 12वें नंबर की टीम मलेशिया को शुरुआत में थोड़ी परेशानी का सामना करना पड़ा, लेकिन उसने 29वें नंबर की टीम बांग्लादेश को 4-1 से हरा दिया। बांग्लादेश ने 16वें मिनट में पहला गोल दागा। अशरफुल इस्लाम ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल किया। हालांकि, बांग्लादेश की बढ़त 25वें मिनट तक रही जब अशरान हमसानी ने एक शानदार गोल करते हुए स्कोर बराबर कर दिया। ब्रेक के बाद मलेशिया और आक्रामक तेवर के साथ उतरी। अखिमुल्लाह अनवार (36वें मिनट) में दूसरा गोल दाग टीम को बढ़त दिलायी। मुहाजिर अब्दुल रऊफ (48वें मिनट) ने तीसरा और सैयद चोलन (54वें मिनट, पेनल्टी कॉर्नर) ने चौथा गोल मारकर टीम की बढ़त 4-1 कर दी।

## बीडब्ल्यूएफ विश्व चैम्पियनशिप : क्वार्टर फाइनल में हार के साथ थमा ध्रुव-तनिषा का अभियान



**पेरिस,** 29 अगस्त (एजेंसियां)। भारत की मिश्रित युगल जोड़ी ध्रुव कपिला और तनिषा क्रैस्टो का बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप में सफर शुक्रवार को मलेशियाई जोड़ी चेन टैंग जी और तोह ई वेई से सीधे गेम में हार के साथ थम गया। ध्रुव-तनिषा विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने वाली पहली भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी बनने से सिर्फ एक जीत दूर थे। लेकिन, उन्हें मलेशियाई जोड़ी के खिलाफ 15-21, 13-21 से हार का सामना करना पड़ा।

16वीं वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी, जिसे शुरुआती दौर में बाई मिली थी, ने अपने बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप अभियान की शुरुआत आयरिश जोड़ी जोशुआ मैगी और मोया रयान पर शानदार जीत के साथ की। इसके बाद उन्होंने हांगकांग, चीन की पांचवीं वरीयता प्राप्त तांग चुन मान और त्से यिंग सुएट की जोड़ी को हराकर उलटफेर किया। पहला गेम हारने के बाद, भारतीयों ने संयम बनाए रखा और 19-21, 21-12, 21-15 से मुकाबला जीतकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। हालांकि, टूर्नामेंट में भारत का अभियान समाप्त नहीं हुआ है। सभी की निगाहें दो बार की पदक विजेता पीवी सिंधु और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार पुरुष युगल जोड़ी पर टिकी हैं। वे सेमीफाइनल में जगह पक्की करने और पेरिस में देश के शानदार प्रदर्शन में और इजाफा करने की कोशिश करेंगे। सिंधु, जिन्होंने अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का शानदार नमूना पेश करते हुए टूर्नामेंट से पहले की प्रबल दावेदारों में से एक, विश्व की दूसरे नंबर की चीनी खिलाड़ी वांग झी यी को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया था, अब महिला एकल में इंडोनेशिया की पुत्री कुसुमा वर्दानी से भिड़ेंगी।


इस बीच, सात्विक और चिराग पुरुष युगल में मलेशिया के दूसरे वरीय आरोन चिया और सोह वूई यिक से भिड़ेंगे।

भारतीय पुरुष जोड़ी ने गुरुवार को छठी वरीयता प्राप्त वांग चांग और लियांग वेई केंग की जोड़ी को 19-21, 21-15, 21-17 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

## भारतीय जूनियर मुक्केबाजों ने जीते 7 स्वर्ण, 7 रजत और 12 कांस्य पदक

**झिंजियांग ( चीन ),** 29 अगस्त (एजेंसियां)। भारत के जूनियर मुक्केबाजों ने झिंजियांग, चीन में आयोजित तीसरे 'बेल्ट एंड रोड' अंतर्राष्ट्रीय यूथ बॉक्सिंग गाला - अंडर-17/अंडर-19/अंडर-23 अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर एवं टूर्नामेंट में 7 स्वर्ण पदक, 7 रजत पदक और 12 कांस्य पदक सहित कुल 26 पदक जीते। इस प्रकार, उन्होंने सभी भार वर्गों में अपने शानदार प्रदर्शन को दर्शाया। लड़कियों की टीम ने 5 स्वर्ण, 5 रजत और 6 कांस्य पदकों के साथ फाइनल में अपना दबदबा बनाया। लक्ष्मी (46 किग्रा), राधामणि (60 किग्रा), हरनूर (66 किग्रा), ज्योति (75 किग्रा) और अंशिका ( 80 किग्रा) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता, जबकि चंद्रिका (54 किग्रा) को चीनी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ रजत पदक से संतोष करना पड़ा। 46 किग्रा, 60 किग्रा, 66 किग्रा और 80 किग्रा वर्ग में कई अखिल भारतीय मुकाबलों ने अतिरिक्त रजत और कांस्य पदक सुनिश्चित किए, जिससे जूनियर बालिका वर्ग में मजबूत बेंच स्ट्रेंथ का प्रदर्शन हुआ। लड़कों के वर्ग में, भारत ने 2 स्वर्ण, 2 रजत और 6 कांस्य पदक हासिल किए।

## डायमंड लीग फाइनल : नीरज को जूलियन को पछाड़ा 91.51 मीटर थ्रो के साथ जीता खिताब



■ जर्मनी के जूलियन वेबर 91.51 मीटर थ्रो के साथ शीर्ष पर रहे

**ज्यूरिख,** 29 अगस्त (एजेंसियां)। ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा डायमंड लीग फाइनल में शीर्ष स्थान हासिल करने से चूक गए। नीरज चोपड़ा दूसरे स्थान पर रहे। जर्मनी के जूलियन वेबर 91.51 मीटर थ्रो के साथ शीर्ष पर रहे। नीरज चोपड़ा से डायमंड लीग फाइनल में शीर्ष स्थान हासिल करने की उम्मीद थी। लेकिन, अपने आखिरी प्रयास में 85.01 मीटर भाला फेंककर वह दूसरे स्थान पर रहे। चोपड़ा के छह में से शुरुआती पांच प्रयासों में दो थ्रो वैध रहे जबकि तीन फाउल रहे। अपने आखिरी प्रयास में उन्होंने 85.01 भाला फेंक केशोर्न वॉलकॉट को पछाड़ दूसरा स्थान हासिल किया। वॉलकॉट तीसरे स्थान पर रहे। पूर्व विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स 82.06 मीटर के थ्रो के साथ चौथे स्थान पर रहे।चोपड़ा का यह प्रदर्शन उनके व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 90.23 मीटर से कम है। विजेता जूलियन वेबर ने पहले ही प्रयास में 91.37 मीटर का थ्रो फेंका। इसके बाद 91.51 मीटर के थ्रो के साथ उन्होंने अपना स्थान पक्का कर लिया। ये वेबर का नया रिकॉर्ड है।चोपड़ा ने जून में पेरिस में 88.16 मीटर के प्रयास के साथ प्रथम स्थान प्राप्त करके डायमंड लीग फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था। 2022 में ज्यूरिख में 88.44 मीटर का थ्रो फेंककर नीरज ने खिताब जीता था, जबकि 2023 और 2024 में भी वे फाइनल में पहुंचे लेकिन खिताब हासिल करने से चूक गए थे। डायमंड लीग 2024 में खिताब जीतने से सिर्फ 1 सेंटीमीटर से पीछे रह गए थे। उन्हें ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स से मात मिली थी, जिन्होंने 87.87 मीटर का थ्रो किया था। जैवलिन के विश्व चैंपियन रह चुके नीरज चोपड़ा ने टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण जीता था।

### सार संक्षेप

#### गौतम अदाणी ने की प्रज्ञानंद की तारीफ

**नई दिल्ली।** भारतीय शतरंज खिलाड़ी आर. प्रज्ञानंद ने 2025 सिंकफील्ड कप में उपविजेता रहते हुए ब्राजील में होने वाले प्रतिष्ठित ग्रैंड शतरंज टूर (जीसीटी) फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है। प्रज्ञानंद की इस उपलब्धि पर अदाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अदाणी ने बधाई दी है। गौतम अदाणी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ब्राजील में ग्रैंड चेस टूर फाइनल के लिए क्वालीफाई करने पर आर. प्रज्ञानंद को हार्दिक बधाई। क्या उपलब्धि है। सिर्फ 19 साल की उम्र में, आपकी यात्रा लाखों युवा भारतीयों को बड़े सपने देखने और निडर होकर खेलने के लिए प्रेरित करती है। भारत को आप पर गर्व है। शतरंज के मास्टर प्रज्ञानंद बेहद कम समय में अपने निडर खेल और सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को चुनौती देने की क्षमता के कारण वैश्विक खेल जगत में जाना-माना नाम बन गए हैं। जीसीटी फाइनल के लिए उनकी योग्यता न केवल एक व्यक्तिगत जीत है, बल्कि वैश्विक शतरंज में भारत के बढ़ते कद का भी प्रतिबिंब है। हाल के वर्षों में, इस युवा खिलाड़ी ने मैग्नस कार्लसन जैसे दिग्गजों के खिलाफ लगातार प्रभावित किया है और दुनिया में तारीफ हासिल की है। सीजन के अंतिम फाइनल में उनके प्रवेश के साथ, उम्मीदें काफी बढ़ गई हैं।

#### क्रेग श्रीलंका के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज से हुए बाहर

**हरारे।** जिम्बाब्वे के कप्तान क्रेग एर्विन पिंडली की चोट के कारण श्रीलंका के खिलाफ दो मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। आज से शुरू हो रही एकदिवसीय श्रृंखला के लिए सीन विलियम्स जिम्बाब्वे टीम की कप्तानी करेंगे। जिम्बाब्वे ने अभी तक किसी एर्विन के स्थान पर किसी अन्य खिलाड़ी को टीम में शामिल नहीं किया है। हरारे स्पोर्ट्स क्लब में मैच की पूर्व संध्या पर एर्विन को अपनी बाईं पिंडली में ग्रेड 2 की चोट के साथ-साथ अपनी दाहिनी पिंडली में ग्रेड 1 की चोट का सामना करना पड़ा। गुरुवार को हुए एमआरआई स्कैन से उनकी चोट की पुष्टि हुई। जिम्बाब्वे और श्रीलंका को 29 अगस्त से सात सितंबर तक दो एकदिवसीय और तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने हैं। सभी पांच मैच हरारे में खेले जाएंगे।

## फिट हसरंगा श्रीलंका की एशिया कप टीम में शामिल

**कोलंबो,** 29 अगस्त (एजेंसियां)। लेग स्पिन ऑलराउंडर वानिंदु हसरंगा को एशिया कप के लिए श्रीलंका की 16 सदस्यीय टीम में चुना गया है। हसरंगा को बांग्लादेश के खिलाफ पिछली सीरीज़ के दौरान हैमस्ट्रिंग में चोट लग गई थी, जिसके कारण उन्हें जिम्बाब्वे के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज से बाहर रखा गया था, लेकिन उम्मीद है कि वह यूएई में होने वाली प्रतियोगिता के लिए फिट हो जाएंगे। हसारंगा को जिम्बाब्वे के खिलाफ सीरीज के लिए घोषित टीम में दुशन हेमंता की जगह शामिल किया गया है, जबकि अनकैप्ड बल्लेबाज विशेन हालम्बेग को टीम से बाहर रखा गया है। हसरंगा की वापसी का मतलब है कि एशिया कप के लिए जाने वाली टीम में चार बदलाव हुए हैं, जिसमें अविष्का फर्नांडो, दिनेश चांडीमल, जेफरी वेंडरसे और ईशान मलिंगा शामिल नहीं हैं। बल्लेबाज नुवानिदु फर्नांडो और कामिल मिशारा के साथ तेज गेंदबाज दुश्मंता चमीरा को भी टीम में शामिल किया गया है।

## जैस्मिन लंबोरिया : विश्व बॉक्सिंग में गोल्ड जीतने वाली भारतीय सेना की पहली महिला मुक्केबाज



■ मुक्केबाजी में पुरुषों के साथ-साथ महिलाएं भी आगे आ रही हैं

**नई दिल्ली,** 29 अगस्त (एजेंसियां। भारत में मुक्केबाजी तेजी से लोकप्रिय हो रही है। ओलंपिक जैसे मंच पर भारतीय मुक्केबाज अपना प्रभाव छोड़ने में सफल हो रहे हैं। मुक्केबाजी में पुरुषों के साथ-साथ महिलाएं भी आगे आ रही हैं। महिला मुक्केबाजी में तेजी से एक नाम लोकप्रिय हो रहा है। वह नाम जैस्मिन लंबोरिया का है। 24 साल की जैस्मिन लंबोरिया ने कड़ी मेहनत, दृढ़ निश्चय और प्रतिभा के बल पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। हरियाणा एथलेटिक्स के क्षेत्र में भारत के सबसे प्रगतिशील राज्य के रूप में सामने आया है। हरियाणा के ही भिवानी में 30 अगस्त 2001 को जैस्मिन लंबोरिया का जन्म हुआ है। भिवानी को 'लिटिल क्यूबा' के नाम से जाना जाता है। उनके पिता जयवीर लंबोरिया होमगार्ड हैं, जबकि मां जोगिंदर कौर गृहिणी हैं। मुक्केबाजी के क्षेत्र में करियर बनाने का फैसला जैस्मिन के लिए शुरुआती समय में आसान नहीं था। लड़की होने की वजह से उन्हें परिवार और समाज की रूढ़िवादी सोच से जूझना पड़ा, लेकिन एक बार सभी का विश्वास हासिल करने के बाद फिर उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। जैस्मिन को अपने सफर में चाचा संदीप और परविंदर का भी बाद में साथ मिला, जो खुद मुक्केबाज हैं।

## लियोनेल मेसी ने दिया संकेत, अगले विश्व कप के बाद ले सकते हैं संन्यास

**ब्यूनस आयर्स,** 29 अगस्त (एजेंसियां)। दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल को अलविदा कहने का संकेत दिया है। मेसी अगले साल होने वाले फीफा विश्व कप के बाद फुटबॉल को अलविदा कह सकते हैं। 38 साल के मेसी ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि वेनेजुएला के खिलाफ मैच मेरे लिए बेहद खास है। यह मेरा आखिरी क्वालीफाइंग मैच है। अर्जेंटीना 4 सितंबर को ब्यूनस आयर्स के मोनुमेंटल स्टेडियम में वेनेजुएला की मेजबानी करेगा और फिर 9 सितंबर को इक्वाडोर के खिलाफ क्वलीफाइंग मैच पूरा करेगा। सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, मेसी ने कहा कि उनका परिवार वेनेजुएला के खिलाफ मैच देखने के लिए मौजूद रहेगा। उन्होंने माना कि यह घरेलू दर्शकों के सामने खेलने का उनका आखिरी मौका हो सकता है। इस बयान से ही विश्व कप के बाद उनके संन्यास के संकेत मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं पता कि वेनेजुएला मैच के बाद कोई दोस्ताना मैच होगा या और मैच, लेकिन यह एक बहुत ही खास मैच है। इसलिए मेरी पत्नी, मेरे ब'चे, मेरे माता-पिता और मेरे भाई-बहन मेरे साथ होंगे। एल्बिसेलेस्टे के कप्तान ने पहले ही संकेत दे दिया था कि 2026 में अर्जेंटीना का खिताब बचाना उनके अंतरराष्ट्रीय करियर का अंत होगा। बार्सिलोना और पेरिस सेंट-जर्मेन के पूर्व स्टार खिलाड़ी 2027 में अगले विश्व कप क्वालीफायर शुरू होने तक 40 साल के हो जाएंगे।



# यूएस ओपन : गॉफ और स्वियाटेक तीसरे दौर में, ओसाका ने भी जीत दर्ज की

**न्यूयॉर्क,** 29 अगस्त (एजेंसियां)। कोको गॉफ ने अपनी प्रतिद्वंद्वी डोना वेकिच को हराकर 'यूएस ओपन 2025 के तीसरे दौर में प्रवेश किया। इस जीत के साथ गॉफ लगातार चौथे साल यूएस ओपन के तीसरे दौर में पहुंची हैं। साथ ही, वह अब न्यूयॉर्क में अपने मुख्य ड्रॉ के 79 प्रतिशत मैच जीत चुकी हैं। 2023 की चैंपियन का अगला मुकाबला 28वीं वरीयता प्राप्त मैग्डेलेना फ्रेच से होगा। इससे पहले, विश्व की दूसरे नंबर की खिलाड़ी इगा स्वियाटेक ने शुरुआती मुकाबलों में दबदबा बनाए रखा। उन्होंने विश्व की 66वें नंबर की खिलाड़ी सुजैन लामेंस का सामना करते हुए 6-1, 4-6, 6-4 से जीत दर्ज करके तीसरे दौर में प्रवेश किया। स्वियाटेक ने शुरुआती सेट में लामेंस के खिलाफ दबदबा बनाया और 6-1 से जीत हासिल की, लेकिन लामेंस ने वापसी करते हुए दूसरा सेट जीत लिया। हालांकि बाद में स्वियाटेक ने तीसरा सेट 6-4 से जीत लिया। स्वियाटेक दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी हैं। 2012 में सेरेना विलियम्स के बाद, वह एक ही कैलेंडर वर्ष में विंबलडन और यूएस ओपन एकल जीतने वाली पहली महिला बन सकती हैं। वह अब तीसरे राउंड में 29वीं वरीयता प्राप्त अन्ना कालिंस्काया से भिड़ेंगी, जिन्हें उन्होंने सिनसिनाटी में डब्ल्यूटीए 1000 खिताब जीतने के दौरान महज 13 दिन पहले सीधे सेटों में हराया था। इस बीच, पूर्व विश्व नंबर 1 नाओमी ओसाका ने अमेरिकी हैली बैप्टिस्ट के खिलाफ 6-3, 6-1 से जीत दर्ज कर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। ओसाका का अगला मुकाबला 15वीं वरीयता प्राप्त डारिया कसाटकिना से होगा, जिन्होंने कामिला राखिमोवा को एक मुकाबले में 6-2, 4-6, 7-5 से हराया। अमांडा अनिसिमोवा ने माया जॉइंट पर 7-6(2), 6-2 से जीत के साथ तीसरे राउंड में प्रवेश किया। अमेरिकी खिलाड़ी ने अपने घरेलू स्लैम में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दोहराया, जहां उनका अगला मुकाबला रोमानिया की जैकलीन क्रिस्टियन से होगा। अनीसिमोवा अपने करियर में दूसरी बार और पांच साल में पहली बार यूएस ओपन के तीसरे दौर में पहुंचीं।



■ 2023 की चैंपियन का अगला मुकाबला 28वीं वरीयता प्राप्त मैग्डेलेना फ्रेच से होगा

### फर्नले को हराकर जेवेरेव यूएस ओपन के तीसरे दौर में

न्यूयॉर्क। तीसरी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर जेवेरेव ने ब्रिटेन के जैकब फर्नले को हराकर यूएस ओपन के तीसरे दौर में जगह बना ली है। लुई आर्मस्ट्रांग स्टेडियम में गुरुवार रात खेले गये मुकाबले में जेवेरेव ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए फर्नले पर 6-4, 6-4, 6-4 से जीत दर्ज की। अपने पहले ग्रैंड स्लैम खिताब की तलाश में लगे जर्मन खिलाड़ी ने संयमित प्रदर्शन किया और पहले सेट के शुरुआती गेम में फर्नले की सर्विस तोड़ दी और पूरे मुकाबले में दबाव बनाए रखा। जेवेरेव का अगला मुकाबला तीसरे दौर में 25वीं वरीयता प्राप्त कनाडा के फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे और गैर-वरीयता प्राप्त रूसी रोमन सफीउलिन के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। मैच के बाद जेवेरेव ने कहा कोई भी मैच आसान नहीं होता। इन दिनों हर कोई शानदार खेल रहा है और टेनिस का स्तर बेहतर हो रहा है।

### सुडोकू 7019 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 8 | 6 | 7 | 1 | 3 | 2 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 3 | 2 | 6 | 9 | 4 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 9 | 5 | 4 | 8 | 3 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 8 | 1 | 9 | 7 | 5 | 2 | 4 |
| 1 | 2 | 5 | 8 | 3 | 4 | 6 | 7 | 9 |
| 9 | 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 1 | 8 | 3 |
| 5 | 6 | 4 | 9 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 3 | 5 | 6 | 9 | 4 | 1 |
| 3 | 9 | 1 | 4 | 8 | 2 | 7 | 5 | 6 |

# अर्थ जगत

**सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| आईटीसी | 2.26 प्रतिशत |
| कोटक महिंद्रा बैंक | 1.97 प्रतिशत |
| बीईएल | 1.47 प्रतिशत |
| ट्रेंट | 1.43 प्रतिशत |
| एलएंडटी | 1.12 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 2.96 प्रतिशत |
| रिलायंस | 2.21 प्रतिशत |
| इंफोसिस | 2.04 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 1.03 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 0.98 प्रतिशत |

**सर्राफा**

| दिल्ली | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम) स्टैंडर्ड | 1,01,306 |
| बिटुर | 88,730 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,17,110 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.85 | 90.26 |
| पौंड स्टर्लिंग | 105.22 | 122.04 |
| यूरो | 88.88 | 103.09 |
| चीन युआन | 8.4 | 13.63 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूं एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

**मोटा अनाज**

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

## अमेरिकी शुल्क की घोषणा से एमएसएमई पर बढ़ा खतरा



**नई दिल्ली।** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) पर 50 प्रतिशत अमेरिकी शुल्क की घोषणा से खतरा मंडराने लगा है। देश के कुल निर्यात में 45 प्रतिशत से अधिक योगदान करने वाले इस क्षेत्र के सामने बड़ी आफत आ खड़ी हुई है। एमएसएमई उद्योग संगठनों ने अमेरिकी कदम का बड़ा असर होने की चिंता जताई है और सरकार से तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की है। इंडिया एसएमई फोरम के अध्यक्ष ने कहा कि शुल्क बढ़ने से सालाना 30 अरब डॉलर से अधिक का कारोबार खटाई में पड़ने की आशंका है।

## आरबीआई लिक्विडिटी मैनेजमेंट में रहेगा सक्रिय : मल्होत्रा

■ लगातार नकारात्मक जोखिम पैदा कर रही भारत-अमेरिका व्यापार अनिश्चितताएं



हम आगामी डेटा व विकास-मुद्रास्फीति गतिशीलता के विकास के आधार पर एक सुविधाजनक मौद्रिक नीति प्रदान करने में सक्रिय बने रहेंगे : संजय मल्होत्रा, गवर्नर

**नई दिल्ली,** 29 अगस्त (एजेंसियां)। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था के वैश्विक अर्थव्यवस्था में अपनी उचित जगह बनाने के प्रयासों के बीच, मौद्रिक नीति से परे विभिन्न क्षेत्रों में मजबूत नीतिगत ढांचे इसकी यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि हम आगामी डेटा और विकास-मुद्रास्फीति गतिशीलता के विकास के आधार पर एक सुविधाजनक मौद्रिक नीति प्रदान करने में सक्रिय बने रहेंगे।

उन्होंने आरबीआई के लेटेस्ट बुलेटिन में कहा कि हमेशा की तरह, हमारे पास एक स्पष्ट, सुसंगत और विश्वसनीय संचार होगा, जो इस कार्य के लिए आवश्यक कार्रवाइयों द्वारा समर्थित होगा। उन्होंने कहा कि आगे बढ़ते हुए, रिजर्व बैंक अपने लिक्विडिटी मैनेजमेंट में चुस्त और लचीला बना रहेगा। हम बैंकिंग सिस्टम में पर्याप्त लिक्विडिटी बनाए रखने का प्रयास करेंगे ताकि अर्थव्यवस्था की उत्पादक आवश्यकताएं पूरी हो सकें और मुद्रा बाजारों और ऋण बाजारों में ट्रांसमिशन सुचारू रहे।

अनुकूल वर्षा और तापमान की स्थिति खरीफ कृषि मौसम के लिए शुभ संकेत हैं। वास्तविक ग्रामीण मजदूरी में वृद्धि वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में ग्रामीण मांग को बढ़ावा दे सकती है। आरबीआई बुलेटिन में कहा गया है कि सुगम वित्तीय स्थिति, ब्याज दरों में कटौती का निरंतर प्रसार, सहायक राजकोषीय उपायों और बढ़ते घरेलू आशावाद के साथ, समग्र मांग को बनाए रखने के लिए माहौल अनुकूल है। दूसरी ओर, भारत-अमेरिका व्यापार नीतियों से जुड़ी अनिश्चितताएं लगातार नकारात्मक जोखिम पैदा कर रही हैं। निकट भविष्य के लिए मुद्रास्फीति का पूर्वानुमान पहले के अनुमान से अधिक अनुकूल हो गया है।

अनुकूल आधार प्रभावों द्वारा समर्थित खाद्य कीमतों के दबाव में कमी से प्रेरित मुख्य मुद्रास्फीति, वित्त वर्ष की अंतिम तिमाही में धीरे-धीरे बढ़ने से पहले, दूसरी तिमाही में 4 प्रतिशत के लक्ष्य से नीचे आने की संभावना है।

रिजर्व बैंक बुलेटिन में जोर देकर कहा गया है कि कुल मिलाकर, इस वर्ष औसत मुख्य मुद्रास्फीति लक्ष्य से काफी नीचे रहने की उम्मीद है। आगे चलकर, मौद्रिक नीति आने वाले आंकड़ों और विकसित हो रहे घरेलू विकास-मुद्रास्फीति गतिशीलता पर कड़ी नजर रखेगी ताकि उचित मौद्रिक नीति मार्ग तैयार किया जा सके।

रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्तीय स्थितियां अनुकूल और घरेलू आर्थिक गतिविधियों के लिए सहायक बनी रहीं। इसमें आगे कहा गया है कि एसएंडपी द्वारा भारत की सॉवरेन रेटिंग में सुधार, भविष्य में पूंजी प्रवाह और सॉवरेन यील्ड के लिए अच्छा संकेत है।

## विदेशी मुद्रा भंडार 4.386 अरब डॉलर घटा



**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 22 अगस्त को समाप्त सप्ताह में 4.386 अरब डॉलर घटकर 690.72 अरब डॉलर रह गया। इससे पहले, 15 अगस्त को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा का देश का भंडार 1.488 अरब डॉलर बढ़कर 695.106 अरब डॉलर रहा था। विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति में 22 अगस्त को समाप्त सप्ताह के दौरान 3.652 अरब डॉलर की गिरावट रही और यह 582.251 अरब डॉलर पर रहा। स्वर्ण भंडार भी 66.5 करोड़ डॉलर घटकर 85.003 अरब डॉलर रह गया। विशेष आहरण अधिकार में 4.6 करोड़ डॉलर और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि में 2.3 करोड़ डॉलर की गिरावट रही और ये क्रमशः 18.736 अरब डॉलर और 4.731 अरब डॉलर पर रहे।

## पहली तिमाही में 7.8 प्रतिशत रही जीडीपी विकास दर



**कृषि व सेवा क्षेत्र का बेहतरीन प्रदर्शन**

**नई दिल्ली,** 29 अगस्त (एजेंसियां)। कृषि और सेवा क्षेत्र के दमदार प्रदर्शन से चालू वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की विकास दर बढ़कर 7.8 प्रतिशत पर पहुंच गई। केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़े में बताया गया है कि पहली तिमाही में स्थिर मूल्य पर देश का जीडीपी 47.89 लाख करोड़ रहा जो पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही के 44.42 लाख करोड़ से 7.8 प्रतिशत अधिक है।


**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, KAILASH CHANDRA AGRAWAL S/O RADHESHYAM AGRAWAL resident of H.NO.-255,NEAR SANKAT MOCHAN MANDIR, TILDA NEORA, RAIPUR (C.G.) 493114 have changed my old name KAILASH CHANDRA AGRAWAL S/O RADHESHYAM AGRAWAL so in future I should be recognized by my new name that is KAILASH AGRAWAL S/O RADHESHYAM AGRAWAL in all Government and other documents.

**KAILASH AGRAWAL**
H.NO.-255,NEAR SANKAT MOCHAN MANDIR, TILDA NEORA, RAIPUR (C.G.) 493114

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, BABITA BAI AGRAWAL W/O KAILASH AGRAWAL resident of H.NO.-255,NEAR SANKAT MOCHAN MANDIR, TILDA NEORA, RAIPUR (C.G.) 493114 have changed my old name BABITA BAI AGRAWAL W/O KAILASH AGRAWAL so in future I should be recognized by my new name that is BABITA AGRAWAL W/O KAILASH AGRAWAL in all Government and other documents.

**BABITA AGRAWAL**
H.NO.-255,NEAR SANKAT MOCHAN MANDIR, TILDA NEORA, RAIPUR (C.G.) 493114

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, CHIRAG KANHAIYA RAMANI S/O KANHAIYA LAL RAMANI resident of F BLOCK, FLAT NO.-504, PALM BELLAGIO, NEAR SMC HOSPITAL, SHANKAR NAGAR, RAIPUR, (C.G.) - 492001 have changed my old name CHIRAG KANHAIYA RAMANI S/O KANHAIYA LAL RAMANI so in future I should be recognized by my new name that is CHIRAG RAMANI S/O KANHAIYA LAL RAMANI in all Government and other documents.

**CHIRAG RAMANI**
F BLOCK, FLAT NO.-504, PALM BELLAGIO, NEAR SMC HOSPITAL, SHANKAR NAGAR, RAIPUR, (C.G.) - 492001

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, ASHOK GOYAL S/O LAKHI RAM AGRAWAL resident of B 130, SWARNBHOOMI, AMASEONI, AMA SEONI-RAIPUR (C.G.) 493111 have changed my old name ASHOK GOYAL S/O LAKHI RAM AGRAWAL so in future I should be recognized by my new name that is ASHOK KUMAR GOYAL S/O LAKHI RAM AGRAWAL in all Government and other documents.

**ASHOK KUMAR GOYAL**
B 130, SWARNBHOOMI, AMASEONI, AMA SEONI-RAIPUR (C.G.) 493111

**न्यायालय नजूल अधिकारी रायपुर के न्यायालय में मामला**
**मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**

क्रमांक: 202508112800032/283
विषय-अ-20 (3) सन् 2024-2025
रायपुर प.ह.नं. 00062 हे.
पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार-श्रीमती निगहत परवीन पति स्व. मौ. जियाउर रहमान, अनावेदक पक्षकार-

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं मौजा बैरनबाजार रायपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती निगहत परवीन पति स्व. मौ. जियाउर रहमान, निवासी-मकान नंबर-2/03, वार्ड नंबर 48, भगवती चरण शुक्ल वार्ड, बैरनबाजार, रायपुर छ.ग. द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता अधिनियम 1959 की धारा 109, 110 के तहत् नामांतरण बाबत् आवेदन पेश किया है कि मौजा बैरनबाजार स्थित ब्लॉक नंबर-110, प्लॉट नं. खसरा नंबर-39/2, रकबा 1581 वर्गफुट भूमि आवेदिका के पति जियाउर रहमान पिता स्व. फजलूर रहमान के नाम पर दर्ज है। आवेदिका के पति स्व. जियाउर रहमान पिता स्व. फजलूर रहमान की मृत्यु दिनांक 17.06.2021 को गया है। आवेदिका एवं उनके पति स्व. जियाउर रहमान की कोई संतान नहीं है, अर्थात् आवेदिका नि:संतान है। अतएव आवेदिका द्वारा अपना नाम दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र के साथ संधारण खसरा, मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी को कोई आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा पेशी दिनांक 11.09.2025 तक न्यायालयीन अवधि में कार्यालय कलेक्टर नजूल अधिकारी रायपुर कक्ष क्रमांक-07 में स्वयं या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21.08.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — नजूल अधिकारी रायपुर

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./बी-121/2024-2025
ग्राम देवपुरी प.ह.नं. 73
रायपुर, दिनांक 21.08.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मेसर्स आकाश बिल्डर्स एण्ड लैण्ड डेवलपर्स द्वारा पार्टनर शीतलदास माखीजा पिता रेलूमल माखीजा निवासी 30/1083 सिविल लाईन डॉ. राजेश पटेल के सामने डागा बिल्डिंग रायगढ़ बाड़ा रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम देवपुरी पटवारी हल्का नंबर 73 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-10, तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर क्रमशः 11/1, 12/2, 13/1, 13/2, 14 रकबा क्रमशः 0.2790, 0.7020, 0.4780, 0.4560, 1.2060 कुल खसरा नं. 05 एवं कुल रकबा 3.1210 हे. भूमि आवेदक के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा उपरोक्त भूमि को क्रय पश्चात अपने नाम पर नामांतरण करवाया गया, परन्तु ऋण पुस्तिका प्रदान नहीं किया गया। आवेदक द्वारा आवेदित भूमि का ऋण पुस्तिका प्रदान किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अतएव आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र पर जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 09.09.2025 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, VASUDEV MANDHANI SON OF LAXMICHAND MANDHANI, Resident of C-60/1, BAJAJ COLONY, NEW RAJENDRA NAGAR, RAIPUR C.G. 492001 Have changed my old name VASUDEO MANDHANI SON OF LAXMICHAND MANDHANI, so in future, I should be recognized by my new name that is VASUDEV MANDHANI SON OF LAXMICHAND MANDHANI in all government and other documents.

**VASUDEV MANDHANI**
SON OF LAXMICHAND MANDHANI, C-60/1, BAJAJ COLONY, NEW RAJENDRA NAGAR, RAIPUR (C.G.) 492001

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-10**
**आम सूचना**

जारी दिनांक 29.08.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री आशिर्वाद शुक्ला पिता/पति प्रेमशंकर शुक्ला निवासी विवेकानंद नगर रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम डुमरतराई पटवारी हल्का नंबर 74 राजस्व निरीक्षक मंडल-10 रायपुर में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 32/2, 32/3 रकबा क्रमशः 0.1890, 0.1900 हे. का सीमांकन न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 19.08.2025 के परिपालन में दिनांक 25.09.2025 को समय 2 बजे पश्चात् मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 74 के डुमरतराई में स्थित कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। नियत तिथि के पश्चात् मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

राजस्व निरीक्षक रायपुर-10

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-10**
**आम सूचना**

जारी दिनांक 29.08.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती रमा शुक्ला पति प्रेमशंकर शुक्ला निवासी विवेकानंद नगर रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम डुमरतराई पटवारी हल्का नंबर 74 राजस्व निरीक्षक मंडल-10 रायपुर में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 32/1, 32/4, 37/1 रकबा क्रमशः 0.1890, 0.1890, 0.3040 हे. का सीमांकन न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 19.08.2025 के परिपालन में दिनांक 25.09.2025 को समय 2 बजे पश्चात् मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 74 के डुमरतराई में स्थित कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। नियत तिथि के पश्चात् मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

राजस्व निरीक्षक रायपुर-10

**न्यायालय तहसीलदार रायपुर तहसील व जिला रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

ई.क्र./अ-6/वर्ष 2025
ग्राम-रायपुरखास प.ह.नं. 62
तहसील व जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 21.08.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अभिषेक सारस्वत पिता प्रदीप सारस्वत निवासी अश्वरी नगर ढाल रायपुर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में धारा-110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत नामांतरण बाबत् आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि ग्राम रायपुरखास प.ह.नं. 62 तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 1306/34 रकबा 726 वर्गफुट भूमि को विक्रेता बसंत कुमार अग्रवाल पिता स्व. गौरीशंकर अग्रवाल निवासी शिव नगर चंगोराभाठा रायपुर छ.ग. से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 31.08.2013 के माध्यम से क्रय किया है। अतः आवेदक द्वारा पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर अपना नाम दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 09.09.2025 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार रायपुर

**न्यायालय तहसीलदार अभनपुर जिला रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202508114000024
अ/6 वर्ष 2024-25
ग्राम धुसेरा प.ह.नं. 14 तहसील अभनपुर

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुनील अग्रवाल पिता मदन लाल अग्रवाल निवासी ई- 98 समता कॉलोनी रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा ग्राम धुसेरा प.ह.नं. 14 रा.नि.मं. केन्द्री तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि ख.नं. 410/1, 402/2 का भाग रकबा 1500 वर्गफुट को अनावेदक-सुंदरानी इन्फ्रास्ट्रक्चर्स प्राईवेट लिमिटेड डायरेक्टर अमर कुमार सुंदरानी पिता स्व. हरीश कुमार सुंदरानी निवासी तेलीबांधा रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. से पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 31.03.2010 के माध्यम से क्रय किया है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि को पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत पेशी दिनांक 11.09.2025 तक न्यायालय में स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से लिखित में पेश कर सकते है। नियत पेशी दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्ति या दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार अभनपुर

**उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की प्राप्ति हेतु**
**आदेश-5, नियम-20 एवं 151 व्यवहार प्रक्रिया संहिता**
**न्यायालय:- भूपेश कुमार बसंत, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी रायपुर ( छ.ग. )**

उत्तराधिकार क्र.-66/2025
प्रो.क्र. 688 पेशी दिनांक 12.09.2025
श्रीमती मोना बिकरोल वगै. .........आवेदकगण
**बनाम**
आम जनता ...........अनावेदक
प्रति,
आम जनता जिसका इस केस से संबंध हो अनावेदकगण

जो कि आवेदकगण के मृतक पति/पिता हरेन्द्र बिकरोल के संबंध में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु इस न्यायालय में पेशी 12.00.2025 को दिन प्रातः 11 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात हाजिर होने के लिए समंस किया जाता है। आप इस न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसके सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें। आपको यह भी निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन सभी दस्तावेजों को प्रस्तुत करें जिस पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित है। अतः आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में हाजिर नहीं होंगे तो दावे की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।

**नोटः-** यदि किसी कारणवश आगामी तिथि को अवकाश हो जाता है कार्य स्थगित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो प्रकरण की सुनवाई ठीक अगले कार्य दिवस पर किया जावे।

यह आज दिनांक 23.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं अधिकरण की मुद्रा लगाकर किया गया है।

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक 23.08.2025

मुहर — ( भूपेश कुमार बसंत ) द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी रायपुर ( छ.ग. )

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर 02-ए**
**मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**

संदर्भः- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00057 रायपुरा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202425440722100341

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00057 के अंतर्गत ग्राम रायपुरा के वर्तमान भूमिस्वामी अग्रोहा गृह निर्माण रायपुर पिता/पति पता के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 379/13 0.0020 में प्रस्तावित भूमिस्वामी /क्रेता प्रियाकटियार पिता/पति सुशीलचंद्र कटियार पता आई 11, अग्रोहा सोसायटी रायपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 17.09.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार-02-ए पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 25.08.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

**न्यायालय तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

क्रमांक/क/बी-121/2024-2025
ग्राम-रायपुरखास
तहसील रायपुर, जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 20.08.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक/आवेदिका भारत साहू पिता स्व.श्री फिरतु साहू निवासी अमृत नगर कुशालपुर द्वारा इस न्यायालय मृत्यु प्रमाण-पत्र बाबत् आवेदन पत्र पेश कर उल्लेख किया है, आवेदक के दादी जी स्व.श्रीमती मेहतरीने बाई साहू, पति- स्व.श्री समारू साहू की मृत्यु दिनांक 01.01.1995 को घर / हॉस्पिटल रायपुर में हो चुकी है। उनके मृत्यु उपरांत आवेदक द्वारा निवेदन किया गया है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत मृत्यु प्रमाण पत्र के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 03.09.2025 तक स्वतः या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

मुहर — तहसीलदार रायपुर

**न्यायालय तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

क्रमांक/क/बी-121/2024-2025
ग्राम-चंगोराभाठा
तहसील रायपुर, जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 20.08.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक/आवेदिका जगदीश साहू पिता स्व. श्री गबरू साहू द्वारा इस न्यायालय मृत्यु प्रमाण-पत्र बाबत् आवेदन पत्र पेश कर उल्लेख किया है आवेदक के दादाजी स्व. श्री सुमन साहू पिता दुनवा साहू की मृत्यु दिनांक 15.07.1994 को घर हॉस्पिटल रायपुर में हो चुकी है। उनके मृत्यु उपरांत आवेदक द्वारा निवेदन किया गया है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत मृत्यु प्रमाण पत्र के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 03.09.2025 तक स्वतः या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

मुहर — तहसीलदार रायपुर

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-5)**
**ईदगाह भाठा नवीन पानी टंकी परिसर रायपुर**
**ईश्तहार**

**पत्र क्र./23751/न.पा.नि./जोन क्र.-5/2025**
**रायपुर, दिनांक 25.08.2025**
**नामांतरण प्र.क्र. 23751**
**वार्ड का नाम- 40-पं. दीनदयाल उपाध्याय वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 40 स्थित भवन/भूमि प्रॉपर्टी आई.डी RPR569A00568 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती CHINMAY SINGH THAKUR पिता/पति श्री/श्रीमती CHANDRASHEKHAR SINGH THAKUR के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती श्रीमती रीता शर्मा पिता/पति श्री/श्रीमती पति श्री भारत भूषण शर्मा ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख /वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

श्री खीरसागर नायक ( जोन कमिश्नर ) जोन ( 5 ) नगर पालिक निगम रायपुर ( छ.ग. )

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

क्रमांक/202508111500035/
अ-6/वर्ष 2024-2025
ग्राम फाफाडीह प.ह.नं. 48
तहसील रायपुर, जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 21.08.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदिका श्रीमती महेन्द्र कौर दत्ता पति रविन्द्र सिंह दत्ता निवासी- नानक निवास सांई नगर रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में धारा 109-110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत नामांतरण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है कि, ग्राम फाफाडीह प.ह.नं. 48, तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि शीट नंबर 23 भूखण्ड क्रमांक 13/2 रकबा 4548 वर्गफुट भूमि को आवेदक / क्रेता द्वारा अनावेदक / विक्रेता संजय कुमार रहेजा पिता प्रकाशचंद रहेजा निवासी-जवाहर नगर रायपुर (छ.ग.) से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 03.04.2025 के माध्यम से क्रय कर स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया है। अतः उक्त आवेदित भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर आवेदक अपने नाम पर नामांतरण दर्ज किये जाने का निवेदन किये है।

अतः आवेदिका द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 09.09.2025 तक स्वतः या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

**न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद जिला-रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

क्रमांक/वाचक/तह./2025
मंदिर हसौद, दिनांक 20.08.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि न्यायालय तहसीलदार, मंदिर हसौद, तहसील- मंदिर हसौद, जिला- रायपुर के विचाराधीन प्रकरण में पक्षकार विमला वर्मा पति स्व. नारायण वर्मा, निवासी-गनियारी, तहसील तिल्दा, जिला रायपुर के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है, कि ग्राम-मंदिर हसौद, प.ह.नं.-22, रा.नि.मं.-मंदिर हसौद, तहसील-मंदिर हसौद, जिला-रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 137/1, 1186/1, 1186/10, 1260/1 रकबा क्रमशः 0.464, 0.0890, 0.222, 0.369 कुल रकबा 1.1440 हे. भूमि जो वर्तमान राजस्व अभिलेख में आवेदक एवं अनावेदकगण के मध्य बंटवारा कराना चाहता है। आवेदक के द्वारा आवेदित भूमि का आवेदक एवं अनावेदकगण के मध्य बराबर-बराबर बंटवारा किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है, जिसमे हल्का पटवारी के द्वारा फर्द बंटवारा प्रस्तुत किया गया है, जो निम्नानुसार है:-

पक्ष क्रमांक 01- छेदन लाल पिता माखन, अनुसुईया पिता माखन निवासी मंदिर हसौद भूमिस्वामी खसरा नंबर 137/1 का भाग रकबा 0.3090, खसरा नंबर 1186/1 का भाग रकबा 0.0600, खसरा नंबर 1186/10 का भाग रकबा 0.1480, लगान 2.07, खसरा नंबर 1260/1 का भाग रकबा 0.2460, पक्ष क्रमांक-02-विमला पिता माखन निवासी मंदिर हसौद भूमिस्वामी-खसरा नंबर 137/1 का भाग रकबा 0.1550, खसरा नंबर 1186/1 का भाग रकबा 0.0290, खसरा नंबर 1186/10 का भाग रकबा 0.0740, लगान 1.4, खसरा नंबर 1260/1 का भाग रकबा 0.1230।

अतः उक्तानुसार बंटवारा किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था, को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 05.09.2025 तक इस न्यायालय मे आपत्ति दावा पेश कर सकते है। उक्त तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 20.08.25 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार मंदिर हसौद

**न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद जिला-रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

क्रमांक/वाचक/तह./2025
मंदिर हसौद, दिनांक 22.08.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक सोनिया डोडानी पति राजकुमार डोडानी, निवासी-देवेन्द्र नगर, सेक्टर 4, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है, कि ग्राम-पचेडा, प.ह.नं.-03, रा.नि.मं. चंदखुरी, तहसील-मंदिर हसौद, जिला-रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 256/2 रकबा 0.1700 हे. भूमि जो वर्तमान राजस्व अभिलेख में आवेदक के नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज है, जिसका मूल ऋण पुस्तिका आज तक अप्राप्त है। आवेदक के द्वारा आवेदित भूमि के नवीन ऋण पुस्तिका जारी किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 05.09.2025 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, नियत अवधि के बाद दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अतः यह ईश्तहार आज दिनांक 22.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर — तहसीलदार मंदिर हसौद

**न्यायालय तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर ( छ.ग. )**
**ज्ञापन**

क्रमांक/क/बी-121/2024-2025
ग्राम-रायपुरखास
तहसील रायपुर, जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 20.08.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक/आवेदिका बसंत छुरा पिता स्व. श्री धरमू छुरा द्वारा इस न्यायालय मृत्यु प्रमाण-पत्र बाबत् आवेदन पत्र पेश कर उल्लेख किया है आवेदक के पिता स्व. श्री धरमू छुरा पिता स्व. श्री पराशि छुरा की मृत्यु दिनांक 29.09.2006 को घर हॉस्पिटल रायपुर में हो चुकी है। उनके मृत्यु उपरांत आवेदक द्वारा निवेदन किया गया है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत मृत्यु प्रमाण पत्र के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 03.09.2025 तक स्वतः या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

मुहर — तहसीलदार रायपुर

**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर 5 के न्यायालय में मामला**
**मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**

क्रमांक-202508115600018
विषय-अ-6 सन् 2024-2025
डंगनिया प.ह.नं. 00058 हे.
पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार-तोरण नायक, अनावेदक पक्षकार-छ.ग. शासन

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक तोरण नायक पिता श्री स्व. इंदरमन नायक निवासी म.नं. 120/2 दाउपारा ग्राम पंचायत तेलगा, पो.आ. आनंदगांव, बेरला व जिला बेमेतरा छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में धारा 110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत नामांतरण बाबत् आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि ग्राम डंगनिया प.ह.नं. 58 तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि शीट नं. 09 भूखंड क्रमांक 27 क्षेत्रफल 1037 वर्गफुट अर्थात 96.37 वर्गमीटर भूमि वर्तमान में राजस्व परिवर्तित अभिलेख पर अनावेदक का नाम दर्ज है उपरोक्त वर्णित भूमि को आवेदक ने अनावेदक तारकेश्वर नायक पिता स्व. इंदरमन नायक निवासी म.नं. 120/2 दाउपारा ग्राम पंचायत तेलगा, पो.आ. आनंदगांव बेरला व जिला बेमेतरा छ.ग. से पंजीकृत हकत्याग दिनांक 22.07.2025 के माध्यम से त्याग कर स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया है। जो कि उप पंजीयक कार्यालय रायपुर में पुस्तक अ-01, ग्रंथ क्रमांक 2699, में पृष्ट क्रमांक-27 से 45 दस्तावेज क्रमांक सी.जी. 2025-26-109-1-1495 देकर विधिवत पंजीकृत किया गया है। अतः उक्त क्रय भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर आवेदक अपना नाम भूमिस्वामी हक में दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया है।

उक्त प्रकरण की सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 08.09.2025 को होगी। अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से मय दस्तावेज अपनी लिखित दावा आपत्ति दिनांक 08.09.2025 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 18.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 18.08.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार रायपुर

**रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर**
**उद्घोषणा**

**क्रमांक 9277/रा.शा./आर.सी./रा.वि.प्रा./25**
**रायपुर दिनांक 29/08/25**

प्राधिकरण की नगर विकास योजना क्रमांक 04 कौशल्या माता विहार (कमल विहार) योजनांतर्गत श्री जयंत भट्टाचार्य पिता स्व. श्री समीर भट्टाचार्य एवं श्रीमती अंजली भट्टाचार्य पति स्व. श्री समीर भट्टाचार्य को प्रधानमंत्री आवास योजना कौशल्या माता विहार (कमल विहार) सेक्टर 02 LIG 3BHK योजना के अंतर्गत ब्लॉक क्रमांक बी-2 फ्लैट क्रमांक 518 (पांचवा तल) आबंटित हैं। आबंटिती श्रीमती अंजली भट्टाचार्य की मृत्यु दिनांक 26.04.2020 को हो गई है। मृत्यु पश्चात् उक्त फ्लैट का नामांतरण हेतु उनके (पुत्र) श्री जयंत भट्टाचार्य पिता स्व. श्री समीर भट्टाचार्य निवासी शिवानंद नगर, खमतराई रायपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त फ्लैट का नामांतरण किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति/ दावा हो तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति/ दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमो के अनुसार नाम दर्ज की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति / दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक 29.08.25 को जारी।

राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार ) रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर ( छ.ग. )

**आम सूचना**
**ग्राम तर्रा प.ह.नं. 11, रा.नि.मं. सारागांव स्थित भूमि के संबंध में।**

सर्व साधारण को इस आम सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता श्री राजेश कुमार वर्मा पिता श्री जे. आर. वर्मा निवासी, टाटीबंध रायपुर छ.ग. के स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि जो ग्राम तर्रा प.ह.नं. 11. रा.नि.मं. सारागांव, तहसील धरसींवा रायपुर एवं जिला रायपुर छ.ग. में स्थित है जिसका ख.नं. 763/1, 763/2, 763/3 क्रमशः रकबा 0.0850 हे.. 0.0850 हे., 0.0850 हे., कुल खसरा 03 कुल रकबा 0.2550 हेक्टेयर है को खरीदने का करार कर उक्त विक्रेता को अग्रिम राशि प्रदान किया है। अब तय शर्तो के अनुसार उक्त संपत्ति के विक्रय पत्र का निष्पादन / पंजीयन कराया जाना शेष है।

अतः उक्त संपत्ति के स्वत्व, आधिपत्य एवं अंतरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति, सरकारी व गैर सरकारी संस्था, साहूकार, बैंक, निगम आदि किसी को भी यदि कोई आपत्ति, उजर, दावा आदि हो तो इस सूचना प्रकाशन से 07 दिनो के अदर मय सुसंगत दस्तावेजो के नीचे लिखे पते पर मेरे समक्ष लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा निर्धारित अवधि के पश्चात् मेरा पक्षकार उक्त संपत्ति के विक्रय पत्र का निष्पादन पंजीयन अपने पक्ष में करवा लेगा। निर्धारित अवधि के पश्चात् की गयी आपत्ति शून्य व नाजायज समझी जावेगी एवं मेरे पक्षकार पर बधंनकारी नहीं होगी।

अतः सूचना जाने

रायपुर छ.ग.
दिनांक......

भवदीय
निखलेश राठौर ( अधिवक्ता )
म.नं. डी-40 समता कालोनी
मो.नं. 98271-75722

**न्यायालय नजूल अधिकारी रायपुर के न्यायालय में मामला**
**मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**

क्रमांक-202508112800029/280
विषय-अ-6 सन् 2024-2025
रायपुर प.ह.नं. 00062 हे.
पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार-श्रीमती वालिया अहमद पति श्री सैय्यद एहतिशाम अहमद, अनावेदक पक्षकार 1. श्री रिजवान अहमद गंज पिता अब्दुल जब्बार गंग 2. श्री अब्दुल जब्बार गंज पिता स्व. आदमजी भाई गंज 3. श्रीमती फरीदा बानो गंज पति अब्दुल जब्बार गंज

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं मौजा बैरनबाजार रायपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती वालिया अहमद पति श्री सैय्यद एहतिशाम अहमद, निवासी-द्वितीय तल, फ्लेम एण्ड फ्लेम के बाजू, बैरनबाजार, रायपुर छ.ग. द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता अधिनियम 1959 की धारा 110 के तहत् इस आशय का आवेदन पेश किया है कि मौजा बैरनबाजार स्थित ब्लॉक नंबर-110, प्लॉट नंबर-30/2 का रकबा 375 वर्गफुट, प्लॉट नंबर 31 (शामिल प्लॉट नंबर-33/4) का रकबा 798 वर्गफुट, प्लॉट नंबर-32/2 का रकबा 327 वर्गफुट कुल रकबा 1500 वर्गफुट भूमि को पंजीकृत बैनामा दिनांक 13.08.2025 के माध्यम से आवेदिका का अनावेदक क्रमांक-01 से 03 से क्रय किया है। अतएव आवेदिका के द्वारा क्रय हक के आधार पर अपना नाम दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र के साथ विक्रय विलेख की छायाप्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी को कोई आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा पेशी दिनांक 11.09.2025 तक न्यायालयीन अवधि में कार्यालय कलेक्टर नजूल अधिकारी रायपुर कक्ष क्रमांक-07 में स्वयं या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21.08.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — नजूल अधिकारी रायपुर

**न्यायालय तहसीलदार रायपुर**
**मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**

संदर्भः- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00042 आमासिवनी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202425440724200036

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00042 के अंतर्गत ग्राम आमासिवनी के वर्तमान भूमिस्वामी विश्वनाथ यादव पिता/पति स्व. झरिहर यादव पता रामनिवास नगर नमनकला अंबिकापुर छ.ग. के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 15004/29 0.0315 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता प्रमिला देवी यादव पिता/पति स्व. विश्वनाथ यादव पता सत्यप्रकाश यादव पिता/पति स्व. विश्वनाथ यादव पता-निर्मला यादव पिता/पति स्व. विश्वनाथ यादव पता, ओमप्रकाश यादव पिता/पति स्व. विश्वनाथ यादव पता निवासी आमासिवनी रायपुर छ.ग., अनिता यादव पिता/पति स्व. विश्वनाथ यादव पता के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 29.08.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 18.08.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार रायपुर

**न्यायालय तहसीलदार आरंग जिला-रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र.ब/121
ग्राम कुटेला

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक चतुर सिंह चंद्राकर पिता श्री खेदुराम चंद्राकर निवासी कुटेला पो. चिखली तहसील समोदा जिला रायपुर द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अपने पुत्र/पुत्री/पिता/माता/दादा/दादी खेदूराम चंद्राकर की मृत्यु दिनांक 10.10.2010 है, का पंजीयन कराने हेतु पंजीयक जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने की मांग किया है, ताकि जन्म/मृत्यु का प्रमाण पत्र आवेदक को प्राप्त हो सकें।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/ आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 09.09.2025 तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 25.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार आरंग

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 04 रायपुर**
**मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**

संदर्भः- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00082 मुजगहन ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202425440727300068

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00082 के अंतर्गत ग्राम मुजगहन के वर्तमान भूमिस्वामी अरूण सोनकर पिता/पति सुदर्शन सोनकर पता खेली परसदा रायपुर छ.ग. के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 26/44 0.0112 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता तोष कुमारी वैष्णव पिता/पति गिरिवर दास वैष्णव पता म.नं. 177, त्रिमूर्ति चौक के पास सुंदर नगर रायपुर जिला रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 12.09.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 04 रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 29.08.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 04 रायपुर**
**मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**

संदर्भः- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00083 कान्दुल ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202425440726900063

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00083 के अंतर्गत ग्राम कान्दुल के वर्तमान भूमिस्वामी जगतार सिंह पिता/पति सिंगारा सिंह वो सिंगारा पि. स्व. तेजा सिंह पता महावीर नगर रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 15000/29 0.0167 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता जुल्फी सिद्दीकी पिता/पति आदिल अहमद सिद्दीकी पता म.नं. 9/214 गवर्मेंट कालोनी दरियाखन घुमत अहमदाबाद सिटी गुजरात के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 12.09.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 04 रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 29.08.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

# युवाओं में फिटनेस और खेल प्रतिभा को मिलेगा नया मंच : दीपक सोनी

**बलौदाबाजार**, 29 अगस्त (देशबन्धु)। जिला प्रशासन तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वाधान में 29 अगस्त 2025 मेजर ध्यानचंद के जयंती दिवस में राष्ट्रीय खेल दिवस पर सांसद खेल महोत्सव 2025 का शुभारंभ हुआ। कलेक्टर दीपक सोनी, पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता, स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी सहित जनप्रतिनिधियों ने स्पोर्ट्स स्टेडियम बलौदाबाजार में मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया और खिलाड़ियों, कोचों तथा खेल संघों को राष्ट्रीय खेल दिवस की शुभकामनाएं दी।




कलेक्टर दीपक सोनी ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जिले में निरंतर खेल गतिविधियों का आयोजन होना चाहिए। खेलों से बच्चों में न केवल खेल भावना का विकास होता है, बल्कि टीमवर्क, अनुशासन और आत्मविश्वास जैसी गुण भी पनपते हैं। उन्होंने कहा कि खेल जीवन को संतुलित, स्वस्थ और सकारात्मक बनाने का माध्यम है। इसलिए सभी बच्चों को अधिक से अधिक खेलकूद में भाग लेना चाहिए, जिससे उनका सर्वांगीण विकास हो सके। उन्होने मुख्यालय बलौदाबाजार में खेल अधोसंरचना मल्टीपरपस इंडोर हॉल, ग्राम सुहेला, सिमगा में इंडोर बैडमिंटन हॉल निर्माण कार्य राज्य शासन से स्वीकृति होने एवं भारत सरकार की खेलो इंडिया योजना अंतर्गत 08 लेन 400 मीटर सिंथेटिक ट्रेक निर्माण कार्य की स्वीकृति की जानकारी खिलाड़ियों को दी। पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा है जो बच्चों में अनुशासन, धैर्य और आत्मविश्वास का संचार करता है। उन्होंने कहा कि खेल गतिविधियों से न केवल शारीरिक स्वास्थ्य मजबूत होता है बल्कि मानसिक विकास और सकारात्मक सोच भी विकसित होती है। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी सक्रिय भाग लें ताकि सर्वांगीण विकास हो सके और वे समाज में एक बेहतर नागरिक बनकर अपनी पहचान स्थापित कर सकें।

**सांसद खेल महोत्सव का आगाज**

राष्ट्रीय खेल दिवस पर जिले के वरिष्ठ कबड्डी खिलाड़ी राजकमल मिश्रा एवं बी.पी बघमार व्हॉलीबॉल खिलाड़ी को सम्मान के स्वरूप प्रमाणपत्र एवं ट्राफी प्रदान किया तथा विगत वर्ष के राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में बलौदाबाजार भाटापारा जिला का प्रतिनिधत्व किये लगभग 50 खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया इस अवसर पर एथलटिक्स, बैडमिंटन एवं फुटबॉल खेल प्रतियोगिता भी आयोजन किया गया है जिसमें एथलेटिक्स 100 मीटर बालक वर्ग में प्रथम गिरीराज साहू, द्वितीय दीलहरन पटेल एवं हिमांशु निषाद तृतीय स्थान एवं बालिका वर्ग में प्रथम तरूणा, द्वितीय त्रिवेणी एवं सानिया तृतीय स्थान प्राप्त की। बैडमिंटन प्रतियोगिता में अंडर-19 बालिका वर्ग प्रथम अपराजीता भट्ट एवं प्रजिती द्वितीय तथा फुटबॉल खेल प्रतियोगिता में सम्राट फुटबॉल क्बल भाटापारा प्रथम एवं नवापारा फुटबॉल क्लब द्वितीय स्थान प्राप्त किये।

# नपा अध्यक्ष अशोक जैन एवं सीएमओ आशीष तिवारी गुजरात में आयोजित कार्यशाला में शामिल हुए



**बलौदाबाजार**, 29 अगस्त (देशबन्धु)। नगरीय निकाय क्षेत्र में सफाई व्यवस्था सुधारने के साथ ही नगर में नवाचार के माध्यम से लोगों को जागरूक कर बेहतर सफाई व्यवस्था एवं ठोस अपशिष्ट के उचित प्रसंस्करण किए जाने की विधा को लेकर तीन दिवसीय कार्यशाला में प्रबंधन के गुण अंतर्गत नगरी प्रशासन द्वारा सूरत में आयोजित कार्यशाला का आयोजन किया गया है। जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशीष तिवारी सूरत गुजरात प्रवास पर रहते हुए आयोजित प्लास्टिक वेस्ट रीसायकल वह ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एकीकृत मॉडल अवलोकन सहित आपसी परिचर्चा के कार्यशाला में भाग लेंगे, दिनांक 28, 29 एवं 30 अगस्त तक चलने वाले इस महत्वपूर्ण कार्यशाला आयोजन के अवसर पर आपसी पर चर्चा के माध्यम से भी इसके प्रतिभागी बनेंगे।

देश के सबसे स्वच्छ शहरों में शामिल सूरत गुजरात में चल रहे कार्यशाला में नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने भी नगर को साफएवं स्वच्छ रखने के लिए अपने नगर पालिका के अध्यक्ष रहते चौथे कार्यकाल में नगर पालिका में नगर बलौदा बाजार में किए गए बदलाव व प्रयासों की चर्चा की गई। नगर में स्वच्छ पर्यावरण एवं सफाई व्यवस्था को बनाए रखने के लिए जन जागरूकता को आवश्यक बताया गया। इस कार्यशाला में मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशीष तिवारी ने भी अपने अनुभवों को साझा करते हुए नगर को कैसे स्वच्छ रखने के साथ ही शत प्रतिशत स्वच्छता रखने के लिए बताए गए तरीके से प्रयास किए जाने की बात कही गई। आयोजित कार्यशाला की तीन दिवसीय प्रवास के प्रवास एवं परिचर्चा के दौरान ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, एकीकृत मॉडल का अवलोकन, शत-प्रतिशत घरों में अपशिष्ट संग्रहण, स्मार्ट ट्रांसफर स्टेशन, अपशिष्ट प्रोसेसिंग यूनिट, जीपीएस युक्त अपशिष्ट वाहन प्रणाली, सर्कुलर इकोनामी, वेस्ट टू वेल्थ लैंडफिल प्रबंधन, सामुदायिक सहभागिता पर आधारित अपशिष्ट पहल एवं प्रयास का भी अध्ययन किया जाएगा।

# नहरों को छेड़छाड़ करने पर 15 पंचायतों को नोटिस जारी

**बलौदाबाजार**, 29 अगस्त (देशबन्धु)। नहर का पानी रोकने तथा नहरों का छेड़छाड़ के मामले को जिला प्रशासन द्वारा गंभीरता से लिया जा रहा है। इस सम्बन्ध में जनपद पंचायत बलौदाबाजार एवं पलारी अंतर्गत 15 पंचायतों को एसडीएम द्वारा नोटिस जारी कर तीन दिवस के अंदर व्यक्तिगत रूप से मरम्मत कराने के निर्देश दिये गये हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत बलौदाबाजार अंतर्गत 6 ग्राम पंचायत मोहतरा, सोनाडीह, देवरी, कंजी, भरसेला एवं खम्हारडीह तथा जनपद पंचायत पलारी अंतर्गत 9 ग्राम पंचायत जारा, रेंगाडीह, सैहा, चुचरूंगपुर, गाड़ाभाटा, टीपावन, ओड़ान, सलौनी एवं दतान पंचायत के सरपंच को नोटिस जारी किया गया है। आदेश में कहा गया है सिंचाई हेतु बनाए गए नहर के गेट व नहरों में छेडखानी किया गया है जिसके कारण खरीफ सिंचाई हेतु जल प्रदाय करने एवं अंतिम छोर तक पानी पहुंचाने में बहुत कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। नोटिस के माध्यम से छेड़छाड़ किए गए नहरों को व्यक्तिगत खर्च पर तत्काल मरम्मत कराकर तीन दिवस के भीतर लिखित में जवाब प्रस्तुत करने कहा है अन्यथा पंचायत राज अधिनियम 1993 में निहित प्रावधान एवं सिंचाई अधिनियम 1931 के तहत नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

**तीन दिवस में कराना होगा मरम्मत**

# क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ी रवाना



**महासमुंद**, 29 अगस्त (देशबन्धु)। 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन कोंडागांव में 28 से 31 अगस्त तक आयोजित किया गया। जिसमें रायपुर संभाग के खिलाड़ी अंडर 14,17,19 वर्ष आयु के बालक एवं बालिका वर्ग में तीरंदाजी एवं मलखंभ खेल में शामिल होंगे। 19 वर्ष बालक फुटबॉल में शामिल होंगे। दल के साथ प्रशिक्षक व मैनेजर व्यायाम शिक्षक डॉ सुनील कुमार भोई, ऋषि कपूर साहू, कमला मांझी शामिल हैं।

जिले से शासकीय उच्चतर माध्यम विद्यालय भोरिंग, बागबाहरा के खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जगह बनाने में सफलता हासिल किया है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल जिले के सभी खिलाड़ियों को विद्यालय महासमुंद योगेश्वर राजू सिंहा, जिलाध्यक्ष भारत स्काउट एंड गाइड महासमुंद येतराम साहू, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरें, खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे, सहायक क्रीड़ा अधिकारी अंजलि बरमाल, लीलाधर सिंहा, हिना ढालेन, प्राचार्य लोकनाथ दीवान, डॉ विकास अग्रवाल, एवन कुमार साहू, हिरेंद्र देवांगन, अरविंद छाबड़ा, डॉ. पूर्णेन्द्र चंद्राकर अधीक्षक बाल आश्रम बिहाझर ने शुभकामनाएं दीं।


**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
राजधानी परियोजना संभाग, नवा रायपुर अटल नगर
**प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना**
**विज्ञापन क्रमांक-82**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, राजधानी परियोजना संभाग नवा रायपुर अटल नगर अंतर्गत निक्षेप कार्य के तहत् छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमि. के कार्यालय में साज-सज्जा कार्य हेतु एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के ठेकेदारो से ऑफलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना मण्डल वेबसाईट http://cghb.gov.in में उपलब्ध है तथा अन्य जानकारी हेतु कार्यपालन अभियंता, राजधानी परियोजना संभाग-नवा रायपुर अटल नगर के फोन नं. 94242-09041 पर संपर्क करें।

**संवाद-45073 कार्यपालन अभियंता**

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं सुधीर कुमार साहू पिता प्रभुराम साहू जाति तेली निवासी ग्राम खर्रा तह. गुरूर जिला-बालोद छ.ग. का निवासी हूं। मेरे आधार कार्ड पैन कार्ड सहित अन्य दस्तावेजों पर मेरा नाम सुधीर कुमार साहू दर्ज है। मेरे नाम पर परिवहन विभाग द्वारा जारी ड्राइविंग लाइसेंस पर मेरा नाम सुधीर कुमार अडिल पिता प्रभुराम अडिल दर्ज है। जिसमें मैं अपना वास्तविक नाम सुधीर कुमार अडिल की जगह सुधीर कुमार साहू पिता प्रभुराम साहू दर्ज करवाना चाहता हूं। मैं सुधीर कुमार साहू एवं सुधीर कुमार अडिल दोनो नाम का एक ही व्यक्ति हूं। मैं इस हेतु एक शपथ पत्र भी निष्पादित करा दिया हूं। परिवहन विभाग द्वारा जारी ड्राइविंग लाइसेंस पर अपना नाम सुधीर कुमार अडिल की जगह सुधीर कुमार साहू पिता प्रभुराम साहू दर्ज करवाने हेतु इस आम सूचना की आवश्यकता हुई है।
सो सूचना जाने
दिनांकः-29.08.2025

**सुधीर कुमार साहू**
**पिता श्री प्रभुराम साहू**
**निवासी ग्राम खर्रा तह. गुरूर**
**जिला-बालोद (छ.ग.)**

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, BHANJDEO SINGH BELCHANDAN S/O YASHWANT SINGH resident of T 6 OM NIVAS, WARD NO. 43 OLD ADARSH NAGAR, PRADIP PLAJA KE PICHE, DURG PO. DURG, DISTT DURG (C.G.) 491001 have changed my old name BHANJDEO SINGH BELCHANDAN S/O YASHWANT SINGH so in future I should be recognized by my new name that is BHANJDEV BELCHANDAN S/O YASHWANT SINGH in all Government and other documents.

**BHANJDEV BELCHANDAN**
T 6 OM NIVAS, WARD NO. 43
OLD ADARSH NAGAR, PRADIP
PLAJA KE PICHE, DURG PO.
DURG, DISTT DURG (C.G.)
491001

**नाम परिवर्तन**

मैं, **नेहा राठोड़**, पुत्रीः **दीपक जैन** घोषणा करती हुँ कि मेरे पासपोर्ट नं. L3286638 में मेरे पति का नाम **विजय कुमार सावजी भाई राठोड़** लिखा गया है। अब मेरे पति ने अपने आधार कार्ड में अपना नाम **विजय एस राठोड़** निवासी ब्लॉक नं. बी/411, आर्या पोलिस, महोबा बाजार, टाटीबंध, रायपुर (छ.ग.) दर्ज करा लिया है। हालांकि उनका नया पासपोर्ट नं.Y6519404 में उनका नाम **"विजय सावजी भाई राठोड़"** पिताः **सावजी भाई बाबूभाई राठोड़** निवासी ब्लॉक नं. बी/411, आर्या पोलिस, महोबा बाजार, टाटीबंध, रायपुर (छ.ग.) लिखा है। **विजय एस राठोड़ व विजय सावजी भाई राठोड़** दोनों मेरे पति का ही नाम है अतः भविष्य में समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे पति का नाम **"विजय एस राठोड़"** से जाना व पहचाना जाये।

**नेहा राठोड़**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण कु. किरण, कु. भूमिका पिता उत्तम कुमार साहू एवं श्रीमती गीता पत्नि उत्तम कुमार साहू द्वारा न्यायालय श्रीमान् व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी बागबाहरा के समक्ष उत्तम कुमार साहू के विरूद्ध बटवारा कब्जा एवं स्थाई निषेधाज्ञा आदेश प्राप्त करने के लिए व्यवहार वाद क्रमांक 103/2025 में पंजीबद्ध किया गया है जो लंबित है। ग्राम कसेकेरा, पटवारी हल्का नंबर 14 राजस्व निरीक्षक मंडल एवं तहसील कोमाखान, जिला महासमुंद, छत्तीसगढ़ में स्थित अचल भूमियों के अतिरिक्त खसरा नंबर 899, 913, 915/1, 917, 918, 902/1 एवं 674 का तुकड़ा रकबा क्रमशः 0.35, 0.27, 0.09, 0.32, 0.05, 0.05 एवं 0.05 हेक्टेयर भूमि व्यवहार प्रकरण में वादग्रस्त / विवादित संपत्ति है। मेरे पक्षकारगण को यह जानकारी प्राप्त हुई है कि उक्त भूमि का उत्तम कुमार द्वारा विक्रय करने का प्रयास किया जा रहा है इसलिए आम जनता, शासकीय अर्द्धशासकीय संस्था निगम, निकाय, फर्म, को इस आम सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि किसी भी प्रकार से उक्त भूमि के संबंध में कोई क्रय विक्रय या अन्य किसी प्रकार का संव्यवहार न करें। इसके उपरांत भी कोई संव्यवहार करें तो वह मेरे पक्षकार के लिए आबद्धकर एवं बंधनकारी नहीं होगी, अवैध शून्य एवं निष्प्रभावी मानी जावेगी एवं व्यवहार वाद के निर्णय एवं डिकी बंधनकारी होगी। संव्यवहार के लिए स्वयं पक्षकार दायित्वाधीन होंगे।
सो सूचना जाने।
दिनांक- 29.08.2025

**(खगेश्वर पटेल)**
**अधिवक्ता**
**महासमुन्द**

**न्यायालय तहसीलदार महासमुंद**
**जिला-महासमुंद (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.मा.क्र. 202508120600037
अ/06 वर्ष 2024-2025
ग्राम मचेवा, प.ह.नं. 41
तहसील व जिला-महासमुंद

एतद द्वारा सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोहन ध्रुव पिता स्व. पुसऊ ध्रुव जाति गोंड निवासी ग्राम मचेवा तहसील व जिला महासमुंद के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम मचेवा प.ह.नं. 41 रा.नि.मं. बरोण्डाबाजार तहसील व जिला महासमुंद में स्थित भूमि खसरा नंबर 111, 149, 153 रकबा 0.35, 0.14, 0.09 हे. भूमि को वसीयतनामा के माध्यम से आवेदक की माता त्रिलोका बाई पति स्व. पुसऊ ध्रुव जाति गोंड द्वारा दिनांक 12.09.2024 को आवेदक मोहन ध्रुव पिता स्व. पुसऊ ध्रुव के नाम वसीयतनामा किया गया था। वसीयतकर्ता त्रिलोका बाई पति स्व. पुसऊ ध्रुव की मृत्यु दिनांक 31.01.2025 को हो चुकी है। इसलिए उक्त भूमि को वसीयतनामा के माध्यम से प्राप्त जमीन को आवेदकगण के नाम पर नामांतरण किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी को कोई उजर दावा, आपत्ति हो तो वह दिनांक 11.09.2025 तक न्यायालय में स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है, उक्त नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर **तहसीलदार महासमुंद**

**न्यायालय तहसीलदार आरंग**
**जिला-रायपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. अ/6 वर्ष 2024-2025
आरंग, दिनांक 21.08.2025
ग्राम आरंग प.ह.नं. 29

एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदक रमाकांत लोधी पिता झुमुक लाल लोधी निवासी वार्ड क्र. 03 लोधी पारा आरंग, तहसील आरंग, जिला रायपुर के द्वारा ग्राम आरंग प.ह.नं. 29 स्थित भूमि खसरा नं. 3098 का रकबा 0. 041हे. भूमि आवेदक के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक की उक्त आवेदित भूमि खसरा पांचसाला वर्ष 2023-24 के कॉलम नं. 10 (कैफियत कालम) खसरा आई डी 106849139 कास्त कब्जा नहीं होने त्रुटिवश राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा उक्त त्रुटि कास्तकब्जा नहीं होने शब्द को विलोपित किये जाने हेतु आवेदन पेश कर निवेदन किये जाने पर प्रकरण इस न्यायालय में दर्ज किया गया है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो स्वयं उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 08.09.2025 तक प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 21.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर **तहसीलदार आरंग**

**शपथ-पत्र**

मैं गोपालू देवांगन उम्र 40 वर्ष पिता श्री दउवा देवांगन जाति कोष्टा निवासी पता वार्ड नं. 10 बैराग पारा पंडरिया तहसील पंडरिया जिला कबीरधाम (छ.ग.) की हूं जो कि निम्नलिखित शपथपूर्वक कथन करता हूं।

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि मेरे स्वयं के राशन कार्ड तथा ड्रायविंग लाईसेंस में मेरा नाम पालू देवांगन लिखा है जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम गोपालू देवांगन लिखा है, उक्त दोनों नाम मेरे ही है मेरे राशन कार्ड तथा मेरे ड्रायविंग लाईसेंस से पालू राम को हटाकर मेरा सही नाम गोपालू देवांगन किया जावे। जिसके समर्थन में मेरे द्वारा यह शपथ पत्र सद्भावनापूर्वक प्रस्तुत किया गया है।
3. यह कि मेरे द्वारा कोई भी बात को नहीं छुपाया गया है। और न ही कोई असत्य कथन किया गया है।

**शपथकर्ता**

**न्यायालय तहसीलदार गुरूर**
**जिला-बालोद (छ.ग.)**
**उद्घोषणा**

क्रमांक/प्र.तह./2025
गुरूर, दिनांक 28.08.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण ग्रामवासी उसरवारा प.ह.नं. 26 एवं आम जनता तहसील गुरूर जिला बालोद को सूचित किया जाता है कि आवेदक चन्द्रशेखर साहू आ. कन्हैया लाल जाति तेली निवासी उसरवारा तहसील गुरूर जिला बालोद ने आवेदन पेश किया है कि आवेदक स्वयं चन्द्रशेखर आ. कन्हैया लाल की जन्म दिनांक 08.11.1971 को ग्राम उसरवारा में हुई है। जन्म प्रमाण पत्र जारी करने बाबत आदेशित किया जावे।

अतएव उपरोक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति संस्था हितबद्ध पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 11.09.2025 तक स्वयं या विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28.08.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं सील मुहर से जारी किया गया।

मुहर **नायब तहसीलदार**
**गुरूर, जिला-बालोद (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)**
**निविदा अमंत्रण सूचना**

क्र.17/न.पा.नि./जोन क्रमांक-7/लो.नि.वि./2024-25 दिनांक 29/08/2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु फार्म-A में मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि (लाखो में) | निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | पार्षद निधि से वार्ड क्र. 49 बहतराई महामाया पारा में नाली निर्माण कार्य। | 03.00 | 22 / 09 / 25 |
| 2 | वार्ड क्र. 48 विवेकानंद नगर गली नं. 05 में सीसी रोड निर्माण कार्य। | 06.88 | 22 / 09 / 25 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही विभागीय वेबसाईट www.bilaspurnagernigam.com से डाउनलोड की जा सकती है।

सम्पत्तिकर, दुकान किराया एवं पानी बिल का भुगतान ऑनलाईन nigambilaspur.com/ptis पर किया जाता है।

**जोन कमिश्नर**
जोन क्रमांक-7
नगर पालिक निगम
बिलासपुर (छ.ग.)

**छत्तीसगढ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**जल संसाधन संभाग, कमांक, 01 अम्बिकापुर**
Main Portal: http://cgeprocurement.gov.in
WRD Portal: http://wrd.cgeprocurement.gov.in

**निविदा निरस्तीकरण सूचना**

आदेश क्रमांक 01 /व.ले.लि./2024-25 अम्बिकापुर, दिनांक 22.08.2025

इस कार्यालय के निविदा सूचना क्रमांक 10/व.ले.लि./2024-25 दिनांक 11.03.2025 सिस्टम नं. 165787 (प्रथम आमंत्रण) माण्ड व्यपवर्तन योजना के मुख्य नहर पर मिट्टी का कार्य एवं वियर का मरम्मत तथा 1260 मी. सी.सी. चैनल का निर्माण एवं 04 नग एक्वाडक्ट तथा आर. बी.सी. में 106 नग स्ट्रक्चर का निर्माण कार्य। अनुमोदित लागत राशि रू. 2933.39 लाख के निविदा का प्रकाशन किया गया था, जिसका 'जी' नम्बर 242505950 दिनांक 13.03.2025 है। को छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन नया रायपुर के तहत् निविदा के संबंध में शासन स्तरीय निविदा मूल्याकन समिति की बैठक दिनांक 22.08.2025 को समिति द्वारा **''निविदा निरस्त कर पुनः निविदा आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया है''**
**अतः निविदा निरस्त की जाती है।**

**कार्यपालन अभियंता**
**जल संसाधन संभाग क्र. 01, अम्बिकापुर**
**कृते मुख्य अभियंता**
**जी-252603082 हसदेव गंगा कछार जल संसाधन विभाग अम्बिकापुर (छ.ग.)**

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड रायपुर (छ.ग.)**
**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से 'प्रपत्र-अ' में निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| एन.आई.टी. क्रमांक, दिनांक/ सिस्टम टेंडर क्र. | कार्य का नाम | लागत (लाख में) |
|---|---|---|
| 60/20.08.25 174109 | रायपुर जिले के विकासखंड आरंग के ग्राम भैंसमुड़ी जलप्रदाय योजना के अंतर्गत भैंसा भण्डार तेलासी सिरपुर मार्ग निर्माण कार्य के चौड़ीकरण के दौरान क्षतिग्रस्त जलवितरण प्रणाली हेतु 90min dia 6kg/cm²/UPVC पाईप 3729 मीटर एवं 100 मि.मी. व्यास के जी.आई. पाईप 24 मीटर का प्रदाय कर बिछाने, जोड़ने, परीक्षण कर चालू करने का कार्य, इन्टरकनेक्शन टेस्टिंग ट्रायल रन एवं 3 माह तक संचालन संधारण एवं 135 नग घरेलू नल कनेक्शन जोड़ने का कार्य। | 28.52 |

नोट :-
उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 22.08.2025 से देखी जा सकती है एवं निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 09.09.2025 होगी।

**कार्यपालन अभियंता,**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड,**
**रायपुर (छ.ग.)**
**जी-252603072**

**कायर्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर**
**जोन क्रमांक 8 महोबा बाजार**
E-mail: rmczone8@gmail.com

क्रमांक 24/ लोककर्म/जोन क्र.-8/न.पा.नि./2025 रायपुर, दिनांक 25/08/2025

**नीलामी सूचना**
**(गणेश मूर्ति विसर्जन से प्राप्त निष्प्रयोज्य लकड़ी)**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जोन क्रमांक 08 नगर पालिक निगम रायपुर अतंर्गत स्थित महादेव घाट गणेश मूर्ति विसर्जन से प्राप्त निष्प्रयोज्य लकड़ी को एकमुश्त दर के आधार तत्काल नीलामी हेतु दर आमंत्रित की जाता है। सील बंद लिफाफा कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर जोन क्रमांक-08 महोबा बाजार में दिनांक 09.09.2025 को अपरान्ह 12.00 बजे तक प्राप्त किये जायेगें, जो उसी दिन शाम 4.00 बजे दर दाताओं की उपस्थिति में खोले जायेगें। दर दाताओं को राशि रूपये 5,000.00 बतौर धरोधर / प्रतिभूति नगद लोककर्म विभाग में जमा करनी होगी। जिसके पक्ष में दर स्वीकार होगी, को छोड़कर शेष समस्त दर दाताओ के द्वारा जमा धरोहर / प्रतिभूति राशि वापस कर दी जावेगी।

**शेष नियम एवं शर्ते कार्यालय से कार्यालयीन अवधि में प्राप्त की जा सकती है।**

1. गणेश मूर्ति विसर्जन से प्राप्त निष्प्रयोज्य लकडी -एकमुश्त

**जोन आयुक्त**
**जोन क्रमांक -08**
**नगर पालिक निगम, रायपुर**

घरो से निकलने वाले सुखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग, कांकेर मण्डल, कांकेर**
Email - sepwdkanker.2010@rediffmail.com/se.kanker@nic.in,Fax No. 07868-224040

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित सड़क/भवन कार्य हेतु दिनाँक 08.09.2025 समय 17.30 बजे तक ऑनलाईन (Online) निविदाएँ आमंत्रित की जाती है :-

| क्रं. | एन.आई. टी.नंबर | टेण्डर नंबर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 100 | 174391 | आकस्मिक निधि के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग अनुविभाग ओरछा रेस्ट हाउस में बाउण्ड्रीवॉल का निर्माण कार्य। | 21.98 लाख |
| 02 | 101 | 174393 | उपसंभाग केशकाल अंतर्गत विभिन्न मार्गो में बी.टी. पेंच मरम्मत कार्य । | 40.00 लाख |
| 03 | 102 | 174394 | उपसंभाग कोण्डागांव क्रमांक 01 अंतर्गत विभिन्न मार्गो में बी.टी. पेंच मरम्मत कार्य। | 35.00 लाख |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट बेव पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय बेवसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है। ठेकेदार का हॉट मिक्स प्लांट होना अनिवार्य है। (स.क्रं.02 एवं 03)
डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 08.09.2025 है।
नोट:- द्वितीय आमंत्रण (स.क्रं.01)
तृतीय आमंत्रण (स.क्रं.02 एवं 03)

**अधीक्षण अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग, कांकेर**
**मण्डल कांकेर**
जी-252603116

**सेवा सहकारी समिति मर्या. रसमडा पं.क्रं.1555 शाखा नगपुरा, जिला-दुर्ग (छ.ग)**
**संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा/क्रमांक/क्यू. दिनांक-29.08.2025

समिति की ओर से सेवा सहकारी समिति मर्या. रसमडा पं. कं 1555 के उपार्जन केन्द्र रसमडा में कार्यालय भवन सह कम्प्यूटर कक्ष बनाने एवं तार फेंसिंग तथा बोर पंप हेतु अध्यक्ष / समिति प्रबंधक की ओर से निर्माण कार्य हेतु लोक निर्माण विभाग रायपुर (छ.ग.) के भवन निर्माण में लागू दिनांक 01.01.2015 से प्रभावशील SOR पर निविदा विज्ञप्ति जारी होने के दिनांक तक लिए मुहरबंद निविदा' संशोधित दर सहित लोक निर्माण विभाग में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों को प्रपत्र 'अ' में प्रत्तिशत आधार पर दो लिफाफा पद्धति में (निविदा दर तथा अमानत राशि लिफाफा)
पंजीकृत पावती डाक या स्पीड पोस्ट से आमंत्रित की जाती है।

(1) निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि 19-09-2025 सायं 5.30 बजे तक
(2) निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि 24-09-2025 सायं 4.00 बजे तक
(3) निविदा खोले जाने की तिथि 24-09-2025 सायं 5.00 बजे से

| क्रं. | कार्य का नाम | संख्या | ठेके की अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र की कीमत | निविदा हेतु सक्षम ठेकेदार की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने की समयावधि | टीप |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सेवा सहकारी समिति रसमडा में 1 कार्यालय भवन सह कम्प्यूटर कक्ष निर्माण कार्य। | 1 | 9.90 | 10000/- | 1500/- | सक्षम श्रेणी | 2 माह | प्रथम काल |
| 2. | सेवा सहकारी समिति रसमडा में तार फेंसिंग एवं बोर पंप कार्य। | 1 | 6.00 | 6000/- | 1500/- | सक्षम श्रेणी | 2 माह | प्रथम काल |

नोट:- निविदा प्रपत्र प्राप्त करने के लिए ठेकेदार को आवेदन पत्र के साथ निम्न दस्तावेजो की छायाप्रति संलग्न करें एवं मूल दस्तावेज मिलान हेतु साथ में लायें। प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा आमंत्रित की जाती है।
1. वैध पंजीयन प्रमाण पत्र की प्रति,
2. विगत 3 वर्षों का आयकर रिटर्न जमा करने का प्रमाण पत्र एवं पेनकार्ड.
3 जी.एस.टी पंजीयन की प्रति
4. बैंक साल्वेन्सी जो 12 माह से पुरानी ना हो.
धरोहर राशि के लिए जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. दुर्ग का ही एफ.डी. आर. मान्य होगा।
5. 6. कार्य पूर्ण होने पर समिति को सौंपकर हस्तांतरण प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

**समिति प्रबंधक**
**सेवा सहकारी समिति**
**रसमडा जिला-दुर्ग**




प्रकाशक, मुद्रक– राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक– राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन– 6072/59
फोन– (0771) 4077750, 4077760, email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

उल्टा पुल्टा

डॉक्टर- मैं आपको गारंटी देता हूं कि ऑपरेशन के बाद आप घर चलकर जाओगे।
मरीज- मतलब मेरे पास रिक्शा के लिए भी पैसे नहीं बचेंगे?

# मांदर में जनजीवन सामान्य होने की ओर, ग्रामीणों ने कहा- शासन-प्रशासन से मिल रही हर संभव मदद





## पांच राहत शिविरों में 250 से ज्यादा प्रभावितों को नाश्ता-चाय एवं भोजन की उपलब्धता सहित दी जा रही चिकित्सा सेवाएं

**जगदलपुर,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। जिले में विगत सोमवार एवं मंगलवार को हुई अतिवृष्टि से लोहण्डीगुड़ा ब्लॉक के मांदर में आयी बाढ़ के बाद अब जिंदगी धीरे-धीरे पटरी पर लौट रही है। भारी बारिश और नदी-नाले में आए उफान के कारण हुए नुकसान के बाद अब पानी पूरी तरह उतर चुका है और लोग अपने घरों को लौट रहे हैं। साथ ही जनजीवन सामान्य होने लगा है और यहां के ग्रामीणों ने बताया कि शासन-प्रशासन द्वारा प्रभावित परिवारों को हरसंभव मदद दी जा रही है। ग्रामीणों ने अब मांदर नाले के किनारे से बसाहट को अन्यत्र हटाकर बसाने के लिए एकजुट होकर विचार करने का निर्णय लिया है। जिला प्रशासन द्वारा मांदर में पांच अलग-अलग राहत शिविरों में 250 से ज्यादा प्रभावितों को नाश्ता-चाय एवं भोजन की उपलब्धता सहित चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराया जा रहा है। इन ग्रामीणों को नाश्ता-चाय एवं भोजन के लिए राशन एवं अन्य जरूरी सामग्री दी जा रही है, जिससे प्रभावित ग्रामीण स्वयं नाश्ता एवं भोजन तैयार कर रहे हैं। प्रशासन द्वारा गांव के सभी परिवारों को आवश्यकता के अनुरूप कम्बल, चादर और साड़ी, लुंगी-बनियान और बच्चों के कपड़े प्रदान किया गया है। शासन-प्रशासन इन बाढ़ पीड़ितों के पुनर्वास एवं अन्य सहायता के लिए पूरी मुस्तैदी से जुटा है। वहीं कई गैर-सरकारी संगठनों के द्वारा राहत और पुनर्वास कार्य में सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

स्थानीय प्रभावित ग्रामीणों ने शासन और प्रशासन द्वारा किए जा रहे राहत सेवाओं के प्रति संतुष्टि व्यक्त करते हुए कहा कि सहायता और राहत कार्यों पर अब ध्यान केन्द्रित किया जा रहा है। ग्रामीणों को मकान बनाने के लिए सहायता प्रदान करने सहित आवश्यक बांस-बल्ली उपलब्ध करवाया जा रहा है। वहीं बिजली आपूर्ति के लिए विद्युत लाइन का सुधार किया गया है। रैनु पटेल ने बताया कि राहत शिविर में समय पर भोजन और रहने की जगह मिली है। यहां सभी व्यवस्था पर्याप्त है, सभी के लिए राशन सुलभ कराया जा रहा है और भोजन हम खुद बना रहे हैं। चिकित्सा शिविर में स्वास्थ्य जांच के साथ उपचार भी किया जा रहा है। जिसमें बच्चों को प्राथमिकता दी जा रही है। रैनु ने बताया कि तीन सदस्यीय परिवार के लिए कम्बल, चादर, लुंगी-बनियान सहित बच्चों को कपड़े दिए गए हैं। इस दौरान झुमुकलाल पटेल ने बताया कि उसका मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है और ढाई एकड़ धान के खेत में से आधा एकड़ धान बाढ़ के रेत से पट गया है। उसने राहत शिविर की व्यवस्था को पर्याप्त निरूपित करते हुए आवश्यक कपड़े देने की बात कही। वहीं सुखराम पोयामी ने मकान को पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त होने की जानकारी देते हुए राहत शिविर में भोजन एवं अन्य व्यवस्था के प्रति संतुष्टि जताई। इस दौरान जिला प्रशासन द्वारा अब तक गांव के आंशिक तौर पर क्षतिग्रस्त मकानों के 14 प्रभावितों को 91 हजार रूपए तथा पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त 4 मकानों के पीड़ितों को 4 लाख 80 हजार रूपए आर्थिक सहायता प्रदान किया गया है। वहीं प्रभावितों को मकान निर्माण एवं मरम्मत के लिए वन विभाग के माध्यम से बांस एवं बल्ली उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके साथ ही सर्वेक्षण के आधार पर प्रभावितों को आर्थिक सहायता प्रदान किया जा रहा है। साथ ही मांदर एवं पारापुर के प्रभावितों के लिए 60 क्विंटल चांवल उचित मूल्य दुकान में भंडारित किया गया है।

# बारिश से 91 गांवों में हुई थी बिजली आपूर्ति बाधित



## विद्युत वितरण कंपनी ने 65 गांवों में किया बहाल

**जगदलपुर,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। सोमवार से हुई मूसलाधार बारिश ने बस्तर जिले में जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया था। भारी बारिश के कारण जिले के 91 गांवों में बिजली की आपूर्ति पूरी तरह से ठप हो गई थी। बिजली के तार और खंभे कई जगहों पर टूट गए थे, जिससे इन गांवों में अंधेरा छा गया और लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए, विद्युत वितरण कंपनी ने तत्काल प्रभाव से बहाली का काम शुरू कर दिया था। विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने प्रतिकूल मौसम की परवाह किए बिना युद्ध स्तर पर काम किया। उनके अथक परिश्रम का परिणाम यह रहा कि अब तक 65 गांवों में बिजली की आपूर्ति फिर से शुरू कर दी गई है। इनमें मांदर गांव भी शामिल है, जहाँ बिजली बहाल होने से ग्रामीणों ने राहत की साँस ली है। हालांकि, अभी भी 26 गांवों में बिजली की आपूर्ति बाधित है। ये ऐसे गांव हैं जहाँ बारिश और भूस्खलन के कारण मरम्मत कार्य में बाधा आ रही है। विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों की टीमें इन दुर्गम क्षेत्रों में भी पहुंच चुकी हैं और वे जल्द से जल्द बिजली बहाल करने के लिए प्रयासरत हैं। इस बीच, जिला प्रशासन ने भी प्रभावित गांवों में आवश्यक सहायता पहुँचाने के लिए कदम उठाए हैं। लोगों से धैर्य रखने और सुरक्षित रहने की अपील की गई है।

# बारिश से क्षतिग्रस्त सड़कों की हुई मरम्मत, आवागमन बहाल



**जगदलपुर,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। हाल ही में हुई लगातार बारिश से जिले की कई मुख्य सड़कों को क्षति पहुँची थी, जिससे आमजन को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। स्थिति को देखते हुए कलेक्टर हरिस एस के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन ने तुरंत कार्यवाही करते हुए सड़कों की मरम्मत शुरू कर दी। प्रशासन द्वारा क्षतिग्रस्त सड़कों का चिन्हांकन कर गड्ढों को भरवाया गया और आवागमन को सुचारु बनाया गया। प्रमुख मार्गों में जगदलपुर- दंतेवाड़ा मार्ग, कोडेनार-लोहंडीगुड़ा मार्ग सहित अन्य रास्तों की मरम्मत कर यातायात बहाल किया गया है। इसी क्रम में लोहंडीगुड़ा से मांदर-आंजर मार्ग को भी सुधार कर लोगों के लिए सुगम बना दिया गया है।

सबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय अधिकारियों का कहना है कि बाढ़ और बारिश से क्षतिग्रस्त अन्य मार्गों को भी प्राथमिकता से ठीक किया जाएगा, ताकि ग्रामीणों और आम नागरिकों को यातायात में किसी भी तरह की समस्या न हो।

# लोहांडीगुड़ा ब्लॉक में बाढ़ प्रभावितों के लिए राहत शिविर



## भोजन और आवश्यक सामग्री का वितरण

**जगदलपुर,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। लोहांडीगुड़ा ब्लॉक में बाढ़ से प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के साथ सामाजिक संगठनों ने भी राहत कार्य शुरू कर दिए हैं। ब्लॉक में 5 जगहों पर राहत शिविर आयोजित किए गए हैं, जहाँ लगभग 250 लोगों के लिए दोनों समय भोजन की व्यवस्था की गई है। बाढ़ प्रभावित परिवारों की मदद के लिए जनप्रतिनिधियों ने भी आगे आकर योगदान दिया है। चित्रकोट विधायक विनायक गोयल ने 50 परिवारों को बर्तन वितरित किए, वहीं सांसद महेश कश्यप ने कपड़ा और खाद्य सामग्री बांटी।

कलेक्टर हरिस एस के मार्गदर्शन में प्रशासन की ओर से प्रभावित परिवारों के लिए भोजन, रुकने की व्यवस्था, कपड़ा वितरण और स्वास्थ्य शिविर लगाए गए हैं। इसके साथ ही प्रशासन ने बाढ़ पीड़ितों के लिए कपड़ा दान कार्यक्रम आयोजित कर प्रभावितों को वितरण करने की पहल की। इसके अलावा चैंबर ऑफ कॉमर्स एवं रोटरी क्लब ने भी जरूरतमंदों के बीच कपड़े वितरित कर राहत कार्यों में सहयोग दिया है। स्थानीय प्रशासन का कहना है कि सभी प्रभावितों को आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध >> शेष पृष्ठ 9 पर>

छत्तीसगढ़ का रजत महोत्सव

# शिक्षा और महिला-बाल विकास विभागों ने शुरू किए विविध कार्यक्रम





**जगदलपुर,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे रजत महोत्सव के तहत विभिन्न विभागों द्वारा उत्सवपूर्ण कार्यक्रमों की शुरुआत हो चुकी है। शिक्षा विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग ने जनता को विकास और प्रगति के प्रति जागरूक बनाने के लिए कई गतिविधियां आयोजित की हैं, जिनमें पुस्तक वाचन, प्रतियोगिताएं और सांस्कृतिक उत्सव शामिल हैं। ये कार्यक्रम स्थानीय स्तर पर जनभागीदारी को बढ़ावा दे रहे हैं। शिक्षा विभाग ने एक सप्ताह से अधिक समय के लिए व्यापक कार्यक्रमों की योजना बनाई है। इनमें पुस्तक वाचन दिवस प्रमुख है, जहां सभी स्कूलों, कॉलेजों और सरकारी कार्यालयों में सामूहिक पुस्तक पढ़ने का आयोजन किया जा रहा है। इसके अलावा, स्कूलों में बाल पंचायत के तहत वाद-विवाद, चि ज और निबंध-लेखन प्रतियोगिताएं हो रही हैं, जो छात्रों की रचनात्मकता को प्रोत्साहित कर रही हैं। विभाग द्वारा एलुमनाई मीट का भी आयोजन की योजना बनाई गई है, जिसमें वर्ष 2000 के बाद के पूर्व छात्रों को उनके स्कूलों में आमंत्रित किया जा रहा है। ये पूर्व छात्र राज्य के 25 वर्षों के विकास में अपने अनुभव साझा कर रहे हैं, जो वर्तमान पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक साबित हो रहा है। शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किए जा रहे हैं। साथ ही, सरकारी और निजी स्कूलों में रजत जयंती वर्ष पर आधारित प्रदर्शनियां लगाई गई हैं। एक विशेष पहल के रूप में स्कूलों में एआई साक्षरता सप्ताह मनाया जा रहा है, जो छात्रों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की बुनियादी जानकारी प्रदान कर रहा है। दूसरी ओर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में पोषण मेले का आयोजन प्रमुख है, जहां पोषण संबंधी जागरूकता फैलाई जा रही है। आंगनबाड़ियों में बाल मेले के तहत चित्रकला प्रतियोगिताएं और स्कूलों में निबंध-लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित की गई हैं। महतारी सम्मेलन और तीजा-पोरा तिहार जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने महिलाओं और बच्चों की भागीदारी को बढ़ाया है। विभाग द्वारा सभी विकासखंड मुख्यालयों में महतारी मेगा हेल्थ कैंप लगाए गए हैं, जहां स्वास्थ्य जांच और परामर्श उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके अलावा, टीकाकरण अभियान में जनभागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष प्रचार-प्रसार किया गया है, जिससे टीकाकरण दर में वृद्धि की उम्मीद है। उक्त सभी कार्यक्रम छत्तीसगढ़ के रजत महोत्सव का अभिन्न अंग हैं, जिनका मुख्य उद्देश्य राज्य की 25 वर्षों की यात्रा में शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण और सांस्कृतिक विकास के क्षेत्रों में हासिल उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाना है। जिला प्रशासन के अधिकारियों का कहना है कि ऐसे आयोजनों से न केवल उत्सव का माहौल बनेगा, बल्कि भविष्य के विकास के लिए भी प्रेरणा मिलेगी।

# 3 किलोमीटर की मैराथन दौड़ में 7 वर्ष से लेकर 94 वर्ष के धावक दौड़े



## बस्तर जिला मास्टर्स एथलीट संघ के द्वारा मनाया गया खेल दिवस

**जगदलपुर,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। बस्तर जिला मास्टर्स एसोसिएशन के द्वारा मेजर ध्यानचंद की जयंती पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी खेल दिवस का आयोजन किया गया। सिरहासर चौक से 3 किलोमीटर मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। विभिन्न आयुवर्ग के लगभग 100 खिलाड़ियों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि बेवरेज कॉरपोरेशन के अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी, अध्यक्षता कर रहे पद्मश्री धर्मपाल सैनी के द्वारा हरी झंडी दिखाकर 7 वर्ष से लेकर 94 वर्ष के धावकों को रवाना किया। पुरस्कार वितरण समारोह सिरहासार भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीनिवास राव मद्दी एवं अध्यक्षता कर रहे पद्मश्री धर्मपाल सैनी के साथ उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि गण नरसिंह रथ, नबी मोहम्मद, अनीता राज एवं अन्य के द्वारा हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि बेवरेज कॉरपोरेशन के अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी ने कहा कि बचपन में हम सभी सीताराम शिवालय में नाग पंचमी के दौरान आयोजित कुश्ती मैं अशोक नायडू कुश्ती लड़ते थे और हम लोग अखाड़ा की मट्टी खोदा करते थे। उन्होंने कहा कि आज भी हमारे बुजुर्ग खेल से जुड़कर प्रेरणा दे रहे है। श्री मद्दी ने बच्चों एवं युवाओं से कहा कि वे सोशल मीडिया और मोबाइल से बाहर निकल कर मैदान में पहुंचे। भविष्य में स्वस्थ शरीर की ही सबसे अधिक आवश्यकता होगी और वह खेल एवं व्यायाम से ही संभव है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पद्मश्री धर्मपाल सैनी ने कहा कि संस्था के द्वारा बच्चों से लेकर बुजुर्ग लोगों में खेल के प्रति जागरूकता लाने के लिए जो प्रयास किया जा रहा है वह सराहनीय है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से निश्चित ही खेल के प्रति लोगों में उत्साह और उमंग का संचार होता है। विशिष्ट अतिथि नरसिंह रथ ने कहा कि मेजर ध्यानचंद जिस भी देश में हॉकी खेले हैं वहां के राजनेताओं ने मेजर ध्यान चंद की काफी तारीफ किए हैं। उन्होंने मास्टर एथलीट्स संघ के द्वारा खेल को बढ़ावा देने के लिए किया जा रहे हैं। प्रयासों की सराहना करते हुए संस्था के संस्थापक नबी मोहम्मद की प्रशंसा की। बस्तर जिला मास्टर्स एथलेटिक्स संघ के पदाधिकारी ईश्वर नायडू ने प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा कि विगत 2012 से राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जा रहा है। खेलो के विकास के लिए संस्था निरंतर प्रयासकार रही है। के सूर्या राव के प्रयास से 4 महिला खिलाड़ी का चयन होमगार्ड में हुआ।

अतिथियों के द्वारा प्रतियोगिता में भाग लिए विभिन्न वर्ग के उत्कृष्ट खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर काफी संख्या में खेल प्रेमी गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# आयुक्त सहकारिता कुलदीप शर्मा ने जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक का किया निरीक्षण




## खातेदारों से संवाद कर 10 ग्राहकों को प्रदान किया एटीएम कार्ड

**जगदलपुर,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थाएं छत्तीसगढ़ श्री कुलदीप शर्मा द्वारा शुक्रवार को जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित जगदलपुर का औचक निरीक्षण गया। इस दौरान उन्होंने शाखा जगदलपुर में उपस्थित खातेदारों एवं हितग्राहियों से संवाद कर बैंक द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली तथा 10 हितग्राहियों को एटीएम कार्ड प्रदान कर उन्हें डिजिटल लेनदेन हेतु प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर एक पेड़ माँ के नाम पर आयुक्त सहकारिता ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का संदेश दिया। निरीक्षण उपरांत श्री शर्मा ने विभागीय समीक्षा बैठक लेकर विभिन्न योजनाओं एवं गतिविधियों की प्रगति का अवलोकन किया तथा समीक्षा के दौरान मुख्य रूप से सहकार से समृद्धि अभियान के अंतर्गत पैक्स कम्प्यूटराईजेशन, प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र स्थापना, कॉमन सर्विस सेंटर की कार्य प्रगति, माइक्रो एटीएम ट्रांजेक्शन की स्थिति, नवीन समितियों का गठन, बहुउद्देशीय समितियां, कृषक उत्पादक समिति की प्रगति, सहकारी संस्थाओं का अंकेक्षण एवं अंकेक्षण शुल्क वसूली तथा मुख्यालय से प्राप्त शिकायतों के प्रतिवेदन की स्थिति की समीक्षा करते हुए सरकार की मंशानुरूप सहकार से समृद्धि अभियान के लक्ष्यों को निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्ण रूप से पूर्ण करने अधिकारियों को निर्देश दिए। जिससे संचालित योजनाओं से अधिक >> शेष पृष्ठ 9 पर>

# मुठभेड़ में बड़ी संख्या में नक्सलियों के घायल होने की प्रबल संभावना



- नारायणपुर पुलिस द्वारा संचालित संयुक्त नक्सल विरोधी ''माड़ बचाव'' अभियान में सुरक्षा बलों को मिली बड़ी सफलता
- मुठभेड़ में हथियारबंद सीनियर कैडर माओवादी भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री एवं आवश्यक दैनिक उपयोगी सामग्री छोड़ कर भागे

**नारायणपुर,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। सुन्दरराज पी. (भा.पु.से.) पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज जगदलपुर, श्री अमित तुकाराम काम्बले (भा.पु.से.) पुलिस उप महानिरीक्षक कांकेर रेंज कांकेर के मार्गदर्शन श्री रोबिनसन गुड़िया (भा.पु.से.) पुलिस अधीक्षक, नारायणपुर, श्री अक्षय साबद्रा (भा.पु.से.) अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं श्री अजय कुमार (भा.पु.से.) अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, नक्सल ऑप्स के नेतृत्व में चलाये जा रहे च्माड़ बचाओज्ज नक्सल विरोधी अभियान में डीआरजी नारायणपुर, एसटीएफ और आईटीबीपी की संयुक्त दल को भारी संख्या में आर्म्स, एम्युनेशन, विस्फोटक सामग्री और नक्सल साहित्य बरामद करने में सफलता मिली है। उल्लेखनीय है कि भा.पु.से. श्री रोबिनसन गुड़िया (पुलिस अधीक्षक, नारायणपुर) के निर्देशानुसार दिनांक 24.08.2025 को डीआरजी नारायणपुर, >> शेष पृष्ठ 9 पर>

# मेजर ध्यानचंद जयंती पर मैराथन के साथ राष्ट्रीय खेल दिवस आरंभ



## बस्तर जिला प्रशासन द्वारा लगातार तीन दिन तक किया जाएगा खेल गतिविधियों का आयोजन

**जगदलपुर,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर को खास बनाने के लिए बस्तर जिला प्रशासन द्वारा 29 से 31 अगस्त तक खेल और फिटनेस गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर 29 अगस्त को पुरुष और महिला वर्ग के लिए मैराथन का आयोजन किया गया। साथ ही पीजी कॉलेज चैक पर मैराथन आरंभ स्थल में महापौर संजय पांडे ने इस अवसर पर हर दिन शारीरिक गतिविधि और खेलों के लिए समय देने और स्वयं तथा अपने परिवार के सदस्यों और पड़ोसियों को भी शारीरिक रूप से फिट रहने के लिए प्रोत्साहित करने की शपथ दिलाई, ताकि भारत को एक फिट राष्ट्र बनाया जा सके। उन्होंने इसके पश्चात हरी झंडी दिखाकर मैराथन का शुभारंभ किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार द्वारा हॉकी के जादुगर मेजर ध्यानचंद की जयंती को राष्ट्रीय खेल दिवस के तौर पर मनाने का निर्णय लिया गया। स्वास्थ्य और फिटनेस को बढ़ावा देने की दिशा में उठाया गया यह एक महत्वपूर्ण कदम है।कार्यक्रम में नगर निगम अध्यक्ष खेम सिंह देवांगन, महापौर परिषद के सदस्य संग्राम राणा, निर्मल पाणिग्राही, लक्ष्मण झा, जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन, प्रभारी खेल अधिकारी ऋषिकेश तिवारी, नगर निगम आयुक्त प्रवीण वर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल सहित जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारी एवं धावकगण सहित नागरिकगण उपस्थित रहे। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर सुबह 8 बजे से पीजी कॉलेज चौक, धरमपुरा चौक से मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। महिला वर्ग हेतु 5 किलोमीटर की दौड़ आयोजित की गई, जो पीजी कॉलेज चौक, धरमपुरा से शुरू होकर कालीपुर तक गई और वापस पीजी कॉलेज चौक धरमपुरा चौक पर समाप्त हुई। पुरुष वर्ग हेतु 10 किलोमीटर की दौड़ आयोजित की गई, जो पीजी कॉलेज चौक, धरमपुरा से शुरू होकर तितिरगांव तक गई और वापस पीजी कॉलेज चौक, धरमपुरा चौक पर समाप्त हुई। महिला वर्ग मैराथन में प्रमिला मंडावी ने प्रथम, रुदना कश्यप ने द्वितीय और राजेश्वरी नेताम ने तृतीय स्थान हासिल किया। पुरुष वर्ग मैराथन में पंडरूराम वट्टी ने प्रथम, फूलधर नेताम ने द्वितीय और सुखराम कश्यप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 30 अगस्त को इंदिरा स्टेडियम के सिंथेटिक ट्रैक पर वरिष्ठ नागरिकों की 400 मीटर तेज चाल प्रतियोगिता, स्टेडियम हॉल में कराते प्रतियोगिता >> शेष पृष्ठ 9 पर>

**जिला स्तरीय वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन**

**कोण्डागांव,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। ''सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा'' विषय पर जिला स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार को कलेक्टोरेट सभा कक्ष में सुबह 11 बजे से किया जा रहा है, जिसमें विकास खण्ड स्तर



# आपदा की घड़ी में जनप्रतिनिधियों के साथ आया प्रशासन
# बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए बढ़ रहे सैकड़ों हाथ





- सीएम के निर्देश पर बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री
- विधायक चैतराम और जन प्रतिनिधियों ने बांटी सामग्री
- कलेक्टर के निर्देश पर क्षति का आंकलन कर सूची

**दंतेवाड़ा,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। जिला प्रशासन द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव सहाय के निर्देशानुसार तत्कालीन सहायता के रूप में आज जिला मुख्यालय के विभिन्न वर्षा प्रभावित वार्ड में राहत सामग्री खाद्यान्न एवं कपड़े तथा दैनिक जरूरतों की वस्तुएं वितरित किए गए।

इस क्रम में शनि मंदिर वार्ड क्रमांक 10 के प्रभावितों को विधायक चैतराम अटामी एवं जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी द्वारा राहत सामग्री वितरित की गई। ज्ञात हो कि जिला कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में प्रशासन की सर्वे टीम द्वारा तत्काल वर्षा प्रभावितों की क्षति का आकलन कर सर्वे सूची तैयार कर लिया गया है। इसके आधार पर उन्हें आज जिला मुख्यालय के चिन्हांकित स्थलों पर खाद्यान्न सामग्री सहित अन्य दैनिक जरूरत की वस्तुओं के पैकेट वितरित किए जा रहे हैं। देर शाम तक कलेक्टर सहित जिला के उच्च अधिकारियों की टीम जन प्रतिनिधियों, द्वारा मॉनिटरिंग करते हुए स्वयं की उपस्थिति में जुड़ी टिकरापारा सहित शनि मंदिर क्षेत्र में वर्षा प्रभावितों को राहत सामग्री तथा अन्य दैनिक जरूरत की वस्तुओं को वितरित किया गया।

इसी तरह जिला मुख्यालय के ही भटटी पारा वार्ड क्रमांक 4 एवं 5 में आज विधायक श्री अटामी द्वारा 64 अतिवृष्टि प्रभावित परिवारों को राशन किट सहित कंबल, कपड़े इत्यादि जरूरत के सामान का वितरण किया। ज्ञात हो कि जिले में अतिवृष्टि से सर्वाधिक प्रभावित 4, 5, 2 एवं 11 वार्ड के रहवासी परिवार हुए है, जिनके लिए जिला प्रशासन द्वारा तुरंत राहत कार्य प्रारंभ भी कर दिया गया। इसके साथ ही जिला मुख्यालय से लगे प्रभावित ग्राम बालपेट, भैरमबंद में भी प्रभावित ग्रामीणों को पुनर्वास एवं राहत सुविधाएं युद्ध स्तर पर मुहैया कराई जा रही है। इसके अलावा कर्मचारी संगठन तथा स्वयं सेवी संस्थाएं भी लोगों को इस विपदा के घड़ी में मदद के लिए आगे आ रहे है। इसके साथ ही मंदिर पारा क्षेत्र एवं ग्राम मांझीपदर में भी महिला आयोग की सदस्य श्रीमती ओजस्वी मंडावी, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुनिता भास्कर एवं नगर पालिका उपाध्यक्ष कैलाश गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा वार्ड वासियों को राहत सामग्री दी गई।

# चार दिन कराहता रहा तेंदुआ
# मौत के बाद टूटी विभाग की नींद



**बीजापुर,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। इंद्रावती टाइगर रिजर्व के भैरमगढ़ अभ्यारण्य क्षेत्र में तेंदुए का शव मिलने के बाद वन विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। माटवाड़ा नेशनल हाईवे से लगे पहाड़ी इलाके में ग्रामीणों ने तेंदुए का शव देखा और इसकी जानकारी विभाग को दी।

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि पिछले चार दिनों से तेंदुआ घायल अवस्था में झाड़ियों के बीच दर्द से कराह रहा था। इसकी सूचना कई बार विभाग और जिम्मेदार रेंजर को दी गई, लेकिन समय रहते कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि विभाग ने सूचना को हल्के में लिया और घायल तेंदुए को बेहोश कर इलाज कराने की कोशिश तक नहीं की, जिसका नतीजा मौत के रूप में सामने आया। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर शव बरामद किया। इंद्रावती टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर संदीप बलगा ने बताया कि तेंदुए के शरीर पर चोट के निशान हैं, जो आपसी संघर्ष के चलते लगे प्रतीत होते हैं। घाव पुराने हैं और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा होगा। हालांकि, ग्रामीण विभाग की इस सफाई से संतुष्ट नहीं हैं। उनका कहना है कि अगर रेंजर और विभाग समय पर सक्रिय होते तो तेंदुए की जान बचाई जा सकती थी। इस घटना ने भैरमगढ़ अभ्यारण्य में वन्यजीव संरक्षण को लेकर विभागीय लापरवाही और उदासीनता को उजागर कर दिया है ।

# कोंडागांव में वूमेन फॉर ट्री योजना का हुआ शुभारंभ



- स्व सहायता समूह की महिलाएं करेंगी पौधों की देखभाल

**कोण्डागांव,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। केंद्र शासन की पहल एवं राज्य शासन के निर्देशों के अनुसार पूरे राज्य में वूमेन फॉर ट्री योजना के अंतर्गत पौधारोपण का कार्यक्रम किया जा रहा है। आज नगर पालिका परिषद कोंडागांव में इस योजना का शुभारंभ बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक सुश्री लता उसेंडी के द्वारा किया गया।

इस योजना के अंतर्गत बँधापारा स्थित ऑडिटोरियम के पास स्विमिंग पूल परिसर एवं आसपास के जगह में पौधारोपण का कार्य शुरू किया गया। योजना का मुख्य उद्देश्य स्व सहायता समूह की महिलाओं को आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ावा देना और एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण करना है, जिससे पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिले। राज्य शासन द्वारा नगर पालिका परिषद कोण्डागांव क्षेत्र में कुल 1000 पौधे रोपित करने हेतु लक्ष्य मिला था जिसके अंतर्गत प्रथम दिन ही लगभग 480 पौधों का रोपण किया गया है। राज्य शासन द्वारा इस लक्ष्य की प्राप्ति हेतु 31 अगस्त की तारीख निर्धारित की गई है।

इस योजना का संक्षिप्त विवरण देते हुए विधायक सुश्री उसेण्डी ने बताया कि यह योजना स्व सहायता समूह की महिलाओं को उनकी आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ने का अवसर प्रदान कर रहा है। इस योजना के तहत 2 स्व सहायता समूह का चयन किया गया है जिसमें प्रत्येक समूह में पांच पांच की सदस्यता होगी एवं प्रत्येक समूह को 500 पौधों का रोपण किया जाना है। समूह की प्रत्येक सदस्य को 100 पौधा रोपण करने हेतु लक्ष्य निर्धारित किया गया है साथ ही पौधारोपण के पश्चात 1 वर्ष तक महिलाओं द्वारा इस पौधे की देखभाल की जाएगी। इस योजना के तहत महिलाओं को मानदेय के रूप में 08 हजार रूपए की सहयोग राशि भी शासन द्वारा दी जाएगी। शुभारभ कार्यक्रम के प्रथम दिवस में ही लगभग 480 पौधों को लगा कर लक्ष्य की आधी पूर्ति हो चुकी है, जिसमें फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया है। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद कोंडागांव के उपाध्यक्ष जसकेतु उसेण्डी, दीपेश अरोरा, टांकेश्वर पाणिग्रही, नगर पालिका परिषद के समस्त पार्षदगण एवं अधिकारी कर्मचारी एवं शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थि रहे।

# कलेक्टर की देखरेख में देर रात तक पीड़ितों की मदद

- सर्वाधिक प्रभावित चूड़ी टिकरापारा के निवासियों को बड़ी राहत
- विधायक चैतराम सहित कई जन प्रतिनिधि मौजूद



**दंतेवाड़ा,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय के नदी तटीय क्षेत्र चूड़ी टिकरापारा जहां विगत दिवस हुई भारी वर्षा ने तबाही मचाई थी वहां के निवासियों को विगत देर रात्रि जिला प्रशासन द्वारा राहत सामग्री यथा सुखी राशन कपड़े कंबल इत्यादि बांटे गए। इस दौरान जिला प्रशासन का संपूर्ण अमला मुस्तैदी से तैनात रहा कलेक्टर कुणाल दुदावत ने अपनी देखरेख में ही सामग्रियों को बंटवाया। इस दौरान जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुनीता भास्कर, नगर पालिका उपाध्यक्ष कैलाश गुप्ता, जनप्रतिनिधि श्रीमती कमला विनय नाग, जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, अपर कलेक्टर राजेश पत्र सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

# बाढ़ पीड़ितों के लिए अफसर-कर्मियों ने दिया एक दिन का वेतन



- कलेक्टर कुणाल ने भी प्रदान की एक दिन की वेतन राशि

**दंतेवाड़ा,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। दंतेवाड़ा जिले में आयी भीषण बाढ़ से जनमानस प्रभावित हुए हैं, जिससे करोड़ों रुपये की संपत्ति का नुकसान हुआ है। कई घर तबाह हो चुके हैं।

इस भयावह परिस्थिति को देखते हुए कर्मचारी-अधिकारी संगठनों, छत्तीसगढ़ शिक्षक साझा मंच द्वारा संवेदनशील पहल करते हुए अपने एक दिन का वेतन सहयोग स्वरूप देने का निर्णय किया गया है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा भी सहयोग स्वरूप एक दिन का वेतन सहायता स्वरूप दिया जा रहा है। इस प्रकार उपरोक्त कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के तहत दी जा रही सहयोग राशि अनुमानित लगभग डेढ़ करोड़ के लगभग होगी जो प्रभावितों को राहत सामग्री के रूप में प्रदान की जाएगी। इस दौरान जिला संयोजक छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन अरविंद यादव, जिला महामंत्री, दिलीप शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी एस.के. अबंस्ट, छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ प्रांत अध्यक्ष संजय सिंह, जिला संचालक अशोक नाग, संतोष मिश्र, उदय शुक्ला सहित अन्य प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# प्रभारी सचिव डॉ. सारांश मित्तर ने ग्राम सुरोखी के राहत शिविर में पहुंचकर बाढ़ पीड़ितों से वस्तुस्थिति का लिया जायजा



- 18 परिवार के 86 लोग राहत शिविर में है मौजूद
- पीड़ित परिवार को हरसंभव मदद का दिया भरोसा

**बीजापुर,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। बस्तर संभाग में लगातार बारिश के कारण बाढ़ की स्थिति निर्मित हुई जिसके चलते प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बस्तर संभाग के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का समीक्षा कर जिले के प्रभारी सचिवों को वस्तुस्थिति का जायजा लेने के निर्देश दिए हैं। उक्त निर्देश के अनुपालन में बीजापुर जिले के प्रभारी सचिव डॉ सारांश मित्तर ने बीजापुर जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का भ्रमण कर बाढ़ पीड़ितों से मिले। बीजापुर जिले में भैरमगढ़ क्षेत्र बाढ़ से प्रभावित हुआ है जिसमें ग्राम सुरोखी के 18 परिवार प्रभावित हुए हैं जिसे राहत शिविर में जिला प्रशासन द्वारा सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। बाढ़ से सुरोखी गांव के 18 परिवार के सभी घर पूर्णत: क्षतिग्रस्त हो चुके है। प्रभारी सचिव ने पीड़ित परिवारों से मिलकर शासन द्वारा हर संभव मदद समय-सीमा में उपलब्ध कराने के लिए आश्वस्त किए वहीं ग्रामीणों से गांव की वस्तुस्थिति की जानकारी लेकर बाढ़ से हुए नुकसानो की जल्द भरपाई करने का भरोसा दिलाया जिसमें सोलर ड्युल पंप को साफ सफाई कराने शुद्ध पेय जल की आपूर्ति सुनिश्चित करने ग्रामीणों की मांग पर सड़क की मरम्मत कार्य कराने की बात कही मौके पर मौजूद मेडिकल टीम से स्वास्थ्य जांच के बारे में जानकारी ली। डॉ मित्तर ने राहत शिविर में मौजूद महिलाओं और बच्चों के सुरक्षा को विशेष ध्यान रखने को कहा। वहीं प्रभावित सभी परिवारों को भी एक दूसरे की मदद कर परस्पर सहयोग की भावना से रहने की अपील की इस दौरान कलेक्टर संबित मिश्रा ने बाढ़ पीड़ितों को हर संभव मदद दिए जाने की जानकारी देते हुए बताया कि बाढ़ से नुकसान का सर्वे भी पूर्ण करा लिया गया है जल्द ही आरबीसी 6-4 के तहत मुआवजा राशि स्वीकृत करने की बात कही।

## गौ विज्ञान परीक्षा



**चारामा,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। गो विज्ञान परीक्षा 2025 26 को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी जिला कांकेर से भेंट किया गया जिला व ब्लॉक में नोडल अधिकारी नियुक्त कर आदेश निकालने हेतु निवेदन किया गया इस अवसर पर गौ सेवा गतिविधि के विभाग संयोजक उत्तम साहू जिला परीक्षा प्रमुख के रूप में हीरालाल साहू जी* विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष कांकेर से मोनू साहू जी बजरंग दल से अखिलेश चंद्रोल जी नीलकंठ राजा साहू तिवारी जी व अन्य कर्मठ कार्यकर्ता साथी की उपस्थिति रही गौ विज्ञान परीक्षा को लेकर सार्थक संवाद श्री निषाद जी जिला शिक्षा अधिकारी से हुई।

# प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना कार्यशाला



**फरसगांव/बड़े राजपुर** , 29 अगस्त (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत आज जनपद पंचायत बड़ेराजपुर में एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जिले में खाद्य पदार्थों के निर्माण के लिए नए सूक्ष्म उद्योग स्थापित करने हेतु मार्गदर्शन प्रदान करना था। इसमें विभिन्न स्वयं सहायता समूहों (स्।त्र) और ग्राम पंचायतों के रोजगार सहायकों ने हिस्सा लिया।

कार्यशाला का आयोजन जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, कोण्डागांव के सहयोग से किया गया। इसमें श्रीमती कुसुमलता नेताम, प्रबंधक, और श्रीमती नम्रता एल्मा, सहायक प्रबंधक ने मुख्य रूप से प्रतिभागियों को योजना के लाभ और आवेदन प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी।

इस दौरान, जनपद पंचायत बड़ेराजपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, एस.एल. देवांगन, ने योजना के महत्व पर प्रकाश डाला साथ ही, कार्यशाला में टिकेन्द्र हिरवानी (डीपीएम), याशिका शरार्डे मांझिनगढ़ कंपनी, और संदीप सरकार शाखा प्रबंधक, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक जैसे गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे, जिन्होंने प्रतिभागियों को वित्तीय सहायता और उद्योग स्थापना से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस कार्यशाला से स्थानीय लोगों को स्वरोजगार के अवसर बढ़ाने और आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलने की उम्मीद है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरुद्ध अभद्र भाषा से आक्रोशित भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूंका राहुल गांधी का पुतला



- अभद्र भाषा बर्दाश्त नहीं, देश के समक्ष माफी मांगे राहुल गांधी : वेदप्रकाश

**जगदलपुर,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। बिहार के दरभंगा जिले में कांग्रेस के मंच से खुलेआम कांग्रेसियों द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अमर्यादित भाषा व गाली का प्रयोग करने की घटना से आक्रोशित भाजपा कार्यकर्ताओं ने आज शुक्रवार को कांग्रेस नेता राहुल गाँधी का पुतला फूंका और कांग्रेस के कृत्य को निम्न स्तर की राजनीति बताकर जमकर नारेबाजी की। स्थानीय गोल बाजार चौराहे में भारी संख्या में एकत्र भाजपा के कार्यकर्ताओं ने राहुल गाँधी का पुतला जलाया। भाजपा जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने कहा कि कांग्रेस का चरित्र कभी नहीं बदल सकता। कांग्रेस स्तरहीन राजनीति पर उतर आयी है और यह कांग्रेस पार्टी के डीएनए में शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरुद्ध अमर्यादित भाषा व गाली की घटना सत्ता से लगातार दूर हो रही कांग्रेस की हताशा है। कांग्रेस नेतृत्व की शह पर यह घटनायें हो रही है। प्रधानमंत्री श्री मोदी को कांग्रेस के मंच से गाली देने की दुर्भाग्यपूर्ण घटना समूचे देश व देशवासियों का अपमान है। जिसे माफ नहीं किया जा सकता। भारतीय जनता पार्टी इसकी कड़े शब्दों में भर्त्सना करती है। आक्रोशित भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा राहुल गाँधी का पुतला फूंक कर विरोध जताया गया है। कांग्रेस नेता राहुल गाँधी देश के समक्ष माफी मांगे। कांग्रेस नेता राहुल गाँधी का पुतला दहन करने के दौरान महापौर संजय पाण्डेय, निगम अध्यक्ष खेम सिंह देवांगन, पश्चिमी नगर मण्डल अध्यक्ष प्रकाश झा, पूर्वी नगर मण्डल अध्यक्ष अविनाश श्रीवास्तव, योगेन्द्र पाण्डेय, नरसिंह राव, आर्येन्द्र आर्य, मनोहर तिवारी, आलोक अवस्थी, सुरेश गुप्ता, राजेन्द्र बाजपेयी, संजय चंद्राकर, अतुल सिम्हा, शशि नाथ पाठक, योगेश शुक्ला, दशरथ गुप्ता,आशा साहू, ब्रिजेश शर्मा, संग्राम सिंह राणा, निर्मल पाणिग्रही, राणा घोष, त्रिवेणी रंधारी,सफीरा साहू, संजय विश्वकर्मा, नरेन्द्र पाणिग्रही, संतोष बाजपेयी, अभय दीक्षित, योगेश ठाकुर, रंजीत पाण्डेय, अमित कपूर, विनय राजू, पंकज आचार्य, हरीश पारेख, पुरूषोत्तम जोशी, बी जयराम, रोहित त्रिवेदी, खगेन्द्र ठाकुर, दिलीप दास, उर्मिला यादव, पूनम सिन्हा, गिरिजा गुप्ता, बसंती समरथ, श्वेता बघेल, नेहा ध्रुव, गायत्री बघेल, माहेश्वरी ठाकुर, यशवर्धन राव, आशुतोष पाण्डेय, राजा यादव,अलका सेंगर, शोभा रानी, गीता नाग, विभा सिंह, करमजीत कौर, दिलीप झा, रौशन झा, दिलीप सुंदरानी,हरीराम मण्डावी, राकेश तिवारी, अखिलेश शुक्ला, लाला महावर, विनीत शुक्ला, वीरेन्द्र जोशी, गणेश नागवंशी, योगेश मिश्रा, कमलेश विश्वकर्मा, बृजेश कपूर,रोहित खत्री, मनी विक्रम नायडू,सुरेश मिश्रा, अनिमेष चौहान, आदर्श ठाकुर, परेश ताटी, योगेश पाणिग्रही, कृष्ण नारायण नाग आदि सहित भारी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल रहे।

## प्रादेशिकी का शेष...

**लोहांडीगुड़ा ब्लॉक में बाढ़...**

कराई जा रही हैं और किसी को भी परेशानी न हो, इसके लिए लगातार निगरानी की जा रही है। इसके अलावा बाढ़ प्रभावितों का हुई क्षति का राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत मुआवजा प्रकरण तैयार कर आर्थिक सहायता राशि वितरण राजस्व विभाग द्वारा किया जाएगा ।

**आयुक्त सहकारिता कुलदीप शर्मा...**

से अधिक हितग्राही लाभान्वित हो सकें। इस अवसर पर संयुक्त आयुक्त सहकारिता बिनोद कुमार बुनकर सहित संभाग के सहायक आयुक्त सहकारिता, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित जगदलपुर, कुंवर सिंह ध्रुव, अतिरिक्त प्रबंधक एसए रजा और सभी सातों जिले के नोडल अधिकारी उपस्थित रहें।

**मुठभेड़ में बड़ी संख्या...**

एसटीएफ और आईटीबीपी (38वीं वाहिनी, 41वीं वाहिनी और 45वीं वाहिनी) की संयुक्त पार्टी टॉरगेट एरिया कसोड़, कुमुरादी, माड़ोड़ा, खोड़पार और गट्टाकाल की ओर नक्सल विरोधी अभियान के लिये रवाना हुई थी। कि कुतुल एरिया कमेटी के क्षेत्र जंगल पहाड़ में माओवादियों के द्वारा पुलिस को जान से मारने और हथियार लूटने की नियत से अंधाधुंध फायरिंग की गई, जिसमें सुरक्षा बालों द्वारा आत्म रक्षा में की गई जवाबी कार्यवाही से भयभीत होकर, माओवादी घनघोर जंगल, नदी-नाले का फायदा उठाकर भाग निकले। मुठभेड़ स्थान का सर्च करने पर डीआरजी और एसटीएफ के जवानों को माओवादियों द्वारा डम्प किए गए भारी मात्रा मे आर्म्स, एम्युनेशन, विस्फोटक सामग्री और नक्सल साहित्य मिली है। अबूझमाड़ क्षेत्र में हो रही मूसलाधार बारिश एवं नदी नाले उफान पर होने के बावजूद सुरक्षा बलों के द्वारा लगातार 5 दिनों तक नक्सल विरोधी गस्त सर्चिंग अभियान संचालित किया गया।

**मेजर ध्यानचंद जयंती पर...**

तथा शिक्षा विभाग की ओर से वाद-विवाद एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। वहीं 31 अगस्त को जिला पंचायत के सहयोग से साइकिल रैली व इंदिरा स्टेडियम में बालक-बालिकाओं के लिए 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर और 800 मीटर दौड़ की एथलेटिक्स स्पर्धाएँ आयोजित की जाएगी। समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण टाउन हॉल, जगदलपुर में किया जाएगा।

## निधन

# वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता अर्चना बाई खोब्रागढ़े का निधन



**राजनांदगांव,** 29 अगस्त। बौद्ध समाज की वरिष्ठ महिला मंडल की सक्रिय कार्यकर्ता अर्चना बाई खोब्रागढ़े (84 वर्ष) का शुक्रवार 29 अगस्त की सुबह लगभग 8 बजे निधन हो गया। अर्चना बाई लंबे समय से सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रहीं और विशेष रूप से बौद्ध समाज के महिला मंडल को सशक्त बनाने में उनका अहम योगदान रहा। वे अपने पीछे पति, तीन पुत्र और तीन पुत्रियों सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। उनका अंतिम संस्कार आज शाम 4.30 बजे लखोली नाका स्थित मुक्तिधाम में किया गया। ज्ञात हो कि वे कन्हैयालाल खोब्रागढ़े की धर्मपत्नी तथा देशबंधु के ब्यूरो चीफ एवं वरिष्ठ पत्रकार दीपांकर खोब्रागढ़े की माता थीं।

# वन मंत्री ने मर्दापाल व बयानार में 1 करोड़ के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन



**कोण्डागांव,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप ने 29 अगस्त को कोंडागांव जिले के मर्दापाल और बयानार में लगभग 01 करोड़ रूपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया, जिसमें मर्दापाल क्षेत्र के लिए 55 लाख रूपए और बयानार क्षेत्र के लिए 45.99 लाख रूपए के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण शामिल है। वन मंत्री ने भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम में क्षेत्रवासियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएँ सुनीं और शीघ्र निराकरण का आश्वासन देते हुए कहा कि राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक व्यक्ति तक पहुँचाया जा रहा है। सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है। जिले के दूरस्थ अंचलों में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए शासन एवं प्रशासन सतत प्रयासरत है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जर्जर विद्यालय भवनों की आवश्यकतानुसार मरम्मत कार्य या नए भवनों का निर्माण कार्य को प्राथमिकता से करें। मंत्री ने विद्यालयों में गठित समितियों की नियमित बैठक सुनिश्चित करने तथा ग्रामीणों और पालकों को बच्चों की पढ़ाई की जानकारी लेने के लिए सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में शासन-प्रशासन के साथ-साथ ग्रामीणों एवं पालकों की भी समान जिम्मेदारी है।

### मर्दापाल में मिनी स्टेडियम सहित कई घोषणाएं की

**11 विकास कार्यों का भूमिपूजन**- भूमिपूजन कार्यक्रम में वन मंत्री ने क्षेत्रवासियों को 01 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों की सौगत दी, जिसमें मर्दापाल के उसलीपारा गगरू घर के पास 6 लाख रूपए की लागत से पुलिया निर्माण कार्य, हथकली में मुख्य मंत्री समग्र ग्राम विकास योजना अंतर्गत 5 लाख रूपए की लागत से आरसीसी पुलिया निर्माण कार्य, प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला मूलनार में 16 लाख रूपए की लागत से आहता निर्माण कार्य, ग्राम पंचायत मटवाल में 6 लाख रूपए की लागत से आरसीसी पुलिया निर्माण कार्य, प्राथमिक शाला गदन तरई में 16 लाख रूपए की लागत से आहता निर्माण कार्य, ग्राम पंचायत पदनार में जयराम के खेत के पास 6 लाख रूपए की लागत से पुलिया निर्माण कार्य शामिल है। इसी प्रकार बयानार क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोंगेरा में रैयसिंह घर के पास 6 लाख रूपए की लागत से पुलिया निर्माण कार्य, मड़ागांव बावड़ी-चमाईपारा में 10 लाख 99 हजार रूपए की लागत से 02 नग आर सीसी स्लैब कल्वर्ट निर्माण कार्य, चेमा में मनीराम के खेत पास 5 लाख 49 हजार रूपए की लागत से स्पॉन पुलिया निर्माण कार्य और तोड़म में 23 लाख 51 हजार की लागत से 5 नग बाजार शेड निर्माण कार्य, सीसी कार्य एवं गार्बेज डिस्पोजल प्रावधान कार्य का भूमि पूजन शामिल है।

वन मंत्री ने मर्दापाल में मिनी स्टेडियम निर्माण, पंचायत भवन के पास रंगमंच निर्माण, मध्यमिक शाला मर्दापाल के लिए वाद्ययंत्र बैड पार्टी प्रशिक्षण एवं सामग्री व्यवस्था, कांगा-पुसपाल पुलिया निर्माण, गोलावंड से हगवा रोड कुरुलुबहार नाला में पुलिया निर्माण, महिषासुर महिला मंडली के लिए वाद्ययंत्र सामाग्री व्यवस्था, स्वास्थ्य केन्द्र भवन से मुख्य मार्ग मर्दापाल के लिए सीसी रोड निर्माण एवं किचन शेड निर्माण की घोषणा की। इसी प्रकार बयानार में जोगी आलवाड में माता गुड़ी निर्माण, गणेश मंदिर राजबेड़ा के लिए मंदिर निर्माण के लिए 20 लाख की स्वीकृति, स्वास्थ केन्द्र परिसर में भूमि का समतली करण, बयानार में खेल मैदान समतलीकरण, पनका समाज के लिए बयानार में समाजिक भवन निर्माण हेतु पांच लाख की घोषणा की।

कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती यशोदा कश्यप, पूर्व विधायक सेवकराम नेताम, जनपद सदस्य रूद्रपताप, मनोज जैन सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# 'वंडर गर्ल' जानवी कौशिक के जन्मदिन पर बुनागांव स्कूल में न्योता भोज का आयोजन




**फरसगांव**, 29 अगस्त (देशबन्धु)। 'वंडर गर्ल' के नाम से मशहूर हो चुकी जानवी कौशिक के जन्मदिन के अवसर पर बुनागाँव संकुल के जनपद प्राथमिक/उच्च प्राथमिक शाला में एक शानदार च्न्योता भोजनज् का आयोजन किया गया। यह आयोजन जानवी के शिक्षित अभिभावक, रविन्द्र कौशिक, ने अपनी होनहार बेटी के जन्मदिन को खास बनाने के लिए किया।

जानवी कौशिक इसी स्कूल की छात्रा हैं, जो अपनी असाधारण प्रतिभा के लिए पूरे जिले में चर्चा का विषय बनी हुई हैं। पढ़ाई के साथ-साथ, उन्होंने विभिन्न जिला स्तरीय कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं में अपनी काबिलियत का लोहा मनवाया है। हाल ही में उन्होंने जिला स्तरीय विज्ञान-गणित मेले और 'कबाड़ से जुगाड़' प्रतियोगिता में अपने बेहतरीन मॉडल्स और संवाद कौशल से लगातार दो वर्षों तक जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनकी बेबाकी और आत्मविश्वास का आलम यह है कि वह जन प्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ भी सहजता से सवाल-जवाब करती हैं, जिसने सभी को आश्चर्यचकित कर दिया है। इसके अलावा, उनकी हिंदी और अंग्रेजी की सुंदर हैंडराइटिंग भी अधिकारियों और नेताओं द्वारा सराही गई है।

जानवी के जन्मदिन पर स्कूल में खीर-पूरी, स्वादिष्ट पकवान और मिठाइयों का वितरण किया गया, जिसका बच्चों ने खूब लुत्फ उठाया। इस अवसर को यादगार बनाने के लिए एक छोटा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें ख्याति, लीना और तमन्ना जैसे नन्हे-मुन्ने बच्चों ने गीत-कविताएं सुनाईं, जबकि दाक्षी, याचना और सुलोक ने मंच संचालन कर सभी का मन मोह लिया।

शिक्षक सूरज नेताम ने बताया कि यह आयोजन छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी च्न्योता भोजनज् योजना का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य समुदाय को स्कूलों से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत अभिभावक और अन्य सम्मानित व्यक्ति तीज-त्यौहार या विशेष अवसरों पर स्वेच्छा से स्कूल में बच्चों के लिए भोजन की व्यवस्था कर सकते हैं। यह पहल बच्चों की शिक्षा और उपस्थिति में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। नियमित रूप से ऐसे आयोजन होने से बच्चे स्कूल आने के लिए उत्साहित रहते हैं, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हो रहा है।इस मौके पर स्कूल के शिक्षकों ने 'वंडर गर्ल' जानवी कौशिक को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और उनके माता-पिता को इस शानदार च्न्योता भोजनज् के लिए धन्यवाद दिया।

# पुलिस अधिकारियों पर पुलिस वाहन से सागौन लकड़ी का अवैध परिवहन करने का आरोप



**कोण्डागांव,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। पुलिस अधिकारियों पर पुलिस वाहन से सागौन लकड़ी का अवैध परिवहन करने का आरोप लगाए जाने का मामला सामने आया है। मामला जिले के वन मण्डल एवं तहसील केषकाल के अंतर्गत आने वाले ग्राम कोहकामेटा क्षेत्र का और 28 अगस्त की रात का होना बताया जा रहा है और सम्बन्धित विडीयो वायरल हुआ है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस वाहन सीजी 03 9778 में सागौन के लट्ठों को लोड करके अवैध रूप से परिवहन किए जा रहे होने की सूचना मिलने पर केशकाल वनमंडल के जिम्मेदार जांच दल व कुछ ग्रामीणों के द्वारा पकड़ लिया गया। लेकिन इस बीच पुलिस वाहन का चालक मौके से फरार हो गया, लेकिन मामले की सूचना जैसे ही अन्य ग्रामीणों को लगी तो ग्रामीण बड़ी संख्या में एकत्रित हो गए और वन विभाग की टीम ने पुलिस वाहन समेत सागौन के लट्ठे को कोहकमेटा डिपो में जप्त करके रखवा लिया था। लेकिन 29 अगस्त की सुबह मामला पूरी तरह पलट गया और अब वन विभाग के अधिकारी यह कहते नजर आ रहे हैं कि पुलिस ने ही अवैध लकड़ी को जप्त किया था और वन विभाग के पास वाहन की व्यवस्था नहीं हो पाने के कारण, पुलिस वाहन से सागौन के लट्ठों को वन मंडल केषकाल तक पहुंचाया गया है। मामले में जानकारों के द्वारा यह प्रष्न उठाया जा रहा है कि प्रारम्भिक दौर में जिन ग्रामीणों एवं वन विभाग के जांच दल के जिन लोगों के द्वारा पुलिस वाहन को रोका गया था, तो वन विभाग की सेवा कर रहे पुलिस वाहन का वाहन चालक मौके से क्यों फरार हो गया।

हालांकि सूत्र यह बताते हैं कि किसी पुलिस अधिकारी के लिए ही अवैध रूप सागौन का अवैध परिवहन करवाया जा रहा था। वन विभाग के द्वारा जो बात अब बताया जा रहा है, वह किसी को हजम नहीं हो रहा है। लोग तर्क दे रहे हैं कि वन विभाग के पास वाहन न हो, ऐसा नहीं हो सकता है।

ज्ञात हो कि पुलिस वाहन में लोड 11 नग सागौन के मोटे-मोटे लट्ठो को ग्राम कोहकामेटा के ग्रामीणों ने अपनी आंखों से देखा और विड़ीयो भी बनाया गया है। जानकारों के द्वारा आरोप लगाया जा रहा है कि मामला पुलिस विभाग से जुडा होने के कारण वन विभाग के अधिकारी भी मामले को दबाने का प्रयास कर रहे हैं।

मामले के जानकारी गांव वालों के द्वारा यह गम्भीर आरोप भी लगाया जा रहा है कि यदि ऐसे ही 11 नग सागौन के लट्ठों से भरा किसी ग्रामीण का वाहन पकड़ाया होता तो अब तक वन विभाग के द्वारा वन अधिनियम के तहत ग्रामीण पर कार्रवाई करनने के साथ ही वाहन को राजसात कर लिया गया होता। ऐसे ही मामलों को देखने के बाद ही पुर्वजों के द्वारा ''समरथ को दोश नहीं'' और ''संय्या भये कोतवाल, तो डर काहे का'' जैसे कहावत बनाए गए हैं।

# समझाईश देने पहुंचे ग्रामीणों पर अतिक्रमणकारियों ने किया पथराव,



- घायल हुए कई ग्रामीणजन, घायलों में जनपद सदस्य भी शामिल
- मूकदर्शक बना रहा, वन और पुलिस अमला

**कोण्डागांव,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। दक्षिण वन मण्डल के वन परिक्षेत्र के शामपुर बीट अंतर्गत आने वाले वन क्षेत्र में बीते कुछ वर्षों के दौरान लगातार अतिक्रमण हो रहे हैं। अतिक्रमण के कारण वन क्षेत्र लगातार सिमटता जा रहा है। वन क्षेत्र पर अतिक्रमण से चिंतित ग्रामीणजन वन को बचाने का प्रयास कर रहे हैं। इसी क्रम में शामपुर के वन क्षेत्र में हो रहे अतिक्रमण को रुकवाने के लिए गुरुवार 28 अगस्त को वन-पुलिस अमला और ग्रामीण अतिक्रमण क्षेत्र में पहुंचे और अतिक्रमणकारियों को समझाईश देने के दौरान अचानक गिरोला के ग्रामीण आक्रोशित हुए और शामपुर के ग्रामीणों पर जमकर पत्थर बरसाने और लाठी-डंडे से मारपीट करने लगे। अतिक्रमणकरियों की ओर से अचानक किए गए पथराव और डण्डे बाजी से काफी संख्या में ग्रामीण घायल हुए, पुलिस ने घायलों को वन विभाग के वाहन से तत्काल जिला अस्पताल भिजवाया। घायलों में शामपुर के जनपद सदस्य अंगदराम पटेल, ग्राम पटेल शामपुर हरेंद्र कुमार सहित अन्य शामिल हैं। ग्रामीणों के साथ मारपीट होने के दौरान पुलिस और वन विभाग का अमला मूकदर्शक बना रहा।

अंगतराम पटेल जनपद सदस्य ने बताया कि मेरे आंख में लगा है, दिखाई नहीं दे रहा है। डॉक्टर इलाज के लिए रायपुर रेफर करने की बात कह रहे हैं। सिर पर चोट लगने से गंभीर रूप से घायल हरेंद्र पटेल ग्राम पटेल शामपुर ने बताया कि वन विभाग के कर्मचारी और पुलिस के साथ शामपुर के ग्रामीण अतिक्रमण स्थल में गए हुए थे। सीमांकन के बाद गिरोला के अतिक्रमणकारियों को समझाइष देने के दौरान अचानक हमारे ऊपर पत्थर फेंके, लाठी डंडे से मारपीट किया गया। वहीं अवैध अतिक्रमण के इस पूरे मामले में वन विभाग के जिम्मेदार अधिकारी कुछ भी कहने से बचते नजर आए।

कौशलेंद्र देव पटेल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोंडागांव ने बताया कि शामपुर और फूका गिरोला के ग्रामीणों के बीच वन सीमांकन का बैठक था। सीमांकन के बाद झड़प में 4 से 5 लोग गंभीर रूप से घायल हुए, 7 से 8 लोग घायल है। मामले में एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्यवाही की जा रही।

# 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न गतिविधियां मेधावी छात्राओं एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का हुआ सम्मान




**कोण्डागांव,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव वर्ष 2025 अंतर्गत जिला मुख्यालय स्थित ऑडिटोरियम में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विद्यालयों के होनहार बालिकाओं एवं उत्कृष्ट कार्य हेतु आंगन बाड़ी कार्यकताओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद के उपाध्यक्ष जसकेतु उसेण्डी ने छत्तीसगढ़ राज्य के रजत महोत्सव के लिए हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य 25 साल पूरा हो रहा है और हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रहा है। प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्य मंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में कई जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए सरकार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। इस कार्य में महिला एवं बाल विकास विभाग के कर्मचारी जमीनी स्तर पर योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। सभी को विकसित छत्तीसगढ़ की कामना के साथ रजत जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम में बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के तहत बाल विवाह के रोकथाम के संबंध में शपथ भी दिलाई गई। साथ ही कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं की 30 मेधावी छात्राओं को पुरस्कृत किया गया और उत्कृष्ट कार्य हेतु 16 आंगन बाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रंगोली, व्यंजन, कुर्सी दौड़ एवं चम्मच दौड़ प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में दिव्या वैद ने प्रथम स्थान, भवानी ढाली ने दूसरा स्थान और मंदाकिनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में खेमलता कोर्राम ने प्रथम स्थान, दम्मी पोयाम ने दूसरा स्थान और पुष्पा पाण्डे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। चम्मच दौड़ प्रतियोगिता में गायत्री मानिकपुरी ने प्रथम स्थान एवं दम्मी पोयाम ने दूसरा स्थान प्राप्त किया है। व्यंजन प्रतियोगिता में शीला देवांगन ने प्रथम स्थान तथा अनिता नाग ने दूसरा स्थान प्राप्त किया है। कार्यक्रम में पार्षदगण संतोष पात्रे, सुषमा खोबरागडे, सुमन शुक्ला, जनपद सदस्य फरसू नेताम सहित एसडीएम अजय उरांव, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग अवनी कुमार बिसवाल, तहसीलदार, जिला बाल संरक्षण अधिकारी, महिला सशक्तिकरण की टीम सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी

# अण्डर ट्रायल रिव्यू कमेटी की मासिक बैठक



**कोण्डागांव,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार 29 अगस्त 2025 को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव श्रीमती किरण चतुर्वेदी के अध्यक्षता में अण्डर ट्रायल रिव्यू कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विचाराधीन कैदियों के मामलों की समीक्षा करना और यह सुनिश्चित करना साथ ही ऐसे कैदियों को अनावश्यक रूप से लंबे समय तक हिरासत में न रखा जाए और उनके कानूनी अधिकारों का संरक्षण हो। बैठक में विभिन्न मामलों की गहन समीक्षा की गई, जिनमें विशेष रूप से उन विचाराधीन कैदियों के मामले शामिल थे जिन्होंने अपनी अधिकतम कारावास अवधि का आधा या उससे अधिक समय हिरासत में बिता लिया है, या जिनके मामले में सुनवाई में अत्यधिक विलंब हो रहा है तथा 13 सितम्बर 2025 को आयोजित नेशनल लोक अदालत में राजस्व प्रकरणों के निराकरण हेतु खण्डपीठ अधिकारी नियुक्त किये जाने तथा अधिक से अधिक राजस्व प्रकरण रखे जाने के संबंध में चर्चा की गई अण्डर ट्रायल रिव्यू कमेटी की बैठक मे वाय अक्षय कुमार पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव, विक्रम प्रताप चन्द्रा जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश कोण्डागांव, श्रीमती रेश्मा बैरागी पटेल मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोण्डागांव तथा कु.गायत्री साय, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव उपस्थित रहे।

# छग मीडिया एसोसिएशन के प्रदेश पदाधिकारी का जिले में हुआ आगमन



- जिले के अध्यक्ष सिद्धार्थ महाजन को घोषित कर जिला पदाधिकारियो की ली बैठक

**कोण्डागांव,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ मीडिया एसोसिएशन प्रदेश के पदाधिकारी का कोडागांव जिले में आगमन हुआ। पुराना रेस्ट हाउस में कोंडागांव में सिद्धार्थ महाजन के नेतृत्व मे जिले के जिला संरक्षक एम.डी.बघेल, उपाध्यक्ष हेमंत कौशिक, जिला सह सचिव यादो देवांगन, जिला कोषाध्यक्ष लोकनाथ निषाद एवं जिला सदस्य बन्नूराम यादव, सचिव चन्दन विश्वास, मीडिया प्रभारी सत्यानंद यादव एवं सर्व समाज के जिला अध्यक्ष धसराज टंडन के द्वारा रायपुर से आए हुए छत्तीसगढ़ मीडिया एसोसिएसन के प्रदेश पदाधिकारी का स्वागत किया गया। प्रदेश पदाधिकारी ने सिद्धार्थ महाजन को संगठन का जिला अध्यक्ष बनाकर कोंडागांव जिले का कमान सौंपा और जिला बॉडी का गठन करने जिला के पदाधिकारी बनाने दायित्व सौंपा। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश रात्रे, प्रदेश उपाध्यक्ष वेद भूषण सनेही, प्रदेश संयोजक दशरथ साहू, प्रदेश कोषाध्यक्ष दीनदयाल साहू, सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला अध्यक्ष धनीराम निराला उपस्थित रहे।

छत्तीसगढ़ मीडिया एसोसिएसन के प्रदेश अध्यक्ष ने संगठन के कार्यों एवं सामाजिक कार्य की योजनाओं का प्रचार-प्रसार व सदस्यों के कार्ड आदि के बारे में चर्चा किया।

# कृषि विज्ञान केन्द्र बोरगांव, में बलराम जयंती पर मनाया गया किसान दिवस




### किसानों को प्राकृतिक और गौ-आधारित खेती के लिए किया गया प्रोत्साहित

**फरसगांव,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। कोंडागांव जिले के कृषि विज्ञान केन्द्र बोरगांव में इस वर्ष भगवान बलराम जयंती को चकिसान दिवसज के रूप में मनाया गया। यह कार्यक्रम कृषि विज्ञान केन्द्र, कृषि विभाग और उद्यानिकी विभाग के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसका मुख्य फोकस किसानों को प्राकृतिक और गौ-आधारित खेती के फायदों के बारे में बताना था।

इस कार्यक्रम की शुरुआत भगवान बलराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसके बाद हुई कार्यशाला में किसानों को खेती की नई तकनीकों और सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे जिला महामंत्री तरुण साना ने किसानों को समाज की रीढ़ बताया और कहा कि यह दिन किसानों के सम्मान के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है।

वरिष्ठ वैज्ञानिक और प्रमुख डॉ. सुरेश कुमार मरकाम ने किसानों को जैविक और प्राकृतिक खेती की महत्ता समझाते हुए कहा कि इससे न केवल आय बढ़ेगी, बल्कि पर्यावरण और स्वास्थ्य की भी रक्षा होगी। सहायक संचालक कृषि, श्री विमल गौतम ने किसानों को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी और उनसे सीधे इन योजनाओं से जुड़ने की अपील की।

सस्यविज्ञान विशेषज्ञ भूपेंद्र ठाकुर ने तिलहन फसलों की खेती और उसके प्रबंधन के बारे में बताया, जबकि पशुधन विशेषज्ञ डॉ. हितेश कुमार मिश्रा ने गौ-आधारित कीटनाशक और घनजीवामृत बनाने की विधियाँ सिखाईं। कार्यक्रम में भारतीय किसान संघ के सदस्यों और प्रगतिशील किसान रामसाय मरकाम ने भी अपने अनुभव साझा किए, जिससे अन्य किसानों को प्रेरणा मिली।

प्रश्नोत्तरी और अनुभव साझा करने का सत्र— कार्यक्रम के दौरान किसानों के लिए एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें उन्हें बीज की किस्मों, उत्पादन तकनीकों और बीमारियों की पहचान से जुड़े सवाल पूछे गए। कार्यक्रम के अंत में किसानों ने विशेषज्ञों से सवाल पूछे और अपने अनुभव साझा किए।

इस दौरान मुख्य रूप से भाजपा जिला महामंत्री तरुण साना, सिंगरपुरी के सरपंच मनीराम मंडावी, सहकारी समिति के अध्यक्ष लतेल राम नायक, प्रगतिशील किसान रामसाय मरकाम, सहित भारी संख्या में किसान मौजूद रहे। किसानों ने कहा कि इस तरह की कार्यशालाएँ उनके लिए बहुत फायदेमंद हैं और वे सीखे गए तरीकों को अपने खेतों में अपनाकर उत्पादन और आय में वृद्धि करेंगे।

CMYK

उल्टा पुल्टा

कंजूस बाप- (बेटे से) मेरी ख्वाहिश है कि तू बड़ा होकर वकील बने.
बेटा- (हैरान होकर) पर क्यों?
बाप- ताकि मेरा काला कोट तेरे काम आ जाए...

# अंतर्राष्ट्रीय ड्रग्स नेटवर्क का भंडाफोड़

# पाकिस्तान का ड्रग्स छत्तीसगढ़ में लाकर सप्लाई करने वाला पाबलो गिरफ्तार

■ पिस्टल, जिंदा कारतूस और मादक पदार्थ समेत 35 लाख का माल बरामद



**रायपुर**, 29 अगस्त (देशबन्धु)। नशे के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन निश्चय के तहत रायपुर पुलिस को अंतर्राष्ट्रीय ड्रग्स नेटवर्क के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है. पाकिस्तान का हेरोइन (चिट्टा) लेकर छत्तीसगढ़ में लाकर सप्लाई करने वाले प्रमुख सप्लायर और रूपिन्दर सिंह उर्फ पिन्दर उर्फ पाबलो को पुलिस ने रंगेहाथों गिरफ्तार किया है आईजी रायपुर रेंज अमरेश मिश्रा और एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह ने इस पूरे मामले का खुलासा किया।

उन्होंने बताया कि एंटी क्राइम और साइबर यूनिट व कबीरनगर थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए आरोपी को कबीरनगर थाना क्षेत्र के वीर सावरकर नगर स्थित बंगाली होटल के पास से घेराबंदी कर पकड़ा। तलाशी में उसके पास से 91 ग्राम अफीम, 87 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) (कीमत लगभग 30 लाख रुपये), 01 देशी पिस्टल और 82 जिंदा कारतूस, 04 मोबाइल फोन जब्त किए गए, जिनकी कुल कीमत करीब 35 लाख रुपये बताई जा रही है.।

**पाकिस्तान से आती थी ड्रग्स की खेप**-पुलिस की पूछताछ में आरोपी पाबलो ने बताया कि उसे पाकिस्तान से हेरोईन (चिट्टा) की खेप पंजाब में मिलती थी। जिसे वह सड़क मार्ग से छत्तीसगढ़ लाकर रायपुर, बिलासपुर, धमतरी समेत कई जिलों में तस्करी करता था और ड्रग सिंडिकेट का संचालन करता था।साथ ही अपनी पहचान छिपाने के लिए उसने 3 अलग-अलग नाम (पाबलो, पाबलो किंग) अपनाए।उसने बताया कि वह हेराइन (चिट्टा) को छत्तीसगढ़ के सिंडिकेट मेंबर जग्गू (पूर्व में गिरफ्तार आरोपी) और डिस्ट्रीब्युटर विजय मोटवानी, सूरज उर्फ भूषण शर्मा को देता था।जिसके बाद वो लोग ग्राहकों को विडियो कॉल और लोकेशन शेयरिंग के माध्यम से पाबलो के दिए गए क्यू आर कोड में ऑनलाई पेमेंट कराने के बाद हेरोईन (चिट्टा) उपलब्ध कराता था

**अन्य आरोपी भी गिरफ्त में**-इस मामले में पुलिस ने रूपिन्दर सिंह के साथ-साथ नौशाद खान, मोहम्मद खान, अरबाज खान को भी गिरफ्तार किया है।इसके अलावा आमानाका थाना क्षेत्र के एक प्रकरण में आरोपी की मां रानो ढिल्लन को भी हिरासत में लिया गया है

**अब तक 42 आरोपी गिरफ्तार, 2 करोड़ 11 लाख की हेरोइन बरामद**-रायपुर पुलिस के अनुसार, ऑपरेशन निश्चय के तहत अब तक 42 आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं और 2 करोड़ 11 लाख रुपये से अधिक की हेरोइन (चिट्टा) बरामद हुई है। रायपुर के अलावा बिलासपुर और धमतरी में भी इस नेटवर्क को ध्वस्त किया गया है।

# 10 दिन बाद विदेश दौरे से आज लौटेंगे मुख्यमंत्री साय



एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत की तैयारी

**रायपुर**, 29 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अपने कार्यकाल का पहला 10 दिवसीय विदेश दौरा पूरा करने के बाद वापस लौटेंगे। वे कल 30 अगस्त को दोपहर नियमित विमान से रायपुर पहुंचेंगे। उनके वापस लौटने पर स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर रायपुर शहर जिला भाजपा ने भव्य स्वागत की तैयारियां की है। इसे लेकर रायपुर शहर जिला भाजपा की गुरुवार को एक तैयारी बैठक हुई। बैठक में सीएसआईडीसी के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, जिलाध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर विशेष रूप से मौजूद रहे।

दोनों भाजपा नेताओं ने बताया कि मुख्यमंत्री के स्वागत के लिए भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहने का आह्वान किया गया है।

भाजपा की तैयारी विमानतल से मुख्यमंत्री निवास तक स्वागत रैली निकालने की है।कार्यक्रम में भाजपा के पधाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रायपुर निवासी नंदकुमार ध्रुव ने लिया संपूर्ण देहदान का संकल्प



■ समाज के लिए बने प्रेरणा स्रोत
■ अंगदान व देहदान पर जिले में 35 लोगों ने दिखाई राह

**रायपुर**, 29 अगस्त (देशबन्धु)।वास्तविक में जीते जी तो हम कुछ नहीं कर सकते इस मरणोपरांत अपना देह किसी के काम आ सके इस आशा के साथ शिक्षा विभाग के संकुल समन्वयक नंदकुमार ध्रुव ने च्प्रोजेक्ट दधीचिज्ज के अंतर्गत संपूर्ण देहदान का संकल्प लेकर समाज के लिए एक प्रेरणादायक मिसाल पेश की है। मुख्यमंत्री प विष्णुदेव साय की मंशानुरूप जिले में प्रोजेक्ट दधीचि का संचालन किया जा रहा है। इसके तहत आमजन आगे आकर अपनी भागीदारी दे रहे है। आज कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने श्री ध्रुव को इस मानवीय निर्णय के लिए शॉल तथा प्रशस्ति पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया।

श्री ध्रुव ने कहा कि च्मैंने महापुरुषों की किताब पढ़कर जाना की वास्तविक में जीते जी अगर हम कुछ नहीं कर सके तो कम से कम मरणोपरांत अपना देहदान कर किसी के नई जीवन के दरवाजे खोल सके, किसी के काम आ सके इस मंशा से मैंने आज अपने संपूर्ण देहदान का संकल्प लिया है। कलेक्टर डॉ सिंह के मार्गदर्शन में संचालित प्रोजेक्ट दधीचि अब तक 35 लोग अंगदान एवं देहदान के माध्यम से जीवनदान का प्रतीक बन चुके हैं। इसका उद्देश्य समाज में अंगदान और देहदान को लेकर जागरूकता फैलाना और भ्रांतियों को दूर करना है। कलेक्टर डॉ. सिंह ने आमजनों से अपील की कि वे भी इस पुनीत कार्य में भागीदारी निभाएं और जरूरतमंदों के लिए जीवन की नई उम्मीद बनें। इस मौके पर निगम आयुक्त श विश्वदीप, जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# भूपेश बघेल ने रविन्द्र चौबे का किया बचाव

## पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा - अनुशासनहीनता का नहीं बनता है मामला





**रायपुर**, 29 अगस्त (देशबन्धु)।प्रदेश कांग्रेस में नेतृत्व परिवर्तन को लेकर पूर्व मंत्री रविन्द्र चौबे द्वारा दिए गए बयान को लेकर घमासान मचा है। श्री चौबे के खिलाफ अनुशासनहीनता को लेकर कारवाई की मांग उठ रही है। इस मामले मे आज पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल उनके समर्थन में खुलकर सामने आ गए हैं।

राजधानी के सुभाष स्टेडियम में आयोजित तीजा-पोरा उत्सव में पूर्व मंत्री रविन्द्र चौबे ने कहा था प्रदेश कांग्रेस का नेतृत्व भूपेश बघेल करे यह जनता की मांग है। जिसके बाद कांग्रेस की सियासत गरमाई हुई है। चौबे के बयान से अनुशासनहीनता को लेकर पार्टी स्तर पर शिकायत होने की भी चर्चा चल रही है। इस बीच पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने रविन्द्र चौबे के बयान को पार्टी अनुशासन के विरुद्ध होने से खारिज किया है।श्री बघेल ने कहा कि मैं नहीं समझता कि इसमें कोई अनुशासनहीनता का मामला बनता है।स्नेहपूर्वक फ्लो में भाषण में बोल दिया जाता है, जो कोई गंभीर विषय नहीं है।

पूर्व मंत्री रवींद्र चौबे के बयान का संदर्भ समझाते हुए भूपेश बघेल ने कहा, उनसे पारिवारिक संबंध है तीज मिलन का कार्यक्रम था संयोग से मेरा जन्मदिन भी था जैसे आशीर्वाद बड़े देते हैं वैसे ही उन्होंने देते हुए स्नेह से वो बात कही उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल संघर्षशील व्यक्ति है और आगे हम सब मिलकर संघर्ष करेंगे और चुनाव जीतेंगे ऐसे बयान समय-समय पर नेता भाषण देते हैं और दिए भी गए हैं ।

बघेल ने कहा, कांग्रेस नेतृत्व को लेकर चौबे ने कहा था कि हमने दीपक बैज के नेतृत्व में अनेक आंदोलन और लड़ाई लड़ी है हाईकमान जिसे भी जिम्मेदारी देता है उनके नेतृत्व में हम काम करते हैं. कांग्रेस में सामूहिक नेतृत्व में चुनाव लड़ा जाता है। मैं नहीं समझता कि इसमें कोई अनुशासनहीनता का मामला बनता है।

**बीजेपी अध्यक्ष पर बघेल ने साधा निशाना**

भाजपा के बयानों को लेकर भूपेश बघेल ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पर निशाना साधा है। साथ ही बस्तर के लोगों की प्राकृतिक आपदा से हुई क्षति में चुप्पी साधने की बात कही है। बघेल ने कहा कि भाजपा षड्यंत्रकारी लोग हैं।इन्हें सिर्फ अवसर चाहिए होता है। कांग्रेस के बयानों को तोड़-मरोड़ कर पेश किया जा रहा है।भाजपा कांग्रेस दोनों के प्रदेश अध्यक्ष बस्तर के है। हमारे अध्यक्ष लगातार बस्तर के लोगों से बातचीत कर रहे। बस्तर में हुए जनहानि को लेकर बीजेपी के अध्यक्ष के मुंह से एक शब्द नहीं निकलता। आज जरूरत किसानों को खाद की है। क़ानून व्यवस्था पर कसावट लाने की है, शिक्षकों की आवश्यकता पूरी करने, बिजली कटौती ठीक करने की जरूरत है, लेकिन भाजपा अध्यक्ष को इन सब से कोई लेना देना नहीं है।

# राजधानी में अब बगैर हेलमेट नहीं मिलेगा पेट्रोल

## 1 सितंबर से जिले में शुरू होगा जागरुकता अभियान



**रायपुर**, 29 अगस्त (देशबन्धु)। रायपुर पेट्रोल पंप एसोसिएशन आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए स्वत: आगे आ कर च्नो हेलमेट नो पेट्रोलज्ज का अभियान जिले में शुरू करने जा रहा है। एसोसिएशन के अध्यक्ष अखिल धगट के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने उप मुख्यमंत्री अरूण साव और कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह को ज्ञापन सौंपा।

श्री धगट ने कहा कि रायपुर में पिछले कई दिनों से सड़क दुर्घटना और उसमें गंभीर रूप से घायल और यहां तक कभी-कभी मौत की अत्यंत दुखद खबरें सामने आ रही है। इसमें यह पाया गया कि इस दौरान अधिकतर दो-पहिया वाहन चालकों ने हेलमेट नहीं पहना था, जिसके कारण दुर्घटना होने पर उन्हें सर में चोट लगी। श्री धगट ने कहा कि अत: एसोसिएशन की बैठक में सामाजिक हित में च्नो हेलमेट नो पेट्रोलज्ज अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। साथ ही यह तय किया गया कि 1 सितंबर से इसकी शुरूआत की जाएगी। जिसमें पंपों में हेलमेट पहनने पर ही दो-पहिया वाहनों को पेट्रोल दिया जाएगा।

उन्होंने आग्रह किया कि इस सामाजिक कार्य में प्रशासन के सहयोग की आवश्यकता होगी जिससे शहर के सभी पेट्रोल पंप में 1 सितंबर से इस अभियान को मूर्त रूप दे सकें। इसके माध्यम से आम नागरिकों को जागरूक किया जाएगा। साथ ही एसोसिएशन ने सभी आम नागरिकों से भी आग्रह किया कि दो-पहिया चलाते समय हेलमेट अवश्य पहनें, यह आप और आपके परिवार के लिए आवश्यक है। इस अभियान में आमजनों का सहयोग चाहिए।

# आदिवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों पर निर्माणाधीन संग्रहालय पूर्णत: की ओर




**रायपुर**, 29 अगस्त (देशबन्धु)।आदिम जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने नवा रायपुर स्थित आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, परिसर में निर्माणाधीन शहीद वीर नारायण सिंह आदिवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संग्रहालय का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बताया कि संग्रहालय निर्माण का कार्य लगभग पूर्णत: की ओर है। अंतिम फिनिशिंग एवं रंग रोगन का कार्य चल रहा हैं।

छत्तीसगढ़ के आदिवासी स्वंत्रंता संग्राम सेनानियों पर बन रहे इस जीवंत संग्रहलय का उदघाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर रजत जयंती एवं जनजातीय गौरव दिवस के मौके पर किया जाना प्रस्तावित है।प्रमुख सचिव श्री बोरा ने इसकी तैयारी के लिए निर्माण कार्य में लगे अधिकारियों की बैठक ली एवम आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संग्रहालय के निर्माण कार्य में लगने वाली प्रत्येक सामग्री उच्च गुणवत्तायुक्त एवं सभी मानकों पर खरी उतरनी चाहिए। साथ ही संग्रहालय के निर्माण में किसी भी प्रकार की कोई वित्तीय अनियमितता ना हो, इसका पूरा ध्यान रखा जाना चाहिए। शहीद वीर नारायण सिंह संग्रहालय में स्वतंत्रता आंदोलन के समय छत्तीसगढ़ में हुए विभिन्न आदिवासी विद्रोहों जैसे हल्बा विद्रोह, सरगुजा विद्रोह, भोपालपट्टनम विद्रोह, परलकोट विद्रोह, तारापुर विद्रोह, लिंगागिरी विद्रोह, कोई विद्रोह, मेरिया विद्रोह, मुरिया विद्रोह, रानी चौरिस विद्रोह, भूमकाल विद्रोह, सोनाखान विद्रोह, झण्डा सत्याग्रह एवं जंगल सत्याग्रह के वीर आदिवासी नायकों के संघर्ष (1923, 1920) एवं शौर्य के दृश्य का जीवंत प्रदर्शन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि निश्चित ही यह संग्रहालय सभी वर्ग के लोगों के लिए एक आकर्षण का केन्द्र एवं प्रेरणास्त्रोत के रूप में बनकर उभरेगा।

संग्रहालय निर्माण का कार्य आगामी 30 सितंबर तक पूरा किए जाने का लक्ष्य है। प्रमुख सचिव श्री बोरा ने कहा कि संग्रहालय के फर्श पर भी ट्राईबल कलाकारों की आर्ट्स को अंकित किए जाने के निर्देश दिए गए। म्यूजियम में अन्य मूर्तियों के साथ-साथ भगवान बिरसा मुंडा एवं रानी गाइडल्यू की मूर्ति लगाने के भी निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि संग्रहालय में डिजिटाइजेशन का कार्य तय समय पर पूर्ण कर लिया जाए। उन्होंने संग्रहालय में खुलने वाली सोवेनियर शॉप को गढ़ कलेवा अथवा ट्रायफेड या अन्य किसी प्रतिष्ठित संस्था को ट्राईबल उत्पाद के अनिवार्य रूप से विक्रय किए जाने की शर्त के साथ दिए जाने के निर्देश दिए।

# विस अध्यक्ष रमन सिंह का डॉ. महंत ने जताया आभार



■ नए विस परिसर में डॉ.भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने का मामला
■ 30 मई को पत्र लिख कर अध्यक्ष को दिया था सुझाव

**रायपुर**, 29 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 25 फीट ऊँची आदमकद प्रतिमा को नव-निर्मित छत्तीसगढ़ विधानसभा परिसर में स्थापित करने की दिशा में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिँह द्वारा लिया गया निर्णय हर्ष और गर्व का विषय है।

चरणदास महंत ने छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिँह का हृदय से धन्यवाद देते हुए कहा कि, इस महत्त्वपूर्ण विषय पर पूर्व में मेरे द्वारा दिये गए सुझाव को आपने संज्ञान में लिया और उसे सार्थक रूप प्रदान किया। यह निर्णय न केवल संविधान निर्माता के प्रति हमारी कृतज्ञता का प्रतीक है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का दीपस्तंभ भी बनेगा।

डॉ. चरणदास महंत ने कहा यह हमारे लिए गर्व का क्षण है कि छत्तीसगढ़ की नवीन विधानसभा में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर को यह स्थान मिला है। इससे विशेष रूप से सतनामी समाज सहित पूरे छत्तीसगढ़ को सम्मान प्राप्त हुआ है। साथ ही इस पहल से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा देशभर में चलाए जा रहे संविधान रक्षा अभियान को भी प्रत्यक्ष रूप से संबल प्राप्त हुआ है। इस संवेदनशील पहल से छत्तीसगढ़ विधानसभा की गरिमा और बढ़ी है। मुझे विश्वास है कि यह प्रतिमा हमें निरंतर सामाजिक न्याय, समानता और लोकतांत्रिक मूल्यों की याद दिलाती रहेगी।

# मुख्यमंत्री ने माडर्न टेक व नेकोरेल को प्रदेश में निवेश के लिए किया आमंत्रित

**रायपुर**, 29 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने दक्षिण कोरिया प्रवास के दौरान ग्रीन मोबिलिटी सॉल्यूशंस की अग्रणी कंपनी ModernTech Corp. और रेल रखरखाव समाधानों की प्रमुख कोरियाई कंपनी हश्वष्टह्रक्र्रढ्ढरुको छत्तीसगढ़ में निवेश और सहयोग के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देना, सतत परिवहन अधोसंरचना का निर्माण करना और रेलवे नेटवर्क को मज़बूत बनाना है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इन दोनों कंपनियों के साथ साझेदारी से छत्तीसगढ़ की स्वच्छ ऊर्जा यात्रा और लॉजिस्टिक्स बैकबोन को नई गति मिलेगी।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने ग्रीन मोबिलिटी सॉल्यूशंस की अग्रणी कंपनी ModernTech Corp. को छत्तीसगढ़ में निवेश के लिए आमंत्रित कर कंपनी को प्रदेश में अत्याधुनिक ईवी चार्जिंग मैन्युफैक्चरिंग यूनिट स्थापित करने का प्रस्ताव देते हुए कहा कि यह परियोजना राज्य को स्वच्छ ऊर्जा और सतत परिवहन अधोसंरचना के क्षेत्र में नई पहचान दिलाएगी।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि राज्य सरकार की औद्योगिक नीति 2024-30, हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने और कार्बन उत्सर्जन कम करने के लक्ष्यों के अनुरूप है। उन्होंने कहा—

छत्तीसगढ़ में ईवी चार्जिंग मैन्युफैक्चरिंग यूनिट की स्थापना से न केवल स्वच्छ ऊर्जा लक्ष्यों को बल मिलेगा, बल्कि प्रदेश की जनता को बेहतर और आधुनिक परिवहन अवसंरचना भी उपलब्ध होगी। यह पहल भविष्य की पीढ़ियों को स्वच्छ पर्यावरण का उपहार देने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित होगी। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि इस निवेश से स्थानीय युवाओं के लिए व्यापक रोज़गार अवसर सृजित होंगे, राज्य में हरित तकनीकी कौशल का विकास होगा और ग्रामीण-शहरी क्षेत्रों में सतत परिवहन नेटवर्क को गति मिलेगी। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि ModernTech Corp. का अनुभव और विशेषज्ञता छत्तीसगढ़ की ऊर्जा संक्रमण यात्रा को तेज़ करेगी। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने बताया कि प्रस्तावित परियोजना से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा तथा स्थानीय स्तर पर घटक निर्माण इकाइयों को भी बढ़ावा मिलेगा। इससे छत्तीसगढ़ हरित ऊर्जा के क्षेत्र में एक उभरते हुए राष्ट्रीय हब के रूप में स्थापित होगा।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने ModernTech Corp. के प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि राज्य सरकार निवेशकों को हर संभव सहयोग प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि प्रक्रियाओं को सरल और पारदर्शी बनाया गया है, ताकि निवेशक बिना किसी बाधा के अपने प्रोजेक्ट को शीघ्रता से क्रियान्वित कर सकें। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दक्षिण कोरिया प्रवास के दौरान NECORAIL के सीईओ डोंग पिल पार्क से मुलाकात की। यह कंपनी कोरिया की अग्रणी रेल मेंटेनेंस समाधान प्रदाता है।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री और कंपनी के प्रतिनिधियों के बीच स्थानीय मैन्युफैक्चरिंग, तकनीकी हस्तांतरण और रेलवे अधोसंरचना विकास में सहयोग की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई।

# पेंशन अपडेशन की मांग पर रिटायर्ड बैंकर्स हुए लामबंद




**रायपुर**, 29 अगस्त (देशबन्धु)।शुक्रवार को होटल सॉलिटेयर के सभागृह में संपन्न छत्तीसगढ़ स्टेट सेंट्रल बैंक रिटायरीज फेडरेशन की मीटिंग के मुख्य अतिथि एस एम देशपांडे, अध्यक्ष - ऑल इंडिया बैंक रिटायरीज़ फेडरेशन ने सेवानिवृत्त बैंक अधिकारी और कर्मचारी को संबोधित करते हुए जीएसटी के प्रस्तावित नए स्लैब से मेडिक्लेम पॉलिसी की प्रीमियम दरों में कमी के संकेत दिए तथा बैंकर्स के हितों से जुड़े लंबित न्यायालयीन प्रकरण की प्रगति पर प्रकाश डालते हुए आश्वस्त किया की थोड़ा धैर्य रखें, आपको अपने जीवन काल में ही पेंशन अपडेशन का लाभ मिलेगा। अध्यक्ष एम के अग्रवाल, महासचिव ने घोषणा की कि संगठन का राष्ट्रीय अधिवेशन अगले वर्ष 17, 18, 19 जनवरी को रायपुर में होगा। महासचिव आर जी हिशिकर ने मेडिक्लेम के त्वरित निपटान में टी पी ए द्वारा प्रदत्त सहयोग की तारीफ करते हुए समझाइश दी गई कि सदैव कैशलैस ट्रीटमेंट पर जोर दें।

मंचासीन विशेष अतिथि एस के मुखर्जी तथा जी के श्रीवास्तव ने आयोजन की प्रासंगिकता की प्रशंसा करते हुए पेंशनर्स को अपने हितों के प्रति सजग और एकजुट रहने की सलाह दी। क्षेत्रीय सचिव निरंजन सिंह यादव ने बताया कि मीटिंग में विभिन्न बैंकों यथा यूनियन बैंक स्टेट बैंक, देना बैंक, बैंक ऑफ़ इंडिया, इलाहाबाद बैंक डेलीगेट्स ने अपने-अपने सकारात्मक विचार और सुझाव रखे। कोषाध्यक्ष कमल जैन ने आभार प्रदर्शन पूर्व मीटिंग को भव्य और सफल बनाने में सक्रिय संयोजक एच पी देवांगन, एस एल छत्री, सु दीक्षा डोंगरे, पी चोपकर, सुशील मिश्रा, अनिल अवधिया, एन के शर्मा, सुरेश सवैया, धर्मेंद्र अग्रवाल द्वारा प्रदत्त सहयोग की सराहना करते हुए हाल ही में पूरे देश में प्राकृतिक आपदा से काल कलवित हुए भारतीयों के प्रति संवेदना प्रकट की। राष्ट्रगान के पूर्व चेयरमैन सुरेश बानी जी की बहू के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन धारण किया गया।

## राजधानी में गणेशोत्सव की धूम


शिव वाटिका, सुंदर नगर


श्री शिवाय गणेश मित्र मंडल, अश्वनी नगर


रोमी सोनी कुंज गणेशोत्सव समिति, कोटा


श्रीश्री आकाश गणेश दुर्गा उत्सव समिति, चूनाभट्ठी

# खेलों में भी छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया का दर्जा हासिल करना है : अरूण साव

**रायपुर,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। उप मुख्यमंत्री तथा खेलकूद एवं युवा कल्याण मंत्री अरुण साव आज राजधानी रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में राष्ट्रीय खेल दिवस के आयोजन में शामिल हुए। हॉकी के जादूगर के नाम से मशहूर मेजर ध्यानचंद की जयंती पर पूरे देश में आज राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जा रहा है। कार्यक्रम में उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर उनका पुण्य स्मरण किया गया

श्री साव ने कार्यक्रम में रायपुर प्रीमियर लीग के आयोजन की घोषणा की। उन्होंने कहा कि सभी संभागीय मुख्यालयों में इसके आयोजन के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने ऑडिटोरियम में मौजूद सभी लोगों को फिट रहने के लिए मैदान पर जाकर खेल खेलने और इसके लिए दूसरों को भी प्रेरित करने की शपथ दिलाई। श्री साव और अन्य अतिथियों ने राज्य में खेल आयोजनों, खेल अलंकरण, युवा महोत्सव, खेल की सुविधाओं तथा खेलकूद एवं युवा कल्याण विभाग की योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। सांसद बृजमोहन अग्रवाल, राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे, बैडमिंटन खिलाड़ी श्रेयांश जायसवाल, फुटबाल खिलाड़ी सुश्री किरण पिस्दा और



आईपीएल क्रिकेटर शशांक सिंह भी राष्ट्रीय खेल दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए।

**राजधानी में प्रीमियर लीग का होगा आयोजन**

श्री साव ने कार्यक्रम में खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल के मैदान में पूरे मनोयोग से उतरें, पूरे जोश और जज्बे के साथ खेलें। मैदान पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को मान-सम्मान, करियर, नौकरी, धन सभी प्राप्त होता है। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल की नई तकनीकों और उपकरणों से अपडेट रहने तथा अपनी फिटनेस व खेल सुधारने के लिए इनका उपयोग करने को कहा। उन्होंने खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि खेल के क्षेत्र में भी पूरा देश छत्तीसगढिया सबले बढिया कहे, इसके लिए मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दें।

उन्होंने कहा कि कि फिट रहने के लिए हर व्यक्ति को रोज कम से कम एक घंटा कोई न कोई खेल खेलना चाहिए।

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि स्वस्थ रहने के लिए खेलना जरूरी है। उन्होंने स्कूलों और कॉलेजों के बच्चों को मैदान में खेलने के लिए उतरने को कहा। खेलना, इनाम और पदक जीतने से ज्यादा महत्वपूर्ण है। श्री अग्रवाल ने बताया कि फिट इंडिया मुहिम के तहत सभी सांसदों को खेलों का आयोजन करना है। वे इस आयोजन में रायपुर और बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के दस हजार खिलाड़ियों को शामिल करने जा रहे हैं। कार्यक्रम में 21 सितम्बर से 25 दिसम्बर तक आयोजित होने वाले सांसद खेल महोत्सव का लोगो भी जारी किया गया।

**रायपुर निगम में स्वच्छता के ब्रांड एम्बैसडर होंगे चार प्रसिद्ध खिलाड़ी:** उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कार्यक्रम में मौजूद चार प्रसिद्ध खिलाड़ियों को स्वच्छता के लिए रायपुर नगर निगम का ब्रांड एम्बैसडर बनाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि ये खिलाड़ी रायपुर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए लोगों को प्रेरित कर जनसहभागिता बढ़ाएंगे। मंच पर मौजूद अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे, बैडमिंटन खिलाड़ी श्रेयांश जायसवाल, फुटबाल खिलाड़ी सुश्री किरण पिस्दा और आईपीएल क्रिकेटर शशांक सिंह ने उप मुख्यमंत्री श्री साव के अनुरोध पर ब्रांड एम्बैसडर बनने के लिए अपनी सहमति प्रदान की।

## केंद्रीय वित्तमंत्री से मिला चेंबर प्रतिनिधिमंडल



**रायपुर,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी के नेतृत्व में चेंबर प्रतिनिधिमंडल ने नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री, श्रीमती निर्मला सीतारमण से सौजन्य भेंट मुलाकात की। इस भेंट वार्ता में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) प्रणाली के सरलीकरण और युक्तियुक्तकरण से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई।

**21 सूत्रीय सौंपा ज्ञापन**

प्रतिनिधिमंडल जीएसटी काउंसलिंग के पूर्व बैठक से वित्त मंत्री को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा, जिसमें जीएसटी प्रणाली को और अधिक व्यापारी-हितैषी बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। ज्ञापन में विशेष रूप से छोटे और मध्यम व्यापारियों को होने वाली परेशानियों पर ध्यान केंद्रित किया गया है और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासनिक और तकनीकी सुधारों की मांग की गई है। संरक्षक व पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी ने धारा 71 के का दुरुपयोग पर आपत्ति जताते हुए वित्त मंत्री को अवगत कराया कि इससे व्यापारियों को अनावश्यक दबाव एवं ज़बरदस्ती की स्थितियों का सामना करना पड़ रहा है। इस पर वित्त मंत्री ने तुरंत संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों से जानकारी मंगवाने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही चेंबर ने वित्त मंत्री के समक्ष 21 सूत्रीय मांग रखते हुए प्लाई बोर्ड, गोल्ड, इलेक्ट्रॉनिकस, खाद्य पदार्थ पर जीएसटी दर की कम करने, मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर पर जीएसटी का रिबेट करने, बैंक द्वारा रेपो रेट से सम्बंधित आदेश का पालन नहीं करने पर आवश्यक कार्यवाही करने, अपील फाइल करने के लिए एक एमनेस्टी स्कीम लाया जाए जो भी पुराने मामले में अपील फाइल करने का मौका देने, ट्रिब्यूनल का जल्द गठन सुनिश्चित किया जाए।

## शराब घोटाला: ओम साई बेवरेज कंपनी के 2 डायरेक्टर 6 तक रिमांड पर

**रायपुर,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में ने आज अतुल सिंह और मुकेश मनचंदा को रायपुर स्पेशल कोर्ट में पेश किया. कोर्ट ने मामले में सुनवाई करते हुए दोनों आरोपियों को 6 सितंबर तक की रिमांड पर सौंपा दिया है. अब ईओड्ब्ल्यू शराब घोटाला मामले में दोनों आरोपियों से कड़ी पूछताछ करेगी., अतुल सिंह और मुकेश मनचंदा ओम साई बेवरेज कंपनी के डायरेक्टर हैं और छत्तीसगढ़ शराब घोटाले के मुख्य आरोपियों से इनके पुराने संबंध थे. छत्तीसगढ की टीम ने बीते दिन (गुरुवार) को झारखंड जेल में बंद दोनों आरोपियों को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर रायपुर रवाना हुई थी और आज शुक्रवार को विशेष न्यायालय में पेश किया.

## एमएमआई नारायणा अस्पताल में पहला रिट्रीवेबल लीडलेस पेसमेकर इम्प्लांटेशन सफल

**रायपुर,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। बाल चिकित्सा हृदय देखभाल में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए, एमएमआई नारायणा अस्पताल, रायपुर ने 14 वर्षीय बालक पर भारत का पहला रिट्रीवेबल लीडलेस पेसमेकर इम्प्लांटेशन सफलतापूर्वक संपन्न किया। यह जटिल जन्मजात हृदय रोगों के उपचार में एक बड़ी प्रगति है। इस बालक ने पहले 2 वर्ष की आयु में दिल्ली के एक अन्य अस्पताल में आरवी से एपी कंडुइट के साथ इंट्राकार्डियक रिपेयर करवाया था। 5 वर्ष की आयु में उसे कंप्लीट हार्ट ब्लॉक हो गया, जिसके बाद 29 अक्टूबर 2024 को एमएमआई नारायणा अस्पताल में ड्यूल-चैंबर पेसमेकर लगाया गया। वह सेंट्रल इंडिया में ऐसा कराने वाला सबसे कम उम्र का मरीज बना। फरवरी 2024 में बालक को पल्स जनरेटर बदलने की आवश्यकता हुई। परंतु निकेल एलर्जी के संदेह के कारण पेसमेकर का पल्स जनरेटर बार-बार बाहर निकलने लगा, जिसके चलते लगभग 4 बार पुन: स्थिति सुधारने की आवश्यकता पड़ी। बच्चे की उम्र और भविष्य में 16-17 साल बाद बैटरी खत्म होने के बाद पुन: डिवाइस बदलने की जरूरत को ध्यान में रखते हुए, कार्डियोलॉजी टीम ने रिट्रीवेबल लीडलेस पेसमेकर लगाने का निर्णय लिया। यह प्रक्रिया 21 अगस्त 2025 को डॉ. सुमंता शेखर पाधी के नेतृत्व में, प्रोक्तर डॉ. बलबीर सिंह के सहयोग और जनरल एनेस्थीसिया के तहत सफलतापूर्वक पूरी की गई। डॉ. सुमंता शेखर पाधी, वरिष्ठ सलाहकार क्ष् कार्डियोलॉजी, एमएमआई नारायणा अस्पताल, रायपुर ने। इस चुनौतीपूर्ण प्रक्रिया को सफल बनाने में कार्डियोलॉजी टीम (डॉ. किंजल बक्शी, डॉ. सुनील गौनीयाल, डॉ. स्नेहिल गोस्वामी), कार्डियक सर्जिकल टीम (डॉ. हरी कुमार पीके, डॉ. मोहम्मद वसीम खान) और कार्डियक एनेस्थेटिक टीम (डॉ. अरुण अंडप्पन और डॉ. राकेश राजकुमार चंद और डॉ धर्मेश लाड) का संयुक्त योगदान रहा।




## घर बैठे कमाई का झांसा देकर ठगी

**रायपुर,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। तेलीबांधा इलाके में एक युवती ऑनलाइन ठगी की शिकार हो गई। उसे फेसबुक पर साइबर ठगों ने घर बैठे पैसे कमाने का झांसा देते हुए विज्ञापन दिया था। युवती ने उत्सुकतावश उसमें दिए मोबाइल नंबरों पर कॉल किया। इसके बाद उन्हें अलग.अलग टॉस्क देकर निवेश में भारी कमाई के नाम पर 15 लाख से अधिक रुपए ठग लिए। इसकी शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफअपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस के मुताबिक केयूरी के फेसबुक में एक विज्ञापन दिया था। इसमें दिए नंबरों पर संपर्क किया तो उन्हें एक वाट्सऐप गुप्र में जोड़ा गया। गुप्र में रोज घर बैठे 1000 से 5000 रुपए कमाई कराने का दावा किया गया। महिला को बताया गया कि उनकी कंपनी फ्लिपकार्टए अमेजनए मिंत्रा मीशो स्नैपडील के सहयोग वाली ई.कॉमर्स कंपनी है। इसमें प्रोडक्ट का ऑनलाइन रेटिंग और प्रचार करने पर पैसा दिया जाता है।

**युवती से 15 लाख से अधिक की ठगी**

**मुनाफे के लालच में 15.29 लाख गंवाए**

इसके बाद महिला को टॉस्क दिया गया जिसमें उन्हें एक हाथ घड़ी का फोटो और लिंक भेजा गया। उसे लाइक करके स्क्रीनशॉट भेजने कहा। उन्होंने स्क्रीनशॉट भेजा। इसके बाद रजिस्ट्रेशन कराया। इसके एवज में उनसे 200 रुपए देने कहा। महिला ने 200 रुपए ऑनलाइन दे दिए। इसके बदले महिला को 300 रुपए बोनस मिला। इसके बाद उन्हें एक अलग वाट्सऐप गुप्र में जोड़ा गया। उन्हें पैसे लगाने पर और ज्यादा मुनाफा होने का लालच दिया गया। महिला ने कुछ रकम लगाई तो उन्हें 5 हजार रुपए का फायदा हुआ। इसके बाद उनसे और पैसा अलग.अलग बैंक खातों में जमा करवाया गया। इस तरह ठगों ने उनसे कुल 15 लाख 29 हजार 517ण्55 रुपए जमा करवा लिएए लेकिन मुनाफा नहीं मिला। इसकी शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू की है।

## निधन

### वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता अर्चना बाई खोब्रागढ़े का निधन



**राजनांदगांव,** 29 अगस्त। बौद्ध समाज की वरिष्ठ महिला मंडल की सक्रिय कार्यकर्ता अर्चना बाई खोब्रागढ़े (84 वर्ष) का शुक्रवार 29 अगस्त की सुबह लगभग 8 बजे निधन हो गया। अर्चना बाई लंबे समय से सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रहीं और विशेष रूप से बौद्ध समाज के महिला मंडल को सशक्त बनाने में उनका अहम योगदान रहा। वे अपने पीछे पति, तीन पुत्र और तीन पुत्रियों सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। उनका अंतिम संस्कार आज शाम 4.30 बजे लखोली नाका स्थित मुक्तिधाम में किया गया। ज्ञात हो कि वे कन्हैयालाल खोब्रागढ़े की धर्मपत्नी तथा देशबंधु के ब्यूरो चीफ एवं वरिष्ठ पत्रकार दीपांकर खोब्रागढ़े की माता थीं।

### बसंत राव सरडे

**रायपुर,** 29 अगस्त। ब्रम्हपुरी निवासी बसंत राव सरडे का 83 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी मुक्तिधाम में शाम 3 बजे किया गया। वे वैशाली और पंकज के पिता थे।

### चंद्रशेखर चंद्राकर



**महासमुंद,** 29 अगस्त। बागबाहरा क्षेत्र के ग्राम खुसरूपाली निवासी चंद्रशेखर चंद्राकर बल्लू का गुरुवार सुबह आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 28 अगस्त को दोपहर 12 बजे ग्राम खुसरूपाली खल्लारी में किया गया।

### मनहरण लाल साहू



**महासमुंद** 29 अगस्त। स्थानीय शंकर नगर निवासी मनहरण लाल साहू सेवानिवृत्त कृषि विस्तार अधिकारी 64 वर्ष का शुक्रवार को निधन हो गया। वे लोकश साहू पटवारी, इंदेश साहू के पिता थे। अंतिम संस्कार उनके पैतृक ग्राम चपरीद समोदा में किया गया। इस दौरान गणमान्य जन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## साइबर ठगी के करोड़ों रुपए खातों में होल्ड

**रायपुर,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। साइबर ठगी के शिकार लोग दोतरफा मार झेल रहे हैं। एक तो साइबर ठग उनकी जीवनभर की मेहनत की कमाई एक झटके में पार कर देते हैं तो दूसरा अगर ठगी की कुछ राशि पुलिस वाले होल्ड करवा भी लेते हैंए तो उसे बैंक वाले वापस नहीं कर रहे हैं। कोर्ट भी होल्ड राशि को पीड़ितों को वापस करने का ऑर्डर जारी कर चुका हैए फिर भी बैंक वाले रिफंड नहीं कर रहे हैं। साइबर ठगी के पीड़ित कोर्ट का ऑर्डर लेकर बैंकों के बार.बार चक्कर काट रहे हैं। रायपुर जिले में 20 से ज्यादा ऐसे मामले हैं जिसमें न्यायालय ने होल्ड राशि पीड़ितों को वापस करने का आदेश दे दिया है लेकिन बैंकों ने यह राशि वापस नहीं की है।

**बैंक वाले नहीं लौटा रहे, कोर्ट ऑर्डर लेकर घूम रहे लोग**

### कई लोगों का फंसा है पैसा हो रहा नुकसान

साइबर ठगी के शिकार अतुल, नवीन, तेजू यादव जैसे कई पीड़ित हैं जिनके मामलों में होल्ड हुए लाखों रुपए उन्हें वापस करने का आर्डर न्यायालय ने दिया है। इसके बावजूद बैंक वाले रकम वापस नहीं कर रहे हैं। पुलिस और कोर्ट की ओर से रकम वापसी की प्रक्रिया पूरी हो गई लेकिन अब मामला बैंकों में फंस रहा है। अतुल और नवीन का कहना है कि कोर्ट के ऑर्डर लेकर कई बार बैंकों के चक्कर काट चुके हैं। बैंक वाले घुमा रहे हैं। कई बार दूसरे बैंकों से होल्ड होने का कारण बताते हैं। इससे हमारा काफी नुकसान हो रहा है।

**रायपुर पुलिस की पहल:** साइबर ठगी के मामले हर साल बढ़ रहे हैं। ठगी की राशि वापस मिलना भी काफी मुश्किल हो गया है। रायपुर पुलिस ने करीब दो साल पहले साइबर ठगी में होल्ड राशि को पीड़ितों को वापस करने की प्रक्रिया शुरू की थी। इसके तहत साइबर ठगी की शिकायत मिलते ही ठगों द्वारा जिन बैंक खातों में पीड़ित का पैसा ट्रांसफर होता हैए पुलिस उन बैंक खातों को होल्ड करवा देती है। इससे ठग उन खातों से राशि को निकाल नहीं पाते हैं। बाद में एफआईआर के बाद यह राशि पीड़ित को न्यायालय के आदेश पर वापस मिलता है। इसके लिए पीड़ित कोर्ट में सुपुर्दनामा के लिए आवेदन लगाता है। इसकी सुनवाई के दौरान कोर्ट पुलिस से एनओसी लेती है। इसके बाद पीड़ित को होल्ड राशि वापस करने का आदेश देती है। प्रदेश में होल्ड राशि वापस होने की प्रक्रिया काफी धीमी है। यह ठगी की कुल राशि का महज 0.2 फीसदी ही है।

## भूपेश बघेल और छग सिक्ख अधिकारी संघ ने मनतृप्त कौर का किया सम्मान



**रायपुर,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और छग सिक्ख अधिकारी संघ ने राष्ट्रपति रोवर रेंजर अवॉर्डज्ज से सम्मानित रेंजर मनतृप्त कौर संधु का सम्मान किया।

इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा मनतृप्त ने यह पुरस्कार प्राप्त कर संपूर्ण छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाया है। यह हमारे लिए गर्व का क्षण है। मैं ईश्वर से उनके उज्ज्वल भविष्य एवं जीवन की सफलता की कामना करता हूं।

कार्यक्रम के दौरान शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गिरीश दुबे अरुण जंघेल दीपा बग्गा श्रीनिवास बंशी कन्नौजे नवीन लाजारस सहित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

छत्तीसगढ़ ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसियेशन व्दारा होटल ब्लू बेरी में मोमेन्टो ऑफ आर्नर से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मनतृप्त कौर के पिता गुरुजीत सिंह संधु प्रमुख सलाहकार छत्तीसगढ़ चेम्बर्स ऑफ कामर्स तथा माता श्रीमती पवनजीत कौर संधु उपस्थिति थी। कार्यक्रम में एसोसियेशन के संयोजक जी.एस. बॉम्बरा ने संबोधित करते हुए कहा मनतृप्त की इस उपलब्धि से पूरा छतीस्गढ़ और सिक्ख समाज गौरान्वित हुआ है।

## पत्नी की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। महिला ने जिस पति की लंबी उम्र के लिए तीजा पर व्रत रखाए उसी पति उपवास के एक दिन बाद उसकी जान ले ली। मायके गई पत्नी को पहले घर लायाए फिर लोहे के रॉड से मारकर पत्नी को मौत के घाट उतार दिया। हाथ में खून से सना रॉड लेकर लह थाने पहुंचा और बोला. मैंने अपनी बीवी को मार डालाए मुझे गिरफ्तार कर लो। पुलिस भी इस घटना को सुनकर चौंक गई और पहले आरोपी के हाथ से रॉड जब्त किया। फिर आरोपी को पकड़कर लॉकअप में डाला। पूरा मामला राजधानी रायपुर के अभनपुर के टोकरो गांव का है। मिली जानकारी टोकरो गांव के रहने वाले मुकेश सेन अपनी पत्नी प्रियंका सेन की चरित्र पर शंका करता था। तीजा पर पत्नी प्रियंका अपने मायके तीज का त्यौहार मनाने गई हुई थी। उसने तीज का व्रत रखा। उपवास के दूसरे दिन मुकेश मायके पहुंच गया और कहने लगा कि उसे उसके पिताजी घर से भगाना चाहते हैं। मुझे डर लग रहा है इसलिए प्रियंका को लेने आया हूं। हम दोनों साथ रहेंगे तो मेरे पिताजी कुछ नहीं कर पाएंगे। आरोपी पति के ऐसा कहने पर प्रियंका अपने पति के साथ जाने के लिए राजी हो जाती है। 27 अगस्त के शाम रात 10 बजे मुकेश अपनी पत्नी प्रियंका के कैरेक्टर पर शक करते हुए झगड़ा कर रहा था। इसके बाद उसने रॉड से हमला कर अपनी पत्नी को मौत के घाट उतार दिया।

पुलिस से पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसे शक था कि उसकी पत्नी उसके पीठ पीछे किसी और मर्द से मिलती थी। उसके साथ उसके जिस्मानी संबंध थे और इस बात को लेकर उन दोनों के बीच लड़ाई झगड़ा होते ही रहता था। उसने ने अपनी पत्नी से अफेयर को लेकर सवाल किया। विवाद इतना बढ़ गया कि पति ने पहले से ही अपने कमरे में रखे लोहे की रॉड से अपने पत्नी की सर पर ताबड़तोड़ वार कर दिया। गंभीर अवस्था में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गयाए जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

**मायके वालों ने लगाए ये गंभीर आरोप:** वहीं मृतिका के मायके वालों का कहना है कि आरोपी मुकेश सेन और उसका पूरा परिवार प्रियंका सेन को दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। मारपीट के चलते प्रियंका दो बार अपने पति को छोड़कर मायके में आकर बैठ गई थीए जिसे सामाजिक बैठक कर समझा बुझाकर वापस उसके ससुराल भेजा गया था।


छत्तीसगढ़ औद्योगिक नगर को देश का अग्रणी
औद्योगिक राज्य बनाने हेतु संकल्पित डबल इंजन की सरकार में
विष्णु के सुशासन में निवेश का हब बन रहा छत्तीसगढ़
प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय
श्री विष्णुदेव साय जी
के सफल जापान एवं दक्षिण कोरिया प्रवास उपरांत
छत्तीसगढ़ आगमन पर
हार्दिक अभिनंदन !
विकसित व्यापार का
आधार- चेम्बर परिवार
श्री श्रीचंद सुन्दरानी जी
अध्यक्ष एकता पैनल
भूत पूर्व विधायक, रायपुर उत्तर
श्री बलदेव भाटिया जी
श्री चेतन तारवानी जी
श्री निकेश बरड़िया जी
प्रदेश कोषाध्यक्ष
श्री सतीश थौरानी जी
प्रदेश अध्यक्ष
श्री अजय भसीन जी
प्रदेश अध्यक्ष
श्री ललित जैसिंघ जी
कार्यकारी अध्यक्ष
श्री राजेश वासवानी जी
कार्यकारी अध्यक्ष
श्री राधा किशन सुन्दरानी जी
जसप्रीत सिंह सलूजा
श्री विनय बजाज जी
श्री महेंद्र आहूजा जी
श्री संतोष लोहाना जी
श्री विनोद तलरेजा जी
श्री कमल सोनी जी
श्री दिलीप इसरानी जी
श्री गोविन्द वाधवानी जी
श्री राजू तारवानी जी
श्री हरिराम तलरेजा जी
श्री वासु जोतवानी जी
श्री जीतू शादिजा जी
श्री लखविंदर सिंह भुई जी
श्री लोकेश चंद्रकांत जैन जी
श्री भरत पमनानी जी
श्री भरत प्रधनानी जी
श्री राजेश थौरानी जी
श्री मयूर थौरानी जी
श्री आकाश धावना जी
श्री वासिम खेमानी जी
छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज

उल्टा पुल्टा

कंजूस बाप- (बेटे से) मेरी ख्वाहिश है कि तू बड़ा होकर वकील बने.
बेटा- (हैरान होकर) पर क्यों?
बाप- ताकि मेरा काला कोट तेरे काम आ जाए...

# बारिश, आंधी-तूफान से बुरी तरह ठप्प पड़ी बिजली आपूर्ति व्यवस्था अब बहाल



**दुर्ग,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। हाल ही में आए आंधी.तूफान ने दुर्ग जिले में बिजली आपूर्ति को बुरी तरह प्रभावित किया, जिससे लगभग 71 स्थानों पर पेड़ की शाखाएं बिजली की लाइनों पर गिर गई और 64 बिजली खंभे क्षतिग्रस्त हो गए। लेकिन सीएसपीडीसीएल दुर्ग के कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशों का पालन करते हुए, पूरी तत्परता के साथ काम किया और कुछ ही घंटों में बिजली आपूर्ति को सामान्य कर दियाए जिससे चंद घंटों में ही क्षेत्र में रोशनी लौट आई।

26 अगस्त को रात्रि साढ़े 12 पर आए आंधी.तूफान के कारण दुर्ग रीजन के 133 क्षेत्र के फीडर ट्रिप हो गए थे। इसके बाद बिजली विभाग के कर्मचारी एवं आउटसोर्स कर्मचारी तुरंत मौके पर पहुंचे और सुधार कार्य शुरु कर दिया। उन्होंने लगभग 188 जगहों से एचटी और एलटी लाइनों पर गिरी पेड़ों की शाखाओं को हटाया। इस तूफान में 64 बिजली के खंभे ;दो 33 केवी, छः 11 केवी एवं 56 एलटी के खंभ क्षतिग्रस्त हुए, 750 ट्रांसफार्मरों के डीओ फ्यूज और 908 ट्रांसफार्मरों के एलटी फ्यूज उड़ गए।

उल्लेखनीय है कि ऋषभ नगर दुर्ग रुआबांधा पुष्प वाटिका आनंद नगर आदर्श नगर नेहरु नगर डुन्डेरा सिविल लाइन डी.वन शिव मंदिर बोरसी स्मृति नगर भिलाई आदि क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति सबसे ज्यादा प्रभावित हुई थी, क्योंकि इन स्थानों में विद्युत लाइनों पर बड़े पेड़ों की शाखाएं गिर गई थी। सीमित कर्मचारियों के बावजूदए बिजली विभाग ने आस.पास के कार्यालयों के लाइन स्टॉफकी मदद से अतिरिक्त टीमें बनाई और युद्ध स्तर पर काम शुरु किया। पहले सभी 33 के व्ही फीडर्स को सेक्शनलाइज कर अधिकतम क्षेत्र चालू किया गया उसके पश्चात् फाल्ट दुरुस्त कर शेष लाइन भी चालू की गयी। सभी जोन में डीओ फ्यूज एलटी फ्यूज बनाने हेतु समीप के कर्मचारियों की सहायता से अतिरिक्त गैंग बनाकर तथा फ्यूज ऑफकॉल ठेकेदार से अतिरिक्त गैंग लेकर सीमित समयसीमा में दुरुस्तीकरण की कार्यवाही की गयी। स्काई लिफ्ट वाहन एवं कर्मचारियों की मदद से लाइनों में गिरे पेड़ों को काटकर हटाने एवं तारों में अटके फ्लेक्स और झंडे को हटाकर लाइन चालू किया गया। विभिन्न जोन के सहायक यंत्रियों, कनिष्ठ यंत्रियों द्वारा भी अपने साथ तकनीकी कर्मचारी को लेकर अलग.अलग लाइनों में विद्युत व्यवधान को दूर किया गया। ज्यादातर उपभोक्ताओं को 2 घंटे में राहत मिल गई थी, वहीं बड़े फॉल्ट को भी 27 अगस्त की सुबह तीन बजे तक ठीक कर दिया गया एवं शेष कुछ कठिन कार्य को भी शीघ्र ही दुरुस्त कर लिया गया।

जनता से सहयोग की अपील: छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी के एमडी भीमसिंह कंवर ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं प्रदेश के ऊर्जा सचिव तथा छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनियों के अध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह एवं डॉ. ग्रोहित यादव द्वारा राज्य मुख्यालय स्तर पर लगातार मॉनीटरिंग की जा रही है। सीएसपीडीसीएल दुर्ग रीजन के मुख्य अभियंता संजय खंडेलवाल ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर मंत्री गजेन्द्र यादव ने किया खिलाड़ियों का सम्मान



**दुर्ग,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। राष्ट्रीय खेल दिवस पर हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा खेल प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग, विधि एवं विधायी मंत्री गजेन्द्र यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस समारोह में सांसद विजय बघेल और दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। मुख्य अतिथि मंत्री श्री यादव ने विद्यार्थियों को खेल भावना की शपथ दिलाई और स्वस्थ जीवनशैली के लिए प्रतिदिन किसी न किसी खेल गतिविधि में सहभागी बनने का आह्वान किया।

उन्होंने बताया कि दुर्ग के रविशंकर स्टेडियम को बीसीसीआई द्वारा दुर्ग में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण प्रस्तावित है। आधुनिक बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण पूर्ण हो गया है, जल्द ही लोकार्पण किया जाएगा, स्टेशन रोड में स्विमिंग पूल का निर्माण कराया जा रहा है। नयापारा में अत्याधुनिक जिम प्रस्तावित है। नाना नानी पार्क के पास जॉगिंग ट्रैक भी तैयार होने वाला है। उन्होंने विश्वास जताया कि इन सुविधाओं के माध्यम से दुर्ग जिले के खिला?ी अब राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों द्वारा विश्वविद्यालय के 34 विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर के खेल प्रतियोगिताओं में विजेता होने पर सम्मानित किया गया।

सम्मान समारोह में साइंस कॉलेज के प्रतिनिधि शिवेंद्र परिहार, अरुण सिंह, विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. संजय तिवारी, पूर्व कुलपति एन. पी. दीक्षित, साइंस कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अजय सिंह, प्राध्यापकगण और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

# दुर्ग शहर के विभिन्न हिस्सों में चाकू दिखाकर डराने धमकाने के चार आरोपी गिरफ्तार

**दुर्ग,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। इन दिनों शहर में राहगीरों को चाकू के बल पर डराने धमकाने की घटनाएं लगातार बढ़ रही है। गत 28 अगस्त को एक दिन में ही शहर के विभिन्न हिस्सों में चाकू के बल पर आने जाने वालों को डराने धमकाने के मामले में चार आरोपियों को आर्म्स एक्ट की धारा 25-27 आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है।

पुलिस एएसपी पद्श्री सिंग के अनुसार उक्त चारों आरोपियों को मुखबिरों द्वारा दी गई सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया गया। इसमें पहली घटना बैजनाथ पारा जाने वाले मार्ग पर एक खाली प्लाट के पास की है। जहां पर आरोपी डेरहालाल साहू (34) निवासी शास्त्री चौक धारदार चाकू से आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा था। कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मौके पर पहुंचकर उसे गिरफ्तार कर चाकू जब्त कर लिया। इसी तरह गंजपारा में हनुमान मंदिर के पास लोगों को डराने धमकाने की सूचना पर पुलिस दल मौके पर पहुंचकर धीरज कुमार ठाकुर नामक इस व्यक्ति को आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया। ये दोनों कार्रवाई दुर्ग सिटी कोतवाली द्वारा की गई।

इसी तरह मोहन नगर पुलिस ने भी सिकोला बस्ती तालाब के पास योगेश मरकाम नामक व्यक्ति को भी आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार किया है। इस पर राहगीरों को चाकू के बल पर डराने धमाकाने का आरोप है। इसी प्रकार बीड़ी कालोनी बुद्ध विहार उरला में भी तुलेश बघेल उर्फ मोटू नामक एक आरोपी को आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया है। इन सभी के पास से धारदार चाकू बरामद किये गये है।

# एमआईसी की बैठक : पानी, प्रकाश सफाई व्यवस्था पर जोर देते हुए अनेक प्रस्तावों को मंजूरी, दूकानों में अतिरिक्त निर्माण पर प्रीमियम के साथ जुर्माना वसूला जायेगा



■ **समय सीमा पर कार्य पूरा न करने वाले ठेकेदारों को किया गया ब्लेक लिस्टेड**

**दुर्ग,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। दुर्ग नगर निगम के डाटा सेंटर सभागार में हुई एमआईसी की बैठक में अध्यक्षता करते हुए महापौर अलका बाघमार ने स्पष्ट शब्दों में अधिकारियों व ठेकेदारों को पाईप लाईन एवं निर्माण कार्यो को समय सीमा में पूर्ण करने को कहा है। समय सीमा पर कार्य पूरा न होने पर ठेकेदारों को ब्लेक लिस्टेड कर देने की चेतावनी भी दी है। उन्होंने नगर निगम अधिकारियों से कहा है कि वे नगर के प्रत्येक वार्ड का भ्रमण करते हुए वहां पर सफाई एवं प्रकाश व्यवस्था इत्यादि पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिये है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि पानी, प्रकाश और साफ सफाई के मामले में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। बैठक में नगर निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल एमआईसी सदस्य व अधिकारीगण मौजूद रहें।

बैठक में नये बस स्टैंड में पूर्व में आबंटित की गई 72 दूकानों में से कई दूकानदारों द्वारा बगैर पूर्व अनुमति के दूकानों के मूल स्वरूप में परिवर्तन कर पीछे की ओर अतिरिक्त निर्माण कर लिया है। ऐसे दूकानदारों ने इस निर्माण को नियमित करने हेतु नगर निगम को सहमति पत्र भी दिया गया है। इस आधार पर एमआईसी की बैठक में चर्चा कर अतिरिक्त दूकानें निर्माण कर लेने वाले दूकानदारों से कलेक्टर गाईडलाईन के अनुसार प्रीमियम राशि वसूलने तथा दूकान के मूल स्वरूप में परिवर्तन करने पर अर्थदंड भी वसूलने का प्रस्ताव पारित किया। वार्ड 21 बुधवारी बाजार में 19.74 लाख की पूर्व स्वीकृति के आधार पर पेवर ब्लाक लगाने का कार्य पूरा कर लिया गया है। इस कार्य के लिये जारी निविदा में त्रुटिवश वार्ड 59 छप गया है। ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# कृषि विज्ञान केन्द्र पाहंदा में बलराम जयंती पर किसान दिवस का आयोजन, विशेषज्ञों ने दिये उत्पादन बढ़ाने के टिप्स



**दुर्ग,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। कृषि विज्ञान केन्द्र पाहंदा (अ) भगवान बलराम जयंतीष् का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम भगवान बलराम एवं प्रतीक हल एवं मूसल की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसमें वर्तमान परिस्थितियों में प्राकृतिक खेती की ओर कैसे जाया जायए इस पर विस्तृत चर्चा की गई। प्राकृतिक खेती में लागत घटाकर अधिक मुनाफा संभव हैए इसके लिये स्वयं के खेतों पर उपलब्ध संसाधनों का कैसे उपयोग किया जाएए इस पर कृषि विज्ञान केन्द्र पाहंदा ;अ दुर्ग के प्रमुख डॉ. विजय जैन ने विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। किसान संघ के सदस्य लोकेन्द्र बंछोर ने किसानों के लिये भगवान बलराम जयंती की प्रासंगिकता को विस्तृत में किसानों के मध्य रखा।

उप संचालक कृषि संदीप कुमार भोई ने प्राकृतिक खेती में शासन द्वारा दिये जाने वाली विभिन्न सुविधाओं से किसानों को अवगत कराया। इस अवसर पर उप संचालक उद्यानिकी एन.एस. लावत्रे ने जिले के किसानों को उद्यानिकी की विभिन्न योजनाओं से जुड़ने का आव्हान किया। दूसरे चरण में तिलहनी फसलों पर विशेषकर सोयाबीन, सरसों, तिल आदि फसलों के उत्पादन तकनीक पर विस्तृत चर्चा की गई।

विशेषज्ञों ने बताया कि तिलहन उत्पादन में आत्मनिर्भरता से किसान की आमदनी बढ़ेगी और देश का तेल आयात कम होगा। इस अवसर पर प्राकृतिक खेती एवं तिलहन उत्पादन में आने वाले समस्याओं पर अपने प्रश्न रखे जिसका समाधान विशेषज्ञ डॉ.ईश्वरी कुमार, डॉ.कमल नारायण, डॉ. विनय नायक एवं मनीष कुमार वर्मा द्वारा किया गया। यह कार्यक्रम इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर एवं कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग, छत्तीसगढ़ शासन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न ग्रामों के कृषक बंधु एवं कृषि अधिकारियों उपस्थित थे।

# जिला न्यायालय बना मध्यस्थता केन्द्र, अवकाश के दिन भी हुई तीन प्रकरणों की सुनवाई

**दुर्ग,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उच्चतम न्यायालय की मध्यस्थता एवं सुलह परियोजना समिति (एमसीपीसी) के संयुक्त निर्देशन में 1 जुलाई से 7 अक्टूबर तक कुल 90 दिवस तक चलने वाले कार्यक्रम मीडियेशन फॉर द नेशन के संबंध में न्यायालयीन प्रणाली में लंबित वादों के शीघ्र और सौहार्दपूर्ण निपटारे की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग द्वारा मध्यस्थता की एक नई पहल की शुरुआत की जा रही है।

न्यायालयों में अवकाश के दिन आमतौर पर शांति रहती है लेकिन अवकाश के दिन भी न्याय तक त्वरित पहुँच सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए जिला न्यायालय दुर्ग के मध्यस्थता केन्द्र में स्थानीय अवकाश 28 अगस्त को भी न्याय की गूंज सुनाई दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार मध्यस्थता केन्द्र प्रभारी एवं मध्यस्थतों ने व्यक्तिगत सुविधाओं का




त्याग करते हुए न्याय दान के प्रति उनके कर्तव्यों को प्राथमिकता देते हुए अवकाश के बावजूद तीन प्रकरणों की मध्यस्थता सुनवाई आयोजित की गई और उभयपक्ष के मध्य आपसी समझौता हो गया।

यह उल्लेखनीय है कि अवकाश के दिन भी न्यायालय परिसर स्थित मध्यस्थता केन्द्र दुर्ग में यह कार्यवाही सम्पन्न की गईए जो न्यायिक सेवा के प्रति समर्पण एवं मध्यस्थता की महत्ता को दर्शाती है। इस प्रक्रिया में पक्षकारों ने विवाद को सुलझाने हेतु आपसी समझ और सहयोग की भावना प्रदर्शित की। परिणामस्वरूप लम्बे समय से लंबित विवाद का शीघ्र निराकरण संभव हो सका।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इस पहल को देखकर पक्षकारों ने संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि न्यायालय में वर्षों तक चलने वाले विवाद का निराकरण मध्यस्थता की मदद से अवकाश के दिन में भी कुछ ही समय में हो गया। मध्यस्थता केन्द्र दुर्ग की इस अनोखी पहल ने न केवल विवाद सुलझायाए बल्कि समाज को यह संदेश भी दिया कि आपसी सहयोग और संवाद से अवकाश के दिनों में भी प्रत्येक समस्या का समाधान संभव है।

# 1 सितम्बर को प्रदेशभर की आंगनबाड़ी केन्द्रों में ताला बंद संयुक्त मंच की चेतावनी

**खैरागढ़**, 29 अगस्त (देशबन्धु)। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका संयुक्त मंच छत्तीसगढ़ ने ऐलान किया है कि 1 सितम्बर 2025 से प्रदेश के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में ताला लटकाया जाएगा। संगठन ने सरकार से जीने लायक वेतन, सामाजिक सुरक्षा, पेंशन, ग्रेजुएटी, समूह बीमा, स्वास्थ्य सुविधा और शासकीयकरण जैसी पुरानी मांगों को तत्काल मानने की अपील की है।



लेकिन संयुक्त मंच का आरोप है कि शासन अपनी जिम्मेदारियों से बचने के बजाय आंदोलनकारी पदाधिकारियों पर दमनात्मक कार्यवाही कर रहा है। रायपुर की प्रांतीय सचिव सुमन यादव, पंखाजूर की कल्पना चंद और जगदलपुर की रूक्मणी सज्जन सहित कई पदाधिकारियों को सेवा से बर्खास्त किया जा चुका है। इनमें कुछ प्रकरण न्यायालयों में लंबित हैं। संगठन ने कहा कि विभाग एक ओर आंगनबाड़ी कर्मियों को मानसेवी बताकर न्यूनतम वेतन भी नहीं देता, वहीं दूसरी ओर छोटी गलतियों पर भी सरकारी कर्मचारियों से कठोर दण्ड देता है। ऑनलाइन कार्यों के लिए जरूरी स्मार्टफोन, इंटरनेट और तकनीकी संसाधनों की कमी भी गंभीर समस्या है।

संयुक्त मंच ने हाल ही में शासन द्वारा जारी उस आदेश की भी कड़ी निंदा की है जिसमें आंदोलन करने पर पदाधिकारियों को बर्खास्त करने की बात कही गई है। मंच ने कहा कि यदि सरकार ने बातचीत कर समाधान नहीं किया तो एक लाख आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिकाएं प्रदेश के 33 जिलों में धरना-प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेंगे संयुक्त मंच के पदाधिकारियों लता तिवारी, बहुरा यादव, रामकली यादव और जयश्री गंधर्व ने बताया कि आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण होगा लेकिन मांगें पूरी होने तक संघर्ष जारी रहेगा।

# रासुका का एक आरोपी जेल भेजा गया

**दुर्ग,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। विगत 10 वर्षों से गौ तस्करी मे लगातार संलग्न आरोपी संगीत मधुकर उ?टेटे निवासी ग्राम पथर्रा वर्तमान भिलाई तीन को कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी दुर्ग द्वारा 3 माह के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा कानून की धारा 3;2द्ध के तहत 3 माह के लिए निवारक निरोध का आदेश पारित किया गया है।



उल्लेखनीय है कि संगीत मधुकर के खिलाफ18 अपराधिक मामले हैं तथा ज्यादातर मामले मारपीट और पशु तस्करी से संबंधित है संगीत मधुकर के खिलाफजुलाई 2025 में राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत कार्यवाही करने हेतु पुलिस अधीक्षक दुर्गा द्वारा प्रतिवेदन प्रेषित किया गया था जिला दंडाधिकारी द्वारा दिए आदेश के परिपालन में संगीत मधुकर को गिरफ्तार कर मेडिकल करा कर जेल दाखिल किया गया है।

# जिले में अब तक 712.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**दुर्ग**, 29 अगस्त (देशबन्धु)। जिले में 1 जून से 29 अगस्त तक 712.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। कार्यालय कलेक्टर भू अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक सर्वाधिक वर्षा 973.4 मिमी पाटन तहसील में तथा न्यूनतम 549.4 मिमी. तहसील धमधा में दर्ज की गई है। इसके अलावा तहसील बोरी में 654.2 मिमी, तहसील अहिवारा में 742.9 मिमी, तहसील भिलाई.3 में 627.6 मिमी और तहसील दुर्ग में 727.5 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। 29 अगस्त को तहसील दुर्ग में 9.5 मिमी, तहसील धमधा में 12.1 मिमी, तहसील पाटन में 0.0 मिमी, तहसील बोरी में 4.4 मिमी, तहसील भिलाई 3 में 5.2 मिमी और तहसील अहिवारा में 7.6 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

# राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया

**सहसपुर लोहारा**, 29 अगस्त (देशबन्धु)। शासकीय गजानन माधव मुक्तिबोध महाविद्यालय सहसपुर लोहारा में राष्ट्रीय खेल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही इस कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने हेतु एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा कार्यक्रम में 100 मीटर दौड़ पुरुष वर्ग एवं रस्सा कस्सी महिला वर्ग प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया जिसमें महाविद्यालय की एन एस एस , रेड क्रॉस, एन सी सी , रेड रिबन एवं छात्र-छात्राओं ने अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता दर्ज की तथा प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियो को महाविद्यालय की ओर से पुरस्कार प्रदान किया गया 7 कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में खेलों के प्रति जागरूकता तथा पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की संस्था प्रमुख प्राचार्य डॉ के.एस. परिहार, संदीप कुमार सोनकर सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी , दीपक पटेल, गौरव जायसवाल, सुश्री अंजु महोबिया, सुश्री काजल साहू, डॉ ज्योति चंद्रवंशी, डॉ खिलेश्वरी चंद्रवंशी, विवेक चौहान, लक्ष्मीकांत वर्मा, गिरधारी वर्मा ,डॉ रुपेश कुमार वर्मा, तथा समस्त छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे।




# डेयरी पॉलीटेक्निक में प्रवेश अब 5 सितंबर तक

**बेमेतरा,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। दाऊ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनू विश्वविद्यालय, दुर्ग के अंतर्गत लाइवलीहुड कॉलेज परिसर में संचालित शासकीय डेयरी पॉलीटेक्निक, चोरभट्टी बेमेतरा में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में प्रवेश प्रक्रिया 17 जुलाई से प्रारंभ हो चुकी है। प्रवेश की अंतिम तिथि 31 अगस्त बढ़ाकर 5 सितंबर की गई है।

डेयरी पॉलीटेक्निक के द्विवर्षीय डिप्लोमा इन डेयरी टेक्नोलॉजी पाठ्यक्रम में कुल 30 सीटें उपलब्ध है। जिसमें प्रवेश हेतु न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता गणित विषय समूह में कक्षा 12वीं उत्तीर्ण है। विद्यार्थियों को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना अनिवार्य है। पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु अभ्यार्थियों की न्यूनतम उम्र 17 वर्ष है व उच्चतर आयु सीमा का बंधन नहीं है। कौशल विकास से संबंधित इस डिप्लोमा पाठ्यक्रम में जीव विज्ञान विषय समूह से 12वीं उत्तीर्ण छात्र भी प्रवेश ले सकते है। पाठ्यक्रम के दौरान छात्रों को दुग्ध का प्रसंस्करण, दूध से बनने वाली मिठाइयों/दुग्ध उत्पाद निर्माण प्रक्रिया, दुग्ध उत्पादों का पैकेजिंग, भंडार एवं विपणन इत्यादि पहलुओं पर तकनीकी ज्ञान एवं प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। इस कोर्स में उत्तीर्ण विद्यार्थी वर्तमान में निजी संस्थानों में कार्यरत है एवं उक्त कोर्स को करने के पश्चात् दूध एवं दुग्ध उत्पाद निर्माण से स्वरोजगार प्रारंभ कर सकतें है प्रवेश प्रक्रिया हेतु चोरभट्टी स्थित डेयरी पॉलीटेक्निक या विस्तृत जानकारी हेतु मोबाइल नं. 8964844803, 9340291259, 7000231858, 7000240762, 9098360150 पर संपर्क किया जा सकता है।

# ऑन लाईन ठगी करने वाले पर अपराध दर्ज

भिलाईनगर, 29 अगस्त (देशबन्धु)। नेवई थाना क्षेत्र के अंतर्गत गूगल पे ऐप का इस्तेमाल करने पर अज्ञात व्यक्ति के द्वारा करीब 18 लाख रुपए बिना जानकारी के निकल लिए गए। 28 अगस्त को रिपोर्ट पर से नेवई पुलिस के द्वारा अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया है। नेवई पुलिस ने बताया कि प्रार्थी जयतराम चंदेल 76 साल निवासी मकान न. 536/4 सडक नं-4 आशीष नगर पूर्व नेवई में रहते है। 7 जुलाई 2025 को ऑनलाइन ट्रांजैक्शन के लिए किरायेदार आकाश सिंह द्वारा प्रार्थी के मोबाइल में किराये की रकम डालने के लिये ऑनलाईन गुगल पे डाउनलोड कराया और 7032 रूपये भेज। उसके पश्चात 1 रुपये के तीन बार खाते से पैसे आकाश सिंह ने सिखाने के उद्देश से अपनी पत्नी के खाते में ऑनलाईन भेजे उसके पश्चात से विभिन्न किश्तों युपीआई के माध्यम से युनियन बैंक के खाता से कुल 6,72,603 रूपये एवं एसबीआई बैंक के खाता से विभिन्न किश्तों मे कुल 10,96,941 रूपये खाताधारक की बिना जानकारी के बिना किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा निकालकर जयंत के साथ धोखाधडी किया है। उपरोक्त दोनों बैंक खातों मे रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर है एवं युनियन बैंक मे संयुक्त खाता होने से पत्नी का मोबाइल रजिस्टर्ड है। युनियन बैंक खाता एवं एसबीआई खाता से प्रार्थी की जानकारी के बगैर किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा दुरूपयोग कर कुल 17,69,544 निकालकर धोखाधडी की। जयतराम चंदेल की रिपोर्ट पर से अज्ञात आरोपी के खिलाफ नेवई पुलिस ने धारा 318 (4) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

# छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज भिलाई इकाई के नये कार्यालय का उद्घाटन




भिलाई, 28 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज़ निरंतर अपनी गतिविधियों और सेवाओं के विस्तार की ओर अग्रसर है। संगठन का मुख्य ध्येय समाज और देश के हित में कार्य करते हुए व्यापारियों की आवाज़ को मज़बूत करना है।

प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने जानकारी देते हुए बताया कि चैंबर की गतिविधियाँ दिनों-दिन बढ़ रही हैं और समाज तथा राष्ट्र के प्रति कार्य लगातार होते जा रहे हैं। हमारा लक्ष्य वर्ष 2047 तक च्विकसित भारतज्ञ के निर्माण में सार्थक योगदान देना है और इस लक्ष्य को पूरा करने की ज़िम्मेदारी व्यापारी वर्ग, विशेषकर चैंबर ऑफ कॉमर्स ने पूरी तरह से अपने कंधों पर ली है। इसी संकल्प और समर्पण को और सशक्त बनाने के लिए चैंबर कार्यालय का विस्तार किया जा रहा है।

इसी क्रम में छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज भिलाई इकाई के नये कार्यालय का भव्य उद्घाटन शुक्रवार, 29 अगस्त 2025 को दोपहर 3 बजे किया गया। चेम्बर कार्यालय का उदघाटन कार्यक्रम गौरव पथ मार्ग बैकुण्ड धाम कब सामने भिलाई में आयोजित किया गया। चैंबर कार्यालय का उद्घाटन दिनकर बासोतिया जी (चेयरमैन, भिलाई चैंबर) के करकमलों से संपन्न हुआ। इस गरिमामयी अवसर पर छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज़ के पदाधिकारियों की उपस्थित थे। इनमें प्रदेश महामंत्री अजय भसीन, भिलाई इकाई के अध्यक्ष गार्गी शंकर मिश्र, उद्योग चैंबर के अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता, उद्योग चैंबर के कार्यकारी अध्यक्ष अजीत सिंह विशेष रूप से सम्मिलित थे। भिलाई चेम्बर अध्यक्ष गारगी शंकर मिश्रा ने बताया कि कार्यालय का यह नया स्वरूप व्यापार जगत की बढ़ती ज़रूरतों को पूरा करेगा और यह चैंबर के विस्तार एवं सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। उन्होंने आगे कहा कि चैंबर ऑफ कॉमर्स न केवल व्यापार जगत की समस्याओं और चुनौतियों का समाधान कर रहा है, बल्कि सामाजिक सरोकारों में भी अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। नया कार्यालय केवल एक भौतिक स्थल नहीं होगा, बल्कि यह व्यापारियों की ऊर्जा, संकल्प और संगठन का प्रतीक होगा, जहाँ से च्विकसित भारत 2047 के स्वप्न को साकार करने की दिशा में ठोस कदम बढ़ाए जाएंगे। प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सूचना शंकर सचदेव ने दी।

# बागपत और मेरठ में सम्मानित हुए शायर नौशाद



**भिलाईनगर,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। बागपत में आकाशवाणी के अखिल भारतीय श्रोता सम्मेलन और मेरठ में मुशायरा कवि सम्मेलन में भिलाई के शायर नौशाद अहमद सिद्दीकी सम्मानित हुए। बागपत में समिति के अध्यक्ष संजय ढींगरा, रवि कुमार राहुल, सतीश मिगलानी, विजेंद्र जायजान, ज्ञान भूषण शर्मा, परस राम साहू गुरु और अतिथियों ने नौशाद सिद्दीकी का सम्मान किया।

इस कार्यक्रम में कई हस्तियां मौजूद रही। इसी तरह अफरोज़ एजुकेशनल ट्रस्ट मेरठ उत्तरप्रदेश ने एक नशिस्त रखी। जिसमें छत्तीसगढ़ उर्दू अकादमी से प्रकाशित शायरी संग्रह कहकशां का विमोचन भी किया गया। यहां शायर अहमद सिद्दीकी की मौजूदगी में शायरों ने भी अपने कलाम पढ़े। इस दौरान आल इंडिया उर्दू सर्विस से तारिक जमील, इमरान आजमी, अय्यूब खान, विविध भारती सेवा से शेफाली कपूर, रेडियो बदायूं से गजेन्द्र एरेडियो रायपुर से शशांक खरे, श्याम वर्मा और रेडियो बर्फी, रेडियो बरेली, रेडियो धड़कन और रेडियो जगदलपुर छत्तीसगढ़ के उद्घोषक उद्घोषिका भी मौजूद थे। साजिद अली सतरंगी, सेकेट्री डा. साजिद अली, कोषाध्यक्ष मोईनुद्दीन, नूर मोहम्मद सैफी, राशिद नूर, डॉ. परवेज़ आलम, डॉ. फैजुल हसन, दिलनवाज खान, मौलाना अब्दुल अहद ने अपनी भागीदारी दी।

# गणेश पंडाल में भक्तों की बढ़ी भीड़



**भिलाईनगर,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। गणेश चतुर्थी की पावन बेला पर सेक्टर 7 दशहरा मैदान में देशभक्ति से प्रेरित आपरेशन सिंदूर थीम पर गणेश पंडाल में भगवान श्री गणेश की भव्य स्थापना संपन्न हुई। पूरे क्षेत्र में शंख, घंटियों और जयकारों की गूंज से वातावरण भक्तिमय और उत्साहपूर्ण हो उठा। इस शुभ अवसर पर पहले दिन सेवानिवृत्त सेना अधिकारियों द्वारा भारत माता के नाम से विशेष आरती संपन्न की गई। इस अद्वितीय आयोजन ने पंडाल को आस्था और देशभक्ति की भावना से आलोकित कर दिया।यह जानकारी समिति के अध्यक्ष चन्ना केशवलू ने दी। गणेश उत्सव समिति ने बताया कि आगामी दिनों में विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिनमें भक्तगण बढ़.चढ़कर हिस्सा ले सकते हैं। प्रतिदिन श्री गणेश भगवान की आरती, प्रसाद वितरण व धार्मिक कार्यो का आयोजन किया जाता है। जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हो रहे है।

# स्वदेशी संकल्प अभियान पत्रिका का विमोचन



**भिलाईनगर,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज भिलाई इकाई के नये कार्यालय का भव्य उद्घाटन आज शुक्रवार किया गया। इस अवसर पर चैंबर कार्यालय का शुभारंभ दिनकर बासोटिया जी चेयरमैन भिलाई चैंबर के द्वारा संपन्न हुआ। स्वदेशी संकल्प अभियान पत्रिका का विमोचन किया गया। महिला चेम्बर भिलाई द्वारा आयोजित गरबा कार्यक्रम का भी पोस्टर विमोचन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री अजय भसीन, भिलाई इकाई के अध्यक्ष गार्गी शंकर मिश्र, उद्योग चैंबर के अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता, अजीत सिंह, अनुपम पांडे, पंकज सेठी, मनोहर कृष्णानी, विनय सिंहएराकेश मल्होत्रा, पवन जिंदल, महिला चेम्बर अध्यक्ष सुमन कनोजे, सरोजनी पाणिग्रही, सविता शर्मा व अन्य महिलाएं एवं अनेक पदाधिकारी विशेष रूप से सम्मिलित रहे। अजय भसीन ने कहा कि कार्यालय का यह नया स्वरूप व्यापार जगत की बढ़ती ज़रूरतों को पूरा करेगा और यह चैंबर के विस्तार एवं सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। उन्होंने कहा कि चैंबर ऑफ कॉमर्स न केवल व्यापार जगत की समस्याओं और चुनौतियों का समाधान कर रहा है, बल्कि सामाजिक सरोकारों में भी अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। नया कार्यालय केवल एक भौतिक स्थल नहीं होगा, बल्कि यह व्यापारियों की ऊर्जा, संकल्प और संगठन का प्रतीक होगा। जहाँ से ष्विकसित भारत 2047 के स्वप्न को साकार करने की दिशा में ठोस कदम बढ़ाए जाएंगे। यह जानकारी चेम्बर के शंकर सचदेव ने देते हुए बताया कि चैंबर निरंतर अपनी गतिविधियों और सेवाओं के विस्तार की ओर अग्रसर है। संगठन का मुख्य ध्येय समाज और देश के हित में कार्य करते हुए व्यापारियों की आवाज़ को मज़बूत करना है।

# महापौर परिषद की बैठक में विभिन्न विकास कार्यों को मिली मंजूरी



**भिलाईनगर,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम भिलाई में महापौर परिषद की बैठक महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता एवं आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय की उपस्थिति में आहूत की गई। बैठक में प्रमुख रूप से 11 एजेण्डा विचारार्थ प्रस्तुत किया गया। जिसमें एस.एल.आर.एम. सेंटर में कचरों का पृथकीकरण एवं सामग्रीयों का क्रय, अनुपचारित ठोस अपशिष्ट के बायोरेमिडिएशन, सालिड वेस्ट मैनेजमेंट, 77 एमएलडी जलशोधन संयंत्र में आनग्रिड सोलर प्लांट, हाइड्रोलिक एलिवेटर का किराया निर्धारण, सक्शन कम जेटिंग मशीन का किराया निर्धारण, जलकर, संपवेल, पंप हाउस एवं राइजिंग पाईन लाईन जैसे विषयों का शामिल किया गया।

स्वच्छता दीदीयों के माध्यम से 6 नग नवनिर्मित एस.एल.आर.एम. सेंटर में कचरों के पृथकीकरण तथा गीले कचरे से खाद तैयार करने, स्वच्छ भारत मिशन के दिशा निर्देशानुसार निगम क्षेत्रांतर्गत नवनिर्मित एस.एल.आर.एम. सेंटर हेतु सामग्री क्रय किये जाने के कार्य को महापौर परिषद के सदस्यों ने विचार करते हुए सहमति प्रदान किए। गोकुल नगर कुरूद के पास जामुल स्थित शेष अनुपचारित ठोस अपशिष्ट के बायोरेमिडिएशन, 15वें वित्त आयोग अंतर्गत सालिड वेस्ट मैनेजमेंट के कार्य को कराये जाने की सर्व सम्मति से पारित किया गया। चंद्रा मोर्या अंडरब्रिज के पास आफग्रिड सोलर प्लांट स्थापना कार्य को परिर्वतन कर 77 एमएलडी जलशोधन संयंत्र में आनग्रिड सोलर प्लांट स्थापित करने के कार्य को महापौर परिषद के सदस्यों से मंजूरी दी। हाइड्रोलिक एलिवेटर एवं सक्शन कम जेटिंग मशीन को किराया निर्धारण करने पर विचार करते हुए सहमती प्रदान किया गया। नगर निगम भिलाई के 2.72 एमएलडी जलशोधन संयंत्र से क्लीयर वाटर प्रदाय हेतु संपवेल, पम्प हाउस एवं राइजिंग मेन पाईप लाईन बिछाने हेतु सदस्यों ने मंजूदी प्रदान की। महापौर परिषद की बैठक महापौर परिषद के सदस्य सीजू एन्थोनी, लक्ष्मीपति राजू, संदीप निरंकारी, लालचंद वर्मा, साकेत चंद्राकर, केशव चैबे, एकांश बंछोर, आदित्य सिंह, चंद्रशेखर गंवई, नेहा साहू, मन्नान गफ्फार खान, रीता सिंह गेरा सहित उपायुक्त सह सचिव नरेन्द्र कुमार बंजारे, जोन आयुक्त, कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता, स्वास्थ्य अधिकारी, लेखाधिकारी, उपअभियंता, एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे

# मृदुता का भाव आत्मा का मुख्य गुण



**भिलाईनगर,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। सोशल मिडिया में थोड़े से लाइक, छोटी सी प्रशंसा, संस्थाओं में छोटे पद पाकर व्यक्ति अहंकार में इतना फूल जाता हैं कि वह अनेक रिश्तों, संबंधों व विवेक शून्य हो जाता है। अहंकार का स्पर्श स्वयं को दिखाई ही नहीं देता। निंदा, अपमान, तिरस्कार में क्रोध का बुखार और प्रशंसा की शीत लगने से मान का निमोनिया हो जाता है। पैसे में, पद में, सम्मान में कितने ही बड़े हो जाओ परन्तु नैतिकता नहीं भूलना चाहिए। मृदुता का भाव आत्मा का मुख्य गुण है, उसे बनाये रखना ही उत्तम मार्दव धर्म है । आर्यिका अक्षयमती माताजी एवं आर्यिका निर्मदमती माताजी के ससंघ सान्निध्य में दसलक्षण धर्म के द्वितीय दिन उत्तम मार्दव धर्म की विशेष आराधना जैन भवन नेहरूनगर में सम्पन्न की गई। श्री पार्श्वनाथ जिनालय में शांतिधारा करने का सौभाग्य श्रीमती गरिमा गौरव जैन, अपूर्व आगम जैन तथा श्रीमती वंदना-देवेंद्र जैन, मेघा, मोना जैन परिवार ने प्राप्त किया। प्रथम दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम विविध वेशभूषा में कनिष्ठ वर्ग में निश्चय सेठी प्रथम, अथर्व द्वितीय व विदुषी जैन को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ वहीं वरिष्ठ वर्ग में अनंत प्रथम, विज्ञ द्वितीय, आग्रह व अपूर्व को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संरक्षक राजकुमार जैन, अशोक पहाड़िया, अध्यक्ष मनीत जैन, उपाध्यक्ष रमेश नाहर, मंत्री क्षितिज जैन, अजित जैन, सचिन जैनम, संदीप जैन, रोमिल जैन, आनंद जैन, आलोक जैन, नागेंद्र मोहन जैन, श्रीमती चेलना, श्रीमती प्रियंका, श्रीमती सुलोचना जैन, आदि सैकड़ो भक्तों ने भक्ति की।

# मोटर सायकिल सहित तीन चोर को पुलिस ने पकड़ा

**भिलाईनगर,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। सशक्त एप्प के माध्यम से वाहन चोरो को पकड़ने में थाना जामुल पुलिस को सफलता मिली है। विधि से संघर्षरत 3 नाबालिक बालक चोरी के मोटर सायकल के साथ पकडाये। शिवपुरी, जामुल में अलग.अलग स्थानो से चोरी करने का आरोप है। अरोपी रात्रि में किया करते थे मोटर सायकल चोरी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी जलेश्वर शर्मा निवासी गणेश नगर जामुल' ने थाना जामुल उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 14ण08ण2025 की रात्रि प्रार्थी के घर के सामने से मोटर सायकल होण्डा प्लेजर क्रमांक सीजी 07 एलवाई 3891 को अज्ञात आरोपी द्वारा चोरी कर ले गया है। इसी तरह प्रार्थी नारायण सिंह निवासी श्याम नगर अटल आवास भिलाई.3 द्वारा थाना जामुल थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 16 अगस्त के रात्रि नटवर वर्मा के घर के सामने शिवपुरी जामुल से मोटर सायकल स्पलेंडर प्लस सीजी 07 बीएफ0443 को अज्ञात आरोपी द्वारा चोरी कर ले गया है। इसी तरह चंद्रप्रकाश साहू थाना जामुल उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 18 अगस्त की रात्रि प्रार्थी का मकान के सामने से मोटर सायकल स्पलेंडर प्लस सीजी 07 बीएस 9944 को अज्ञात आरोपी द्वारा चोरी कर ले गया है। जामुल पुलिस द्वारा मामले को संज्ञान में लेकर त्वरित कार्यवाही करते वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। इस महत्वपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी जामुल निरीक्षक राजेश मिश्रा, सउनि महफूज खान, केसेन्द्र चौहान, आरक्षक चेतमान गुरूंग, रत्नेश शुक्ला, रूपनारायण बाजपेयी, तिरिथ बंजारे, चंदन सिंह, चन्द्रभान यादव का विशेष योगदान रहा।

# संयंत्र में यांत्रिकी सेवाएँ द्वारा मनाया गया सुरक्षा सप्ताह



भिलाईनगर, 29 अगस्त (देशबन्धु)। संयंत्र के यांत्रिकी सेवाएँ विभाग द्वारा सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ 19 अगस्त को टूल्स एवं टैकल्स वर्कशॉप में मुख्य महाप्रबंधक यांत्रिकी प्रमोद कुमार के मुख्य आतिथ्य में किया गया। समारोह में यांत्रिकी सेवाएँ विभाग के सभी अनुभाग ई.बी.एस.आई. क्रेन इंजीनियरिंग, स्नेहन अभियांत्रिकी, बेयरिंग अभियांत्रिकी, हाइड्रोलिक्स एवं न्यूमेटिक तथा कंडीशन बेस मॉनिटरिंग सिस्टम के अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रमोद कुमार ने विभिन्न कार्यों में निहित संभावित जोखिमों के बारे में जानकारी दी और उनसे सुरक्षित रहने हेतु उपायों पर प्रकाश डाला। सुरक्षा सप्ताह के दौरान सुरक्षा सम्बन्धित विभिन्न गतिविधियाँ, विशेषज्ञ वार्ता तथा सेफ्टी क्विज का आयोजन किया गया। इन्हीं गतिविधियों के तहत अग्निशमन विभाग द्वारा फायर एक्सटिंग्विशर का प्रदर्शन, ओ.एच.एस.विभाग द्वारा प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण, वरिष्ठ प्रबंधक, हिमांशु वर्मा द्वारा नियर मिस केस, टी.बी.टी. एवं सेफ्टी गवर्नेंस पर सत्र तथा ई.एम.डी. विभाग द्वारा गैस सुरक्षा पर व्याख्यान प्रस्तुत किए गए। 23 अगस्त को आयोजित सुरक्षा सप्ताह के समापन समारोह में कर्मचारियों ने सुरक्षा गीतों और कविताओं के माध्यम से सुरक्षा के संदेश दिए। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि जे.तुलसीदासन ने सप्ताह भर आयोजित विभिन्न गतिविधियों की सराहना की। विभागीय सुरक्षा अधिकारी एवं सहायक महाप्रबंधक अरविंद कुमार चौबे ने सुरक्षा सम्बन्धी विभागीय गतिविधियों की जानकारी साझा करते हुए यह उल्लेख किया कि विभाग ने पिछले कई वर्षों से शून्य दुर्घटना का रिकॉर्ड कायम रखा है। समापन समारोह के अवसर पर सुरक्षा सप्ताह के दौरान आयोजित स्लोगन, कविता, पोस्टर आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया एवं बेस्ट सेफ्टी मैन श्रेणी में भी विजेताओं को सम्मानित किया गया। सुरक्षा सप्ताह का सफल आयोजन महाप्रबंधक प्रभारी आशीष घोष एवं एम.एस.भोगल के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन कनिष्ठ प्रबंधक टूल्स एवं टैकल्स.यतीन्द्र पुरंग ने किया।

# भिलाई-3 के आरोपी के खिलाफ 4 प्रतिबंधात्मक प्रकरण दर्ज



**भिलाईनगर,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। संगीत मधुकर के विरूद्ध थाना पुरानी भिलाई मे 18 मामले तथा 4 प्रतिबंधात्मक प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जिला मे बदमशो के विरूद्ध हो रहे अपराध को रोकने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल के नेतृत्व में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनंदन राठौर तथा नगर पुलिस अधीक्षक हेमशंकर नायक के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी पुरानी भिलाई अम्बर सिंह भारद्वाज निर्देशानुसार थाना पुरानी भिलाई के संगीत मधुकर 28 वर्ष निवासी पथर्रा के विरूद्ध जिला दण्डाधिकारी दुर्ग के आदेश कमांक 6826/प्र./ 28 अगस्त के आदेशानुसार केन्द्रिय जेल दुर्ग में दाखिल किया गया उपरोक्त आरोपी विरूद्ध थाना पुरानी भिलाई मे शरीर सबधी 12 प्रकरण एवं पशु तस्करी के 6 प्रकरण तथा प्रतिबंधात्मक धाराओ के तहत 4 मामले दर्ज है। भिलाई-3 पुलिस द्वारा की गई इस तरह की कार्यवाही से अपराधिक कार्यो में लिप्त लोगों में दहशत देखी जा रही है।

# कलेक्टर-आयुक्त ने किया विकास कार्यों का निरीक्षण

**भिलाईनगर,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। भिलाई शहर की सर्वांगीण विकास हेतु निर्माणाधीन एवं पूर्व निर्मित कार्यों का कलेक्टर अभिजीत सिंह , महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय के साथ निरीक्षण किये। राधिका नगर पानी टंकी समीपस्थ स्लॉटर हाउस का निर्माण किया गया है। इसके संचालन एवं रख रखाव हेतु निगम भिलाई द्वारा रुचि की अभिव्यक्ति जारी की गई है । मांस या मटन विक्रेताओ को पशु वध के पूर्व स्लॉटर हाउस से लैब टेस्ट करवा कर रोग रहित पशु का प्रमाण पत्र लेना होगा। इसके संचालित होने से रोग रहित एवं प्रमाणित मांस का विक्रय दुर्ग जिले के शहरो में होगा। निर्मित स्लॉटर हाउस के संबंध में स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली द्वारा जानकारी प्रदान किया गया। गैर प्रमाणित मांस, मटन के विक्रय पर प्रतिबंध लगाने हेतु कलेक्टर द्वारा स्लॉटर हाउस के मशीनों को बारीकी से अवलोकन किया गया। इसके पश्चात कलेक्टर, महापौर एवं निगम आयुक्त द्वारा शहीद उद्यान में निर्माणाधीन ई लाइब्रेरी का अवलोकन किया गया। अविलंब निर्माण हेतु एजेंसी कुणाल बिल्डर्स को निर्देशित किया गया है। संचालन एवं रखरखाव के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। इस ई.लाइब्रेरी के निर्माण से भिलाई कोचिंग के लिए आए बच्चों को प्राकृतिक, मनोरम एवं एकांत वातावरण मिलेगा। लाइब्रेरी के लिए वर्तमान में छात्रों द्वारा निजी स्थानों में किए जा रहे व्यय ज्यादा है, इसके बाद व्यय में कमी आएगी। वर्तमान में शहीद उद्यान में संधारण कार्य जारी है जिसके कारण उद्यान 31 अगस्त तक बंद रखा गया है। म्यूजिकल फाउंटेन संधारण के लिए बाहर भेजा गया है, जिसका संधारण कर पार्क में लगा दिया जाएगा। शहर के स्कूली या कोचिंग के बच्चे कुछ माह में ही उद्यान के साथ.साथ ई लाइब्रेरी लाभ लेंगे। कलेक्टर, महापौर सहित निगम आयुक्त ट्रैफिक पार्क का अवलोकन कर संचालन एवं रखरखाव के संबंध में चर्चा किए। उद्यान में आए आगंतुक हेतु फूड जोन का व्यवस्था सहित अन्य सुविधाओं के बारे में चर्चा की गई। कलेक्टर द्वारा प्रियदर्शनी परिसर पूर्व से पश्चिम की ओर रेलवे लाइन के समानांतर बनने वाले रोड का अवलोकन किया गया। प्रियदर्शनी परिसर पश्चिम स्विमिंग पूल, हॉर्स राइडिंग एवं नालंदा परिसर स्थल का निरीक्षण किया गया। उक्त निर्माण संबंधी दस्तावेज एवं ड्राइंग डिजाइन का अवलोकन कर चर्चा किया किया गया है। राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित ई सिटी बस सेवा स्टॉपेज निर्माणाधीन कार्य का निरीक्षण कर ड्राइंग डिजाइन का अवलोकन किये। अविलंब निर्माण हेतु एजेंसी को निर्देशित किया गया है ताकि शीघ्रता से लोगों को ई सिटी बस सेवा का लाभ मिल सके। इस सिटी बस सेवा से जिले के संपूर्ण रूट में सफर करने वालों को लाभ मिलेगा । माना एयरपोर्ट जाने के लिए भी सिटी बस सेवा का लाभ मिल सकता है । चूंकि बस बैटरी ऑपरेटेड है अतः इस सेवा से पर्यावरण एवं आम जनजीवन हेतु कोई दुष्प्रभाव नहीं है । विभिन्न स्थलों में निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त अजय राजपूत, कुलदीप गुप्ता, कार्यपालन अभियंता अखिल चंद्राकर, अनिल सिंह, उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू, सहायक अभियंता पुरुषोत्तम सिन्हा, दीपक देवांगन, सहायक राजस्व अधिकारी अजय शुक्ला, उप अभियंता बसंत साहू, श्वेता महेश्वर, अर्पित बंजारे, चंदन निर्मलकर, पलाश वैद्य, सागर दुबे एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



# राजभाषा कार्यान्वयन समिति ने रवि को किया सम्मानित




**भिलाईनगर,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति भिलाई.दुर्ग की 61वी छमाही बैठक व वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया सिविक सेंटर शाखा भिलाई के के.एस.रवि को राजभाषा विशिष्ट सेवा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार उन्हें श्री चित्तरंजन महापात्र निदेशक प्रभारी बीएसपी एवं नरेन्द्र सिंह मेहरा उपनिदेश कार्यान्वयन कार्यालय भारत सरकार गृह मंत्रालय राजभाषा विभाग भोपाल के हाथों दिया गया। कार्यक्रम में पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक मानव संसाध भिलाई इस्पात संयंत्र के विशेष आतिथ्य के रुप में उपस्थित थे। इस अवसर पर मनीष कुमार ठाकुर, इस अवसर पर नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, बैंकों, बीमा संस्थान प्रमुखों एवं राजभाषा अधिकारी बड़ी संख्या में भाग लिए। ज्ञात हो कि वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में बैंक, बीमा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को भी सम्मानित किया गया। नगर राजभाषा कार्यान्यन समिति हिन्दी को बढ़ावा देने के लिये सतत कार्य कर रही है।

## महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

दुर्ग, 29 अगस्त (देशबन्धु)। गेंदीडबरी मोहन नगर निवासी 25 वर्षीय महिला प्रीति सिंह पत्नी मुकेश सिंह ने अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या का कारण अज्ञात है। मृतका का पति आर्मी में है और



# बकेला जलाशय परियोजना एवं सुतियापाट नहर विस्तारीकरण हेतु 121 करोड़ की स्वीकृति

## भावना बोहरा ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का जताया आभार

**कवर्धा,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। पंडरिया विधानसभा के किसानों के हित और उन्हें सिंचाई हेतु पर्याप्त जल आपूर्ति के लिए विधायक भावना बोहरा के प्रयासों से 121 करोड़ 92 लाख 66 हजार रुपये की प्रशासकीय एवं स्वीकृति मिली है। जिसके अंतर्गत बकेला के पास हाफ नदी में व्यपवर्तन योजना का निर्माण कार्य एवं फिडर तथा रमतला जलाशय का शीर्ष कार्य, नहरों का रिमाडलिंग कार्य एवं क्रांति जलाशय तथा देवसरा जलाशय के नहरों का रिमॉडलिंग, लाईनिंग तथा नहर विस्तारीकरण कार्य हेतु 82 करोड़ 53 लाख 80 हजार रुपए की स्वीकृति मिली है जिससे 2686.13 हेक्टेयर में सिंचाई हेतु जल आपूर्ति होगी एवं सुतियापाट जलाशय मध्यम सिंचाई परियोजना के बायीं तट मुख्य नहर का विस्तारीकरण तथा माइनर नहरों के निर्माण हेतु 39 करोड़ 38 लाख 86 हजार की वित्तीय एवं प्रशासकीय स्वीकृति मिलने से 2916 हेक्टेयर कृषि क्षेत्र में सिंचाई हेतु पर्याप्त जल आपूर्ति सुनिश्चित होगी। कृषि एवं कृषक कल्याण हेतु पंडरिया विधानसभा को मिली इस सौगात के लिए विधायक भावना बोहरा ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, तत्कालीन जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप जी एवं वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी का आभार व्यक्त करते हुए किसानों को बधाई दी।



इस अवसर पर भावना बोहरा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में जिस तत्परता से डबल इंजन भाजपा सरकार मोदी की गारंटी को पूरा कर रही है। किसानों के हित को सर्वोपरि रखकर उन्हें आत्मनिर्भर व सशक्त बना रही है वह विकसित भारत का सशक्त प्रमाण है। आज पंडरिया विधानसभा के किसान भाई-बहनों की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी हो रही है। सुतियापाट नहर विस्तारीकरण से 26 गांव में किसानों को 2916 हेक्टेयर से अधिक खरीफ क्षेत्र में सिंचाई के लिए पर्याप्त जल आपूर्ति सुनिश्चित होगी। वहीं बकेला जलाशय परियोजना से 2686 हेक्टेयर से अधिक कृषि भूमि में सिंचाई हेतु जल आपूर्ति सुनिश्चित होगी।

आज यह विकास कार्य क्षेत्र के किसानों और जनता के विशेष सहयोग से हो रहें हैं। विकास कार्यों और अधोसंरचना निर्माण के कार्य निरंतर प्रगति पर हैं। शासकीय योजनाओं से लेकर जनकल्याण के कार्य कार्य पूर्ण पारदर्शिता के साथ जनहित के कार्य हो रहें हैं। विगत डेढ़ वर्षों में पंडरिया विधानसभा अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों व अधोसंरचना निर्माण हेतु 300 करोड़ से अधिक के कार्यों की स्वीकृति, सड़क, नाली, पुल-पुलिया, सौंदर्यीकरण, प्रकाश व्यवस्था एवं जनता की मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित हो रही है।

भावना बोहरा ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार ने सबसे पहले किसानों के हित में निर्णय लिया और दो वर्ष का बकाया धान बोनस एवं 3100 रु प्रति क्विंटल में धान खरीदी की, उन 18 लाख गरीब परिवारों के लिए निर्णय लिया जिन्होंने अपने पक्के आवास का सपना देखा था, उन युवाओं के लिए निर्णय लिए जो रोजगार की तलाश कर रहे थे और जिनका भविष्य कांग्रेस ने सीजी-पीएससी जैसे भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दी, उन माताओं-बहनों के सशक्तिकरण के लिए निर्णय लिया गया जो पांच वर्षों तक अपेक्षित थी और आज महतारी वंदन योजना से 70 लाख महिलाओं को प्रतिमाह 1000 की राशि उन्हें मिल रही है। आज इन संकल्पों को पूरा करते हुए भारतीय जनता पार्टी ने छत्तीसगढ़ में विकास कार्यों को नए पंख दिए। आज पूरे प्रदेश में विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं, अधोसंरचना निर्माण से प्रदेश की अर्थव्यवस्था को गति मिल रही है, तो वहीं जनता को सुविधा भी मिल रही है।

# डॉली साहू ने यंग साइंटिस्ट इंडिया प्रोग्राम में बनाया स्थान

## लाई फाई प्रोजेक्ट से किया जिले का नाम रोशन

बालोद, 29 अगस्त (देशबन्धु)। जिले की छात्रा डॉली साहू ने अपनी नवाचारी प्रतिभा से पूरे देश में जिले का नाम रोशन किया है। स्पेस किड्स मिशन अटल इनोवेशन मिशन और नीति आयोग के सहयोग से आयोजित यंग साइंटिस्ट इंडिया प्रोग्राम में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय बालोद की छात्रा डॉली साहू ने अपने अनूठे लाई.फाई प्रोजेक्ट के साथ ग्रैंड फाइनल में स्थान बनाया है। यह प्रतियोगिता 28 और 29 अगस्त को चेन्नई में आयोजित हो रही है। जहाँ देश भर के 160 चुनिंदा प्रोजेक्ट्स में से डॉली का प्रोजेक्ट भी प्रदर्शित हो रहा है। डॉली साहू ने अपने लाई.फाई प्रोजेक्ट के माध्यम से प्रकाश की किरणों का उपयोग कर डेटा, ऑडियो और टेक्स्ट मैसेज भेजने की नवाचारी तकनीक विकसित की है। यह तकनीक भविष्य की तेज, सुरक्षित और ऊर्जा.कुशल संचार प्रणाली के लिए एक क्रांतिकारी कदम है। इस प्रोजेक्ट ने न केवल तकनीकी नवाचार को बढ़ावा दिया है बल्कि युवा वैज्ञानिकों को प्रेरित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग की सराहना करते हुए डॉली ने कहा कि यह उपलब्धि मेरे शिक्षक, परिवार, जिला प्रशासन व शिक्षा विभाग के मार्गदर्शन व सहयोग के बिना संभव नहीं था। इस प्रकार के अवसर के लिए उसने स्पेस किड्स इंडिया और नीति आयोग को धन्यवाद दिया है।



**चेन्नई में आयोजित कार्यक्रम में किया अपने नवाचारी माडल का प्रदर्शन**

जिले में कार्यक्रम के नोडल पंकज सोनी ने बताया कि यंग साइंटिस्ट इंडिया प्रोग्राम कार्यक्रम का उद्देश्य हाई स्कूल छात्रों में वैज्ञानिक जिज्ञासा को प्रोत्साहित करना और उन्हें नवाचार के क्षेत्र में कैरियर के लिए प्रेरित करना है। इस आयोजन में देश भर से लगभग 05 हजार से अधिक प्रविष्टियों में से 160 प्रोजेक्ट्स को ग्रैंड फाइनल के लिए चुना गया जिसमें डॉली का लाई.फाई प्रोजेक्ट शामिल है। यह उपलब्धि बालोद जिले के लिए गर्व का क्षण है और युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

# पर्यटन क्षेत्र के खेत में मिला बुजुर्ग का शव

गुरुर, 29 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध धार्मिक एवं पर्यटन स्थल मां सियादेवी मंदिर क्षेत्र ग्राम नारागांव में 60 वर्षीय एक ग्रामीण का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।



गुरुर पुलिस के मुताबिक,लाश करीब एक सप्ताह पुरानी है। शुक्रवार को सुबह 8 बजे, मुख्य मार्ग किनारे स्थित खेत की तरफ से दुर्गंध आने के बाद जब ग्रामीण मौके पर पहुंचे, तब इस तरह घटना के बारे में जानकारी हुआ। घटना की सूचना पर गुरुर पुलिस तत्काल पहुंचे, शरीर बुरी तरह से सड़ने के कारण पहचान करने में ग्रामीणों को एवं गुरुर पुलिस को मशक्कत करनी पड़ी। अज्ञात शव के बारे पता तलाश हेतु पुलिस द्वारा सोशल मीडिया का भी सहारा लिया गया, तभी मृतक के कपड़े में एक स्टीकर के सहारे शव की पहचान करने मे पुलिस को मदद मिली, गुरुर पुलिस ने अज्ञात शव को हेमू राम ठाकुर उम्र 60 वर्ष ग्राम पीपरछेड़ी, जिला बालोद निवासी के रूप में पहचान की, घटना की सूचना तत्काल परिजनों को दी गई, तत्पश्चात शुक्रवार की शाम 4 बजे,गुरुर स्थित मरच्युरी में पीएम के बाद शव को परिजनों के हवाले किया गया, शाम 7 बजे गुरुर थाना से जानकारी मुताबिक मृतक हेमुराम ठाकुर का शव ग्राम नारागांव में अनुपाबाई मंडावी के खेत में मिला है, मौके पर मृतक का साइकिल भी पड़ा हुआ मिला। बयान में परिजनों ने पुलिस को बताया है कि, मृतक हेमू राम ठाकुर,19 अगस्त को घर से निकला था, पुलिस के मुताबिक हेमुराम ठाकुर की मौत आखिर कैसे हुई है,यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है, पीएम रिपोर्ट आने के बाद इसका खुलासा किया जाएगा, वहीं घटना की सूचना पर दुर्ग से फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम भी पहुंची थी, मामले में गुरुर पुलिस द्वारा जांच की जा रही है।

# जिला पंचायत सीईओ ने भोथली एवं धनेली का किया औचक निरीक्षण

**गुरुर**, 29 अगस्त (देशबन्धु)। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी ने जिले के गुरूर विकास के विभिन्न ग्रामों का औचक निरीक्षण कर मनरेगा एवं राजमिस्त्री प्रशिक्षण कार्यों का जायजा लिया। जिला पंचायत सीईओ चंद्रवंशी ने ग्राम धनेली में मनरेगा एवं भोथली में राजमिस्त्री प्रशिक्षण कार्यों का अवलोकन किया।

इस दौरान श्री चंद्रवंशी ने बताया कि गुरूर विकासखण्ड के ग्राम भोथली में ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में ग्राम पंचायत भोथली के 35 ग्रामीण और मनरेगा श्रमिक राजमिस्त्री का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। सीईओ श्री चंद्रवंशी ने राजमिस्त्री प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे ग्रामीणों से प्रशिक्षण कार्य की जानकारी भी ली। प्रशिणार्थियों ने बताया कि प्रशिक्षण अधिकारी द्वारा उन्हें नाप-जोख, ईट चिनाई, फ्लोरिंग, प्लास्टरिंग, लेवलिंग एवं भवन निर्माण की तकनीकी जानकारी दिया जा रहा है। जिससे वह तकनीकी और व्यवहारिक ज्ञान का समन्वय बनाकर कार्य करेंगे।



**राजमिस्त्री प्रशिक्षण एवं मनरेगा कार्यों का किया अवलोकन**

सीईओ चंद्रवंशी ने ग्राम पंचायत धनेली मे मनरेगा कार्य, मिश्रित वृक्षारोपण, तटबंधान कार्य और ग्राम पंचायत भोथली में आवास निमार्ण कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने संबंधितों को समय-सीमा पर आवास पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर जिला आवास समन्वयक, तकनीकी सहायक, मनरेगा अधिकारी सहित ग्राम सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायक उपस्थित थे।

## प्रादेशिकी का शेष...

**बारिश, आंधी-तूफान से ...**

ने जनता से अपील की है कि ऐसी प्राकृतिक आपदाओं के समय धैर्य रखें और बिजली कर्मियों को सहयोग दें, क्योंकि सुधार तथा आपूर्ति बहाली का कार्य मानवीय श्रम से ही संभव होता है। विद्युत संचालन.संधारण की कार्यदशाओं और विपरीत मौसम में होने वाले जोखिम को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए ताकि चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में कार्य करने के लिए उनका मनोबल बना रहे।

**एमआईसी की बैठक...**

बैठक में मूल स्थल वार्ड 21 को मानते हे प्रस्ताव स्वीकृत किया गया।

बैठक में अन्य विभागीय प्रस्तावों पर भी चर्चा की गई। इनमें विभिन्न वार्डो में नाली निर्माण, सड़क मरम्मत एवं नागरिक सुविधाओं के जुड़े अन्य कार्यो के प्रस्ताल शामिल रहे। इन सभी प्रस्तावों को सर्वानुमति से पारित किया गया। बैठक में एमआईसी के प्रभारीगण नरेन्द्र बंजारे, देवनारायण चंद्राकर, शेखर चंद्राकर, लीना देवांगन, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, काशीराम कोसरे, मनीष साहू, लीलाधर पाल, नीलेश अग्रवाल, शिव नायक, शशि साहू, उपायुक्त मोहेन्द्र साहू, ईई दिनेश नेताम, आर.के.जैन, गिरीश दीवान, रेवाराम मनु सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



उतई- सार्वजनिक गणेश उत्सव समिति बजरंग चौक पतोरा में गणेश की प्रतिमा स्थापित है ।

# अपहरण करने वाले आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**राजनांदगांव,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। विगत 28.08.25 को प्रार्थी रिपोर्ट दर्ज कराया कि यह 28.08.25 के शाम अमन जेम्स एवं विपिन जाववेल्स के साथ के पुरानी लेनदेन की बात को लेकर बहस हुआ था। कि यह अपने दोस्त के साथ मोटर सायकल एक्टिवा में कपडा डिलवरी करने ले जा रहा था। भदौरिया चौक में इसे रोकने पर प्रयास किया तब इसे अमन जेम्स एवं विपिन जानवेल्स ,विवेक राय तथा भावेश साहू उर्फ टीकू व अन्य साथी लोग होटल किंग कमला कॉलेज के पास मिलने जो इसे स्कूटी में बैठाकर बॉडी टेक जिम के पास लेकर जाकर और काले रंग के थार कार में जबरदस्ती बैठाकर बरगई नाला के पास ले जाकर अश्लील गाली गुप्तार कर जान से मारने धमकी देकर भावेश उर्फ टीटू में अपने पास रखे डण्डा से मारपीट कर नदी में फेकने का प्रयास करने लगा। रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में अपराध क्रमांक 390/25 धारा 296,351(2),115(2),126(2),140(3),3(5) भारतीय न्याय संहिता पंजीबद्ध कर विवेचना में लियप्रकरण के विवेचना के दौरान आरोपीगणो को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया जो जुर्म करना स्वीकार किया तथा आरोपीगणो से घटना में प्रयुक्त डण्डा एवं वाहन थार क्रमांक सी0जी0/08/क्यू0ई0/9887 जप्त कर आरोपीगणो को विधिवत् गिर0 कर न्यायिक अभिरक्षा मे पेश में किया गया. उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी बसंतपुर, उप निरीक्षक सतउ राम नेताम, नरेश सर्वा, आरक्षक आशीष मानिकपुरी , मोहसीन खान एवं बी-09 पेट्रोलिंग टीम की अहम भूमिका रही। आरोपीगणो से घटना प्रयुक्त डण्डा एवं वाहन थार क्रमांक सी0जी0/08/क्यू0ई0/9887 को पुलिस ने जब्त किया । आरोपीगणो को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया ।




आरोपियों में अमन जेम्स पिता आरनेस्ट जेम्स उम्र 20 साल निवासी स्टेशनपारा पुलिस चौकी चिखली जिला राजनांदगांव, भावेश साहू उर्फ टीकू पिता द्वारिका साहू उम्र 19 साल निवासी बालगोविन्द चौक थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव, विपिन जानवेल्स पिता जेम्स जानवेल्स उम्र 31 साल निवासी स्टेशनपारा पुलिस चौकी चिखली जिला राजनांदगांव और विवेक राय पिता विनोद राय उम्र 23 साल निवासी शांतिनगर पुलिस चौकी चिखली जिला राजनांदगांव शामिल हैं।

## निधन

### वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता अर्चना बाई खोब्रागढ़े का निधन



**राजनांदगांव,** 29 अगस्त। बौद्ध समाज की वरिष्ठ महिला मंडल की सक्रिय कार्यकर्ता अर्चना बाई खोब्रागढ़े (84 वर्ष) का शुक्रवार 29 अगस्त की सुबह लगभग 8 बजे निधन हो गया। अर्चना बाई लंबे समय से सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रहीं और विशेष रूप से बौद्ध समाज के महिला मंडल को सशक्त बनाने में उनका अहम योगदान रहा। वे अपने पीछे पति, तीन पुत्र और तीन पुत्रियों सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। उनका अंतिम संस्कार आज शाम 4.30 बजे लखोली नाका स्थित मुक्तिधाम में किया गया। ज्ञात हो कि वे कन्हैयालाल खोब्रागढ़े की धर्मपत्नी तथा देशबंधु के ब्यूरो चीफ एवं वरिष्ठ पत्रकार दीपांकर खोब्रागढ़े की माता थीं।

### बसंत राव सरडे

**रायपुर,** 29 अगस्त। ब्रम्हपुरी निवासी बसंत राव सरडे का 83 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी मुक्तिधाम में शाम 3 बजे किया गया। वे वैशाली और पंकज के पिता थे।

### चंद्रशेखर चंद्राकर



**महासमुंद,** 29 अगस्त। बागबाहरा क्षेत्र के ग्राम खुसरूपाली निवासी चंद्रशेखर चंद्राकर बल्लू का गुरुवार सुबह आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 28 अगस्त को दोपहर 12 बजे ग्राम खुसरूपाली खल्लारी में किया गया।

### मनहरण लाल साहू



**महासमुंद** 29 अगस्त। स्थानीय शंकर नगर निवासी मनहरण लाल साहू सेवानिवृत्त कृषि विस्तार अधिकारी 64 वर्ष का शुक्रवार को निधन हो गया। वे लोकश साहू पटवारी, इंदेश साहू के पिता थे। अंतिम संस्कार उनके पैतृक ग्राम चपरीद समोदा में किया गया। इस दौरान गणमान्य जन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# पैलीमेटा जलाशय क्षेत्र में पर्यटन केंद्र स्थापित करने को मूर्त रूप देने कलेक्टर ने किया निरीक्षण



**गंडई-पंडरिया,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। जिला कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने आज छुईखदान में प्रस्तावित पान कैफे तथा पैलीमेटा जलाशय क्षेत्र में पर्यटन केंद्र स्थापित करने के लिए संभावित स्थल का अकास्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि कार्यों को शीघ्रता एवं गुणवत्ता के साथ क्रियान्वित किया जाए। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने हाल ही में खैरागढ़ प्रवास के दौरान क्षेत्रीय विकास को गति देने के लिए अनेक महत्वपूर्ण घोषणाएँ की थीं। इन्हीं घोषणाओं के त्वरित क्रियान्वयन की दिशा में कलेक्टर चंद्रवाल का यह निरीक्षण एक ठोस कदम है। कलेक्टर ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि प्रस्तावों को प्राथमिकता से तैयार कर समयसीमा में प्रस्तुत करें, ताकि विकास कार्य शीघ्र प्रारंभ हो सकें और आमजन को इनका लाभ मिल सके। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम कुमार पटेल, गंडई-छुईखदान के अनुविभीय अधिकारी राजस्व अविनाश ठाकुर सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# पुरुर से पर्यटन स्थल गंगरेल पहुंच मार्ग जर्जर होने से बढ़ी परेशानी

**गुरुर,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ की जीवनदायनी एवं प्रसिद्ध पर्यटन स्थल,गंगरेल डैम पहुंच मार्ग वर्तमान मे अत्यंत ही खराब होने के कारण क्षेत्र वासियों को आने जाने मे,परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, वही इस मार्ग में जगह जगह गड्ढा एवं गिट्टी बोल्डर के उखड़ जाने से यंहा आए दिन लोग बेवजह दुर्घटना का शिकार होने लगे है।



बता दे कि, पर्यटन स्थल गंगरेल डैम जाने के लिए गुरुर विकासखंड के ग्राम पुरुर से ग्राम बोरिद, सोरम, भटगांव का रास्ता सीधे ही गंगरेल डैम का प्रमुख मार्ग है, यह रास्ता नेशनल हाईवे 30 रायपुर जगदलपुर मुख्य मार्ग से भी जुड़ा हुआ है, जिसकी वजह से बालोद के अलावा दुर्ग, रायपुर, कांकेर, बेमेतरा, कोंडागांव, राज नांदगांव, नारायण पुर, बस्तर जैसे अन्य जिला के लाखों लोग इसी रास्ता से आवागमन करते है।

**8 जिला के लाखों लोग हो रहे प्रभावित**

**20 किमी अधिक दूरी तय करना मजबूरी**- वर्तमान में इस मार्ग की हालत अत्यंत खराब होने के कारण क्षेत्र वासियों को अन्य रास्ता अपना कर पर्यटन क्षेत्र जाना पड़ रहा है, जिसकी वजह से लगभग 20 किलोमीटर की अतिरिक्त दूरी तय करना पड़ रहा है, उपरोक्त मार्ग को बनाने के लिए क्षेत्रवासी लंबे समय से शासन प्रशासन को पत्र व्यवहार भी कर चुके है, लेकिन शासन प्रशासन की उदासीनता का खामियाजा क्षेत्र वासियों को भुगतना पड़ रहा है।

**पैदल चलना भी खतरनाक**- ग्राम पुरुर के लोगों ने बताया कि इस मार्ग से बड़ी गाड़ियों तथा मोटरसाइकिल से भी गुजरना तो दूर, पैदल चलना भी खतरनाक साबित हो रहा है, यह मार्ग अत्यंत खराब होने के कारण मार्ग की चौड़ाई भी कम हो गई है,जबकि इसके पहले इस मार्ग से ट्रक, हाईवा जैसे बड़े वाहन भी आसानी से गुजरते थे, लेकिन अब वर्तमान में मुश्किल से ही गाड़ियों का आवागमन हो पा रहा है। गुरुवार को जगह गड्ढा होने के कारण एक मोटर साइकिल के चालक अनियंत्रित होकर गिर गए थे, इसके अलावा एक चार पहिया वाहन भी अनियंत्रित हो गया था जिसमें सवार 4 लोग,बाल बाल बचे।

**देवी दर्शन व गंगरेल पहुंच रहे लाखों लोग**- एकता व्यापारी संघ के राकेश सिन्हा ने बताया कि वर्तमान में गंगरेल डैम में पानी का जल भराव एवं प्राकृतिक वातावरण की वजह से प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से लोग दूर दूर यहां पहुंच रहे हैं, वही पास में ही छत्तीसगढ़ राज्य की आराध्य देवी मां अंगार मोती भी विराजमान है, ऐसे में यहां हमेशा लाखों की संख्या में लोग,देवी दर्शन तथा गंगरेल डैम का प्राकृतिक नजारा देखने के लिए लाखों लोग पहुंचते है। जनहित को ध्यान में रखते हुए शासन प्रशासन को इस मार्ग को बनाने के लिए ध्यान देना चाहिए।

# महिलाओं को सम्मान देने से बढ़ता है समाज का गौरव: सांसद विजय बघेल

- जिले का नाम रौशन करने वाली स्कूली बालिकाओं का हुआ सम्मान
- रजत महोत्सव में हुआ महिला सम्मान समारोह, सांसद ने दी शुभकामनाएं
- महिला जागरूकता संदेश रथ को सांसद ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना
- हमर संस्कृति, हमर विरासत, पुरखा के सुरता कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की झलक
- हेल्थ कैंप और छत्तीसगढ़ फूड फेस्टिवल ने बढ़ाया उत्सव का आकर्षण

**बेमेतरा,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बेमेतरा जिला के टाउन हॉल में रजत महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिला सम्मान समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्री विजय बघेल सम्मिलित हुए।

कार्यक्रम में सांसद श्री बघेल ने जिले का नाम रौशन करने वाली बालिकाओं को सम्मानित करते हुए कहा कि महिलाओं का सम्मान करना केवल सामाजिक ही नहीं, बल्कि नैतिक आवश्यकता भी है। उन्होंने अपने करकमलों से कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान किया। साथ ही निबंध और चित्रकला प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को भी सम्मानित किया गया।

अपने उद्बोधन में सांसद श्री बघेल ने कहा कि च्महिलाओं को सम्मान देने से उनके जीवन में क्रांतिकारी बदलाव आता है। इससे समाज का गौरव बढ़ता है और महिलाएं आत्मनिर्भर होकर गरिमामयी जीवन जीने का अवसर प्राप्त करती हैं।ज्ज उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय



के नेतृत्व में महिलाओं को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने और उन्हें अवसर प्रदान करने के लिए अनेक महत्वाकांक्षी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका परिणाम है कि आज मातृशक्ति हर क्षेत्र में सफलता की नई ऊँचाइयों को छू रही है। साथ ही बेटी बचाओ ङ्क बेटी पढ़ाओ हस्ताक्षर अभियान के तहत सांसद ने हस्ताक्षर कर मातृशक्ति के सम्मान एवं सशक्तिकरण का संदेश दिया।

कार्यक्रम में बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री दीपेश साहू ने भी विचार व्यक्त करते हुए कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने से समाज में सकारात्मक बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों से महिलाओं को विकास की धारा में शामिल कर सशक्त बनाया जा रहा है।

कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज का युवा ही आने वाले कल का भारत गढ़ेगा। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे 'सांसद खेल महोत्सव ङ्क फिट युवा फॉर विकसित भारत' वेब पोर्टल में अधिक से अधिक संख्या में पंजीयन कर भागीदारी सुनिश्चित करें, जिससे खेल भावना के साथ-साथ स्वस्थ, सशक्त और अनुशासित समाज का निर्माण संभव हो सके।

अपने संदेश में उन्होंने नारी सशक्तिकरण पर भी विशेष बल देते हुए कहा कि बेटियां हर क्षेत्र में अपनी श्रेष्ठता साबित कर रही हैं। हमें उनके आत्मविश्वास को और प्रोत्साहित करना होगा ताकि वे शिक्षा, खेल, विज्ञान, तकनीक और प्रशासन के साथ-साथ समाज के हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा सकें। उन्होंने उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं से आह्वान किया कि वे लैंगिक समानता और महिला सम्मान की दिशा में सकारात्मक योगदान दें और नारी शक्ति को आगे बढ़ाने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

### सांस्कृतिक रंग और छत्तीसगढ़ की झलक

रजत महोत्सव के अंतर्गत हमर संस्कृति, हमर विरासत, पुरखा के सुरता पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति, लोकगीत एवं परंपराओं की अद्भुत छटा देखने को मिली।

### हेल्थ कैंप और फूड फेस्टिवल का आयोजन

कार्यक्रम में हेल्थ कैंप के साथ छत्तीसगढ़ फूड फेस्टिवल का आयोजन भी किया गया। फूड फेस्टिवल में छत्तीसगढ़ के परंपरागत व्यंजनों की प्रदर्शनी और बिक्री की गई, जिसका जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और नागरिकों ने भरपूर आनंद लिया।

### महिला जागरूकता संदेश रथ का शुभारंभ

इस अवसर पर सांसद श्री विजय बघेल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने महिला जागरूकता संदेश रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ जिले के ग्राम पंचायतों एवं शहरी क्षेत्रों में पहुंचकर महिलाओं के सम्मान, आत्मनिर्भरता और विकास से जुड़ी सरकारी योजनाओं की जानकारी देगा और समाज को जागरूक करेगा।

इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू, मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती प्रेमलता मंडावी, छत्तीसगढ़ रजककार बोर्ड के अध्यक्ष श्री प्रहलाद रजक, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कल्पना योगेश तिवारी, नगर पालिका अध्यक्ष श्री विजय सिन्हा, पूर्व जिला अध्यक्ष श्री राजेंद्र शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, विद्यार्थी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन कृष्ण लीला का हुआ वर्णन

**थान खम्हरिया,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। बंसल परिवार द्वारा पितर भागवत में राधा कृष्ण जमात मंदिर प्रांगण में कथा के पांचवें दिन कथावाचक पं. ओमप्रकाश जोशी ने भक्तों को भगवान श्री कृष्ण की बाल लीला का वर्णन सुनाया। उन्होंने कहा भगवान कृष्ण जन्म लेने के बाद कंस उसको मौत के घाट उतारने के लिए अपने राज्य की सर्वाधिक बलवान राक्षसी पूतना को भेजता है। पूतना वेश बदलकर भगवान श्री कृष्ण को अपने स्तन से जहरीला दूध पिलाने का प्रयास करती है। लेकिन भगवान श्री कृष्णा उसको मौत के घाट उतार देते हैं। उसके बाद कार्तिक माह में ब्रजवासी इंद्र को प्रसन्न करने के लिए पूजन का कार्यक्रम करने की तैयारी करते हैं। भगवान कृष्ण के द्वारा उनको इंद्र की पूजन करने से मना करते हैं। गोवर्धन महाराज की पूजन करने की बात कहते हैं। इंद्र भगवान उन बातों को सुनकर क्रोधित हो जाते है । वह अपने क्रोध से भारी वर्षा करते हैं। जिसको देखकर बृजवासी परेशान हो जाते हैं। भारी वर्षा को देखकर भगवान श्री कृष्णा गोवर्धन पर्वत को अपनी कनिष्ठा उंगली पर उठाकर पूरे नगर वासियों को





पर्वत के नीचे बुला लेते हैं। जिससे हार कर इंद्र एक सप्ताह के बाद वर्षा को बंद कर देते हैं। जिसके बाद ब्रज में भगवान श्री कृष्ण और गोवर्धन महाराज के जयकारे लगाने लगते हैं। मौके पर भगवान को 56 भोग लगाया गया। इस अवसर पर श्याम मित्र मंडल हर गोपाल शर्मा जी, संजय शर्मा जी द्वारा भजन गाकर श्रद्धालुओ को भावविभोर कर दिया गया । महाराज जी ने कहा धनवान व्यक्ति वही है। जो अपनतन, मन, धन, सेवा से भक्ति करें। वही आज के समय में धनवान व्यक्ति है ।परमात्मा की प्राप्ति सच्चे प्रेम के द्वारा ही संभव हो सकती है। इस अवसर पर महंत बसंत बिहारी दास जी एवं मुख्य यजमान ओम अग्रवाल,विजय अग्रवाल , संजय अग्रवाल, आशीष बंसल, बृजेश अग्रवाल , रुद्रेश अग्रवाल , दीपक बंसल , पवन अग्रवाल ,रवि बिंदल , अनिल सिंघानिया, रमेश जैन , नारायण केडिया , डॉ. निर्मल केडिया , शिव बिंदल, विष्णु जोशी शिवेंद्र बिंदल , संजय सिंघानिया , योगराज साहू , चेतन सिन्हा ।

# ग्राम जगन्नाथपुर में अवैध कारोबारियों पर अंकुश लगाने जल्द हो सकती है बड़ी कार्यवाई, संदेहियों पर रखी जा रही नजर

**बालोद,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। बीते दिनों ग्राम जगन्नाथपुर में बढ़ रहे आसामाजिक तत्वों के उत्पात, अवैध शराब की बिक्री और एक महिला के घर आसामाजिक तत्वों द्वारा आग लगाए जाने की घटना के बाद से प्रशासन के साथ पुलिस प्रशासन ने सतर्कता दिखाई और गुरुवार की शाम को बालोद पुलिस सहित यातायात पुलिस की टीम भी जगन्नाथपुर में तैनात हो गई। लगातार चौक चौराहे और संदिग्ध इलाकों में अवैध कार्यों में संलिप्त रहने वाले लोगों पर नजर रखी जा रही थी। इस बीच कुछ लोग को कड़ी चेतावनी भी दी गई कि वे अवैध कारोबार बंद कर दे वरना पुलिस अपना काम करेगी। वहीं पंचायत प्रतिनिधियों को भी बुलाकर कहा गया कि गांव को सुधारना है तो सबको मिलकर आगे आना होगा। नियम बना रहे तो उसके पालन में कड़ाई और पंचायत प्रतिनिधियों में एकता जरूरी है। सरपंच देव कुंवर दौलत कोसीमा को भी कहा गया कि जो भी अवैध शराब बेच रहे हैं उनका नाम खुलकर बताएं तभी हम उन्हें उन पर कार्यवाही कर सकेंगे। सरपंच ने जानकारी दिया कि सोमवार को गांव में एक बैठक रखी जाएगी जिसमें इस मुद्दे पर चर्चा होगी और जो भी गांव में शराब बेच रहे हैं या किसी भी तरह के अवैध कार्य में संलिप्त हैं उन्हें चिन्हित कर उन्हें अंतिम चेतावनी दी जाएगी। इस बैठक में पुलिस प्रशासन को भी आमंत्रित किया गया है। थाना प्रभारी शिशुपाल सिन्हा भी गुरुवार को जगन्नाथपुर पहुंचे थे। उन्होंने



संदेहियों और शराब बेचने वालों की जानकारी पंचायत प्रतिनिधियों से ली और जल्द से जल्द उन पर कार्यवाही करने की बात कही। गांव का धार्मिक स्थल झुंडा का भी उन्होंने जायजा लिया जहां पर लोग जाम छलकाते हैं जुआ और शराबखोरी चलती है मौके पर जाकर उन्होंने देखा तो वहां शराब की सीसी, डिस्पोजल और ताश के पत्ते पड़े हुए थे। जिस पर उन्होंने अपने टीम को निर्देशित किया कि यह कब से हो रहा है अब तक इस पर कार्यवाही क्यों नहीं हुई है इस पर जरूर ध्यान दे।

इस बीच जिस मीना साहू के घर अज्ञात लोगों द्वारा आग लगाने का प्रयास किया गया था उनके घर पर भी थाना प्रभारी शिशुपाल सिन्हा और उनके स्टाफपहुंचे और घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी महिला से ली गई। उन्होंने भरोसा दिलाया कि हम अपने स्तर पर संबंधित अज्ञात आरोपी को पकड़ने का पूरा प्रयास करेंगे। उनसे पूछा गया कि किसी के ऊपर शक है किसी से कोई दुश्मनी है तो खुलकर बताएं ताकि हमें आरोपी को पकड़ने में मदद मिल सके। मीना साहू ने उन्हें अपने साथ हुई घटना की विस्तृत जानकारी दी। वहीं देर शाम को एसडीओपी देवांश सिंह राठौर भी जगन्नाथपुर पहुंचे और चौक के आसपास उन्होंने तैनात पुलिस व्यवस्था का जायजा लिया और ग्रामीणों से भी पुलिस प्रशासन का साथ देने की अपील की गई। इस तरह जगन्नाथपुर में पुलिस प्रशासन की टीम शाम से देर रात तक तैनात रही। इससे माना जा रहा है कि जल्द ही गांव में अवैध शराब कारोबारी, आसामाजिक तत्वों पर बड़ी कार्रवाई हो सकती है। थाना प्रभारी ने गांव की सुधार और अवैध कारोबारियों पर अंकुश लगाने का पूरा भरोसा दिलाया है।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर बेमेतरा में खिलाड़ियों का हुआ सम्मान

- खेल अनुशासन और राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा देता है : विधायक दीपेश

**बेमेतरा,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी की जयंती के अवसर पर पं. जवाहरलाल नेहरू आर्ट्स एवं साइंस महाविद्यालय, बेमेतरा में राष्ट्रीय खेल दिवस बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित विशेष समारोह में क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक श्री दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मेजर ध्यानचंद जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।

महाविद्यालय के खिलाड़ी, जिन्होंने पूर्वी-क्षेत्रीय अंतर विश्वविद्यालयीन खेलों एवं अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयीन खेलों में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग का प्रतिनिधित्व किया था, उन्हें समारोह में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वीणा त्रिपाठी



ने अपने उद्बोधन में खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और नए खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के लिए शुभकामनाएँ दीं।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक दीपेश साहू ने प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को मंच से सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि खेल केवल शारीरिक क्षमता का प्रदर्शन नहीं, बल्कि अनुशासन, एकाग्रता और राष्ट्र गौरव का माध्यम है। उन्होंने कहा मेजर ध्यानचंद जी ने अपने जीवन से यह संदेश दिया कि कठिन परिश्रम और निस्वार्थ खेल भावना से कोई भी खिलाड़ी देश और दुनिया में अपनी पहचान बना सकता है। खेल जीवन में टीम भावना, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच का निर्माण करते हैं।

श्री साहू ने आगे कहा कि बच्चों और युवाओं को खेलों से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है, ताकि वे नशा और नकारात्मक प्रवृत्तियों से दूर रहकर समाज और राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकें। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि राज्य और केंद्र सरकार खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने हेतु निरंतर योजनाएँ संचालित कर रही हैं, जिससे प्रदेश के खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं।

इस अवसर पर महाविद्यालय के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को शील्ड और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। खिलाड़ियों के उत्साह और जोश ने समारोह को और अधिक प्रेरणादायी बना दिया।कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्री विजय सिन्हा, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा श्री राजेंद्र शर्मा, पार्षद श्री विकाश तम्बोली, दीनानाथ साहू, गोपी देवांगन, दुर्ग प्रसाद जंघेल, क्रीड़ा अधिकारी, प्राध्यापकगण श्री एम.एफ. खान, डॉ. डी.डी. द्विवेदी, डॉ. संध्या बघेल, श्री बी.आर. साहू, श्रीमती ज्योति गेन्ड्रे, सुश्री श्वेता साहू, डॉ. डोशन साहू, डॉ. आर.के. त्रिपाठी, डॉ. घनश्याम नागे, डॉ. पायल गोस्वामी, श्रीमती नर्मदा, डॉ. राजश्री साहू, श्री नरेश पटेल, श्री एल.एन. गुप्ता, डॉ. ज्योतिप्रभात राणा सहित महाविद्यालय का पूरा स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

# मेजर ध्यानचंद जयंती पर विविध खेलों का आयोजन



**बेमेतरा,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। स्थानीय हायर सेकेंड्री स्कूल खेल परिसर में 29 अगस्त मेजर ध्यान चंद जी के जन्म दिवस ,राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर माध्यमिक विद्यालय के छात्र छात्राओं को खेल में उत्कृष्टता प्राप्त करते हुए मातृ भूमि के प्रति समर्पण के भाव प्रेरित करने के लिए शिक्षकों ने मेजर ध्यानचंद जी के जीवनी से सीख लेने की बात कही सततपश्चात उनके सम्मान में दौड़,रस्सी कूद, स्लो सायकल, जैसे प्रतियोगिताएं आयोजित हुई जिसमें प्रदर्शन के आधार पर प्रतिभागी छात्रों को जिसमे विजय, ओमकेश, रामपाल, कु भूमिका, दीपिका, दुर्गा, नेहा, सरिता, करण, सुखदेव , कु वंदना पुरुस्कृत हुए। जिसके निर्णायक शिक्षक गर्वेंद्र धृतलहरे , सनत मृत्चेंडे, नीरज साहू, थे। इस दौरान अजय शर्मा,विकाश चौबे, बोधमती मंडावी , अनूपा तेजवा सहित विधालय के सभी छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# ओव्हरफ्लो से महज एक फीट दूर जीवनदायिनी तांदुला का जलस्तर, मनोरम दृश्य का दीदार करने पहुंच रहे पर्यटक

**बालोद,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। तांदुला जलाशय में कैचमेंट एरिया से तेजी से पानी आ रहा है। जलाशय में जलभराव की क्षमता 38.50 फीट है। अभी तक 37 फीट हो भराव हो चुका है। पर्यटक भी इस मनोहारी दृश्य को देखने पहुंच रहे हैं। बालोद जिले के सबसे बड़ा जलाशय तांदुला छलकने को है। जलाशय में बस डेढ़ फीट और जलभराव की आवश्यकता है। इसकी जलभराव क्षमता 38.50 फीट है। वर्तमान में 37 फीट जलभराव हो चुका है। तांदुला के कैचमेंट एरिया में अच्छी बारिश हुई है।



इससे जलाशय में तेजी से जलभराव हो रहा है। बालोद शहरवासियों से लेकर जिलेवासियों में खुशी दिखाई दे रही है। सिंचाई विभाग की माने तो जलाशय में पानी की आवक अच्छी है। कुछ दिनों से रोज आधा फीट जलभराव हो रहा है। हालांकि बेमेतरा जिला में अल्पवर्षा के कारण बेरला क्षेत्र में फसलों की सिंचाई के लिए पानी की मांग की गई थी। इस कारण तांदुला से पानी छोड़ा गया है। सिंचाई विभाग के मुताबिक 2022 में तांदुला 15 अगस्त को ओवरफ्लो हुआ था जो लगभग दस दिन तक छलकता रहा। इस मानसून सीजन में बारिश का पूरा माह बचा है। मौसम विभाग ने भी अभी बारिश के आसार बताए हैं। जलाशय में पानी कांकेर जिला क्षेत्र से ज्यादा आता है और नदी.नालों से तेजी से पानी भी आ रहा है। इस मानसून सीजन की बात करें तो सबसे ज्यादा बालोद तहसील में बारिश हुई है।

# मेजर ध्यानचंद केवल एक खिलाड़ी नहीं बल्कि भारत की हॉकी इतिहास के स्वर्णिम युग के निर्माता थे

- बारगांव खेल मैदान में मनाया गया राष्ट्रीय खेल दिवस

**बेमेतरा,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। हॉकी के जादूगर कहे जाने वाले मेजर ध्यानचंद की गौरवपूर्ण स्मृति में बारगांव खेल मैदान में राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया गया,कार्यक्रम के मुख्यअतिथि शशिकला मिश्रा सरपंच ग्राम पंचायत बारगांव,सच्चिदानंद मिश्रा सरपंच प्रतिनिधि, नरेन्द्र वर्मा जिला महामंत्री भारतीय जनता पार्टी बेमेतरा,टिकेश वर्मा उपसरपंच ग्राम पंचायत बारगांव, देवेन्द्र वर्मा मंडल अध्यक्ष सरदा रहे उपस्थित रहे।

सर्वप्रथम अतिथिगणों द्वारा मेजर ध्यानचंद के छायाचित्र में माल्यार्पण कर,दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किए

इस अवसर पर सर्वप्रथम बच्चों को संबोधित करते हुए ग्राम पंचायत बारगांव की सरपंच शशिकला मिश्रा ने कहा कि आज हम सभी बारगांव के खेल मैदान में उपस्थित हैं,आज का यह दिन हॉकी के जादूगर कहे जाने मेजर ध्यानचंद को समर्पित है,मेजर ध्यानचंद का जन्म 29 अगस्त 1905 में इलाहाबाद में हुआ था उनके हांकी खेल के प्रति महत्वपूर्ण योगदान एवं समर्पण के लिए आज के इस दिन को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप के मनाते है,जिला महामंत्री नरेन्द्र वर्मा ने बच्चों को मेजर ध्यानचंद के बारे में बताते हुए कहा कि मेजर ध्यानचंद को हांकी का जादूगर कहा जाता है जब वे खेलते थे तो अविश्वसनीय



रूप से गेंद पर नियंत्रण रखते थे, उनकी स्टिक-वर्क और बॉल कंट्रोल अद्भुत था, और वे अपनी शानदार ड्रिबलिंग और गोल करने की क्षमता से दर्शकों को चकित कर देते थे. उनके इस जादुई खेल प्रदर्शन के कारण उन्हें हॉकी का जादूगर की उपाधि मिली थी

सरपंच प्रतिनिधि सच्चिदानंद मिश्रा ने बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि 1936 शीतकालीन ओलंपिक खेलो का आयोजन जर्मनी के गार्मिश-पार्टेनकिर्चेन में आयोजित हुआ था हॉकी खेल के फाइनल मैच में भारत ने जर्मनी को 8ङ्क1 से हराकर स्वर्ण पदक जीता था मेजर ध्यानचंद ने इस ऐतिहासिक फाइनल मैच में 03 गोल किए थे इस हार से हताश जर्मनी का तानाशाह हिटलर स्टेडियम छोड़कर चला गया था ग्राम पंचायत बारगांव उपसरंच टिकेश वर्मा ने कहा कि भारतीय हॉकी टीम ने अपना पहला स्वर्ण पदक 1928 एम्स्टर्डम,नीदरलैंड्स में आयोजित ओलम्पिक खेल में जीता था फाइनल मैच में मेजर ध्यानचंद जी ने हैट्रिक गोल कर जीत में अहम भूमिका था मंडल अध्यक्ष देवेन्द्र वर्मा ने भी बच्चो को संबोधित किया

इस दौरान बेमेतरा जिला हॉकी संघ के सचिव व व्यायाम शिक्षिका तुलसी साहू ने खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि हॉकी के जादूगर माने जाने वाले मेजर ध्यानचंद के सम्मान और याद में उनके जन्मदिन को हम हर साल राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाते है,भारतीय हॉकी टीम के स्टार खिलाड़ी ध्यानचंद एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी थे, जिन्होंने 1928, 1932 और 1936 में भारत को ओलंपिक खेलों में लगातार तीन स्वर्ण पदक जिताने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी मेजर ध्यानचंद को इस खेल में महारत हासिल थी और वो गेंद को अपने नियंत्रण में रखने में इतने निपुण थे कि वो च्हॉकी जादूगरज्ज और च्द मैजिशियनज्ज जैसे नामों से प्रसिद्ध हो गए,ध्यानचंद केवल एक खिलाड़ी नहीं बल्कि भारत के हॉकी इतिहास के स्वर्णिम युग के निर्माता थे. मैदान पर उनकी पकड़ और गेंद पर उनका नियंत्रण इतना जादुई था कि उन्हें पूरी दुनिया में 'हॉकी का जादूगर' कहा जाने लगा,1956 में भारत सरकार ने मेजर ध्यानचंद को पद्म भूषण से सम्मानित किया.आज भी मेजर ध्यानचंद भारतीय खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत हैं. उनका जीवन संदेश देता है कि कड़ी मेहनत, अनुशासन और देशभक्ति से कोई भी खिलाड़ी खेल के जरिए अमर हो सकता है.उन्होंने बताया कि इन 04 वर्षों के हॉकी खेल के क्षेत्र में बारगांव की एक अलग पहचान बनी है

*गौरव पूर्ण 04 वर्ष बारगांव हॉकी खेल*

चार वर्ष पूर्व बारगांव से खेलो को बढ़ावा देने लिए एक यात्रा शुरू किया गया वर्ष 2021 में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बारगांव में व्यायाम शिक्षिका व कोच तुलसी साहू की नियुक्ति हुई थी वे स्वयं हॉकी खेल की राष्ट्रीय खिलाड़ी भी है उनके मार्गदर्शन में स्कूल से लगे खेल मैदान में हॉकी खेलना शुरू करवाया वर्ष 2022 में हांकी खेल में बारगांव से 02 बच्चों का चयन राज्य स्तर खेल के लिए हुआ एवं 01 छात्रा डाली निषाद का चयन राष्ट्रीय स्तर के लिए हुआ

वर्ष 2023 में हॉकी खेल में 19 बच्चों का चयन राज्य स्तर एवं 03 बच्चों का चयन राष्ट्रीय स्तर में हुआ इसी प्रकार 2024 में 19 छात्र/छात्राओं का चयन राज्य स्तर में हुआ एवं 03 बच्चों का चयन राष्ट्रीय स्तर में हुआ इसी प्रकार बारगांव से हॉकी खेल में यहां के बच्चों का चयन एकेडमी रायपुर में 04 बच्चे, बिलासपुर एकेडमी में 03 बच्चे एवं राजनांदगांव एकेडमी में 02 बच्चों का चयन हुआ रोजाना बारगांव हॉकी खेल मैदान के 70 से 80 बच्चे हॉकी खेल का गुण सिख रहे है और राज्य स्तर एवं राष्ट्रीय स्तर में जीत दर्ज कर मेडल अर्जित कर रहे है।

# कार्यपालन अभियंता यूके रामटेके एवं सफाई कर्मी रानी महेश हुए सेवानिवृत्त

## आयुक्त की उपस्थिति में दी गई भावभीनी बिदाई



**राजनांदगांव** 29 अगस्त (देशबन्धु)। नगर निगम में अपनी अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले नगर निगम के कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके एवं सफाई कर्मी श्रीमती रानी महेश को निगम सभागृह में आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बिदाई समारोह में भावभीनी बिदाई दी गयी। कार्यक्रम में आयुक्त सहित कार्यपालन अभियंता श्री दीपक खाण्डे, सहायक अभियंता श्री प्रणय मेश्राम, राजस्व अधिकारी श्री राजेश तिवारी ने उनके परिजनों की उपस्थिति में सेवानिवृत्त कर्मचारियों को माला पहनाकर, शाल, श्रीफल से सम्मानित किया तथा अवकाश नगदी करण का चेक दिया गया।

बिदाई समारोह में आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि हमारे निगम परिवार के दो लोग अपनी अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो रहे है। सरकारी नौकरी का अंतिम पड़ाव सेवानिवृत्त है, लेकिन पारिवारिक दायित्वों के लिए पहला पड़ाव है। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त पश्चात आगे का समय हमारे अपनो के लिए एंव सपनो के लिए होता है, क्योकि नौकरी काल मे हम अपने बहुत से पारिवारिक दायित्वों का निर्वाहन नही कर पाते है। उन्होंने कहा कि हमारे रामटेके साहब का व्यवहार हर किसी के लिए सम्मानपूर्वक रहा है, उन्होंने अपने सभी दायित्वो का बहुत निष्ठापूर्वक निर्वाहन किया है, इसी प्रकार हमारी सफाई कर्मी श्रीमती रानी महेश ने सफाई जैसे कार्यो का कुशलतापूर्वक निर्वाहन किया। उन्होंने कहा कि श्री रामटेके ने लंबे समय तक के इस निकाय में कार्य किया उनकी सादगी और निष्ठा के कारण सभी विभाग के लोग किसी भी काम के लिए उन्ही को फोन लगाते थे। किसी भी कार्य की अवहेलना तथा किसी की आलोचना करना उनके स्वभाव में नही था, आप दोनो स्वस्थ्य रहकर अपने शेष जीवन में पारिवारिक दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वाहन करे, यही भगवान से प्रार्थना है।

श्री यू.के.रामटेके ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि आज 38 वर्ष सेवा देकर निकाय से सेवानिवृत्त हो रहा हूॅ। पहले जब निगम में नौकरी लगा तब लगता था कि कहा फस गये, क्योकि उस समय स्टॉप सहित फण्ड एवं साधन संसाधन की कमी थी और इस छोटे से टाउन हाल में निकाय लगती थी। उन्होंने कहा कि शहर की व्यवस्था में तकनीकि शाखा का बहुत बडी भूमिका होती है, और नगर निगम ही एक ऐसी संस्था है, जहॉ सभी प्रकार के काम करने का एवं सीखने का मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि सभी लोगो का बहुत अच्छा सहयोग मिला जहॉ पारिवारिक माहोल में इतने लंबे समय तक काम करने का अवसर मिला। मै सभी का सहयोग करने के लिए आभार व्यक्त करता हूॅ।

तकनीकि अधिकारी श्री दीपक खाण्डे, श्री प्रणय मेश्राम, श्रीमती गरिमा वर्मा, श्री वसीम खान, सुश्री सुषमा साहू व आयुषी सिंह सहित राजस्व अधिकारी श्री राजेश तिवारी, स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा तथा प्रधानमंत्री आवास से श्री ललित मानकर, लिपिक श्री संजय साहू ने भी श्री रामटेके के साथ काम करने का अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि श्री रामटेके सर से सादगी एवं सौम्यता से निष्ठापूर्वक कार्य करने का अनुभव मिला। बिदाई समारोह का संचालन प्र.कार्यालय अधीक्षक श्री नारायण यादव ने किया। कार्यक्रम में सहायक लेखा अधिकारी श्री राकेश नंदे सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ रजत महोत्सव अंतर्गत नगर निगम द्वारा छत्तीसगढ़ी व्यंजन तिहार आयोजित

**महापौर मधुसूदन यादव कल पुष्पवाटिका में करेंगे व्यंजन तिहार का शुभारंभ**

**राजनांदगांव** 29 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ प्रदेश में राज्य स्थापना दिवस के रजत जयंती वर्ष में शासन के निर्देशानुसार विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है, इसी कडी में नगर निगम द्वारा 31 अगस्त रविवार को छत्तीसगढी व्यंजन तिहार आयोजित किया जा रहा है। व्यंजन तिहार में संस्कारधानी के महिला समूह की महिलाए विभिन्न छत्तीगढ़ी व्यंजनों का स्टाल लगायेगे। व्यंजन तिहार का शुभारंभ महापौर श्री मधुसूदन यादव द्वारा पुष्पवाटिका में दोपहर 3 बजे जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया जायेगा।

छत्तीसगढ़ी व्यंजन तिहार के संबंध में निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि पुष्पवाटिका में आयोजित छत्तीसगढ़ी व्यंजन तिहार में नगर की महिला समूह द्वारा छत्तीसगढ़ी व्यंजन चिला, फरा, चौसेला, ठेठरी, खुरमी आदि का स्टाल लगाया जायेगा। व्यंजन तिहार का पुष्पवाटिका में दोपहर 3 बजे नगर के प्रथम नागरिक माननीय मधुसूदन यादव जी द्वारा शुभारंभ किया जायेगा। उन्होंने निगम अध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्यगण सहित जन प्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक व पत्रकार बंधुओ से पुष्वाटिका में छत्तीगढ़ी व्यंजन तिहार में उपस्थित होकर छत्तीसगढ़ी व्यंजन का लुफ्त उठाने की अपील की है।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि संस्कारधानी की महिला समूह या संस्था यदि छत्तीसगढ़ी व्यंजन का स्टाल लगाना चाहते है, तो वे आयोजन प्रभारी प्र.सहायक अभियंता श्रीमती गरिमा वर्मा मो.नं. 83197 31636 से सम्पर्क कर सकते है।

# अग्नि वीर थलसेना भर्ती हेतु निःशुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण के लिए 1 सितम्बर तक आवेदन

**राजनांदगांव** 29 अगस्त (देशबन्धु)। भारतीय अग्नि वीर थलसेना 2025 के लिए युवाओ को भर्ती करने ऑनलाईन लिखित परीक्षा आयोजित की गयी। लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण आवेदकों को जिला प्रशासन राजनांदगांव द्वारा निःशुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण दिया जायेगा। इस संबंध में निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि राजनांदगांव के आवेदको जिनके द्वारा अग्नि वीर थलसेना 2025 भर्ती हेतु लिखित परीक्षा उत्तीर्ण कर लिया गया है, उन आवेदको के लिए सेना भर्ती कार्यालय द्वारा निःशुल्क शारीरिक दक्षता परीक्षा माह दिसम्बर 2025 या जनवरी 2026 में आयोजित होना संभावित है।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बताया कि ऐसे आवेदक जिन्होंने अग्निवीर थलसेना 2025 भर्ती का आनलॉईन लिखित परीक्षा उत्तीर्ण कर लिया है वे अपने अग्निवीर थलसेना पंजीयन फार्म के साथ जिला रोजगार एवं स्व रोजगार मार्गदर्शन केन्द्र राजनांदगांव में दिनांक 1 सितम्बर 2025 तक अनिवार्य रूप से जमा करे या व्हाट्सएप नम्बर 7073207374 पर भेज सकते है। जिससे निःशुल्क प्रशिक्षण का लाभ दिया जा सके।

# वरिष्ठ पत्रकार दीपांकर खोब्रागढ़े को मातृ शोक



**राजनांदगांव,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। राजनांदगांव के वरिष्ठ पत्रकार दीपांकर खोबरागड़े की माता श्री का देहावसान हो गया है। माता जी बौद्ध समाज की सबसे सक्रिय महिला मंडल की वरिष्ठ कार्यकर्ता अर्चना बाई खोब्रागढ़े का शुक्रवार 29 अगस्त की सुबह लगभग 8 बजे निधन हो गया।

अर्चना बाई लंबे समय से सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रहीं और विशेष रूप से बौद्ध समाज के महिला मंडल को सशक्त बनाने में उनका अहम योगदान रहा। वे अपने पीछे पति, तीन पुत्र और तीन पुत्रियों सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। उनका अंतिम संस्कार आज शाम 4=30 बजे लखोली नाका स्थित मुक्तिधाम में किया गया। ज्ञात हो कि वे बौद्ध समाज के वरिष्ठ नेता कन्हैयालाल खोब्रागढ़े की धर्मपत्नी तथा देशबंधु के ब्यूरो चीफ वरिष्ठ पत्रकार दीपांकर खोब्रागढ़े, एफ एम रेडियो संगवारी के संस्थापक शिशुपाल खोबरागडे की माता थीं। उनके देहावसान में सामाजिक जनों और बुद्धिजीवी वर्ग के लोगों इष्ट मित्रों ने शोक संवेदना जताई है।

# सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित पेंशन योजनाओ के हितग्राहियो का भौतिक सत्यापन

**भौतिक सत्यापन के लिए शेष वार्डो में 2 सितम्बर से 12 सितम्बर तक प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक शिविर आयोजित**

**राजनांदगांव** 29 अगस्त (देशबन्धु)। सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित राष्ट्रीय पेंशन योजनाओं के हितग्राहियो का प्रतिवर्ष वार्षिक सत्यापन कराया जाता है। उक्त कार्य मैन्युअली होता रहा है, भारत सरकार के निर्देशानुसार अब आधार आधारित मोबाईल एप्लीकेशन के माध्यम से सत्यापन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत निकाय क्षेत्र के कुल 51 वार्डो में से 30 वार्डो के पेंशन हितग्राहियो का पेशन सत्यापन किया जा चुका है। शेष वार्डो के पेंशन हितग्राहियों का सत्यापन करने शेष वार्डो में दिनांक 2 सितम्बर से 12 सितम्बर 2025 तक प्रात: 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर के साथ साथ निगम कार्यालय के पेंशन शाखा में भी कार्यालयीन समय में सत्यापन किया जायेगा।

शेष वार्डो में शिविर के तहत 2 सितम्बर मंगलवार को बजरंगपुर वार्ड नं. 1 के लिए साहू धर्मशाला बजरंपुर नवागांव में, महात्मा बुद्ध वार्ड नं. 2 के लिए लोधी भवन नवागांव में व बलरामदास वार्ड नं. 14 के लिए वेसलियन स्कूल में एवं 3 सितम्बर बुधवार को तुलसीपुर वार्ड नं. 17 के लिए ठा.प्यारेलाल स्कूल में, लालबहादुर शास्त्री वार्ड नं. 18 व वर्धमान नगर वार्ड नं. 19 के लिए समुदायिक भवन गली नं. 5 आनंद विहार कालोनी में तथा स्टेडियम वार्ड नं. 22 के लिए पार्षद कार्यालय स्टेडियम में शिविर आयोजित किया गया है।

सत्यापन के संबंध में निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने कहा कि केन्द्रीय पेशन योजनाओं- इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना एवं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांगजन पेंशन योजना के हितग्राही वार्डो में आयोजित शिविर में सत्यापन कराकर पेंशन योजना का लाभ ले सकते है। शेष वार्डो के लिये भी शिविर आयोजित किये जायेगे।

# नगर निगम गणेश उत्सव प्रतियोगिता, आवेदन 4 सितम्बर तक

**राजनांदगांव** 29 अगस्त (देशबन्धु)। नगर निगम द्वारा शहर की सांस्कृतिक परंपरा में अग्रणी गणेश उत्सव पर विसर्जन झांकी एवं सर्वश्रेष्ठ गणेश प्रतिमा प्रतियोगिता का आयोजन पूर्व वर्षो की परंपरानुसार किया जा रहा है। प्रतियोगिता में सहभागिता के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 4 सितम्बर गुरूवार निर्धारित की गई है।

महापौर श्री मधुसूदन यादव एवं निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि नगर निगम द्वारा परंपरानुसार इस वर्ष भी गणेश पर्व प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता पूर्णतः निःशुल्क होगी तथा सहभागिता के लिए आवेदन जमा करने नगर निगम के अधीक्षक कार्यालय में अंतिम तिथि 4 सितम्बर गुरूवार शाम 05:00 बजे तक निर्धारित की गई है।

प्रतियोगिता के संबंध में महापौर श्री यादव एवं आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बताया कि नगर निगम द्वारा विसर्जन झांकी प्रतियोगिता दो वर्गो सीनियर व जूनियर वर्ग में आयोजित की जायेगी,जबकि सर्वश्रेष्ठ गणेश प्रतिमा प्रतियोगिता खुले वर्ग में आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि प्रतिभागी समिति आवेदन पत्र में प्रतिभागी वर्ग का नाम, समिति का पता,पदाधिकारियों का नाम व मोबाईल नम्बर तथा झाकी के कथानक का स्पष्ट उल्लेख होना चाहिये। महापौर श्री यादव एवं आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने गणेश उत्सव समितियों से उक्त प्रतियोगिता में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता की अपील की है।

# धूमधाम से मनाया गया दादी जी का भादी अमावस महोत्सव एट्विंकल के भजनों ने समा बांधा



**डोंगरगढ़,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। मां बमलेश्वरी देवी की नगरी में राणी सती मंडल के तत्वाधान में भादी अमावस का पर्व धूमधाम से मनाया गया। झुंझुनू वाली राणी सती दादी के भादो अमावस महोत्सव पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर दो दिनों का कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रथम दिवस प्रकाश बिंदल परिवार के घर पर राणी सती दादी जी के भव्य विग्रह की स्थापना पूजा अर्चना की गई। जिसमें समाज की महिलाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। दादी जी का श्रंगार कर वहीं पर मेहंदी का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। दूसरे दिन सुबह से मारवाड़ी धर्मशाला में कार्यक्रम आयोजित किए गए। सर्वप्रथम शोभायात्रा निकालकर दादी जी के विग्रह को मारवाड़ी धर्मशाला लाया गया गाजे बाजे के साथ निकली शोभायात्रा में बड़ी संख्या में दादी के भक्त शामिल हुए जय दादी की पुकार लगाते हुए महिलाएं पुरुष व बच्चे शोभायात्रा में चल रहे थे। मारवाड़ी धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम पूजन अर्चन के पश्चात दादी जी की धोक पूजा की गई जो दिन भर अनवरत चलती रही अखंड जोत भी ली गई। इस अवसर पर सती मंडल द्वारा दुर्ग की भजन गायिका ट्विंकल खेमुका पारख के भजन व मंगल का पाठ का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। दोपहर 2 बजे प्रारंभ हुआ यह कार्यक्रम शाम 7 बजे तक अनवरत चलता रहा। कार्यक्रम में ट्विंकल के भजनों ने समां बांध दिया। उनकी सुरीली आवाज व सुमधुर भजनो ने सबको मंत्र मुग्ध कर दिया। सती मंडल ने आकर्षक भव्य झांकियां भी प्रस्तुत की। जिसमें पहलगाम हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर की भव्य नाटिका का प्रस्तुतीकरण बड़ा ही मनमोहक था। छोटे.छोटे बच्चों ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से समाज में भारत की एकता और अखंडता का परिचय दिया जो प्रेरणादायक था। ट्विंकल ने बड़े ही अच्छे ढंग से दादी जी के मंगल पाठ का वाचन भी किया और भजनों में सबको नाचने मजबूर कर दिया। अंत में दादी जी की आरती की गई। तत्पश्चात महाप्रसादी के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। सती मंडल के प्रभारी सदस्यों ने कार्यक्रम के आयोजन में महती भूमिका अदा की और कार्यक्रम को भव्य रूप प्रदान कर दिया।

# राज्य का पहला माली प्रशिक्षण केन्द्र, कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण

**राष्ट्रीय बागवानी मिशन से ग्रामीण युवाओं को रोजगार के अवसर**



**खैरागढ़/गंडई-पंडरिया** 29 अगस्त (देशबन्धु)। जिला प्रशासन की अभिनव पहल पर विकासखण्ड छुईखदान के ग्राम घोटा, पंचायत गेरूखदान स्थित रिक्त सी.आर.पी.एफ. कैम्प में राष्ट्रीय बागवानी मिशन के तहत राज्य का पहला माली प्रशिक्षण केन्द्र प्रारंभ किया गया है। यह पहल कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के मार्गदर्शन एवं सीईओ जिला पंचायत प्रेम कुमार पटेल के नेतृत्व में ग्रामीण आधारभूत विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।


### कलेक्टर ने संवाद कर दिए निर्देश

कलेक्टर चन्द्रवाल एवं सीईओ जिला पंचायत ने केन्द्र का औचक निरीक्षण करते हुए प्रशिक्षणार्थियों से संवाद किया। प्रशिक्षण प्रभारी रविन्द्र मेहरा ने बताया कि शहरीकरण के इस दौर में गृहवाटिका, सौंदर्यीकरण व भूदृश्य रखरखाव के लिए कुशल मालियों की मांग तेजी से बढ़ रही है। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए जिले में यह विशेष प्रशिक्षण शुरू किया गया है।

### क्या सिखाया जा रहा है?

प्रशिक्षणार्थियों को फल-फूलों का प्रबंधन, वानस्पतिक प्रवर्धन विधियाँ, रोग-व्याधियों की पहचान व नियंत्रण, नर्सरी प्रबंधन, जैविक खाद-कीटनाशक निर्माण सहित संरक्षित खेती से असामयिक उत्पादन की तकनीक सिखाई जा रही है। स्थानीय स्तर पर उत्पादन और निर्यात की योजना निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने निर्देशित किया कि स्थानीय मौसम को देखते हुए ऐसे फल वृक्ष लगाए जाएँ जिनका उत्पादन न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि अन्य राज्यों में भी निर्यात योग्य हो। साथ ही फल प्रसंस्करण व नर्सरी विकास के लिए ठोस योजना बनाने और मनरेगा से त्वरित स्वीकृति उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस मौके पर ग्राम पंचायत प्रतिनिधि, उद्यानिकी विभाग की सहायक संचालक स्नेहलता सिन्हा, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग, शिक्षा अधिकारी छुईखदान सहित अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# तीज मिलन समारोह एवं कार्यकारिणी बैठक कल



**डोंगरगढ़,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ कलार समाज महिला मंच जिला राजनांदगाव तीज मिलन समारोह एवं कार्यकारिणी का बैठक आयोजन लाल बहादुर नगर मंडल बहुउद्देशीय भवन मे रखा गया है । कार्यक्रम दिनांक 31ध्8ध्2025 दिन रविवार को सुबह 10 से प्रथम सत्र में देव पूजन पश्चात खेल खुद का प्रारम्भ किया जायेगा खुर्सी दौड़ए मटका फेड़ए मोमबत्ती जलानाएगीतए संगीत पारम्परिक तौर पे किया जायेगाएतीज चौन चुनना एवं समस्त जनप्रतिनिधियों का सम्मान किया जायेगा द्वितीय सत्र जिला कार्यकारिणी बैठक और आय व्यय की जानकारी जिला कोषाध्यक्ष के द्वारा जिले के ऑडिट संबंधित जानकारी तीज मिलन प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार वितरण एवं जिले के प्राप्त आवेदनों की सुनवाई जिला अध्यक्ष के अनुमति की अन्य विषयों पर चर्चा इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ डड़सेना सिन्हा समाज के प्रदेश संरक्षक दीपक सिन्हाए प्रदेश अध्यक्ष युवराज सिन्हाए कोषाध्यक्ष रिखिराम सिन्हाए महामंत्री बिसम्बर सिन्हा प्रदेश महिला मंच अध्यक्ष प्रमिला सिन्हा के साथ उसकी टीमए जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू एवं सिन्हा समाज जिला संगठन के संरक्षक ठाकुर राम सिन्हाएअध्यक्ष शिवशंकर डड़सेनाए महामंत्री गंगाराम सिन्हाए कोषाध्यक्ष पुनम सिन्हाए उपाध्यक्ष मोती लाल सिन्हा एवं समस्त जिला के सभी विशेष आमंत्रित सदस्य जिला कार्यकारिणी सदस्य सभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी गण सम्मिलित होंगे यहां जानकारी जिला प्रचार मंत्री पवन कुमार सिन्हाए जिला सोशल मिडिया प्रभारी जितेन्द्र कुमार सिन्हा ने दी।

# विश्वविद्यालय में विराजे विघ्नहर्ता, कुलपति ने की पूजा-अर्चना

**खैरागढ़,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय में विघ्नहर्ता भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई। बुधवार 27 अगस्त को पुरुष छात्रावास परिसर तथा गुरुवार 28 अगस्त को कैंपसङ्क01 स्थित रंगमंच पर विद्यार्थियों ने साज-सज्जा कर प्रतिमा स्थापना की। इस अवसर पर कुलपति प्रो.(डॉ.) लवली शर्मा ने विधिवत पूजा-अर्चना कर विश्वविद्यालय परिवार की सुख-शांति व समृद्धि की कामना की। पूजा कार्यक्रम में शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों, शोधार्थियों एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



# विधायक वर्मा की पहल पर देवारीभाठ को 45.50 लाख का गौरव पथ की स्वीकृति



**खैरागढ़,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा की अनुशंसा पर उनके गृहग्राम देवारीभाठ को विकास की बड़ी सौगात मिली है। ग्राम पंचायत देवारीभाठ के वार्ड क्रमांक 5 एवं 11 में गौरव पथ निर्माण के लिए 45.50 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस स्वीकृति से ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी हुई है। गौरव पथ बनने से न केवल वार्डवासियों को आवागमन में सुविधा होगी बल्कि गांव की सूरत भी बदलेगी। विधायक वर्मा ने इस उपलब्धि के लिए उप मुख्यमंत्री एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा का आभार जताते हुए कहा कि सरकार का सहयोग मिलने से क्षेत्र में लगातार आधारभूत ढांचे का विकास हो रहा है ग्रामवासियों ने विधायक वर्मा का आभार प्रकट करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से गांव में सड़कों और मूलभूत सुविधाओं का स्वरूप तेजी से बेहतर हो रहा है।

उल्टा पुल्टा

डॉक्टर- मैं आपको गारंटी देता हूं कि ऑपरेशन के बाद आप घर चलकर जाओगे।
मरीज- मतलब मेरे पास रिक्शा के लिए भी पैसे नहीं बचेंगे?

# पर्युषण में दीर्घ तपस्वियों के बहुमान स्वरुप भव्य शोभायात्रा



## जेनिशा बाफना ने किए 11 उपवास

**नयापारा राजिम,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। पर्वाधिराज पर्व पर्युषण की आराधना सकल श्वेताम्बर जैन श्रीसंघ ने स्वाध्यायी बंधु वीरेन्द्र मुथा (यवतमाल) एवं कुशल चोपरा (महासमुन्द) के सानिध्य में भक्ति भावना पूर्वक की। स्वाध्यायी बंधुओ ने प्रतिदिन जिनवाणी से सभी को प्रभावित किया। वहीं रायपुर के ग्यारह वर्षीय मास्टर गर्व बैद ने पर्व के सातवें दिन अपने भक्ति गीतो से उपस्थित जन समुदाय को मंत्रमुग्ध कर दिया। पर्युषण पर्व के आगमन से पूर्व संघ के सैकड़ो सदस्यों ने अक्षय निधी, समवसरण, विजय कषाय एवं अरिहंत पद आराधना आदि से पर्व की अगुवानी की। वहीं पर्वाधिराज पर्व पर्युषण के अंतर्गत युवा वर्ग ने उत्साहित होकर तपस्या का ठाठ लगाया। जिसके अंतर्गत कु. जेनिशा तरुण बाफना ने 11 उपवास, देव संदीप बोथरा ने 8 उपवास, धैर्य राजेश डागा ने 8 उपवास, एवं नेहा सरला पारख ने 8 उपवास की तपस्या शाता पूर्वक संपन्न कर कर्मों की निर्जय की।

इन सभी दीर्घ तपस्वियों का बहुमान श्रीसंघ द्वारा किया गया। इसी के साथ कु अर्पिता अनिल झाबक ने छः और श्रीमती आभा अजय बंगानी, अंकित बाफ्ना ने अट्ठमतप की तपाराधना शाता पूर्वक संपन्न की। श्रीसंघ के बाल सदस्यों ने भी उपवास एवं एकासणा तप से जुड़कर पर्युषण को बधाया। इन सभी तप आराधको की सुखशाता पूछते हुए संघ प्रमुख शिखर बाफ्ना ने सभी के तप की अनुमोदना की। तप अनुमोदना में राजकुमार बोथरा, आशीष टाटिया, अभिषेक दुग्गड़ (ट्रस्टीगण) के अलावा काफी संख्या में श्रीसंघ के सदस्य उपस्थित थे। तपस्याओं के अनुमोदनार्थ भव्य शोभा यात्रा मंदिर प्रांगण से निकली। जिसमें कुंभ कलश लेकर चलने का लाभ शिखरचन्द शशांक बाफ्ना एवं ज्ञान (कल्प सूत्र) अपने मस्तक पर लेकर चलने का लाभ सुजानमल सुशील कुमार पारख परिवार ने लिया। शोभायात्रा की वापसी पर प्रभु को बधाने का लाभ विजयकुमार राजकुमार बोथरा परिवार ने लिया। पर्व पर्युषण के अंतर्गत एक नया आकर्षक चलो तीर्थ चले का सफल आयोजन अर्हम बहुमंडल द्वारा किया गया। जिसमें स्वाध्यायी वीरेन्द्र मुथा एवं शांति झाबक ने सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त किया। पर्वाधिराज पर्व पर आयोजित सभी कार्यक्रमों के संचालन में अभिषेक दुग्गड़ ने अपनी भूमिका अदा की। जो आ न सके प्रभु के द्वार -प्रभु आए उनके द्वार वाक्य को - सार्थक करके वीरा ग्रुप ने काफी पुण्य कमाया।

# नपा अध्यक्ष अशोक जैन एवं पार्षदों ने किया भूमि पूजन

## वार्ड 12 में 6.85 लाख की लागत से होगा क्रांकीट नाली का निर्माण



**बलौदाबाजार,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्रमांक 12 में मुस्लिम कब्रिस्तान के पास से वृद्धाश्रम तक कांक्रीट नाली निर्माण किये जाने भूमि पूजन किया गया। उक्त नाली निर्माण का कार्य पार्षद निधि से किये जाने हेतु प्रस्ताव तैयार कर प्रेषित कार्य योजना के अनुरूप पार्षद निधि से 06.85 लाख से कार्य पूर्ण कराए जाने नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन के द्वारा भूमि पूजन किया गया व विधिवत पूजा अर्चना कर श्री फल तोड़कर कर कुदाल चलाकर कार्य आरंभ कराया गया। साथ में वार्ड क्रमांक 12 के पार्षद गौतम चौहान, उपाध्यक्ष जितेंद्र माहले सहित सभापति जितेंद्र डड़सेना, पार्षद सलमान शेख, पार्षद प्रतिनिधि शशिभूषण शुक्ला, रविन्द्र नामदेव भी भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए व पूजा अर्चना की गई।

न.पा.अध्यक्ष अशोक जैन द्वारा नाली निर्माण के लिए तैयार कार्य योजना के अनुरूप अतिशीघ्र कार्य प्रारंभ कराए जाने निर्देशित किया गया एवम शासन के द्वारा नगर में विकास कार्य हेतु हर संभव सहयोग किये जाने की बात कही गई तथा वार्ड का भ्रमण कर वार्ड वासियों से चर्चा की गई व निर्माण कार्य में गुणवत्ता पूर्ण कार्य किये जाने की बात कही। भूमिपूजन के इस अवसर पर नगरपालिका के उप अभियन्ता मुगल किशोर साहू, वार्ड क्रमांक 12 के भाजपा नेता पूर्व मंडी सचिव योगेश अग्रवाल, गुरुदत्त तिवारी, मितेन्द्र जैन, सहित वार्ड क्रमांक 12 के कुसुम बेगम, मधु फेकर, मनबाई टण्डन, गौरी, संतोषी कसेर, बुधयारीन फेकर, रजनी बंजारे सहित अन्य वार्ड के नागरीकरण व जनप्रतिनिधि गण उपस्थित थे।

# राजिम के समीप एक ऐसा गांव जहां नागदेवता की पूजा के बाद, सभी नागदेवों का श्रृंगार किया जाता है




## और गाँव की गलियों से एक भव्य शोभायात्रा निकाली जाती है

**राजिम,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। राजिम इलाके में एक ऐसा गांव है, देवरी जहां ऋषि पंचमी के अवसर पर नागों की पूजा का एक अनोखा आयोजन होता है। इस दिन गांव के लोग बड़ी संख्या में एकत्रित होकर नाग देवताओं की पूजा करते हैं और उनकी शोभायात्रा निकालते हैं। यह परंपरा वर्षों से अनवरत चली आ रही है और अब यह सिर्फ एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि गांव की सामाजिक और सांस्कृतिक पहचान बन गई है।

मिली जानकारी अनुसार दरअसल, राजिम क्षेत्र के ग्राम देवरी में ऋषि पंचमी के अवसर पर परंपरागत रूप से जहरीले सांपों की शोभायात्रा निकाली गई। इस अद्भुत आयोजन को देखने अंचल सहित दूर-दराज के गांवों से हजारों की भीड़ उमड़ पड़ी और पूरा गांव श्रद्धालुओं से खचाखच भर गया।

गांव के सांवरा समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में सबसे पहले स्थानीय पुजारियों और बुजुर्गों ने विधि-विधान से नागों को दूध, हल्दी, कुमकुम और फूल अर्पित कर पूजा अर्चना की गई और नागदेवों से गांव की खुशहाली, फसलों की सुरक्षा और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की गई।

पूजा के बाद, सभी नागदेवों का श्रृंगार किया गया और गाँव की गलियों से एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। पारंपरिक वेशभूषा में, जस गीत गाते और नाचते हुए गांव के सभी वर्गों के लोगों ने इस शोभायात्रा में भाग लिया। ग्रामीणों ने बताया कि परंपरा के अनुसार, ग्रामीण घरों और खेतों में निकलने वाले जहरीले सांपों को सुरक्षित पकड़ते हैं। इन सांपों की पूजा करने के बाद शोभायात्रा निकाला जाता है। जिसका गांव के लोग जगह-जगह पूजा-अर्चना करते हैं और स्वागत करते हैं। शोभायात्रा समाप्त होने के बाद, सभी सांपों को सुरक्षित छोड़ दिया जाता है।

ग्रामीणों का मानना है कि यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है और अब तक किसी भी व्यक्ति के साथ >> शेष पृष्ठ 9 पर >



महासमुंद। इंदिरा नगर भाटापारा खरोरा, लोहारपारा शिव चौक खरोरा, गुड़ी चौक खरोरा



अमेरा/बलौदाबाजार। अमेरा के गुड़ी चौक, श्रीराम जानकी मंदिर चौंक में विराजित गणेश जी की प्रतिमाएं।



भरूवाडीह/बलौदाबाजार। मॉतृशक्ति गणेश उत्सव समिति गौरा-चौक रावन में स्थापित गणेश जी।

# धमतरी पुलिस का बड़ा अभियान, 43 स्थानों पर दबिश- नशे पर कड़ा प्रहार



## 12 सूखे नशे के सौदागर, 3 शराब के, एक चाकूबाज, 1 स्थायी वारंटी गिरफ्तार, 31 अन्य पर प्रतिबंधात्क कार्यवाही

**धमतरी,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। वरिष्ठ अधिकारी के निर्देशन में धमतरी पुलिस द्वारा कल तड़के सुबह एक विशेष सघन 'अभियान निश्चय' चलाकर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में कुल 43 स्थानों पर दबिश दी गई। इस दौरान अलग-अलग कुल 20 टीम बनाकर गुंडा-बदमाश, असामाजिक तत्व एवं मादक पदार्थों के अवैध कारोबारियों पर कड़ी कार्यवाही की गई।

अभियान की प्रमुख कार्यवाही- एनडीपीएस एक्ट, कुल 10 प्रकरण, 12 आरोपी गिरफ्तार, जप्त मादक पदार्थ- 04 किलो 240 ग्राम गांजा, 13.06 ग्राम हेरोइन (चिट्टा), आबकारी एक्ट- 03 प्रकरण, 03 आरोपी गिरफ्तार, 09.760 लीटर अवैध शराब जप्त, प्रतिबंधक कार्यवाही- धारा 170 बीएनएसएस. के तहत - 25 प्रकरण, 25 व्यक्ति, धारा 126- 135 बीएनएसएस. के तहत - 25 प्रकरण, 25 व्यक्ति, आर्म्स एक्ट- 01 आरोपी पर आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही, अन्य >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# नगर में नशीली दवाओं के रोकथाम हेतु सामूहिक सहभागिता जरूरी : निखिलकांत



## नपाध्यक्ष की अध्यक्षता में हुई दवा विक्रेताओं की बैठक

**महासमुंद,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। शहर में नशीली दवाओं पर प्रतिबंध लगाने के उद्देश्य से शुक्रवार को नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू की अध्यक्षता तथा ड्रग इंस्पेक्टर अखिलेश पांडे की उपस्थिति में शहर के मेडिकल दुकान संचालकों की बैठक पालिका में आयोजित की गई। जिसमें शहर के समस्त मेडिकल दुकान संचालक शामिल हुए। बैठक के दौरान पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने मेडिकल दुकान संचालकों को शहर को नशामुक्त बनाने में सहयोग करने की अपील की।

उन्होंने कहा नशीली दवाओं के रोकथाम के लिए सामूहिक सहभागिता जरूरी है। देखने में आ रहा है कि नशेड़ी प्रवृति के लोग नशे के लिए दवाइयों व इंजेक्शन आदि का उपयोग कर रहे हैं। इसके चलते समाज के सभ्य नागरिकों को परेशानियां उठानी पड़ रही हैं। नशे के आदी व्यक्ति नशा करने के लिए चोरी, लूटपाट व अन्य आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहते हैं। हम सभी को नगर के प्रति जो दायित्व है उसका निर्वहन करते हुए यह प्रयास करना है कि कहीं भी ऐसे व्यक्ति को नशीली दवाएं उपलब्ध न होने पाएं। उन्होंने इस सामाजिक बुराई पर लगाम लगाने सभी दुकानदारों से सहयोग की अपील की। जिस पर सभी मेडिकल संचालकों ने हमेशा की तरह आगे भी नशा मुक्त महासमुंद बनाने की दिशा में सहयोग प्रदान करने की बात कही। श्री साहू ने बताया कि बैठक का उद्देश्य समाज में फैलते नशे के कारोबार पर मेडिकल दुकान संचालकों के सहयोग से लगाम लगाना है। इस अवसर पर दवा विक्रेता संघ के अध्यक्ष विनोद चंद्राकर, सचिव अरशी अनवर, मनीष शुक्ला, नागेन्द्र भूषण नशीने, गगन अवसर, एजाज नकवी, परमानंद साहू, दिलीप कुमार, यश रजक, दिनेश कुमार देवांगन, घनश्याम चंद्राकर, महेश देवांगन, सौरभ मालू, सुनील कुमार आदि उपस्थित थे।

# होमगार्ड में चयनित अभ्यर्थियों को किया गया सम्मानित



## नवप्रेरणा कोचिंग से होमगार्ड परीक्षा में 7 अभ्यर्थी हुए चयनित

**बलौदाबाजार,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। जिले में संचालित निःशुल्क नवप्रेरणा कोचिंग से होमगार्ड परीक्षा में सफल हुए जिले के सभी 7 अभ्यर्थियों का शुक्रवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर दीपक सोनी, जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। उन्होंने सभी चयनित अभयर्थियों को बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनायें दी। इसके पूर्व सभी चयनित अभ्यर्थियों ने कलेक्टर दीपक सोनी से मुलाकात की और नवप्रेरणा कोचिंग संचलित करने पर जिला प्रशासन को धन्यवाद दिये। कलेक्टर श्री सोनी ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए प्रोत्साहित किया और हर संभव सहायता का आश्वासन दिये।

जिले में संचालित निःशुल्क नवप्रेरणा कोचिंग के माध्यम से शहरी एवं ग्रामीण अंचल के छात्र-छात्राएं विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर लाभान्वित हो रहे हैं। इस कोचिंग से जिले के 7 अभ्यर्थियों ने होमगार्ड परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। चयनित अभ्यर्थियों मे भोजकुमारी साहू, तनु वर्मा, निशा वर्मा, शनिला मनहरे, सुनिता पैकरा, खेमेश्वरी मिरी एवं संगीता शामिल है। जिससे यह सिद्ध होता है कि यह संस्थान विद्यार्थियों को उत्कृष्ट मार्गदर्शन प्रदान कर रहा है। निःशुल्क नवप्रेरणा कोचिंग संस्थान का संचालन कलेक्टर दीपक सोनी के दिशा-निर्देश एवं जिला शिक्षाधिकारी के मार्गदर्शन में किया जा रहा है।

यह संस्थान जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग तथा छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की प्रभावी तैयारी हेतु सहायता प्रदान कर रहा है।

# कुपोषण से बचाने अभियान चलाकर दवाइयों का किया जा रहा है वितरित



**नवापारा राजिम,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। शासन द्वारा बच्चों में कुपोषण की समस्या से मुक्ति के लिए विभिन्न चरणो में अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत स्वास्थ्य विभाग 29 अगस्त से 30 सितम्बर 25 तक शिशु संरक्षण माह मनाया जा रहा है। इस दौरान पांच साल तक के बच्चों को चिन्हित कर विटमिन ए की खुराक दी जाएगी। एवं 06 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को आयरन सीरप एक शीशी सप्ताह में दो बार पिलाए जाने के लिए वितरित किया जावेगा। आवश्यक तैयारी पूर्ण करते हुए शहरी क्षेत्र गोबरा नवापरा में माह भर प्रति मंगलवार / शुक्रवार को सभी वार्डो में शिशु संरक्षण माह/ गर्भवती माता / शिशु टीकाकरण का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। शुक्रवार को सामु.स्वा. केंद्र गोबरा नवापारा में उक्त कार्यक्रम का शुभारंभ >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# अमोदी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने डॉ. सनम जांगड़े का किया भव्य स्वागत



**कटगी/बलौदाबाजार,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। अमोदी में भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं बिलाईगढ़ के पूर्व विधायक डॉ. सनम जांगड़े का भाजपा कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद डॉ. जांगड़े पहली बार क्षेत्र पहुंचे थे, जहां कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखा गया। डॉ. सनम जांगड़े के अमोदी आगमन पर एम.एल. वर्मा के निवास स्थान पर दीप प्रज्वलन कर पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद अटल चौक अमोदी में टुण्ड्रा मंडल के जिला प्रतिनिधि एम.एल. वर्मा के नेतृत्व में उनका जोरदार स्वागत किया गया। डा. सनम जांगडे के साथ पलारी के पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष एवं भाजपा नेता यशवर्धन वर्मा भी उपस्थित थे।

इस अवसर पर अमोदी सरपंच लक्ष्मी नारायण सागर, मंडल महामंत्री साधराम प्रजापति, मंडी अध्यक्ष नरेश जायसवाल, बूथ अध्यक्ष शिवकुमार, जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी खिलेश्वरी थवाईत सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने डॉ. सनम जांगड़े का स्वागत कर उनका अभिवादन किया। डॉ. सनम जांगड़े के प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद यह उनका पहला अमोदी दौरा था। उनके आगमन से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ है। डॉ. जांगड़े के नेतृत्व में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की भूमिका और मजबूत होने की उम्मीद है।

# क्षमा, अहिंसा और मैत्री का पावन पर्व है संवत्सरी : रंजना



## संवत्सरी पर्व पर जैंन समाज द्वारा निकली शोभायात्रा का भाजपाइयों ने किया अभिनंदन

**धमतरी,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। जैन समाज द्वारा पर्युषण पर्व के समापन के अवसर पर संवत्सरी का पर्व मनाते हुए नगर में शोभायात्रा निकाली गई, जिसका स्वागत करने भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व विधायक रंजना साहू सहित भाजपाई सदर बाजार पहुंचे और संवत्सरी पर्व पर जैन समाज के पूज्य म सा एवं साधकों से आशीर्वाद लिया। आत्मशुद्धि के पावन महापर्व पर्यूषण के पुनीत अवसर पर जाने-अनजाने, मन-वचन और काया से हुई भूलों से आपका मन दुखा हो तो उत्तम क्षमा सह सभी को मिच्छामी दुक्कड़म कहा।

प्रेस नोट जारी करते हुए भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती साहू ने कहा संवत्सरी का पर्व क्षमा, अहिंसा एवं मैत्री का पावन पर्व है, आइए, कटुता का परित्याग कर प्रेम, करुणा और क्षमा के आलोक से एक नव जीवनयात्रा आरम्भ करें। यह पावन दिवस हमें भगवान महावीर जी द्वारा दिखाए गए मार्ग, अहिंसा, क्षमा और करुणा को जीवन में उतारने का संकल्प दिलाता है, इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री राकेश साहू, जिला कोषाध्यक्ष चेतन हिंदुजा, जिला कार्यालय मंत्री विजय साहू, एमआईसी विजय मोटवानी, निलेश लूनिया, कोमल सार्वा, भाजयुमो जिला महामंत्री जय हिंदुजा जिला उपाध्यक्ष देवेश अग्रवाल, विशाल रामरख्यानी, संतोष मडामे, दौलत वाधवानी, दीपक लालवानी सहित भाजपाई उपस्थित रहे।

# नेशनल हाइवे बना हादसों का अड्डा

## राहगीर और स्कूली बच्चे भी हो रहे शिकार

**गरियाबंद,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। शहर से गुजर रहे नेशनल हाइवे 130 सी की बदहाल हालत ने लोगों की जान को खतरे में डाल दिया है। हाईवे पर साइड सोल्डर न होने और किनारों पर जमी रेत-मिट्टी के कारण रोजाना लोग फिसलकर गिर रहे हैं। खासकर स्कूली बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं।




गुरुवार को भी रायपुर रोड से आ रही दो युवती स्कूली स्लिप होने से गिर गए। सामने से आ रही कार की चपेट में आने से बाल बाल बचे। घटना का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद नागरिकों में गहरी नाराजगी पैदा कर दी है। लोग सवाल कर रहे हैं कि जब सड़क इतनी खराब है, तो जिम्मेदार अधिकारी आखिर किसके लिए बैठक करते हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नगर पालिका सड़क सफाई में ढील देती है और एनएच के अधिकारी अपनी जिम्मेदारी ठीक से नहीं निभा रहे है। सड़क किनारे महीनों से जमी रेत-मिट्टी को हटाने का कोई प्रयास नहीं हो रहा है। जिससे रोजाना राहगीर चोटिल हो रहे हैं।

जानकर लोगो का कहना है कि एनएच के अधिकारी भी इस गंभीर समस्या को नजरअंदाज कर रहे हैं। हफ्ते में सिर्फ एक बार कलेक्ट्रेट बैठक में शामिल होकर लौट जाते हैं, जबकि सड़क की वास्तविक हालत देखने और उसका रखरखाव के लिए ध्यान नही देते।

नगर के व्यापारी भावेश सिन्हा ने कहा बच्चे स्कूल जाते समय बार-बार फिसलते हैं। कई बार लोग गंभीर रूम से घायल हो चुके है। अगर समय रहते प्रशासन ने ध्यान नहीं दिया तो, कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। वहीं एक अन्य नागरिक तरुण टांक ने कहा कि हाईवे पर रोजाना दुर्घटनाएं हो रही हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी अपनी जिम्मेदारी नहीं समझते। नागरिकों ने नगर पालिका और एनएचएआई से साइड सोल्डर बनाने, सड़क किनारे सफाई करने और अधिकारियों को नियमित निरीक्षण करने की मांग की है।

# राष्ट्रीय जीवन क्षेत्रों में ओबीसी की भागीदारी नमक के बराबर भी नहीं : शत्रुहन सिंह साहू

**धमतरी,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। अखिल भारतीय पिछड़ा वर्ग संघ के तत्वाधान में प्रदेश स्तरीय पिछड़े वर्गों का सम्मेलन संपन्न हुआ। संघ के राष्ट्रीय महासचिव एवं ओबीसी(अन्य पिछड़ा वर्ग)संयोजन समिति,छत्तीसगढ़ के संस्थापक अधिवक्ता शत्रुहन सिंह साहू स्पेशल गेस्ट के रूप में कार्यक्रम में शिरकत करते हुए कहे ओबीसी वर्ग की समस्या देश की पुनर्निर्माण की समस्या है। देश की आजादी और निर्माण में ओबीसी समाज के 90 प्रतिशत भूमिका है लेकिन आज जातियों और धर्म के बंधन ने ओबीसी वर्ग समाज की शक्ति को भुला दिया है। ओबीसी समाज के बच्चों में आज बहुत ज्यादा आक्रोश है। मेधावी सूची में नाम आने के बाद भी उन्हें कोटा तक सीमित करके रख दिया जाता है। मुख्य अतिथि संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंद्र कुमार चंदापुरी ने बिहार प्रदेश में विस्तारित 65 प्रतिशत आरक्षण को बहाली करने एवं 33 प्रतिशत महिला आरक्षण कोटा में ओबीसी वर्ग की महिलाओं को भी शामिल करने की मांग की है। संविधान के अनुच्छेद 15(4) और 16(4)में संशोधन के लिए संसद में



■ महिला आरक्षण कोटा में ओबीसी के महिलाओं को भी शामिल करने की मांग

चपिछड़ा वर्ग आरक्षण संशोधन बिलज् पास करके उसे संविधान की 9 वीं अनुसूची में शामिल करने की मांग किया ताकि ओबीसी वर्ग की राष्ट्रीय स्तर की समस्या का समाधान हो सके। इस मौके पर संघ के संस्थापक त्याग मूर्ति राम लखन चंदापुरी जी के 102 वा वर्ष पर प्रकाशित स्मारिका का लोकार्पण हुआ।

कार्यक्रम के अध्यक्षता बिहार प्रदेश के अध्यक्ष दिग्विजय कुमार दिवाकर ने किए,संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सी.एल. गंगवार प्रदेश संरक्षक अजय कानू, महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती कांति शाह, राष्ट्रीय महासचिव प्रभात सिंह, दानेश्वर चंद्राकर, शैलेन्द्र कुमार साहू, डॉ. एल.बी. सिंह, सिपाही यादव, सासाराम जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कुशवाहा, श्रीमती सुनीता, लालमोहन सिंह, रामबाबू साहू, गंगा प्रसाद राय, डॉ. बैजनाथ पासवान, चंद्रकला देवी, भारतीय मोमिन फ्रंट अध्यक्ष डॉ. महबूब आलम अंसारी, डॉक्टर दुखित सिंह, सुरेश ठाकुर, सकलदेव पासवान, डॉ. जनार्दन सिंह, डॉ. जनार्दन सिंह, डॉ. रंजीत पटेल, शिल्पी ठाकुर, जितेंद्र कुमार चंद्रवंशी, सुजीत ठाकुर, संघ के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष के के सिंह चंदापुरी, छत्तीसगढ़ प्रदेश से पहुंचे शैलेंद्र कुमार साहू, धनेश्वर चंद्राकर आदि ने सभा को संबोधित किये।

# सेवानिवृत्त कर्मचारी अधिकारी महासंघ 1 को पावर कम्पनी मुख्यालय पर करेगा प्रदर्शन

**महासमुंद** 29 अगस्त (देशबंधु)। नवगठित छत्तीसगढ़ विद्युत सेवानिवृत्त कर्मचारी अधिकारी महासंघ ने 26 अगस्त को आयोजित अपनी प्रथम कार्यसमिति बैठक में पावर कम्पनी औषधालय में दवाओं की कमी, उच्च न्यायालय द्वारा 2004 की पदोन्नति नीति को खारिज करने के डेढ़ साल बाद भी सेवानिवृत्त कर्मियों को पदोन्नति का लाभ प्रदान नहीं करने, अरबों रुपयों की हानि वाली पावर कम्पनी मुख्यालय के लिए 500 करोड़ का पांच सितारा भव्य भवन निर्माण करने की योजना का विरोध सहित अन्य समस्याओं पर सरकार और प्रबंधन का ध्यानाकर्षण करने आगामी 1 सितंबर को 11 बजे डंगनिया मुख्यालय द्वार पर प्रदर्शन करने तथा चेयरमैन को ज्ञापन प्रेषित कर चर्चा किया जाएगा।



महासंघ ने यह भी निर्णय लिया है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से भेंट कर शिलान्यास कार्यक्रम निरस्त कर पावर कम्पनी के क्रियाकलापों की जांच कराने की मांग की जाएगी। महासंघ की बैठक में अध्यक्ष अश्वनी तिवारी, उपाध्यक्ष जगजीत सिंह वालिया, महामंत्री पुनारद साहू, संगठन मंत्री शिशिर कुमार मजूमदार, कोषाध्यक्ष हेमेंद्र जाधव, सदस्य सर्व संजय चौधरी, संतोष दुबे, प्रदीप देवांगन, अखिल भारतीय महामंत्री अरुण देवांगन और मोहन एंटी आदि उपस्थित रहे।

# रजत जयंती महोत्सव: मेगा हेल्थ कैम्प का हुआ आयोजन

**पलारी,** 29 अगस्त (देशबन्धु) छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में जिला कार्यक्रम अधिकारी अतुल परिहार के निर्देशन में महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत बाल विकास परियोजना पलारी के द्वारा मेगा हेल्थ कैम्प का आयोजन स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पलारी में किया गया। मेगा हेल्थ कैम्प में कुल 186 हितग्राहियों ने स्वास्थ्य जांच का लाभ लिया। कुपोषित बच्चों का स्वास्थ्य जांच किया गया। सभी उपस्थित महिलाओं का आवश्यकतानुसार स्वास्थ्य शिविर में ब्लड प्रेशर,शुगर, नेत्र, दंत परीक्षण,शिशु रोग, गर्भवती, त्वचा रोगों ,हिमोग्लाबीन, ब्लड प्रेशर, शुगर, सिकलिंग की जांच की गई तथा आवश्यक दवाईयां भी उपलब्ध कराई गई।



छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अंतर्गत महतारी मेगा स्वास्थ्य शिविर में जनपद पंचायत पलारी अध्यक्ष श्रीमती सविता यादव ,जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि भीम यादव, खण्ड चिकित्सा अधिकारी पलारी बी एल ध्रुव विशेष रूप से उपस्थित थे। स्वास्थ्य शिविर में नगर पंचायत पलारी एवं आसपास के ग्रामों के लोगों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया जनपद अध्यक्ष सविता यादव ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार का शिविर का आयोजन हमेशा करते रहना चाहिए जिससे ग्रामीणों को लाभ मिलता है साथ ही महिलाओं को घर परिवार के देखभाल के साथ साथ स्वयं के ऊपर भी ध्यान रखने की बात कही। परियोजना पलारी के कर्मचारियों को इस शिविर के आयोजन पर बधाई दी। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ बी एस ध्रुव ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि यह शिविर छत्तीसगढ़ के 25 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित की गई है उन्होंने हाथ धुलाई के सम्बन्ध में जानकारी दी। बरसात में लोगों को सावधानी से खानपान और स्वच्छ जल पीने की निर्देश देते हुए अपने आसपास को साफ रखने की हिदायत दी। इस मौसम में चर्म रोगियों की संख्या बढ़ती है इस कारण साफ सफाई का विशेष ध्यान देने की बात कही। परियोजना पलारी के पर्यवेक्षक लक्ष्मी ढीढी,स्वाति जायसवाल, श्वेता महिलांग ,नीता कुर्रे,सविता साहू, दीक्षा ठाकुर,लखेश्वरी साहू, अर्चना बंजारा, मलका खान,विजयलक्ष्मी टंडन सहित स्वास्थ्य विभाग के सभी चिकित्सक एवं कर्मचारी ,महिला सशक्तिकरण हब, आंगनबाड़ी कार्याकर्ताएं उपस्थित थी।

शिविर में प्रधानमंत्री मातृ ब्रदना योजना के आवेदनों की एन्ट्री की गई। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत महोत्सव के उपलक्ष्य में विभाग तथा आगनबाड़ी केन्द्रों के द्वारा विगत 25 वर्षों के महत्वपूर्ण कार्यों एवं उपलब्धियों की जानकारी दी गई साथ ही बालिकाओं की सुरक्षा, शिक्षा एवं सरक्षण हेतु च्बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं योजना का संदेश दिया गया। बाल विवाह से होने वाले नुकसान की जानकारी देते हुए उपस्थित जन समुदाय से बाल विवाह न करने की शपथ दिलाई गई।

# विघ्नहर्ता के आध्यात्मिक रहस्यों को जीवन में उतारें:प्रीती दीदी

**महासमुंद** 29 अगस्त (देशबंधु)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय सेवाकेंद्र उपकार भवन नयापारा वार्ड में गुरूवार की सुबह परमात्म महावाकय श्रवण करने के पश्चात सेवाकेंद्र संचालिका ब्रम्हा कुमारी प्रीती दीदी ने पूरे ईश्वरीय परिवार को 11 दिन चलने वाले विघ्नहर्ता गणेश के शारीरिक आकृति के आध्यात्मिक रहस्ययो से सीख लेकर जीवन को सफल बनाने की सलाह दी, संस्थान में सिखाया जाने वाला राजयोग की शिक्षा के बल से साधारण मानव भी विघ्नहर्ता गणेश के समान पूजनीय और सममानिय बन सकता है। उनका विशाल मस्तक विशाल बुद्धि को दर्शाता है, उनके बड़े कान केवल अच्छाई को ग्रहण करने का सन्देश देता है उनकी छोटी आंखें दूरदर्शिता का प्रतीक है, छोटा मुख कम बोलने के महत्व को बताता है, विशाल पेट समायोजन करने की क्षमता का प्रतीक है,उनका एक दांत द्वंद से ऊपर उठकर संतुष्ट रहने की शिक्षा देता है, एक कुल्हाड़ी नकारात्मक आदतों और गलत विचारों को काटने की शक्ति का प्रतीक है, कमल का फूल किचड़ जेसे कलयुगी वातावरण में भी अछुता और शुद्ध रहने का सन्देश देता है। उनका एक हाथ आशीर्वाद मुद्रा हमारे संकल्प और बोल दुसरो के लिए सदा आशीर्वाद पूर्ण हो तो इस प्रकार नित्य प्रति दिन राजयोग शिक्षा और ध्यान से साधारण मानव इस घोर कलयुग में विघ्नहर्ता के समान पूजनीय बन सकता है।

# मटका फोड़ में चमेली कुर्मी दौड़ में पूनम अव्वल

**महासमुंद** 29 अगस्त (देशबंधु)। ग्राम अछोली के रामायण चौक में युवा उत्सव समिति के तत्वाधान में तीजा.पोरा उत्सव समारोह मटकी फोर, खो.खो, कुर्सी दौर कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसमें भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। मटका फोड़ में चमेली साहू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया,कुर्सी दौड़ में पूनम साहू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, शारदा डेरहीन साहू ने दूसरा स्थान प्राप्त किया, खिलेश्वरी साहू ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। खो-खो में पूनम साहू की टीम प्रथम,शारदा डेरहीन साहू की टीम के बहनों को पुरस्कार से सम्मानित कर नगद ईमान सभी सदस्यों दिया। पूनम साहू ने अपने सम्बोधन में कहा यह कार्यक्रम हमें अपने बचपन की याद दिलाती है। कबड्डी, मटकी फोड़, खो.खो हम लोग स्कूल टाइम में अपने गांव में रहकर खेला करती थी आज यह यादें ताजा हो गई है। कार्यक्रम को सफल बनाने में संतोष साहू, विष्णु साहू ,गोवर्धन साहू ,मन्नू साहू ,खिलेश्वर साहू ,कमलेश साहू, मोहन साहू ,पुष्कर साहू ,नीलकंठ साहू आदि का सहयोग रहा।



# स्टाफनर्स सहित सभी रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया शीघ्र शुरू हो: पंकज

**महासमुंद** 29 अगस्त (देशबंधु)। मेडिकल कॉलेज सह जिला अस्पताल में स्टॉफनर्स के 225 पदों पर शीघ्र भर्ती की जाएगी। 3 सितंबर तक इसके लिए आवेदन मंगाए गए हैं। पूर्व पार्षद व समाजसेवी पंकज साहू ने मेडिकल कॉलेज में स्टाफनर्स सहित विभिन्न रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती प्रक्रिया शुरू करने की मांग की थी। उन्होंने जिला अस्पताल सह मेडिकल कॉलेज में स्टाफ की कमी से मरीजों को हो रही परेशानियों पर चिंता व्यक्त करते हुए अस्पताल प्रबंधन पर भर्ती प्रक्रिया में देरी का आरोप लगाया था। श्री साहू ने बताया कि 225 पदों पर स्टाफनर्स की भर्ती से मेडिकल कॉलेज की व्यवस्था में थोड़ी सुधार आ सकती है। पूर्व पार्षद ने स्टाफनर्स सहित शेष रिक्त पदों फार्मासिस्ट के 5, सहायक अस्पताल अधीक्षक, डायटिशियन एक पद, बायोकेमिस्ट 1, असिस्टेंट नर्सिंग सुपरिटेंडेंट 1, टेक्टिनकल असिस्टेंट रिक्त 4, सुपरवाईजर रिक्त 2, टेक्निशियन रिक्त 3, ईसीजी टेक्निशियन रिक्त 2, रेडियोग्राफर 3 रिक्त 3, वार्ड ब्वाय स्वीकृत रिक्त 203, लैब अटेंडेंट रिक्त 6, स्ट्रेचर बेयरर रिक्त 6, अटेंडेंट के रिक्त चार पदों पर भी शीघ्र भर्ती प्रक्रिया शुरू करने की मांग की है।



# तय सीमा से अधिक शुल्क लेने वाले चॉईस सेंटर संचालकों पर की जाएगी सख्त कार्यवाही

**धमतरी,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। श्रमायुक्त सह श्रम सचिव द्वारा जारी निर्देशानुसार, श्रम विभाग की योजनाओं हेतु श्रमिक पंजीयन एवं आवेदन प्रक्रिया में निर्धारित शुल्क से अधिक राशि वसूल करने वाले चॉईस सेंटर (सीएससी) संचालकों पर कठोर कार्यवाही की जाएगी।

श्रम पदाधिकारी ने बताया कि श्रमिक पंजीयन आवेदन हेतु ऑनलाईन पोर्टल में 30 रुपये तथा योजनाओं के आवेदन हेतु 20 रुपये का शुल्क ही निर्धारित है। इसके बावजूद कुछ चॉईस सेंटर संचालकों द्वारा पंजीयन एवं आवेदन के नाम पर श्रमिकों से 1000 से 1500 रुपये तक वसूल किए जाने की शिकायतें प्राप्त हुई हैं।

इस संबंध में श्रमायुक्त ने स्पष्ट किया है कि श्रमिकों के हितों की रक्षा एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करना विभाग की प्राथमिकता है। अतः सभी सीएससी संचालकों को निर्धारित शुल्क ही वसूलने के निर्देश दिए गए हैं। किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर जांच उपरांत संबंधित संचालक के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जाएगी। जिला स्तर पर प्राप्त शिकायतों को कलेक्टर के संज्ञान में लाकर कठोर दंडात्मक कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी। श्रम विभाग द्वारा यह भी निर्देशित किया गया है कि ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर एवं सीएससी संचालकों के साथ समय-समय पर समीक्षा बैठक आयोजित की जाए। साथ ही पंजीयन एवं योजना आवेदन की स्वीकृति अथवा निरस्तीकरण की जानकारी का रेंडम आधार पर परीक्षण किया जाएगा।

# साहू समाज नवागांव (कंडेल) में सामूहिक करूं भात कार्यक्रम में शामिल हुई भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना डीपेंद्र साहू

## रंजना साहू ने समाज की एकता और संस्कृति की सराहना की



**धमतरी,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। ग्राम नवांगांव (कंडेल) में साहू समाज द्वारा छत्तीसगढ़ के पारंपरिक लोकपर्व तीज के अवसर पर सामूहिक करूं भात कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस गरिमामयी अवसर पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक रंजना डीपेंद्र साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में पूर्व जनपद सदस्य रामाधार साहू और ग्राम के वरिष्ठ नागरिक लीलाराम साहू, घनाराम साहू भी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में गांव की तीजहारिन माताएं बहनें, समाज की मातृशक्ति, युवावर्ग एवं वरिष्ठजनों की बड़ी उपस्थिति देखने को मिली।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रंजना डीपेंद्र साहू ने तीज पर्व की बधाई देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति और परंपराएँ हमारी पहचान हैं। ऐसे आयोजनों से सामाजिक एकता को मजबूती मिलती है और आने वाली पीढ़ियों को अपनी जड़ों से जुड़ने का अवसर मिलता है। उन्होंने साहू समाज के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह आयोजन समाज की जागरूकता, संगठन और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। ऐसे आयोजन समाज की एकता परंपरा और सांस्कृतिक मूल्यों को सहजने का माध्यम बनते हैं। कार्यक्रम में पारंपरिक व्यंजनों के साथ सामूहिक भोज का आयोजन हुआ, जहाँ तीजहारिन माताओं बहनों ने करूंभात, खीर, और स्थानीय पकवानों का आनंद ग्रामीणों ने मिलकर उठाया। आयोजन के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी हुईं, जिससे कार्यक्रम और भी रोचक बन गया। समाज के पदाधिकारियों एवं युवाओं ने आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। ग्रामीण साहू समाज के अध्यक्ष ने सभी आगंतुकों, तीजहारिन माताओं बहनों का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाजजन, ग्रामवासी एवं माताएं बहनें उपस्थित रहे।

# आदि कर्मयोगी अभियान: अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला एवं प्रोसेस लैब का शुभारंभ

**धमतरी,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। 'आदि कर्मयोगी अभियान' के अंतर्गत तीन दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला एवं प्रोसेस लैब का आयोजन साहू सदन, रुद्री, धमतरी में किया जा रहा है। कार्यशाला का आज मुख्य अतिथि महापौर श्री रामू रोहरा ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया ,जो 30 अगस्त 2025 तक प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से आयोजित होगी।

इस कार्यशाला का उद्देश्य शासन की विभिन्न योजनाओं, सेवा प्रदायगी और सुशासन से संबंधित विषयों पर अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन प्रदान करना है। कार्यकुशलता, पारदर्शिता तथा जनहित में त्वरित कार्य निष्पादन पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जाएगा। विशेषज्ञ संसाधक अधिकारियों को नवीनतम प्रशासनिक प्रक्रियाओं, तकनीकी प्रयोगों और नागरिक सेवा प्रबंधन के व्यावहारिक पहलुओं की जानकारी देंगे। प्रतिभागियों को अनुभव साझा करने एवं समस्याओं के समाधान पर विचार-विमर्श का अवसर भी मिलेगा।

मुख्य अतिथि महापौर श्री रामू रोहरा, ने रुद्री में आयोजित प्रोसेस लैब में अपने उद्बोधन में कहा कि आदि कर्मयोगी अभियान हमारे लिए केवल एक प्रशासनिक पहल नहीं, बल्कि आदिवासी अंचलों तक विकास पहुँचाने का संकल्प है। जब शासन की योजनाएँ पारदर्शी तरीके से आमजन तक पहुँचती हैं, तभी वास्तविक परिवर्तन संभव होता है।






■ आदि कर्मयोगी अभियान हमारे लिए केवल एक प्रशासनिक पहल नहीं, बल्कि आदिवासी अंचलों तक विकास पहुँचाने का संकल्प: महापौर रोहरा

उन्होंने कहा कि इस अभियान से स्थानीय नेतृत्व को बढ़ावा मिलेगा, समुदायों में आत्मनिर्भरता आएगी और युवाओं को जिम्मेदारी व जवाबदेही के साथ कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी। हमें विश्वास है कि इस अभियान से आदिवासी क्षेत्रों में योजनाओं की पहुँच और प्रभावशीलता दोनों में ऐतिहासिक सुधार होगा।

अभियान के प्रमुख आयामों में स्थानीय नेतृत्व निर्माण, सम्मानजनक सशक्तिकरण तथा समुदायों में नेतृत्व और जवाबदेही की स्थापना शामिल है। उम्मीद है कि इन पहलों से योजनाओं की पहुँच, जागरूकता और सामुदायिक सहभागिता में ठोस सुधार होगा, जिससे आदिवासी क्षेत्रों में विकास कार्यों को नई गति और स्थायित्व प्राप्त होगा।इस अवसर पर उन्होंने आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक और लोकनायक भगवान बिरसा मुंडा के योगदान, को भी याद किया। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास श्री विमल साहू,ने आदि कर्मयोगी अभियान की जानकारी दी।

कार्यक्रम में उपाध्यक्ष जिला पंचायत गौकरण साहू, जिला पंचायत सदस्य अजय ध्रुव एवं मोनिका देवांगन, परियोजना प्रशासक प्रज्ञानं सेठ, बीआरएलएफ के सदस्य,जिला मास्टर ट्रेनर एवं ब्लॉक मास्टर ट्रेनर उपस्थित थे।


प्रोसेस लैब में जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 'आदि कर्मयोगी अभियान' के उद्देश्यों एवं कार्ययोजना की विस्तृत जानकारी दी गई। जिले के 108 आदिवासी बहुल गांवों में आवश्यक सेवाओं एवं योजनाओं की संतृप्ति सुनिश्चित करने तथा आदिवासी कल्याण योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विशेष योजना लागू की जाएगी। अभियान के तहत फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं, स्वयं सहायता समूहों, स्वयंसेवकों और पंचायती राज संस्थाओं के कार्यकर्ताओं को परिवर्तन के एजेंट और चैंपियन के रूप में सशक्त बनाया जाएगा।

**सांसद रूप कुमारी चौधरी आज गरियाबंद में**

**गरियाबंद।** महासमुंद सांसद व भाजपा की नव नियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती रूप कुमारी चौधरी का शनिवार को प्रथम बार गरियाबंद आगमन होगा। इस अवसर पर भाजपा तिरंगा चौक में उनका भव्य स्वागत करेगी। स्वागत के बाद वे पारागांव, कोकड़ी और छिंदौला में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगी। इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष अनिल चंद्राकर उनके साथ रहेंगे। जानकारी भाजपा जिला महामंत्री डॉ. आशीष शर्मा ने दी।



# खाद की कालाबाजारी से किसान बेहाल: भूपेन्द्र ठाकुर

**बागबाहरा,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। जिले में खाद व बीज की कृत्रिम कमी ने किसानों की कमर तोड़ दी है। सहकारी समितियों और सरकारी गोदामों से खाद नदारद है। वहीं खुले बाजार में 266.50 रुपए की सरकारी दर वाला यूरिया बोरा किसानों को 800 से 1000 रुपए तक खरीदना पड़ रहा है। मजबूर किसानों को दुकानदारों द्वारा जबरन अनुपयोगी दवाएं और अन्य खाद के साथ लादन थमाया जा रहा है। यह न केवल प्रशासनिक विफलता है। बल्कि किसानों के साथ खुला अन्याय है।

किसान नेता और शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह ठाकुर ने इस संकट पर तीखा हमला बोलते हुए भाजपा की डबल इंजन सरकार को कटघरे में खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि बीते माह किसान डीएपी के लिए दर-दर भटके और अब यूरिया के लिए हाहाकार मचा है। धान की फसल इस समय यूरिया की मांग कर रही है। मगर समितियों से लेकर बाजार तक किसानों को केवल शोषण का सामना करना पड़ रहा है।

भूपेन्द्र सिंह ठाकुर केवल नेता ही नहीं बल्कि खुद खेती-किसानी करने वाले किसान भी हैं। यही वजह है कि वे किसानों की तकलीफ को किताबों या आंकड़ों से नहीं बल्कि अपनी जमीन की हकीकत से समझते और महसूस करते हैं। उनका कहना है कि यह कोई प्राकृतिक संकट नहीं। बल्कि सरकार और प्रशासन की नाकामी का परिणाम है। गोदामों में खाद दबाकर किसानों को लूटा जा रहा है।

**कालाबाजारी से टूटी किसानों की कमर-** सरकारी दर पर मिलने वाला यूरिया बाजार से लगभग गायब कर दिया गया है। कृत्रिम संकट पैदा कर किसानों को लूटने की यह प्रक्रिया पूरे जिले में चल रही है। प्रति एकड़ एक-दो बोरे तक सीमित आपूर्ति दिखाकर अभाव का माहौल बनाया जा रहा है। जबकि गोदामों में अनुपयोगी रसायनों का ढेर लगा है। इस पूरे मामले को लेकर वर्तमान में कांग्रेस विधायक और पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में संसदीय सचिव रहे द्वारिकाधीश यादव से भी विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने किसानों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि इस मसले को वे सदन में मजबूती से उठाएंगे और किसानों के हितों की रक्षा के लिए हरसंभव कदम उठाएंगे।

**सरकार को चेतावनी-** भूपेन्द्र सिंह ठाकुर ने कहा कि यदि सरकार ने तुरंत खाद की आपूर्ति सुनिश्चित नहीं की तो किसानों का सब्र जवाब देगा। उन्होंने चेतावनी दी कि 'सरकार अगर अब भी नहीं चेती तो किसान सड़क पर उतरेंगे और इसका खामियाजा भाजपा सरकार को भुगतना पड़ेगा।'

किसानों की मेहनत और पसीने को इस तरह लूटना केवल प्रशासनिक असफलता नहीं बल्कि संगठित अपराध है। अन्नदाता की अनदेखी पूरे समाज और अर्थव्यवस्था पर सीधा प्रहार है।

कांग्रेस विधायक द्वारिकाधीश यादव ने किसानों की आवाज को सदन तक ले जाने का आश्वासन दिया है। लेकिन असली कसौटी सरकार के कदम होंगे। यदि हालात नहीं सुधरे तो यह आक्रोश न सिर्फ खेतों में बल्कि राजनीति के गलियारों में भी भूचाल ला सकता है।

### तथ्य एक नज़र में

* सरकारी दर पर यूरिया का बोरा- 266.50 रुपए।
* कालाबाजारी में बेचा जा रहा यूरिया- 800 से 1000 रुपए।
* सहकारी समितियों में आपूर्ति- प्रति एकड़ सिर्फ 1/2 बोरा।
* मजबूरी- यूरिया लेने के लिए अनुपयोगी खाद/दवाओं का लादन।
* परिणाम- धान की फसल को समय पर पोषण न मिलने से नुकसान।
* जिम्मेदारी- सरकार और प्रशासन पर कालाबाजारी को संरक्षण देने का आरोप।

# कुर्सी दौड़ में डालिमा, जलेबी दौड़ में काव्या अव्वल



महासमुंद 29 अगस्त (देशबंधु)। राष्ट्रीय खेल दिवस पर स्थानीय शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्याल में विविध खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार द्वारा सामूहिक रूप से राष्ट्रीय खेल शपथ लिया गया और खेल एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संकल्प व्यक्त किया गया। छात्राओं ने उत्साहपूर्वक विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। कुर्सी दौड़ में प्रथम डालिमा साहू, द्वितीय प्रीति साहू, जलेबी दौड़ में प्रथम काव्या, द्वितीय सरिता साहू, सुई.धागा प्रतियोगिता में प्रथम योगेश्वरी, द्वितीय कुमकुम, तृतीय जया, मटका फोड़ में प्रथम सरिता साहू, द्वितीय डालिमा साहू, तृतीय निधि, चतुर्थ डिगेश्वरी पटेल, खेल प्रश्नोत्तरी में प्रथम दीपिका साहू, द्वितीय कृति साहू, तृतीय ज्योति साहू रही। प्रतियोगिताओं के दौरान छात्राओं ने न केवल अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया बल्कि आपसी सौहार्द और प्रतिस्पर्धात्मक भावना का भी परिचय दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ एसबी कुमार ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि खेल जीवन में अनुशासन, परिश्रम और एकाग्रता की भावना का संचार करते हैं। छात्राओं को शिक्षा के साथ.साथ खेलों में भी उत्कृष्टता प्राप्त करने का प्रयास करना चाहिए। खेल प्रभारी कविता गहिर ने छात्राओं को उत्साहवर्धन कर खेल का शुभारंभ करते हुए अनुशासन और खेल भावना का परिचय देने की अपील की तथा महाविद्यालय में नियमित खेल गतिविधियों की शुरुआत की जानकारी दी जिसमें ज्यादा से ज्यादा प्रतिभागी बनकर कैरियर निर्माण और इनाम जीतने का लाभ को रेखांकित किया। इस अवसर पर विभाग अध्यक्ष डॉ. सरस्वती वर्मा, ओमप्रकाश पटेल, डॉ. मनोज शर्मा, डा. श्वेतलाना नागल, प्राध्यापक गण ओंकार साहू, जगदीश प्रसाद खटकर, वंदना यादव, खगेश्वर प्रसाद, अरविंद साहू, अजय श्रीवास, गुप्तेश नामदेव, उमा साहू, लोकनाथ तारक, प्रेरणा कापसे, पूजा साहू, चमन आडिले, भावेश चंद्राकर आदि उपस्थित थे।

# अवैध शराब के आरोपियों पर आबकारी एवं बिलाईगढ़ पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई



■ ग्राम बागलोटा एवं साबरिया डेरा टुंडरी में पकड़े गए आरोपी

**बिलाईगढ़,** 29 अगस्त (देशबंधु)। आबकारी आयुक्त आर शंगीता, कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे, पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय के संयुक्त निर्देश और जिला आबकारी अधिकारी संतराम वर्मा बिलाईगढ़ के मार्गदर्शन में जिले के आबकारी विभाग एवं पुलिस थाना बिलाईगढ़ के संयुक्त टीम के द्वारा ग्राम बागलोटा एवं सबरिया डेरा टुंडरी में कार्यवाही की गई। पुलिस एवं आबकारी विभाग को इन ग्रामों में भारी मात्रा में अवैध कच्ची महुआ शराब का निर्माण करने एवं गांव के बाहर व आसपास के क्षेत्रों में इसको विक्रय करने की सूचना प्राप्त होती रही थी। सूचना की पुष्टि होने पर पुलिस के साथ संयुक्त टीम के साथ कार्यवाही की गई।

आबकारीब एवं पुलिस की टीम ने संयुक्त रूप से रेड किया। रेड के दौरान पदुमलाल बंजारे के घर से 7 ड्रम महुआ लाहन तथा राजकुमार मीरी के घर से 3 ड्रम महुआ लाहन कुल 10 ड्रम कुल लगभग 1000 किलोग्राम महुआ लाहन को नष्ट किया गया। किरण बंजारे के घर महुआ शराब निकालने में प्रयुक्त चढ़ी हुई भट्टी को नष्ट किया गया और किरण बंजारे के घर के आंगन से 20 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया है, वहीं वृंदावन के मकान से 03 लीटर कच्ची महुआ शराब एवं 40 किलो ग्राम महुआ लाहन को जब्त किया गया है।

टीम के द्वारा कच्ची महुआ शराब बनाने हेतु प्रयुक्त भट्टी के साथ पीले रंग की 02 प्लास्टिक जरीकीन में प्रत्येक में भरी 15-15 लीटर एवं एक बड़ी पॉलीथिन में भरा 50 लीटर कुल 80 लीटर कच्ची महुआ शराब तथा 30 बोरी में महुआ शराब बनाने के लिए सड़ाकर बनाया गया महुआ लाहन प्रत्येक में भरा 20-20 किलोग्राम जिसकी कुल मात्रा लगभग 600 किलोग्राम है को जब्त किया गया। कच्ची महुआ शराब को कब्जा आबकारी लिया गया एवम विधिवत रूप से महुआ लाहन का नष्टीकरण किया गया है। आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम धारा 34(1)(क) (च) एवं 34(2) का, प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया है। इस कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी आनंद वर्मा, एसडीओपी विजय सिंह ठाकुर के कुशल नेतृत्व में थाना प्रभारी बिलाईगढ, आबकारी उपनिरीक्षक विपिन कुमार पाठक, हबील खलखो, लोकनाथ साहू, रामेश्वर कुमार राठिया, फागुलाल टंडन एवम पुलिस थाना बिलाईगढ़ स्टाफ के द्वारा की गई।

# फिंगेश्वर विश्राम गृह में आज किया जाएगा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का पुनर्गठन

**फिंगेश्वर,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार एवं अमितेश शुक्ल के मार्गदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी फिंगेश्वर का पुनर्गठन किए जाने का निर्णय लिया गया है।

उक्त संबंध में फिंगेश्वर ब्लॉक के प्रभारी सुखचंद बेसरा जी को बनाया गया है, जिनके निर्देश पर कल 30 अगस्त को दोपहर 12 बजे फिंगेश्वर रेस्ट हाउस में आवश्यक बैठक रखा गया है। जिसमें आप सभी सम्माननीय कांग्रेस के वरिष्ठ जन, समस्त ब्लॉक के पदाधिकारी गण, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस एवं वर्तमान मंडल सेक्टर एवं बूथ के पदाधिकारी एवं सदस्य गण आप सभी की उपस्थिति अनिवार्य एवं प्रार्थनीय है। उक्त बैठक में प्रमुख रूप से अमितेश शुक्ल एवं फिंगेश्वर ब्लॉक प्रभारी सुखचंद बेसरा व समद खान जी उपस्थित रहेंगे उक्त जानकारी रूपेश कुमार साहू अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी फिंगेश्वर ने दी।

# राज्य रजत जयंती महोत्सव पर हुए विविध कार्यक्रम



■ छत्तीसगढ़ राज्य अटल बिहारी वाजपेयी की देन : महेन्द्र साहू

**पलारी** 29 अगस्त (देशबन्धु) छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ग्राम पंचायत गिर्रा में रंगोली प्रतियोगिता, आंगनबाड़ी केन्द्र द्वारा छत्तीसगढ़ी कलेवा का प्रदर्शनी, बच्चों का सुवा नृत्य जैसे विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व जनपद पंचायत उपाध्यक्ष एवं पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष महेन्द्र कुमार साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की देन है। यह राज्य अभी 25 वर्ष का युवा है। अलग राज्य बनने के बाद जिस प्रकार से पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के नेतृत्व में चहुंमुखी विकास हुआ वह अकल्पनीय है। मुख्यमंत्री बिष्णुदेव साय भी महिला, युवा, किसान, गरीब के लिये जनकल्याणकारी योजना का संचालन कर रही है। आभार प्रदर्शन सचिव मुकेश चंद्राकर ने किया। इस अवसर पर सरपंच मुटाना बाई ध्रुव, उपसरपंच ललित यादव, प्रेमलाल फेकर, फेरहा राम साहू, बृजलाल यादव, ओमप्रकाश चंद्राकर, योगेश्वर साहू, गिरवेन्द्र वर्मा, संतराम साहू, लाला वर्मा, पंकज साहू, विजय दास, रामनारायण वर्मा, लता वर्मा, माधुरी वर्मा, रूखमणी साहू, शिवकुमारी चंद्राकर, पूर्णिमा मिर्झा, मांडवी साहू, भुनेश्वरी फेकर, लीला फेकर, कुमारी कन्नौजे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# अमेरिकी टैरिफ से भारत को मिला सुनहरा अवसर : प्रकाश रोहरा



**भारत के लिए वैश्विक व्यापार के नए रास्ते खोलने का काम करेगा**

**गरियाबंद,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। अमेरिका द्वारा टैरिफ बढ़ाने के फैसले को लेकर कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स जिला इकाई गरियाबंद ने बड़ा बयान जारी किया है। संगठन का कहना है कि यह कदम अमेरिका के हितों को कमजोर करेगा, जबकि भारत के लिए वैश्विक व्यापार के नए रास्ते खोलने का काम करेगा।

गरियाबंद कैट इकाई जिला अध्यक्ष प्रकाश चंद रोहरा ने कहा कि भारत का व्यापार केवल अमेरिका तक सीमित नहीं है। यूके, यूरोप, दक्षिण अफ्रीका, आसियान देश, लैटिन अमेरिका और यूएई जैसे देशों में भारत के लिए अपार संभावनाएं मौजूद हैं। उन्होंने कहा, भारतीय व्यापारी कभी चुनौतियों से पीछे नहीं हटते। हर परिस्थिति में अवसर खोज निकालना हमारी ताकत है। उन्होंने कहा कि सिंधु घाटी सभ्यता से ही भारत वैश्विक वाणिज्य का केंद्र रहा है। कोई भी अवरोध भारतीय व्यापारियों की प्रगति को थाम नहीं सकता। यह संकट नहीं, बल्कि क्षितिज को फैलाने का अवसर है। कैट जिला कोषाध्यक्ष निखिल साहू ने कहा कि अमेरिका का टैरिफ भारत को और मजबूत बनाएगा। अमेरिका का फैसला जहां उनके हितों को कमजोर करेगा, वहीं भारतीय व्यापारियों के लिए विश्व में नए मार्ग खुलेंगे। हमारे उत्पादों की गुणवत्ता और विविधता पहले से ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वीकार्य है। अब जरूरत है कि हम वैकल्पिक बाजारों पर अधिक ध्यान दें।

वहीं, जिला महामंत्री अजय नागदेव ने कहा कि भारतीय व्यापारी हर परिस्थिति को अवसर में बदलने की क्षमता रखते हैं। यह समय मेड इन इंडिया ब्रांड को और मजबूत करने का है। वैश्विक मंच पर भारतीय उत्पादों की साख लगातार बढ़ रही है और आने वाले वर्षों में भारत व्यापार शक्ति के रूप में और मजबूत स्थिति में होगा। कैट नेताओं ने एक स्वर में कहा कि भारतीय व्यापार और उद्योग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों के साथ मजबूती से खड़ा है। अमरीका के फैसले से डरने वाला नहीं है।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर नगर पंचायत खरोरा में विविध खेलकूद प्रतियोगिताएं संपन्न




**खरोरा,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती पर राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर नगर पंचायत खरोरा परिसर में विविध खेलकूद एवं फिट इंडिया मूवमेंट से संबंधित कार्यक्रम का आयोजन बड़े उत्साह एवं उमंग के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में नगर पंचायत क्षेत्रान्तर्गत संचालित शैक्षणिक संस्थानों के छात्र-छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी की। कबड्डी, कुर्सी दौड़ सहित कई खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें बच्चों ने खेल कौशल एवं टीम भावना का शानदार प्रदर्शन किया। अध्यक्ष श्रीमती सुनीता अनिल सोनी सहित नगर पंचायत के जनप्रतिनिधियों ने विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि मेजर ध्यानचंद का जीवन खेल भावना और अनुशासन का प्रेरक उदाहरण है। हमें फिटनेस और खेलों को जीवनशैली का हिस्सा बनाना चाहिए, जिस हेतु नगर अध्यक्ष द्वारा शपथ भी दिलाया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत के अध्यक्ष, श्रीमती सुनीता अनिल सोनी, उपाध्यक्ष, सुमीत कुमार सेन, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष एवं वर्तमान सांसद प्रतिनिधि, श्री अनिल सोनी तथा पार्षदगण- डॉ. सुरेन्द्र गिलहरे, श्रीमती मनीषा कोशले, श्री राहूल मरकाम, श्रीमती दामिनी हेमंत देवांगन, श्री शेखर देवांगन, सुश्री हेमलता नशीने, श्री जय प्रकाश वर्मा, श्री तामेश्वर मरकाम, श्रीमती लीला बाई देवांगन, श्री पंचराम यादव, श्री पूर्णेन्द्र (पूनम) पाध्याय, श्री शरद साहू, श्रीमती अंबिका बन्छोर, श्री राकेश कुमार देवांगन, मुख्य नगरपालिका अधिकारी, श्री डोमार साहू, अधिकारी/कर्मचारीगण, शिक्षकगण, छात्र-छात्राएँ एवं नगरवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में फिट इंडिया के संकल्प को दोहराते हुए बच्चों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

# 39 लाख 25 हजार की लागत से ग्राम छुईहा में गौरव पथ का निर्माण

**राष्ट्रीय खेल दिवस पर खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित**

**बागबाहरा,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत छुईहा में अब गौरव पथ का सपना साकार होने जा रहा है। मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना के अंतर्गत नाली सहित सीसी रोड का निर्माण 39 लाख 25 हजार रुपए की लागत से कराया जाएगा। ग्रामीणों के इस बहु प्रतिक्षित मांग को कराने में छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व संसदीय सचिव व खल्लारी क्षेत्र के वर्तमान कांग्रेस विधायक द्वारिकाधीश यादव की विशेष भूमिका रही है। उनके अथक प्रयासों का ही परिणाम है कि ग्राम छुहिया में यह बहुप्रतीक्षित गौरव पथ का निर्माण संभव हो पाया है। क्षेत्र की जनता ने अपने लाडले विधायक द्वारिकाधीश यादव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया है। लोगों का कहना है कि इस सड़क और नाली के बनने से लंबे समय से चली आ रही समस्याओं का समाधान होगा।

ग्राम में गौरव पथ निर्माण की खबर मिलते ही क्षेत्र में हर्ष की लहर दौड़ गई है। ग्रामीणों का मानना है कि अब विकास की रफ्तार और तेज होगी तथा ग्राम छुईहा की पहचान एक सशक्त, स्वच्छ और विकसित गांव के रूप में होगी। बता दें कि इस महत्वपूर्ण परियोजना को लेकर शासन स्तर पर प्रशासकीय स्वीकृति सहित आदेश जारी हो गया है। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद ग्राम छुईहा के लोगों को बेहतर आवागमन सुविधा और स्वच्छता का लाभ मिलेगा।

## निधन

### वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता अर्चना बाई खोब्रागढ़े का निधन



**राजनांदगांव,** 29 अगस्त। बौद्ध समाज की वरिष्ठ महिला मंडल की सक्रिय कार्यकर्ता अर्चना बाई खोब्रागढ़े (84 वर्ष) का शुक्रवार 29 अगस्त की सुबह लगभग 8 बजे निधन हो गया। अर्चना बाई लंबे समय से सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रहीं और विशेष रूप से बौद्ध समाज के महिला मंडल को सशक्त बनाने में उनका अहम योगदान रहा। वे अपने पीछे पति, तीन पुत्र और तीन पुत्रियों सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। उनका अंतिम संस्कार आज शाम 4.30 बजे लखोली नाका स्थित मुक्तिधाम में किया गया। ज्ञात हो कि वे कन्हैयालाल खोब्रागढ़े की धर्मपत्नी तथा देशबंधु के ब्यूरो चीफ एवं वरिष्ठ पत्रकार दीपांकर खोब्रागढ़े की माता थीं।

### बसंत राव सरडे

**रायपुर,** 29 अगस्त। ब्रम्हपुरी निवासी बसंत राव सरडे का 83 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी मुक्तिधाम में शाम 3 बजे किया गया। वे वैशाली और पंकज के पिता थे।

### चंद्रशेखर चंद्राकर



**महासमुंद,** 29 अगस्त। बागबाहरा क्षेत्र के ग्राम खुसरूपाली निवासी चंद्रशेखर चंद्राकर बल्लू का गुरुवार सुबह आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 28 अगस्त को दोपहर 12 बजे ग्राम खुसरूपाली खल्लारी में किया गया।

### मनहरण लाल साहू



**महासमुंद** 29 अगस्त। स्थानीय शंकर नगर निवासी मनहरण लाल साहू सेवानिवृत्त कृषि विस्तार अधिकारी 64 वर्ष का शुक्रवार को निधन हो गया। वे लोकश साहू पटवारी, इंदेश साहू के पिता थे। अंतिम संस्कार उनके पैतृक ग्राम चपरीद समोदा में किया गया। इस दौरान गणमान्य जन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## प्रादेशिकी का शेष...

**राजिम के समीप एक ऐसा...**

सर्पदंश की कोई अप्रिय घटना नहीं घटी है। यह आयोजन न केवल आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि प्रकृति संरक्षण और जानवरों के प्रति संवेदनशीलता का एक अनूठा उदाहरण भी है। देवरी गांव में हर साल होने वाला यह आयोजन अब क्षेत्र की पहचान और आस्था का पर्व बन गया है। ग्रामीणों ने बताया कि देवरी गांव स्थित सांवरा गुरु पाठशाला इस परंपरा का केंद्र है, जहां युवाओं को सांपों को सुरक्षित पकड़कर उन्हें संरक्षित करने की शिक्षा दी जाती है।

**धमतरी पुलिस का बड़ा...**

कार्यवाही- 02 गिरफ्तारी वारंटी गिरफ्तार, 02 स्थायी वारंटी गिरफ्तार किये गये हैं। अन्य कुल 31 आरोपियों के विरुद्ध बारंबार शिकायत प्राप्त हुई थी जिसको पुलिस लाईन धमतरी में परेड करवाई गई एवं उन्हें नशे से दूर रहने और किसी भी अवैध गतिविधि में शामिल न होने की शपथ दिलाई गई।

**कुपोषण से बचाने अभियान...**

जीवनदीप समिति के सदस्य नागेंद्र वर्मा, नगर पालिका उपाध्यक्ष भुपेन्द्र(बल्लु) सोनी, डॉ.लीलाराम साहू, धीरज साहू, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ.तेजेंद्र साहू की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम में सेक्टर सुपरवाइजर एम. एस.पाल, एल.पी. तारक, श्रीमति एस आर देवनाथ, संतोषी बंजारे स्वा. कार्यकर्ता एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

# मेजर ध्यानचंद जयंती पर जिले में खेल दिवस का आयोजन



**राष्ट्रीय खेल दिवस पर खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित**

**गरियाबंद,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। स्व. मेजर ध्यानचंद की जयंती पर शनिवार को जिले में राष्ट्रीय खेल दिवस धूमधाम से मनाया गया। जिला प्रशासन व खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय के खेल मैदान में मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप एवं कलेक्टर बी.एस. उइके ने मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण कर की। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष लालिमा ठाकुर, उपाध्यक्ष नगर पालिका आशिफ मेमन, पार्षद सुरेंद्र सोनटेके, अपर कलेक्टर नवीन भगत, प्रभारी खेल अधिकारी सहित अनेक जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद रहे।

मुख्य अतिथि गौरी शंकर कश्यप ने कहा कि खेल अनुशासन, मानसिक संतुलन और शारीरिक विकास का आधार है। कलेक्टर उइके ने विद्यार्थियों से पढ़ाई के साथ खेलों में भी सक्रिय भागीदारी की अपील करते हुए कहा कि खेल स्वस्थ समाज और मजबूत राष्ट्र निर्माण की नींव रखते हैं। नगर पालिका अध्यक्ष यादव ने मेजर ध्यानचंद के जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। खेल दिवस पर विद्यार्थियों ने कबड्डी, खो-खो और रस्साकसी प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन किया। कबड्डी में बालक वर्ग से मदनपुर हाई स्कूल प्रथम, जबकि बालिका वर्ग से कसेरू हाई स्कूल प्रथम रहा। खो-खो में बालक वर्ग में कसेरू हाई स्कूल तथा बालिका वर्ग में कन्या शाला गरियाबंद ने बाजी मारी। रस्साकसी में बालक वर्ग से कसेरू हाई स्कूल और बालिका वर्ग से कन्या शाला गरियाबंद विजेता बने। सभी विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की सफलता में व्यायाम शिक्षक संजीव साहू, आनंद झा, नलनी सोनकुंवर, रजनी भाया, सूरज महाड़िक, नंदकुमार रात्रे सहित अन्य शिक्षकों का विशेष योगदान रहा।

# मंत्री गुरु खुशवंत साहेब का प्रथम तिल्दा आगमन पर भव्य स्वागत

## मंत्री टंकराम वर्मा के साथ क्षेत्र के भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की रही बड़ी उपस्थिति



**तिल्दा-नेवरा,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन में कैबिनेट मंत्री का दायित्व मिलने के बाद बुधवार शाम आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब का प्रथम तिल्दा नेवरा आगमन हुआ। मंत्री गुरु खुशवंत साहेब मंत्री टंकराम वर्मा, भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिहा, भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम नारंग, भाजपा जिला महामंत्री अनिल अग्रवाल, जिला पंचायत नवीन अग्रवाल के साथ तिल्दा पहुंचे। तिल्दा पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। मंत्री गुरु खुशवंत साहेब भव्य स्वागत से काफी अभीभूत नजर आए।

मंत्री बनने के बाद प्रथम तिल्दा नेवरा आगमन पर गुरु खुशवंत साहेब का स्वागत करने भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते ही बना। सभी ने आतिशी व आत्मिक स्वागत किया। तिल्दा-नेवरा में भव्य स्वागत रैली निकली गई। जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। अलग-अलग जनप्रतिनिधियों द्वारा अलग-अलग चौक चौराहों पर पूरे तिल्दा नेवरा शहर में उनका जोरदार स्वागत किया।

**फल, मिठाई एवं लड्डुओं से किया गया तुलादान**

स्वागत रैली सिंधी कैंप तिल्दा पहुंची। गांधी चौक नेवरा में भव्य कार्यक्रम किया गया। यहां भाजपा कार्यकर्ता सहित क्षेत्रवासियों ने स्वागत किया।

मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि आप सभी का स्नेह व अपनत्व ही मेरी सबसे बड़ी ताक़त है। फल, मिठाई एवं लड्डुओं से तुलादान कर आप सभी ने मुझे जो सम्मान प्रदान किया, वह मेरे लिए अविस्मरणीय और हृदयस्पर्शी है। मेरे पास शब्द नहीं है कि मैं कैसे धन्यवाद करुं। आप सभी का, हृदय की अनंत गहराइयों से समस्त तिल्दावासियों का आभार एवं धन्यवाद। मेरे जीवन का कणङ्कण और समय का क्षणङ्क्षण आप सभी के सेवा में सदैव समर्पित रहेगा।

इस अवसर पर मनोज निषाद मंडल अध्यक्ष, नरसिंह वर्मा ग्रामीण मंडल नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रकला खुमान वर्मा, उपाध्यक्ष पलक विकास सुखवानी, पार्षद पारुल बंटी अग्रवाल, पावन अग्रवाल गोपाल साहू, गौरव अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व उनके समर्थक उपस्थित हुए।

विधायक कार्यालय से निकालने के पश्चात होंडा शोरूम में देवेंद्र अग्रवाल द्वारा भव्य स्वागत किया गया उसके बाद महेश अग्रवाल द्वारा अपने साथियों सहित भव्य स्वागत कर आत्म विभोर कर दिया जगह-जगह स्वागत ढोल नगाड़ा पटाखे से पूरा शहर गूंज उठा सिंधी धर्मशाला में भी सिंधी समाज द्वारा भव्य स्वागत किया गया

इस कार्यक्रम में देवेंद्र अग्रवाल परिवार सहित महेश अग्रवाल परिवार एवं साथियों से हैं विकास सुखवानी पलक सुखवानी जीतू माधववानी पूज्य सिंधी पंचायत अध्यक्ष शमन लाल खूबचंदानी किशोर सेतपाल सुंदर पंजवानी ज्योमल कमलानी राजेश सतपाल लख्मीचंद नवानी मोती ज्ञानचंदानी हीरानंद भोजवानी भीमसेन भोजवानी लक्ष्मण दास दुलवानी महेश वाधवानी एवं समाज के गण मान्य नागरिक भारी संख्या में उपस्थित थे

इसी दरमियान धमतरी के महापौर श्री रामू रोहड़ा का भी नगर आगमन हुआ जिसका पूज्य सिंधी पंचायत में जोरदार आत्मीयता से समाज के वरिष्ठ नागरिकों द्वारा सम्मान किया गया।



# सोनाडीह सीमेंट प्लांट के खिलाफ किसान करेंगे उग्र आंदोलन : इन्द्र साव



**भाटापारा,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। सोनाडीह सीमेंट प्लांट द्वारा 2015 में निर्मित रेल्वे लाईन में पुलिया निर्माण नहीं होने से मोपकी, धनेली, चंदेली, सिल्वा, मोपका, बकुलाही, धौराभाठा, भरतपुर, भोथीडीह, खपरी एवं निपनिया सहित ग्यारह गांव के किसान भाटापारा शाखा नहर का पर्याप्त लाभ नहीं ले पा रहे है। कृषि कार्य से वंचित हो रहे है। ज्ञात हो विधायक इन्द्र साव ने किसानों की मांगों पर नहर विभाग के अधिकारियों के साथ स्थल निरीक्षण किया गया तो हतप्रभ रह गये। अधिकारियों से मिली जानकारी पर पता चला कि यह मामला 2015 की है। जब निको विस्टा कार्प लिमिटेड सोनाडीह सीमेंट प्लांट द्वारा निर्मित रेल्वे लाईन में भाटापारा शाखा नहर के बांयी अंतिम छोर वितरक नहर प्रणाली केनाल क्रॉसिंग स्ट्रक्चर्स (पुलिया) का निर्माण ही नहीं किया गया है। अधिकारियों के द्वारा कई बार पत्रचार एवं स्थल निरीक्षण कर चारों क्रांसिंग स्थलों पर पुलिया निर्माण की मांग पत्र प्रेषित की गई। लेकिन सोनाडीह सीमेंट प्लांट द्वारा विगत दस वर्षों से क्षेत्र की आम जनता एवं किसानों के साथ छल किया है। विधायक इन्द्र साव ने स्थल निरीक्षण कर बताया कि भाटापारा शाखा नहर के बांयी अंतिम छोर वितरक नहर की रेलवे क्रॉसिंग पर चार स्थलों पर जो कि आर डी. 1980 मी., आर डी. 2540 मी., आर. डी. 3930 मी. एवं खपरी माइनर के, आर डी. 2810 मी. से 2850 मी. के मध्य रेलवे साइडिंग में पुलिया का निर्माण ही नही किया गया, जिसके कारण नहर का पानी अंतिम छोर के लिए अवरुद्ध है सीमेंट प्लांट की हठधर्मिता से क्षेत्र के किसान भारी आक्रोशित है। विधायक इन्द्र साव ने कहा सोनाडीह सीमेंट मेनेजमेंट से बात करने पर संबंधित प्लांट अधिकारी अनुत्तरीत रहे उनके पास कोई जवाब नहीं है। विधायक इन्द्र साव ने कहा की प्रभावित ग्यारह गावं के किसानों से बैठक कर, रेलवे क्रासिंग पर पुलिया निर्माण, क्षेत्रीय बेरोजगारों की उपेक्षा एवं फाउंडेशन के माध्यम से पर्याप्त विकास कार्य नही किये जाने सम्बन्धी विषय पर समीक्षा कर उग्र आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जायेंगी।

**क्षेत्र के किसान, मजदूर और बेरोजगारों की उपेक्षा कर रहे जिले की औद्योगिक इकाइयाँ**

# वेट एंड वॉच की मुद्रा में रंगोली का होलसेल मार्केट

**भाटापारा,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। जा सकती है 15 से 16 रुपए किलो तक। यह संभावना उस रंगोली के लिए व्यक्त की जा रही है, जो फिलहाल 10 से 11 रुपए किलो पर शांत है।

होलसेल पूर्णता की ओर। इंतजार, रिटेल का। सीजन के लिए तैयार हो रही है रंगोली। खुदरा बाजार जिस अंदाज में खोज-खबर ले रहा है, उससे इस साल रंगोली में बेहतर कारोबार की संभावना बनती नजर आ रही है।

**सीजन ने दी दस्तक:** श्री गणेश उत्सव। ठीक पीछे नवरात्रि। यह दोनों रंगोली के सीजन की शुरुआत वाले पर्व माने जाते हैं। होलसेल, बेहतर मांग की संभावना को देखते हुए पूर्णता की ओर है। बस इंतजार है रिटेल डिमांड की



फिलहाल 10 से 11 रुपए किलो

जिसमें बहुत जल्द खरीदी के संकेत मिल रहे हैं। इसके अलावा ग्रामीण बाजार की भी प्रतीक्षा कर रहा है होलसेल मार्केट।

**खोज-खबर ले रहा रिटेल:** प्रति किलो भाव बढ़ने की संभावना के बीच रिटेल मार्केट ने रंगोली खरीदी के लिए अपनी तैयारी चालू कर दी है हालांकि यह फिलहाल शुरुआती दौर में है लेकिन बहुत जल्द इसमें जोरदार खरीदी की संभावना को इसलिए बल मिल रहा है क्योंकि कीमत बढ़ने के आसार बनते नजर आने लगे हैं।

**फिलहाल ऐसा है बाजार:** बीते बरस 10 से 11 रुपए किलो। आसार इस बरस भी इतने के ही हैं लेकिन रक्षाबंधन का पर्व जैसा गया उससे धारणा 15 से 16 रुपए किलो तक जाने की बन रही है क्योंकि ग्रामीण बाजार खरीदी को लेकर जोरदार रुझान दिख रहा है जबकि शहरी क्षेत्र फिलहाल व्वेट एंड वॉचज्की मुद्रा में है इसलिए प्रतीक्षा में है होलसेल मार्केट।

# हरतालीका तीज का पर्व क्षेत्र में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया

**अमेरा/बलौदाबाजार,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। हरतालिका तीज का व्रत एक ऐसा व्रत है जो कभी खत्म नहीं होता यह व्रत किसी कारण वश महिला नहीं कर पा रही तो वह व्रत पति भी करसकते हैं। हरतालिका तीज का पर्व बड़े ही धूमधाम से अमेरा सहित अंचल में मनाया गया। पति की लंबी उम्र और परिवार में सुख-समृद्धि के लिए सुहागिनों ने हरितालिका व्रत रखा। पूजा की तैयारी सुबह से ही घरों में शुरू हो जाती है घर में फुलेरा बांध कर घरों और मंदिरों में हरितालिका पूजा शुरू किया गया।

शुभ मुहूर्त में सुहागिनों ने भगवान शंकर और माता पार्वती की आराधना की और पति के दीर्घायु होने की कामना की। सुहागिनों ने फुलेरा बांध कर भगवान शिव और माता पार्वती की पूरे विधि-विधान से पूजा की। शिव-पार्वती का कथा का श्रवण भी किया। हरितालिका व्रत पर घरों में उत्सवी माहौल नजर आ रहा था। पूजा और कथा श्रवण कहीं मंदिरों में, तो कहीं घर में हुआ। मंदिरों में सामूहिक रूप से सुहागिनों ने कथा का श्रवण किया। पति के साथ साथ घर में सुख-समृद्धि की कामना की सुहागिनें महिलाओं फुलेरा विसर्जन के बाद जल ग्रहण कर व्रत का पारकिया हरतालिका तीज व्रत को लेकर पलारी अंचल में पूजन सामग्री फल फूल आदि की खूब बिक्री हुई। सभी बाजार श्रद्धालुओं की खरीदारी से भारी पड़े थे। पूजन समय को लेकर रातभर सुहागिन महिलाओं ने पूजन व कथा श्रवण किया।



# ग्राम वटगन में रंगारंग डांस प्रतियोगिता का आयोजन



**गिधुपरी, भरूवाडीह/बलौदाबाजार,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। ग्राम वटगन में तीज पोला के पावन पर्व पर रंगा रंग डांस प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया था। वहीं जस जगराता का कार्यक्रम रखा गया। दीदी बहनों ने रात्रि जागरण कर उपवास का आनंद लिया एवं शिव मंदिरों में फुलेरा का दर्शन किया। डांस प्रतियोगिता में अनेको प्रतिभागी ने भाग लेकर अपने कला को दिखाया। आयोजक समिति द्वारा सभी प्रतिभागी को पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर उमेश यदु, राजेश शर्मा, बाबूलाल बंजारे, जीवन वर्मा, राहुल तेली, बलराम फेकर, दिनेश वर्मा, शैलेन्द्र शर्मा, देवकांत यादव, कृत राम वर्मा, मनोज वर्मा, विष्णु गुरुजी, हरि गुरुजी, भोज गुरुजी, सहित ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# संवेदनशीलता के साथ करें राजस्व प्रकरणों का निराकरण : कलेक्टर



**बलौदाबाजार,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर दीपक सोने ने शुक्रवार को राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर लंबित राजस्व प्रकरणों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने राजस्व विभाग को प्रशासन की रीढ बताते हुए मजबूती के साथ कार्य निष्पादन करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने कहा कि राजस्व प्रकरण अत्यधिक संवेदनशील होते है, उनका निराकरण उसी संवेदनशीलता के साथ करें। अब लोगों में जागरूकता बढ़ी है जिससे प्रशासन से उनकी अपेक्षाएं भी बढ़ने लगा है। सभी राजस्व आमला कार्यालय एवं फिल्ड में मुस्तैदी से कार्य करें। कानून व्यवस्था बनाए रखने में भी राजस्व अधिकारी सतर्कता बरतें। सूचना तंत्र मजबूत रखें। उन्होंने राजस्व न्यायलय के एक वर्ष से कम समय तक लंबित प्रकरणों को 31 अक्टूबर तक निराकरण के निर्देश दिये। कलेक्टर ने एग्रीस्टेक में किसानों के पंजीयन की समीक्षा करते हुए पंजीयन हेतु शेष करीब 19 हजार किसानों का पंजीयन शीघ्र कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि पटवारियों के पास समितिवार पंजीकृत किसानों की सूची उपलब्ध है। सूची में एग्री स्टेक में पंजीयन के लिए शेष किसानों का चिन्हांकन कर तहसीलदार दास्तावेज में आवश्यक सुधार करें। उन्होंने बताया कि दिसम्बर 2023 के बाद नामांतरण, एक से अधिक स्थान पर जमीन जैसे कुछ मामलों में एग्रीस्टेक में किसानों का पंजीयन नहीं हो रहा है जिस पर राज्य कार्यालय के निर्देशानुसासर आगे कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने एग्रीस्टेक में पंजीयन पूर्णता हेतु समिति प्रबंधक, पटवारी एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के संयुक्त हस्ताक्षर से प्रमाण पत्र लेने के भी निर्देश दिये। डिजिटल क्रॉप सर्वे की समीक्षा करते हुए कहा कि शुद्धता के साथ सर्वे किया जाए। तहसीलदार कड़ी निगरानी रखें। अब तक 283931 खसरे का सर्वे पूरा कर लिया गया है। डिजिटल क्रॉप सर्वे हेतु कुल 1669 सर्वेयर काम कर रहे हैं। उन्होने सर्वे में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सर्वेयर को पुरस्कृत करने कहा। उन्होंने स्वामित्व योजना अंतर्गत 31 अक्टूबर 2025 तक 7000 कार्ड तैयार करने के निर्देश दिये। अब तक 7 हजार भू स्वामियों के स्वामित्व कार्ड बनाए गये है। लगभग 160 गांव का अंतिम प्रकाशन हुआ है। बैठक में भू अर्जन, राजस्व वसूली, त्रुटि सुधार, अभिलेख शुद्धता, आर बी सी 6-4 आदि से सम्बधित लंबित आवेदनों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में अपर कलेक्टर अवध राम टंडन सहित सभी एस डीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं रीडर उपस्थित थे।

**कलेक्टर ने ली राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक**

# कृषि महाविद्यालय की स्थापना पूर्व चयनित स्थल पोखरा में ही की जाने स्थानीय प्रतिनिधियों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**राजिम-पोखरा,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। कृषि महाविद्यालय संघर्ष समिति पोखरा क्षेत्र के द्वारा, अनुविभागीय अधिकारी राजिम को कृषि उद्यानिकी बीज उत्पादन फार्म पोखरा में कृषि महाविद्यालय खोलने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया जिसमे ग्राम पंचायत परसदा जोशी से नारायण साहू, तिजेश्वर सेन, ग्राम दुतकैया से मदन लाल साहू गणेश्वर साहू, तुकाराम साहू, लखन साहू, बोधन साहू, ग्राम पोखरा से रोमन लाल बंजारे, नरेंद्र निषाद, हिराउराम साहू, राजकुमार साहू, दौलतराम भोसले, भागीरथी साहू, भुवन पटेल, ग्राम रक्सा से मदन साहू, लेखराम ध्रुव के साथ साथ अधिवक्तागण अरविंद शर्मा, टीकम साहू उपस्थित रहे।



**पूर्व में दिल्ली कृषि युनिवर्सिटी से डीन उनके साथ पांच कृषि वैज्ञानिक भी आये थे। वहां 7-8 कमरे भी आफिस के हिसाब से सुसज्जित बने हुए हैं**

उपस्थित जनसमूह ने बताया कि पूर्व में दिल्ली कृषि युनिवर्सिटी से डीन स्वयं यहां आये थे उनके साथ पांच कृषि वैज्ञानिक भी आये थे। वहां 7-8 कमरे भी आफिस के हिसाब से सुसज्जित बने हुए हैं देख रेख के कारण दरवाजे खिड़कियां जरूर गायब हो गए हैं सीमित खर्चो से उसे व्यवस्थित किया जा सकता है । वहां बोरिंग भी क्या हुआ है जिसमें पर्याप्त मात्रा में पानी भी है ।यह गांव रायपुर, महासमुंद और गरियाबंद जिले के सेन्टर में भी है ।इसके साथ ही न ग्राम-पोखरा स्थित फार्म के समीप ही महानदी स्थित एनीकेट निर्मित है जहा से नया रायपूर हेतू पानी सप्लाई होता हैं। पोखरा फार्म के समीप ही सुखा नदी पर बैराज निर्माण कर सिंचाई की सुविधा भविष्य में प्राप्त की जा सकती हैं। सिकासेर जलाशय से नहरो द्वारा सीधा पोखरा कृषि फार्म में पानी की आपूर्ति हेती हैं। फार्म के आस पास वाटर लेवल अच्छा है। कृषि फार्म पोखरा में कृषि महाविद्यालय की स्थापना से आस-पास के कृषि बहुल क्षेत्र में काफी सुविधा होगी।

ग्राम-पोखरा में सड़क सुविधा भी काफी अच्छी हैं। चारो दिशाओ से आवागमन की सुविधा उपलब्ध हैं।

प्रतिनिधियों ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की पूर्ववर्ती सरकार की मंशा अनुसार प्रदेश के सभी जिलों में कृषि महाविद्यालय की स्थापना का निर्णय लिया गया था। इसी क्रम में जिला गरियाबंद अंतर्गत कृषि महाविद्यालय की स्थापना हेतु शासन द्वारा आवश्यक औपचारिकताएँ पूर्ण करने के पश्चात विकासखण्ड फिंगेश्वर के ग्राम पोखरा स्थित कृषि फार्म का चयन किया गया था।

ग्राम पोखरा स्थित कृषि फार्म की कुल भूमि 178.80 हेक्टेयर है, जिसमें से 30.80 हेक्टेयर भूमि कृषि महाविद्यालय हेतु बीज निगम रायपुर द्वारा आबंटित की जा चुकी है। प्रारंभिक रूप से कृषि महाविद्यालय की कक्षाएं नगर पंचायत फिंगेश्वर स्थित भवन में आरंभ भी की गई थीं, परंतु आचार संहिता लागू होने से इसका औपचारिक उद्घाटन रुक गया।

अब राजनीतिक संकीर्णता के चलते उक्त महाविद्यालय को अस्थायी रूप से विकासखण्ड मुख्यालय फिंगेश्वर में प्रारंभ कर दिया गया तथा नवीन शासकीय भवन हेतु ग्राम किरवई का चयन किया गया। इस निर्णय का स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं जनता विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि जब शासन द्वारा पूर्व में ही पोखरा कृषि फार्म को चयनित कर भूमि आबंटित कर दी गई है तो महाविद्यालय की स्थापना अन्यत्र करना अनुचित है।

जनप्रतिनिधियों का स्पष्ट कहना है कि यदि शासन ने पूर्व निर्धारित स्थल पोखरा के स्थान पर अन्यत्र भवन निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ की, तो जनता आंदोलन करने, शासन पर दबाव बनाने एवं नगर बंद जैसे कदम उठाने के लिए बाध्य होगी।

सभी जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों की एक स्वर से मांग है कि कृषि महाविद्यालय की स्थापना पूर्व निर्धारित स्थल ग्राम पोखरा (फिंगेश्वर) स्थित कृषि फार्म में ही की जाए।

# रजत महोत्सव पर पुस्तक वाचन कार्यक्रम का आयोजन

**बलौदाबाजार,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ रजत जयंती के अवसर पर कलेक्टर दीपक सोनी एवं जिला पंचायत सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल के मार्गदर्शन में स्कूल शिक्षा विभाग के 70 हाई स्कूल, 134 हायर सेकण्डरी, 466 पूर्व माध्यमिक शालाओं तथा 888 प्राथमिक शालाओं सहित अशासकीय शालाओं एवं विभागीय कार्यालयों में पुस्तक वाचन, स्पीड रीडिंग, दिवार प्रतियोगिता का विमोचन गतिविधि आधारित कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसमें शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों के 2 लाख 13 हजार 489 छात्र-छात्राओं ने पुस्तक वाचन किया। इसके साथ ही 6157 शिक्षक एवं 3713 जनप्रतिनिधियों ने भी वाचन किया।



**2 लाख से अधिक स्कूली छात्रों ने किया वाचन**

विभाग द्वारा आयोजित की जाने वाली कार्यक्रमों के संचालन हेतु राज्य परियोजना कार्यालय रायपुर द्वारा जिला स्तर पर जिला शिक्षा अधिकारी को नोडल अधिकारी एवं जिला मिशन समन्वयक को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। विकासखण्ड स्तर पर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी को नोडल, विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक को सहायक नोडल अधिकारी, संकुल स्तर पर संकुल प्रभारी को नोडल व संकुल शैक्षिक समन्वयक को सहायक नोडल अधिकारी, शाला स्तर पर संस्था प्रमुख को नोडल व संस्था के वरिष्ठ शिक्षक को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है जिसके द्वारा कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है।

# आवास चौपाल के माध्यम से हितग्राहियों को किया जा रहा प्रेरित




**बलौदाबाजार,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार एवं सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले के समस्त ग्राम पंचायतो में आवास चौपाल का आयोजन किया जा रहा हैं। आवास चौपाल में हितग्राहियो को प्रोत्साहित किया जा रहा है जिससे आवास निर्माण में तेजी आ रही है। बताया गया कि वर्ष 2024-25 में 41422 आवासो की स्वीकृति दी गई है जिसमें से 25710 आवास पूर्ण कर लिया गया है। शेष आवास निर्माण कार्य प्रगति पर है।

प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत अपूर्ण एवं अप्रारंभ आवासों के हितग्राहियों तथा सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, आवास मित्र एवं जनपद स्तर के अधिकारियों द्वारा आवास चौपाल में उपस्थित होकर सभी अपूर्ण एवं अप्रारंभ आवासों को समय-सीमा में पूर्ण कराये जाने आवश्यक कदम उठाये जा रहे है। गुणवत्तायुक्त आवास निर्माण हेतु कनीकी मार्गदर्शन दिया जा रहा है। सामाग्री आपूर्ति एवं अभिसरण के तहत मिलने वाले लाभों से अवगत कराया जा रहा है ।हितग्राहियों को अपने निर्माणाधीन आवासों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग का निर्माण करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। इसके साथ ही हितग्राहियों से चर्चा कर आवास निर्माण में होने वाली समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। अब तक जनपद पंचायत बलौदाबाजार में 106, भाटापारा में 35, कसडोल में 60, पलारी में 33 एवं सिमगा में 34 ग्राम पंचायतो में आवास चौपाल का आयोजन किया जा चुका है। शेष ग्राम पंचायतो में एक सप्ताह में आवास चौपाल का आयोजन किया जाएगा।